RNI NO. UPHIN/2010/36547
वर्ष 11 अंक 56
लखनऊ, सोमवार, 14 दिसंबर, 2020
पृष्ठ 20 मूल्य ₹ 3
लखनऊ

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



अंकिता ने दुबई में आईटीएफ युगल खिताब जीता
स्पोर्ट्स-10

# किसानों और सरकार के बीच जल्द वार्ता के आसार

- केंद्र सरकार और आंदोलनकारी संगठन एक-दूसरे के संपर्क में

**राजेश कुमार।** नई दिल्ली

**किसान** आंदोलन को खत्म करने के लिए उठाए गए कदम के तहत सरकार और प्रदर्शनकारी किसान संगठनों के बीच अगले दौर की बातचीत जल्द होने के आसार हैं। तीन कृषि कानूनों के विरोध में आंदोलन कर रहे किसानों के प्रतिनिधियों के साथ बातचीत में शामिल रहे केंद्रीय मंत्री सोम प्रकाश ने संकेत दिया कि गतिरोध खत्म करने के लिए आंदोलन की अगुवाई कर रहे किसान नेताओं से अगले दौर की बातचीत के लिए कोशिशें जारी है।

सूत्रों ने कहा कि सरकार और किसान यूनियन के प्रतिनिधि 14 दिसंबर को देशव्यापी विरोध प्रदर्शन के बाद अगले दौर की बातचीत के लिए संपर्क में हैं। सूत्रों के मुताबिक भारतीय किसान यूनियन के नेता राकेश टिकैत ने कहा कि यदि सरकार बातचीत के लिए एक और प्रस्ताव देती है तो हमारी कमेटी उस पर फैसला करेगी। सूत्रों ने कहा कि गतिरोध खत्म करने को रणनीति तय करने के लिए सरकार संयुक्त किसान मोर्चा के नेताओं और अन्य मध्यमार्गी किसान नेताओं के संपर्क में है। इससे पहले हरियाणा के उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा था कि उन्हें उम्मीद है कि यह गतिरोध अगले 24 से 48 घंटों में खत्म हो जाएगा। दुष्यंत ने शनिवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर तथा खाद्य, रेलवे और वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल से मुलाकात की थी।

चौटाला की जननायक जनता पार्टी (जेजेपी) का किसानों में बड़ा जनाधार है और तेज होते आंदोलन के बीच उसे भाजपा के साथ गठबंधन को लेकर चुभते सवालों का सामना करना पड़ रहा है। इससे पहले हरियाणा से बीकेयू (मान) के नेता गुनी प्रकाश के नेतृत्व में 29 किसानों के एक प्रतिनिधिमंडल तथा उत्तराखंड के किसान नेताओं के एक 90 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने पिछले दरवाजे की डिप्लोमेसी के तहत केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर से मुलाकात की थी। किसान नेताओं के मुताबिक किसान संगठनों में मतभेद पैदा हो गया है। हरियाणा और उत्तराखंड के किसान नेताओं के प्रतिनिधिमंडल ने तोमर से उनके आवास पर मुलाकात की तथा नए कृषि कानूनों पर उनका समर्थन किया। आंदोलनकारी किसानों ने दावा किया कि प्रतिनिधिमंडल के सदस्य असली किसान नहीं हैं और सरकार ने यह भ्रम पैदा करने के लिए किया है। एक अन्य घटनाक्रम में आल इंडिया किसान संघर्ष कोआर्डिनेशन कमेटी ने वीएम सिंह द्वारा मीडिया को दिए गए बयान से खुद को अलग किया है। बयान को न तो एआईकेएससीसी द्वारा अधिकृत किया गया है और न ही यह निर्णय लेने वाले वर्किंग ग्रुप के प्रोटोकॉल के मुताबिक है। एआईकेएससीसी के वर्किंग ग्रुप ने तीनों कृषि कानूनों को रद्द करने तथा न्यूनतम समर्थन मूल्य की वैधानिक गारंटी देने की मांग दोहराते हुए कहा कि वह इस पर अडिग है।

सरकार वीएम सिंह ने कहा था कि एआईकेएससीसी एमएसपी की वैधानिक गारंटी के मुद्दे पर सरकार से बातचीत के लिए तैयार है। सरकार और 40 किसान संगठनों के बीच छह दौर की बातचीत अभी तक बेनतीजा ही रही है। सरकार ने किसानों को विचार के लिए एक मसौदा प्रस्ताव भेजा था लेकिन किसान नेताओं सरकार के प्रस्ताव को खारिज कर आंदोलन तेज कर दिया।



सिंघू बॉर्डर पर रविवार को कृषि कानूनों के विरोध प्रदर्शन में शामिल किसान। फोटोः रंजन डिमरी

## कृषि मंत्री तोमर ने अमित शाह से मुलाकात की

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली





**केंद्र** के तीन नए कृषि कानूनों के खिलाफ जारी किसानों के प्रदर्शन के बीच केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर और सोमप्रकाश ने रविवार को गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। यह जानकारी अधिकारियों ने दी। मंत्रियों के साथ पंजाब के भाजपा नेता भी थे।

तोमर, सोमप्रकाश और पीयूष गोयल ने प्रदर्शनकारी किसानों के साथ वार्ता में सरकार का नेतृत्व किया था। एक अधिकारी ने बताया कि तोमर और सोमप्रकाश ने गृह मंत्री से मुलाकात की। यह अभी पता नहीं चल सका है कि बैठक में क्या बातचीत हुई। पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश सहित विभिन्न क्षेत्रों के किसान केंद्र सरकार के तीन नए कृषि कानूनों को वापस लेने की मांग करते हुए दिल्ली की सीमाओं पर प्रदर्शन कर रहे हैं।

## प्रदर्शनकारी किसान नेता आज करेंगे भूख हड़ताल

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**केंद्र** के नए कृषि कानूनों के खिलाफ बीते दो सप्ताह से अधिक समय से दिल्ली की विभिन्न सीमाओं पर प्रदर्शन कर रहे सभी किसान संघों के प्रमुख सोमवार को एक दिन की भूख हड़ताल करेंगे। किसान नेता गुरनाम सिंह चढूनी ने रविवार को बताया कि सोमवार सुबह आठ बजे से शाम पांच बजे तक होने वाली यह भूख हड़ताल 14 दिसंबर से आंदोलन को तेज करने की किसानों की योजना का हिस्सा है। चढूनी ने सिंघू बॉर्डर पर संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि नेता अपने-अपने स्थानों पर भूख हड़ताल करेंगे। उन्होंने पत्रकारों से कहा, 'देशभर के सभी जिला मुख्यालयों पर धरने भी दिये जाएंगे। प्रदर्शन इसी प्रकार चलता रहेगा।' चढूनी ने कहा, 'कुछ समूह प्रदर्शन खत्म कर रहे हैं और कह रहे हैं कि वे सरकार द्वारा पारित कानूनों के पक्ष में हैं। हम स्पष्ट करते हैं कि वे हमसे नहीं जुड़े हैं। उनकी सरकार के साथ साठगांठ है। उन्होंने हमारे आंदोलन को कमजोर करने का षड़यंत्र रचा।

# किसानों के कंधे पर बंदूक रखकर देश के खिलाफ षड्यंत्र बर्दाश्त नहीं

- सीएम ने मेरठ में कुल 88 परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया

**भाषा।** मेरठ



**कृषि** सुधार कानूनों को रद्द करने की मांग को लेकर चल रहे किसान आंदोलन के बीच उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विपक्ष पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि कुछ लोग किसानों के कंधे पर बंदूक रखकर देश की एकता और अखंडता को चुनौती दे रहे हैं जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करने रविवार को मेरठ पहुंचे मुख्यमंत्री ने कहा कि देश के खिलाफ किसी षड्यंत्र को सफल नहीं होने दिया जाएगा। अपनी सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए मुख्यमंत्री योगी ने विभिन्न क्षेत्रों में सरकार द्वारा किए जा रहे कामों का विस्तार से उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश के विकास में किसी तरह की कमी नहीं आने दी जाएगी। कानून व्यवस्था को सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश में हर हाल में बहन-बेटियों की सुरक्षा की जाएगी। योगी आदित्यनाथ ने मेरठ में कुल 88 परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इस मौके पर उन्होंने मेरठ के परतापुर और मलियाना द्वितीय बिजली घरों का लोकार्पण भी किया। किठौर के शाहजहांपुर बिजलीघर का शिलान्यास भी मुख्यमंत्री के हाथों हुआ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मेरठ के सरदार वल्लभ भाई पटेल कृषि विश्वविद्यालय के नवनिर्मित केंद्रीय पुस्तकालय के भवन का भी उद्घाटन किया। यहीं पर कई कृषि योजनाओं को शुरू करने के साथ ही कई विकास योजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण मुख्यमंत्री ने किया। यहां किसानों, विद्यार्थियों और शिक्षकों को भी संबोधित करते योगी आदित्यनाथ ने कहा कि किसानों का इस्तेमाल कर अपना हित साधने की कोशिशों को देश समझ रहा है, इन साजिशों को बेनकाब करते हुए असफल बनाया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जिसका जो काम है वही वह करेगा, जिसका काम विरोध करना है वह विरोध करेगा, हमारा काम विकास करना है, इसलिए हम पूरे प्रदेश में विकास की गंगा बहा रहे हैं जिसका आंकलन आप सभी खुद कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा ने देश की जनता से जो भी वायदे किए थे एक-एक करके उसे पूरा किया जा रहा है, भाजपा ने अनुच्छेद- 370 और 35ए हटाया, अयोध्या में श्रीराम मंदिर निर्माण शुरू कराया, किसानों के लिए किसान सम्मान निधि शुरू की, करीब तीन लाख युवाओं को सरकारी नौकरी दी गई है और आने वाले दिनों में नौकरियों में युवाओं को अवसर दिए जाएंगे। मुख्यमंत्री (शेष पेज 9)

# मूर्ति चोर गिरोह का भंडाफोड़ पांच करोड़ की मूर्ति बरामद

**भाषा।** गोंडा

**जिला** पुलिस ने बीती रात मंदिर से मूर्तियों को लूटने की योजना बनाते समय मूर्ति चोर गिरोह के सात अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से चोरी की एक अष्टधातु की मूर्ति बरामद की गई है जिसकी अन्तरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब पांच करोड़ रुपए बताई जा रही है। पुलिस ने अभियुक्तों के कब्जे से एक बोलेरो, दो अवैध तमंचा व एक देसी बंदूक भी बरामद की है।

अपर पुलिस अधीक्षक महेन्द्र कुमार ने रविवार को पत्रकारों को बताया कि बीती रात कोतवाली नगर, स्वाट व निगरानी टीम के सहयोग से जिले के थाना धानेपुर स्थित सतनामी पुरवा राम जानकी मंदिर में डकैती करने के लिए जाते समय अभियुक्तगण करिया सिंह, रोहित सिंह व राजकुमार घरुक (निवासी अर्जुन वैश्य पुरवा मौजा सोनौली मोहम्मदपुर थाना उमरीबेगमगंज, गोंडा), मो. तालिब अंसारी (निवासी सकरौरा थाना कर्नलगंज, गोंडा), अजितेश कुमार सिंह तथा दीप चंद गौड (निवासी सराय गौरा थाना महाराजगंज जिला जौनपुर) को गिरफ्तार किया।

एएसपी ने बताया कि कड़ाई से पूछताछ करने पर अभियुक्तों ने बताया कि वे लोग ठाकुर दास पुरवा स्थित राम जानकी मंदिर (जिसमें अष्टधातु की मूर्तियां रखी हैं) में डकैती कर मूर्तियां लूटने की योजना बना रहे थे, इसके अतिरिक्त सिद्धार्थ नगर के बढनी क्षेत्र के राम जानकी मंदिर व गोंडा जिले के कर्नलगंज में संतोषी माता मंदिर में भी मूर्ति चोरी करने की योजना काफी दिनों से बनाई जा रही थी। एएसपी के मुताबिक आरोपियों ने बताया कि उन्होंने कई बार यहां की रेकी भी की थी। एएसपी ने बताया कि अभियुक्त राज कुमार घरुक व अजितेश कुमार ने बताया कि उन्होंने करीब पांच साल पूर्व मनकापुर के आगे एक मंदिर से अष्टधातु की माता जानकी की मूर्ति चोरी की थी और इस मूर्ति को बेचने के लिए तालिब अंसारी के माध्यम से स्वर्ण आभूषण का कारोबार (शेष पेज 9)

# भाजपा ने असम में बनाया नया गठबंधन सहयोगी, बीपीएफ से किनारा किया

**पायनियर समाचार सेवा।** गुवाहाटी

- बोडो बहुल क्षेत्रों में स्व-शासी निकाय में यूपीपीएल होगी नई सहयोगी पार्टी

**भाजपा** ने राज्य के बोडो बहुल क्षेत्रों में स्व-शासी निकाय बोडोलैंड क्षेत्रीय परिषद (बीटीसी) पर शासन करने के लिए जरूरी बहुमत हासिल करने के मकसद से अपने गठबंधन के वर्तमान सहयोगी बीपीएफ को छोड़ रविवार को नए सहयोगी दल से हाथ मिला लिया। इसके साथ ही भाजपा ने एक तरह से बीपीएफ का साथ छोड़ दिया।

बोडोलैंड पीपुल्स फ्रंट (बीपीएफ) के राज्य में सर्बानंद सोनोवाल के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार में तीन मंत्री हैं। बीपीएफ, बीटीसी चुनावों में 17 सीटें जीतकर 40 सदस्ईय निकाय में सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरी है। बीपीएफ के अध्यक्ष हाग्रामा मोहिलरी ने कहा कि उनकी पार्टी ने बार-बार भाजपा से गठबंधन धर्म निभाने और बीटीसी में सरकार बनाने में मदद करने की अपील की, लेकिन भाजपा ने उनके आग्रह को नजरअंदाज कर दिया। बीटीसी चुनाव में यूनाइटेड पीपुल्स पार्टी लिबरल (यूपीपीएल) ने 12 सीटें जीतीं, भाजपा ने नौ, जबकि कांग्रेस और गण सुरक्षा पार्टी (जीएसपी) ने एक-एक सीट हासिल की। जीएसपी के प्रमुख लोकसभा सांसद नबा सरानिया हैं। भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने यूपीपीएल को 12 सीटें जीतने के लिए बधाई दी और कुछ ही समय बाद अपने ट्वीट में पार्टी को सहयोगी करार दिया।

इसी बीच, मुख्यमंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने घोषणा की कि यूपीपीएल प्रमुख प्रमोद बोड़ो बीटीसी में नए मुख्य कार्यकारी सदस्य (सीईएम) होंगे। गौरतलब है कि बीपीएफ और यूपीपीएल को बोडो बहुल क्षेत्रों में प्रतिद्वंद्वी माना जाता है। अन्य दलों के बीच भी चुनाव से पहले कोई गठबंधन नहीं हुआ था। पिछले 17 वर्षों से बीटीसी के सीईएम रहे मोहिलरी ने बीटीसी के मुख्यालय कोकराझार में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, चूंकि हम दिसपुर में राज्य सरकार का हिस्सा हैं, इसलिए मैं भाजपा से बीपीएफ को बीटीसी में सरकार बनाने में मदद करने की अपील करता हूं। हमने भाजपा के साथ गठबंधन नहीं तोड़ा है और उसे गठबंधन धर्म का पालन करना चाहिए। हालांकि, भाजपा ने उनकी अपील को ठुकरा दिया।

इसके तुरंत बाद, केंद्रीय गृह मंत्री ने ट्वीट किया, राजग ने असम बीटीसी चुनाव में स्पष्ट बहुमत हासिल कर लिया है। हमारे सहयोगी यूपीपीएल, मुख्यमंत्री सर्बानंद सोनोवाल, हिमंत बिस्वा सरमा, रंजीत दास और भाजपा असम इकाई को बधाई। शाह ने कहा, मैं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित पूर्वोत्तर के संकल्प पर भरोसा करने के लिए असम के लोगों को धन्यवाद देता हूं। बाद में, एक संवाददाता सम्मेलन में सोनोवाल ने घोषणा की कि भाजपा, यूपीपीएल और जीएसपी ने बीटीसी के लिए (शेष पेज 9)

# मुठभेड़ में दो आतंकवादी हुए ढेर, एक गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** जम्मू

**जम्मू-कश्मीर** के पुंछ जिले में सुरनकोट के ऊंचे इलाकों में रविवार को सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच गोलीबारी में दो आतंकवादी मारे गए जबकि एक को गिरफ्तार कर लिया गया। अधिकारियों ने कहा कि माना जा रहा है कि आतंकवादी करीब तीन दिन पहले नियंत्रण रेखा (एलओसी) पार कर इस तरफ आए थे। वे दक्षिण कश्मीर के शोपियां जिले की ओर जा रहे थे तभी उन्हें दोपहर बाद मुगल रोड के पास उन्हें पकड़ा गया। उन्होंने कहा कि यह लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद आतंकवादियों का संयुक्त समूह था और इसे जिला विकास परिषद (डीडीसी) चुनावों को प्रभावित करने के लिए यहां भेजा गया था। अधिकारियों ने बताया कि सेना की मदद से पुलिस ने तीन संदिग्ध आतंकवादियों की मौजूदगी की जानकारी मिलने के बाद सुदूर छतापानी-दुगरन गांव में संयुक्त तलाशी अभियान चलाया। उन्होंने कहा कि आतंकवादी बर्फ से घिरे इलाके में फंस गए और उन्हें आत्मसमर्पण करने (शेष पेज 9)

# किसान सम्मान निधि की किश्त इसी माह

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

- योगी सरकार ने किसानों का डाटा लॉक कर केंद्र को भेजा

**नये** साल पर राज्य के दो करोड़ से ज्यादा किसानों को सरकारी तोहफा मिलेगा। किसान निधि सम्मान के तहत किसानों को मिलने वाली धनराशि में दो-दो हजार रुपये की किश्त योगी सरकार नया साल शुरू होने से पहले उनके खातों में भेजना चाहती है। सरकार ने किसानों का डाटा लॉक कर इसे भुगतान के लिए केंद्र सरकार को भेजा दिया है।

विदित हो कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत प्रदेश के 216.67 लाख किसानों को 4333.40 करोड़ रुपये मिलेंगे। विदित हो कि केंद्र सरकार इस योजना के तहत हर पात्र किसान को दो-दो हजार रुपए की बराबर किश्तों में साल भर में 6000 रुपये देती है। यह पैसा ऐसे समय दिया जाता है जब रबी, खरीफ और जायद की फसलों में कृषि निवेश के लिए किसानों को इसकी बेहद जरूरत होती है। योजना की घोषणा वर्ष 2019 में हुई थी। दिसंबर 2019 से यह लागू है। किसानों के हित की इस बेहद महत्वाकांक्षी योजना पर हर साल केंद्र सरकार को 75000 करोड़ रुपये खर्च करने होते हैं। प्रदेश देश का सर्वाधिक आबादी वाला राज्य है। यहां के अधिकांश लोगों की रोजी-रोटी का जरिया है। स्वाभाविक रूप से किसानों की संख्या भी सर्वाधिक है। लिहाजा इस योजना का सर्वाधिक लाभ भी उप्र को मिला है। अब तक छह किश्तों के जरिए प्रदेश के 23523000 किसानों को दो-दो हजार की छह किश्तों में 22594.78 रुपए मिल चुके हैं।

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 46,099 | |
| निफ्टी | 13,513 | |
| सोना | 48,594 | /10g |
| चांदी | 62,734 | /kg |

## क्विक न्यूज

### भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा कोरोना वायरस से संक्रमित



**नई दिल्ली।** भाजपा अध्यक्ष जे. पी. नड्डा कोरोना वायरस से संक्रमित हो गए हैं और चिकित्सकों की सलाह पर गृह पृथक-वास में हैं। उन्होंने एक ट्वीट में कहा कि कोविड-19 के लक्षण दिखने के बाद उन्होंने जांच कराई थी और संक्रमित पाए गए। उन्होंने कहा, मेरी हालत ठीक है और चिकित्सकों के परामर्श पर गृह पृथक-वास में रहकर सभी निर्देशों का पालन कर रहा हूं। पिछले कुछ दिनों में जो लोग भी मेरे संपर्क में आए हैं, उन सबसे मैं आग्रह कर रहा हूं कि खुद को पृथक करें और जांच कराएं। भाजपा अध्यक्ष हाल के समय में उत्तराखंड और पश्चिम बंगाल के दौरे पर थे।

# पांच साल से कम उम्र के बच्चों में तेजी से बढ़ रहा मोटापा

- राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य के ताजा सर्वे में चौंकाने वाला तथ्य आया सामने

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**देश** में पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चों में मोटापे की समस्या तेजी से पनप रही है। हाल ही में किए गए राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (एनएफएचएस) में यह खुलासा हुआ है। सर्वे में शामिल 22 में से 20 राज्यों में इस समस्या में भारी वृद्धि देखी गई है।

विशेषज्ञों का मानना है कि मोटापे का सबसे बड़ा कारण शारीरिक गतिविधियों में कमी और अव्यवस्थित खानपान की आदतें हैं। इस बार किए गए सर्वेक्षण के मुताबिक एनएफएचएस-5 में जम्मू और कश्मीर, महाराष्ट्र, गुजरात, मिजोरम, त्रिपुरा, लक्षद्वीप और लद्दाख समेत कई राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में एनएफएचएस-4 की तुलना में पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चों में मोटापे की दिक्कत में कई गुना वृद्धि दर्ज की गई है।

पिछला सर्वेक्षण 2015 और 2016 के बीच आयोजित किया गया था। डेटा से पता चलता है कि केवल गोवा, दादरा और नगर हवेली और दमन-दीव में पांच साल से कम उम्र के अधिक वजन वाले बच्चों की संख्या में गिरावट दर्ज आई है। सर्वे में शामिल 22 राज्यों में से लद्दाख में सबसे अधिक (शेष पेज 9)

# सीआरपीएफ के जांबाजों की कहानी बयां करेगी 'द शौर्य अनबाउंड'

**संसद हमले की बरसी**

- लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने पुस्तक के हिंदी और अंग्रेजी संस्करण का किया विमोचन

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



नई दिल्ली में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला रविवार को संसद पर हमले की बरसी पर अपने चेंबर में किताब का लोकार्पण करते हुए।

**सीआरपीएफ** के जवानों के शौर्य और साहस की कहानी बयां करने वाली एक पुस्तक का रविवार को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने लोकार्पण किया। आज ही संसद पर हमले की बरसी भी है।

सीपीआरपीएफ ने एक बयान में कहा कि केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के शानदार इतिहास की इबारत उनके जाबांजों द्वारा लिखी गई है जिन्होंने अपूर्व साहस, पराक्रम और अटूट प्रतिबद्धता के साथ देश की सेवा के प्रति अपने कर्तव्य को निभाया है। बयान में कहा गया है कि इन बेखौफ महिला-पुरुष जवानों के पराक्रम की कहानी बल को मिले 2,000 से ज्यादा वीरता पुरस्कार बयां करते हैं जो किसी भी केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल में सबसे ज्यादा है। इस विश्वास के साथ प्रत्येक नागरिक को इनके पराक्रम की कहानी जानने और उस पर गर्व करने का अधिकार है, जो साहस, देशभक्ति, अखंडता, अनुशासन और कर्तव्य के प्रति निस्वार्थ निष्ठा का बेमिसाल उदाहरण हैं। सीआरपीएफ ने पुस्तक 'द शौर्य अनबाउंड' सीआरपीएफ के पराक्रम की कहानी लिखी है।

यह किताब सीआरपीएफ के जांबाजों के 13 अद्भुत पराक्रमी कार्रवाइयों का संग्रह है, जिन्हें चक्रों से पुरस्कृत किया गया है। भारतीय संसद पर हुए हमले की बरसी पर बिरला ने पुस्तक के हिंदी और अंग्रेजी संस्करणों का विमोचन किया जिसमें संसद पर 2001 में हुए हमले का मुंहतोड़ जवाव देने वाले अशोक चक्र विजेता (मरणोपरांत) कांस्टेबल कमलेश कुमारी तथा चार शौर्य चक्र विजेता-हेड कांस्टेबल यम बहादुर थापा, कांस्टेबल डी संतोष कुमार, कांस्टेबल सुखविंदर सिंह, कांस्टेबल श्यामबीर सिंह की कहानी शामिल हैं। किताब के लेखकों में सीआरपीएफ के डीआईजी नीतू और एम दिनाकरण के साथ उनकी टीम के सदस्य सीआरपीएफ के असिस्टेंट कमांडेंट अमित के साथ इंस्पेक्टर दीपक सक्सेना शामिल हैं।

किताब में शांतिकाल के सर्वोच्च पुरस्कार अशोक चक्र, वीर चक्र तथा शौर्य चक्र विजेताओं का उल्लेख है। स्पीकर ने बल को इस किताब के लिए बधाई दी और कहा कि उन्हें पूरा भरोसा है कि यह किताब सबके दिलों को गर्व से भर देगी तथा आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत बनेगी। पुस्तक के विमोचन पर सीआरपीएफ के डीजी डॉ. एपी माहेश्वरी ने कहा कि ये सच्ची कहानियां हमारी विरासत हैं और प्रत्येक नागरिक को इन कहानियों को जानने और उस पर गर्व करने का हक है।

# नये बालगृहों के निर्माण का रास्ता साफ

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पिछले दिनों निराश्रित संवासियों के लिये बालगृहों के निर्माण का किया था ऐलान
- लखनऊ, अमेठी, गोरखपुर, बनारस, अयोध्या सहित कई जिलों में बनाए जाएंगे, महिला एवं बाल विकास विभाग के प्रस्ताव को शासन ने दी हरी झंडी



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**निराश्रित** संवासियों के लिये 23 नये बालगृहों के निर्माण का रास्ता साफहो गया है। नए बालगृहों और शरणालयों को बनाने के महिला एवं बाल विकास विभाग के प्रस्ताव को शासन ने अपनी हरी झंडी दे दी है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पिछले दिनों निराश्रित संवासियों के लिये बालगृहों के निर्माण का ऐलान किया था। सीएम की घोषणा को जमीन पर उतारने के लिये सरकारी मशीनरी ने अपनी कवायद शुरू कर दी है। निराश्रित संवासियों और महिलाओं को बेहतर सुविधाएं देने के उद्देश्य से इन बालगृहों का निर्माण कराया जा रहा हैं। जिन नये जिलों में बालगृहों का निर्माण होना है उनमें लखनऊ, अमेठी, गोरखपुर, बनारस, अयोध्या जनपदों में पांच एकीकृत गृहों का निर्माण किया जाएगा। इन नए 21 आश्रयगृहों में शिशुगृह, बालक-बालिका बालगृह व महिला शरणालयों का निर्माण कार्य चल रहा है। इसके अलावा बनारस में दो नए बालगृहों संग थीम पार्क का निर्माण किया जाएगा जिसमें एक बालिका बालगृह, एक शिशुगृह और एक थीम पार्क को बनाया जाएगा। नोएडा में मातृ एवं बाल सदन निर्माण कार्य भी प्रस्तावित है।

विदित हो कि प्रदेश के विभिन्न जनपदों में सरकारी व गैर सरकारी संस्थाओं द्वारा तिरस्कृत, आश्रयहीन, बेसहारा बच्चों और महिलाओं के लिए बालगृह व महिला शरणालयों का संचालन किया जाता है। यूपी में कई राजकीय बालक बालगृह, राजकीय बालिका बालगृह, दत्तक गृह इकाई, शिशुगृह व महिला शरणालय हैं जिनमें निराश्रित महिलाओं व बच्चों को आश्रय दिया जाता है। यूपी में कुल 26 राजकीय संप्रेक्षण गृह और 22 राजकीय बालगृह हैं। राजकीय बालगृहों में आठ बालक, चार बालिका, पांच शिशगृह और पांच विशेषज्ञ दत्तक इकाई हैं। इसके साथ ही एनजीओ द्वारा संचालित कुल 48 बालगृह प्रदेश में हैं। जिनमें नौ बालक, नौ बालिका, तीन शिशु, सात विशेषज्ञ दत्तक गृहण इकाई व 20 खुले आश्रय गृह हैं। यूपी के इन बालगृहों में लगभग 6,206 संवासी आश्रित हैं।

योगी सरकार यूपी के तिरस्कृत बच्चों के अधिकारों व उनकी सुविधाओं के लिए सजग है। इस दिशा में बाल अधिकारों, शिक्षा व सेहत पर लगातार काम करने वाली योगी सरकार तिरस्कृत संवासियों की सुविधाओं में इजाफा करने के लिए नवीन बालगृहों के निर्माण के साथ उनमें डिजिटल शिक्षा के क्षेत्र में भी तेजी से काम कर रही है। मिशन शक्ति के तहत जहां एक ओर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ महिलाओं व बच्चों की आवाज को बुलंद कर रहे हैं तो वहीं दूसरी ओर महिलाओं व बच्चों के बहुमुखी विकास के लिए सुविधाओं में इजाफा करते हुए यूपी में नई योजनाओं का विस्तार कर रहे हैं।

# किसानों को छलने वाले ऐतिहासिक कानूनों को लेकर भ्रम फैला रहे: स्वतंत्र देव

- भाजपा 14 से 18 दिसंबर तक आयोजित करेगी प्रदेश के कई जिलों में किसान सम्मेलन



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**भारतीय जनता** पार्टी उत्तर प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर किसान सम्मेलन आयोजित करेगी । किसान सम्मेलनों को पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व प्रदेश प्रभारी राधा मोहन सिंह सहित प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह, प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व केंद्र व राज्य के मंत्री, पार्टी पदाधिकारी व प्रमुख नेता संबोधित करेंगे। किसान सम्मेलन 18 दिसम्बर तक आयोजित किये जायेंगे।

पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा लाए गए कृषि विधेयक को लेकर किसानों में भ्रम फैलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि दशकों तक जिन दलों ने सत्ता में रहते हुए किसानों को छला वही लोग आज ऐतिहासिक कानूनों को लेकर किसानों में भ्रम फैला रहे हैं । प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि केंद्र की नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार और राज्य की मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार की शीर्ष प्राथमिकता में गांव, गरीब ,किसान है। केंद्र सरकार द्वारा लाए गए नए कृषि कानून किसानों को ज्यादा अवसर व विकल्प प्रदान करने वाले हैं। पार्टी के प्रदेश महामंत्री गोविंद नारायण शुक्ला ने बताया कि पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और प्रदेश प्रभारी राधा मोहन सिंह 14 दिसंबर को बस्ती व अयोध्या में आयोजित किसान सम्मेलन को संबोधित करेंगे । 15 दिसंबर को पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष गोंडा, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य वाराणसी में आयोजित किसान सम्मेलन को संबोधित करेंगे जबकि कैबिनेट मंत्री डॉक्टर महेंद्र सिंह मुरादाबाद, मुकुट बिहारी वर्मा अमेठी, नीलकंठ तिवारी प्रतापगढ़ में आयोजित किसान सम्मेलन को संबोधित करेंगे ।

# प्रदेश में कोविड का रिकवरी प्रतिशत 95 से अधिक

- राजधानी में 209, सूबे में कोरोना के 1441 नए केस मिले

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**कोरोना संक्रमण** के बीच रविवार को राजधानी में 209 नए केस सामने आए हैं। वहीं सूबे में 1441 केस पाए गए हैं। अपर मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अमित मोहन प्रसाद ने बताया कि प्रदेश में कल एक दिन में कुल 1,56,023 सैम्पल की जांच की गयी। प्रदेश में अब तक कुल 2,14,15,257 सैम्पल की जांच की गयी है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में 19,729 कोरोना के एक्टिव मामले में से 8,929 लोग होम आइसोलेशन में हैं। उन्होंने बताया कि विगत 5 महीनों के बाद अब प्रदेश में एक्टिव संक्रमित लोगों की संख्या 20 हजार से नीचे आई है। 3,27,248 लोग होम आइसोलेशन की सुविधा प्राप्त कर रहे हैं तथा 318319 लोग होम आइसोलेशन की अवधि पूर्ण कर चुके हैं। उन्होंने बताया कि निजी चिकित्सालयों में 2003 लोग इलाज करा रहे हैं, इसके अतिरिक्त मरीज एल 1, एल 2 तथा एल 3 के सरकारी अस्पतालों में अपना इलाज करा रहे हैं। उन्होंने बताया कि प्रदेश में पिछले 24 घंटे में 1770 लोग कोविड 19 से ठीक होकर डिस्चार्ज हो चुके हैं। वहीं अब तक कुल 5,37,755 लोग कोविड से ठीक होकर डिस्चार्ज हो चुके हैं। प्रदेश में कोविड का रिकवरी प्रतिशत 95 से अधिक चल रहा है। प्रदेश में सर्विलांस टीम के माध्यम से 1,73,056 क्षेत्रों में 4,84,675 टीम दिवस के माध्यम से 3,03,25,729 घरों के 14,78,70,701 जनसंख्या का सर्वेक्षण किया गया है। उन्होंने बताया कि चिकित्सकीय उपचार के लिए ई संजीवनी पोर्टल शुरू किया गया है। ई संजीवनी के माध्यम से कल एक दिन में 4036 लोगों ने चिकित्सकीय परामर्श लिया। अब तक कुल 2,68,182 लोगों ने ई संजीवनी पोर्टल पर चिकित्सकीय परामर्श प्राप्त किया है। प्रसाद ने बताया कि पहले से बीमार बुजुर्गों, बच्चों, गर्भवती महिलाओं को संक्रमण से बचाना होगा। उन्होंने कहा कि कोविड 19 की वैक्सीन जबतक नहीं आ जाती तबतक बचाव ही सबसे अच्छा उपाय है। सभी लोग कोविड के गाइडलाइन का शत प्रतिशत पालन अवश्य करें। उन्होंने बताया कि घर से बाहर निकलने वाले लोग विशेष रूप से सावधानी बरतें।

## कोरोना वैक्सीन टीकाकरण केंद्र पर बनेगा ऑब्जर्वेशन रूम

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**कोरोना** वैक्सीन की आहट को देखते हुए प्रदेश सरकार ने इसके स्टोरेज से लेकर वैक्सिनेशन तक की प्रक्रिया का खाका खींच लिया है। प्रत्येक टीकाकरण केंद्र पर तीन कमरे बनाये जाएंगे। पहला वेटिंग एरिया दूसरा टीकाकरण केंद्र और तीसरा ऑब्जर्वेशन रूम होगा। जिसमें टीकाकरण के बाद आधे घण्टे तक लोगों को बैठाया जाएगा।

कोरोना का टीका प्रदेश में सबसे पहले स्वास्थ्यकर्मियों को लगाया जाएगा। इसके लिए करीब एक हजार टीकाकरण केंद्र बनाए जा रहे हैं। वहीं फ्रंटलाइन वर्करों को टीका लगाने के लिए करीब दो हजार और इसके बाद 50 वर्ष से अधिक आयु के लोगों को टीका लगाने के लिए तीन हजार केंद्र बनाए जा रहे हैं। एएनएम, आशा वर्कर और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता घर-घर जाकर पर्चियां देंगी। इस पर टीकाकरण केंद्र का नाम व टीका लगने का समय लिखा होगा। लोगों का डेटा भी कंप्यूटर पर अपलोड किया जाएगा। टीका लगते ही संबंधित व्यक्ति के मोबाइल फोन पर इसका मैसेज आ जाएगा।

# यूपी के कलाकारों को योगी सरकार ने दिलाई विदेश स्तर पर पहचान

- वाराणसी निवासी तीस वर्षीय फ्रीलांस कलाकार अंजनी मिश्रा को यूनाइटेड किंगडम की ओर से सम्मानित किया गया

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**योगी सरकार** ने वाराणसी की कला-संस्कृति को विश्वपटल पर अलग पहचान दिलाई है। कला-संस्कृति की नगरी वाराणसी ने विदेशी सैलानियों के दिलों में अपनी अमिट छाप छोड़ी है। इस शहर के हुनरमंद कलाकारों ने देश-विदेश में अपनी कला का परचम लहराया है। मिशन शक्ति के तहत महिलाएं एक ओर जहां महिलाओं को स्वावलंबन, सुरक्षा और सम्मान से जीवन जीने की शिक्षा दे रहीं हैं तो वहीं दूसरी ओर अंजनी मिश्रा जैसी बेटी ने अपने हुनर के दम पर यूपी को अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर मान की पगड़ी पहनाई है। वाराणसी निवासी तीस वर्षीय फ्रीलांस कलाकार अंजनी मिश्रा को यूनाइटेड किंगडम की ओर से सम्मानित किया गया है।

इंटरनेशनल आर्ट एंड इमेजिनेशन फोरम की ओर से यूनाइटेड अगेंस्ट कोरोना प्रदर्शनी का ऑनलाइन आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में 50 देशों के 30,000 कलाकारों ने अपनी प्रतिभाओं का प्रदर्शन किया। उत्तर प्रदेश से एकमात्र अंजनी ने इस प्रतियोगिता में हिस्सेदारी की और अपनी रचनात्मक दृष्टिकोण के जरिए लोगों के दिलों को जीतने संग अवार्ड को भी जीतने में कामयाब रहीं हैं। अंजनी को इससे पहले भी मल्टी टैलेंट अवार्ड और वंडर अमेजिंग क्रिएटिव बुक आफ रिकार्ड से सम्मानित किया जा चुका है।

## पेंटिंग के जरिए दिया कोरोना से बचाव का संदेश

अंजनी ने यूनाइटेड अगेंस्ट कोरोना प्रदर्शनी में अपने डूडल के जरिए कोरोना संक्रमण से बचाव का संदेश दे कर हर किसी का ध्यान अपनी तरफ खींचा। उन्होंने पेंटिंग के जरिए सोशल डिस्टेंसिंग, कोरोना से बचाव के तरीके समेत यूपी सरकार द्वारा जारी गाइडलाइन की झलक उस पेंटिंग में दिखाई है। उनकी पेंटिंग ने विदेशी निर्णायक मंडल के लोगों का ध्यान खींचा। अंजनी बताती हैं कि ऑनलाइन प्रतियोगिता के लिए मैं बेहद उत्साहित थी। पहली बार मुझे अन्तर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में प्रतिभागी बनने का मौका मिला। इसके तहत प्रदर्शनी में अपनी पेंटिंग के जरिए अपने प्रदेश की कला को कैनवास पर उकेर कर कलाप्रेमियों का दिल और अवॉर्ड जीतने में कामयाब हुई। अंजनी का कहना है कि उत्तर प्रदेश हुनरमंद कलाकारों की धरती है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के सभी जिलों के कलाकारों की कला का सम्मान करते हुए उनकी कला को विदेशी स्तर पर पहचान दिलाने का काम किया है। योगी सरकार ने शुरू से ही कला व संस्कृति को प्रोत्साहित किया है। इससे कलाकारों का मनोबल बढ़ा है। उन्होंने बताया कि मैं पिछले चार सालों से गरीब बच्चों को निशुल्क शिक्षा देने का काम कर रही हूं तो वहीं आर्ट व क्रॉफ्ट के क्षेत्र में लगभग 50 बच्चों को घर पर ट्रेनिंग दे रही हूं। भविष्य में मैं प्रशिक्षण केन्द्र खोलना चाहती हूं। जिससे महिलाओं व बेटियों को आत्मनिर्भर बनाने का कार्य कर सकूं।

# भाजपा लोगों को बहकाने और छलने में पारंगत: अखिलेश

- समाजवादी पार्टी आज देगी किसान यात्रा अहिंसात्मक धरना



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी की 7 दिसम्बर से प्रारम्भ किसान यात्रा सोमवार 14 दिसंबर को किसानों के समर्थन में समाजवादी पार्टी की किसान यात्रा अहिंसात्मक धरना कार्यक्रम में परिवर्तित हो जाएगी। यह जानकारी समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने दी। उन्होंने कहा कि किसान यात्रा बीते 1 सप्ताह से प्रदेश भर में समाजवादी पार्टी द्वारा निकाली जा रही है जो लगातार किसानों की समस्या उठाने के साथ ही समाजवादी नीतियों को जन जन तक पहुंचा रही है। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि देश का किसान आंदोलित है। भारत सरकार उनके मन की बात सुनने के बजाय उन पर अपनी बात थोपने में लगी है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में बहुमत का रोडरोलर चलाकर अन्नदाता समुदाय की आवाज को कुचलने का कोई भी प्रयास उचित नहीं ठहराया जा सकता है। किसान अपने हित अनहित को समझकर अगर सरकार के कृषि विधेयकों के खिलाफराय दे रहा है तो उसकी मांगे माने जाने में क्या दिक्कत हो सकती हैघ् उन्होंने कहा कि यह तो सभी मानते हैं कि भारत एक कृषि प्रधान देश है। अहंकारी भाजपा याद रखे यहां प्रधान शब्द तक कृषि के बाद आता है। सत्ताधारी न भूलें कि हमारे देश में किसान ही प्रथम है और प्राथमिक भी। किसान अपना हक मांग रहे हैए वे दृढ़ निश्चयी हैं कि वे इसे लेकर रहेंगे।

अखिलेश ने कहा कि भाजपा लोगों को बहकाने और छलने में पारंगत है। किसानों को इसीलिए आतंकवादीए नक्सलवादी भी बताया जा रहा है। सच्चाई यह है कि किसान एकजुट हैंए उनका आंदोलन बढ़ता ही जा रहा है। इसमें किसान परिवारों के बूढ़े, बच्च, महिलाएं तक शामिल हैं जो इस ठण्ड के मौसम में आज 18वें दिन भी आंदोलनरत है। कई किसानों की शहादत भी हो चुकी है। समाजवादी पार्टी किसानों की मांगों का समर्थन करती है। उसकी सहानुभूति किसानों के साथ है। समाजवादी पार्टी की 7 दिसम्बर 2020 से किसान यात्राएं चल रही है और 14 दिसम्बर 2020 को वह किसानों के समर्थन में धरना भी देगी।

## राजकीय बालक-बालिका अनुसूचित जाति छात्रावास के प्रतिनिधिमण्डल ने की मुलाकात

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से रविवार को बलिया जिले के राजकीय बालक बालिका अनुसूचित जाति छात्रावास के प्रतिनिधिमण्डल ने मुलाकात कर उन्हें अपना ज्ञापन सौंपा। उनकी मांग है कि कोविड 19 के चलते 18 मार्च 2020 से बंद छात्रावास खोले जाएं। उनमें साफ सफाई के साथ आरओ प्लांट लगे तथा बालिकाओं के छात्रावास में बेड की व्यवस्था की जाए। उक्त छात्रावास के निवासी अब तक कोई कार्रवाई नहीं होने से परेशान होकर 27 नवम्बर 2020 से धरना एवं आमरण अनशन पर बैठे हैं। मिठाई लाल भारती ने भी छात्र छात्राओं की कठिनाइयों का उल्लेख करते हुए उनकी मांगों पर कार्रवाई करने का आग्रह किया। अखिलेश यादव ने इस सम्बंध में उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। अनुसूचित जाति छात्रावास के प्रतिनिधिमण्डल में वेदप्रकाश, अभिषेक कुमार, राहुल कुमार, नम्रता, प्रियंका भारती, स्वर्णिमा, मनोहर भारती, किशन सचदेवा, अजय अम्बेडकर, उपेन्द्र कुमार, राजू कुमार, राकेश कुमार, ज्योतिष कुमार तथा रजनीकांत आदि शामिल थे।

## प्रसपा में मुख्य प्रवक्ता बनाए गए दीपक मिश्रा

**लखनऊ।** प्रगतिशील समाजवादी पार्टी लोहिया ने प्रतिबद्ध व प्रगतिशील समाजवादी विचारक एवं बौद्धिक सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष दीपक मिश्र को मुख्य प्रवक्ता बनाया है । यह जानकारी प्रसपा महासचिव आदित्य यादव ने कार्यालय ज्ञाप द्वारा दी । प्रसपा प्रमुख शिवपाल सिंह यादव ने कहा कि दीपक की नियुक्ति से प्रसपा की वैचारिक शक्ति व मारकता में गुणात्मक वृद्धि होगी । दीपक मिश्रा के छह हजार से अधिक लेख प्रकाशित हो चुके हैं। दीपक को मुख्य प्रवक्ता बनाये जाने पर इंटरनेशनल सोशलिस्ट के सचिव जॉन ग्रूमिट, लंका सोशलिस्ट पार्टी के महासचिव प्रो. तिस्सा वितारना, मॉरीशस नेता प्रतिपक्ष जुयाल जाविएए नेपाली सांसद अभिषेक प्रताप शाह, तिब्बत सांसद दाबा क्षीरिंग, भूटान नेता प्रतिपक्ष ज्ञानपो पेमा, पूर्व मंत्री शिवकुमार बेरिया, पूर्व मंत्री कमाल यूसुफ मलिक, पूर्व मन्त्री शारदा प्रताप शुक्ल, शादाब फातिमा, पूर्व सांसद वीर पाल यादव, पूर्व सांसद रघुराज शाक्य, प्रसपा प्रदेश अध्यक्ष सुंदर लाल लोधी समेत कई नेताओं ने बधाई दी है ।

# तत्काल प्रणाली में सेंध लगाकर टिकट बेचने वाले गिरोह का सरगना गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उत्तर प्रदेश** पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने अन्तर्राज्यीय स्तर पर भारतीय रेल के तत्काल टिकट प्रणाली में सेंध लगाकर अवैध लाभ अर्जित करने वाले गिरोह के सरगना को आज तड़के बस्ती से गिरफ्तार कर लिया और उसके कब्जे कुछ टिकट एवं अन्य सामान बरामद किया।

एसटीएफ प्रवक्ता ने आज यहां यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बस्ती के मलौली गोसाईं बाजार थाना छावनी से एसटीएफको विगत कुछ दिनो से निरन्तर सूचनाएं प्राप्त हो रही थीं कि अन्तर्राज्यीय स्तर पर भारतीय रेल के तत्काल टिकट प्रणाली में सेंध लगाने वाला गिरोह सक्रिय है। गिरोह का पकड़ने के लिए एसटीएफ के प्रभारी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनिल सिंह सिसौदिया ने एसटीएफ की विभिन्न इकाइयों एवं टीमों को अभिसूचना संकलन के लिए लगाया था। उन्होंने बताया कि इसी क्रम में एसटीएफ मुख्यालय पर तैनात पुलिस उपाधीक्षक दीपक कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में अभिसूचना संकलन की जा रही थी। इसी दौरान जानकारी मिली कि ट्रेन टिकट प्रणाली में सेंध लगा कर टिकटों की बिक्री करने वाले गिरोह के कुछ सदस्य बस्ती छावनी इलाके में विक्रमजोत के पास मलौली गोसाईं कस्बे में तत्काल ट्रेन टिकट निकालकर उनकी अवैध बिक्री कर रहे हैं तथा इस प्रकार टिकट बुक करने वाले तमाम एजेंटों को इलेक्ट्रॉनिक संसाधनों के माध्यम से इन एक्सटेंशनों की बिक्री कर रहे हैं। इस सूचना पर एसटीएफ मुख्यालय के निरीक्षक हेमन्त भूषण सिंह के नेतृत्व में एक टीम द्वारा मलौली गोसाईं बाज़ार में हनुमान मंदिर के पास आज तड़के करीब तीन बजे आवश्यक बल प्रयोग करके गिरोह सरगना सद्दाम हुसैन अंसारी को पकड़ लिया गया। गिरफ्तार आरोपी के कब्जे से दो तत्काल टिकट तथा 243 तत्काल टिकट (पूर्व में की जा चुकी यात्राओं का) विवरण और दो लैपटॉप तथा अन्य कागजात बरामद किए। प्रवक्ता ने बताया कि पूछताछ पर सद्दाम ने बताया कि मलौली बाज़ार स्थित घर में ही उसकी अंसारी टूर एंड ट्रेवल्स के नाम से दुकान है , जिसमें वह रेलवे के ई टिकट व जनसेवा केंद्र सम्बन्धी कार्य करता है। सद्दाम के पास मौजूद मोबाइल में देखा गया तो उसके द्वारा एक्सटेंशनों के खरीद फरोख्त सम्बन्धी व्हाट्सएप्प चैट मौजूद मिले। उसके पास दो लैपटॉप हैं जिनसे वह एजेंटों के कंप्यूटर में एनीडेस्क के माध्यम से एक्सटेंशनों को इंस्टाल करता है। उन्होंने बताया कि इन लोगों का एक अंतर्राज्यीय गिरोह है जो उत्तर प्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल, दिल्ली, हरियाणा, पंजाब आदि राज्यों में सक्रिय है जो भारतीय रेलवे के तत्काल टिकट प्रणाली में सेंध लगाने वाले विभिन्न एक्स्टेन्शनों की इलेक्ट्रोनिक साधनों व्हाट्सएप, टेलीग्राम, एनीडेस्क आदि माध्यमों से टिकट बुक करने वाले एजेंटों को बेंचकर अवैध लाभ अर्जित करते हैं।

गिरफ्तार सद्दाम को लखनऊ के साइबर क्राईम थाने लखनऊ में दाखिल किया गया है, अग्रिम विधिक कार्रवाई साइबर क्राइम द्वारा की जा रही है।

# चित्र प्रदर्शनी में दिखी लखनऊ के कलाकारों की प्रतिभा

- हुसैनगंज मेट्रो स्टेशन में आयोजित नौ दिवसीय चित्र प्रदर्शनी का हुआ समापन





**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मेट्रो के** हुसैनगंज स्टेशन पर नौ दिवसीय चित्र प्रदर्शनी का रविवार को समापन हो गया। कार्यक्रम में मेट्रो के महानिदेशक ने कहा कि शहर के उभरते कलाकारों को मंच प्रदान करने के पीछे हमारा उद्देश्य शहर की कला और विरासत को आगे बढ़ाना है। कार्यक्रम में पद्मश्री पुरस्कार से विभूषित जाने माने इहिसकार एवं लेखक डॉ, योगेश प्रवीण, प्रसिद्ध अभिनेता डॉ. अनिल रस्तोगी मौजूद रहे।

रविवार को उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के हुसैनगंज मेट्रो स्टेशन में आयोजित नौ दिवसीय चित्र प्रदर्शनी का समापन हो गया। आयोजित समापन समारोह में उत्तर प्रदेश मेट्रो के महानिदेशक कुमार केशव, निदेशक परिचालन सुशील कुमार समेत मेट्रो के वरिष्ठ अधिकारियों ने हिस्सा लिया। लखनऊ विश्वविद्यालय के फाइन आर्ट्स के होनहार विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत इस चित्र एवं मूर्तिकला प्रदर्शनी से आम लोगों में कला के प्रति जागरूकता और समझ में विस्तार हुआ है। साथ ही शहर की प्रतिभा को एक मंच भी मिला है। इस अवसर पर इन बिगिनिंग टीम के इन उभरते कलाकारों को आशीर्वाद एवं प्रोत्साहन देने के लिए लखनऊ के पद्मश्री पुरस्कार से विभूषित जाने माने इहिसकार एवं लेखक डॉ, योगेश प्रवीण, प्रसिद्ध अभिनेता डॉ. अनिल रस्तोगी, लखनऊ विश्वविद्यालय के आर्ट्स कॉलेज के प्रोफेसर राजन श्रीपद फुलारी, रपटवार उत्सव के संस्थापक भूपेश राय , अनीता सहगल जैसे अतिथि भी मौजूद रहे। कार्यक्रम की सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए यूपी मेट्रो के महाप्रबंधक कुमार केशव ने इस अवसर पर कहा कि शहर के उभरते कलाकारों को मंच प्रदान करने के पीछे हमारा उद्देश्य शहर की कला और विरासत को आगे बढ़ाना है।

### कोरोनाकाल की परेशानियों को दर्शाते चित्र

चित्र प्रदर्शनी में बहुतेरे गंभीर विषयों पर कलाकृतियां प्रदर्शित की गई थीं। चारकोल पेंटिंग के माध्यम से कोरोना के दौरान उपजे अनिश्चितता और भय को दर्शाते चित्र थे तो कुरान से प्रेरित तुबा को शांति के प्रतीक के रूप में प्रकृति और नारी के साथ जोड़कर दिखाया गया था। लियोनार्डो द विंची, राजा रवि वर्मा और अलिसा मोंक्स के चित्रों पर आधारित कृतियां भी थीं।

### टेराकोटा, ब्रोंज कास्टिंग से बनी मूर्तियों ने किया प्रभावित

प्रदर्शनी में टेराकोटा और ब्रोंज कास्टिंग से तैयार मूर्तियां भी प्रदर्शित की गई थीं। गौतम बुद्ध के मुख की दिव्यता और शांति का अनुभव कराती मूर्तियों के साथ महिषासुर मर्दिनी मां शक्ति की मूर्तियां भी थीं, जिन्हें दर्शकों ने बहुत सराहा। कलाकारों के अनुसार ब्रोंजकास्टिंग से मूतियों का निर्माण एक जटिल प्रक्रिया है, जिसमें बहुत समय और एकाग्रता की आवश्यकता होती है।

## भाजपा मंडल किसान सम्मेलन की तैयारियां तेज

**बीकेटी( लखनऊ )।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा किसान बिल के समर्थन में बीकेटी में भव्य किसान सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। जिसमे किसानों को बिल के फायदों के बारे में विस्तार से बताया जायेगा। वहीं विपक्ष द्वारा फैलाई जा रही भ्रांतियों का भी जवाब दिये जाने की तैयारी है। रविवार को भाजपा अवध क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष शेष नारायण मिश्रा, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजीव मिश्रा, जिलाध्यक्ष श्रीकृष्ण लोधी कार्यक्रम स्थल बीकेटी बड़ी बाजार पंहुचे । जहां आगमी 17 दिसम्बर को सम्मेलन होना है। कार्यक्रम संयोजक संजय सिंह नगर पंचायत अध्यक्ष अरुण कुमार सिंह द्वारा कार्यक्रम स्थल के बारे में विस्तारपूर्वक चर्चा की गयीं। जिला सह मीडिया प्रभारी विवेक सिंह ने बताया इस कर्यक्रम में लखनऊ मंडल के 6 जिलों लखनऊ, सीतापुर, लखीमपुर, उन्नाव, हरदोई, रायबरेली जिले के किसान शिरकत करेंगे। जिसमें प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह मुख्य अतिथि के साथ कई बड़े नेताओं के आने की संभावना है।

**कार्यालय-नगर पंचायत बाघनगर उर्फ बखिरा**
**जनपद-संतकबीरनगर**

पत्रांक-62 / न0प0 — दिनांक-10.12.2020

**शुद्धि पत्र**

कार्यालय नगर पंचायत बाघनगर उर्फ बखिरा संतकबीरनगर के पत्र संख्या-55 / न0पा0 दिनांक-03, दिसम्बर, 2020 को आन लाइन प्रकाशित निविदा, जो दिनांक 14.12.2020 तक अपलोड की जानी थी। उक्त निविदा दिनांक 21.12.2020 तक अपरान्ह 01.00 बजे तक सम्बन्धित बेवसाइड पर अपलोड एवं उक्त तिथि को सांय 04.00 बजे खोली जायेगी।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत बाघनगर उर्फ बखिरा**
**संतकबीरनगर**

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। सम्पादक: चन्दन मित्रा, स्थानीय सम्पादक: विजय प्रकाश सिंह। फोन: ( 0522 ) 4036600 फैक्स: 2346443/2345582

# मकान बेचने के नाम पर महिला से की 25 लाख की धोखाधड़ी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**गुड़म्बा** में मकान बेचने के नाम पर जालसाज ने महिला से 25 लाख रुपये हड़प लिए। रजिस्ट्री करने के नाम पर टालमटोल करने लगा। रुपये वापसी के लिए आरोपियों द्वारा दिए गए चेक भी बाउंस हो गए। पीड़िता द्वारा बार बार अपनी धनराशि मांगने पर आरोपियों ने खुद को एक पार्टी का पूर्व पदाधिकारी बताते हुए पीड़िता व उनके पति को जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता की तहरीर पर गुड़म्बा पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

इंस्पेक्टर गुड़म्बा रीतेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि इंदिरानगर निवासी चंद्र प्रभा सौरभ ने प्रगतिविहार, कल्याणपुर निवासी संगीता, उसके पति रमेश कुमार गुप्ता और भाई रविन्द्र कुमार गुप्ता से मकान खरीदने के लिए 30 लाख रुपये में सौदा तय किया। पीड़िता चंद्र प्रभा ने बताया कि संगीता, रमेश व रविन्द्र के कहने पर उसने 20 लाख रुपए का यूनाइटेड बैंक ऑफ इंडिया इंदिरानगर शाखा का एकाउंट पेयी चेक एसआर इंटरप्राइजेज के नाम से दिया। जिसका भुगतान भी खाते में हो गया। फिर पांच लाख रुपए पति के खाते से निकालकर उनके घर दिया और शेष रकम लेकर मकान की रजिस्ट्री करने की बात हुई। परन्तु बाद में इनकी नियत बदल गई और बार बार कहने पर रजिस्ट्री कर हमें मकान नहीं दिया। बाद में मकान देने से ही मना कर दिया। इनके द्वारा रुपये वापसी के लिये दिया गया चेक भी पर्याप्त धनराशि नहीं होने के कारण बाउंस हो गया। पीड़िता ने बताया कि वह पति व ड्राइवर के साथ अपनी धनराशि मांगने जब आरोपियों के घर गई तो रमेश, रविन्द्र व दो तीन अज्ञात लोगों ने उनके गाली गलौज की। रमेश ने खुद को एक पार्टी के व्यापार सभा का निवर्तमान महामंत्री बताते हुए जान से मारने की धमकी दी। इंस्पेक्टर ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## पीएम आवास योजना को लेकर पांच लाख की ठगी




### कंपनी के निदेशक व साथी के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**लखनऊ।** गुड़म्बा स्थित रिवाइवल इंफार्टन इण्डिया प्राइवेट लिमिटेड के खिलाफ एक महिला ने पांच लाख रुपये ठगने का आरोप लगाया है। पीड़िता की शिकायत पर कम्पनी निदेशक व उसके साथी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है।गोमतीनगर के विवेक खण्ड 2 निवासी लक्ष्मी सिंह एक प्राइवेट स्कूल में प्रधानाचार्या हैं। लक्ष्मी सिंह के मुताबिक करीब आठ महीने पहले उनको व उनकी बहन सुधा सिंह को रिवाइवल इंफार्टन इण्डिया प्राइवेट लिमिटेड के प्रोजेक्ट निदेशक जैद उबेद से प्रधानमंत्री आवासीय योजना के बारे में जानकारी हुई। इसके बाद जैद व मोहम्मद अशफाक ने स्पोर्ट कालेज के पास आवासीय योजना की साइड दिखाते हुए पीएम आवास बनने की बात कही। इनके बाद आरोपितों ने आवास का पूर्ण भुगतान करने पर 50 प्रतिशत छूट बताई। झांसे में लेकर पीड़िता लक्ष्मी सिंह से 1,52000 व उनकी बहन सुधा सिंह से 3,51000 रुपये ठग लिया। पीड़िता के रुपये मांगने पर आरोपित उसे धमकी दे रहे हैं। इंस्पेक्टर गुड़म्बा रीतेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज करने से साथ ही मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

# आपसी विवाद में बेटे को लगी गोली, रिटायर्ड डिप्टी एसपी पिता फरार

### गुडम्बा के विजयकुंज कालोनी का मामला पुलिस ने घायल को अस्पताल में कराया भर्ती

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**गुडम्बा** के विजय कुंज कालोनी में पिता व पुत्र के बीच हुए आपसी विवाद में गोली चल गई। गोली की चपेट में आने से बेटा जुहैब खान (30) घायल हो गया। सूचना पर पहुंचे गुडम्बा इंस्पेक्टर ने घायल को ट्रामा में भर्ती कराया है। जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तारी के लिए टीमें भेज दी हैं जो ठिकानों पर दबिश दे रही हैं। इंस्पेक्टर का कहना है कि आरोपी की जल्द गिरफ्तारी कर ली जायेगी।

इंस्पेक्टर गुड़म्बा रीतेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि विजयकुंज, कल्याणपुर निवासी मोहम्मद नईम खान डिप्टी एसपी के पद से रिटायर हैं। वह बेटे जुहैब खान व बेटी के साथ रहते हैं। जबकि पत्नी दिल्ली में रहती हैं। चौकी प्रभारी टेढ़ीपुलिया गणेश सिंह ने बताया कि परिवारीजनों के मुताबिक बेटा जुहैब कोई काम नहीं करता है। वह खर्चों के लिए पिता से रुपयों की मांग करता रहता है और झगड़ा भी करता है। जुहैब नशे का भी आदी है। रविवार को दिन में जुहैब का अपनी बहन से विवाद हुआ था। जिसमे पड़ोसियों ने समझा बुझाकर मामले को शांत करा दिया था। इंस्पेक्टर ने बताया कि देर शाम जुहैब नशे में धुत होकर घर पहुंचा। रुपयों को लेकर उसका अपने पिता नईम से विवाद होने लगा। विवाद बढ़ने पर नईम ने डराने के लिये लाइसेंसी रिवाल्वर निकाल ली। दोनों के बीच छीना झपटी में गोली जुहैब के पेट में लग गई। जिससे वह वहीं गिर पड़ा। घटना की सूचना गुड़म्बा पुलिस को दी गई। फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे इंस्पेक्टर रीतेन्द्र प्रताप सिंह ने घायल को ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया। जहाँ उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है। इंस्पेक्टर गुड़म्बा ने बताया कि गोली कैसे चली, इसकी जांच की जा रही है।

# मरीज की मौत पर तीमारदारों का हंगामा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

राजधानी लखनऊ के विभूतिखण्ड इलाके में मेकवेल अस्पताल एंड ट्रामा सेंटर में 58 वर्षीय बुजुर्ग की मौत के बाद परिजनों ने अस्पताल के डॉक्टरों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा काटा। परिजनों का आरोप है कि जब बुजुर्ग के शव को घर ले जाने लगे तो अस्पताल प्रशासन ने उनसे शव ले जाने के बदले पैसे चुकाने की शर्त रखी।

मामला विभूतिखण्ड के कठौता झील के पास स्तिथ मेकवेल अस्पताल एंड ट्रामा सेंटर का है, जहां इंदिरानगर सेक्टर 19 के रहने वाले 58 वर्षीय अशोक वर्मा की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गयी। अशोक वर्मा को पेट मे दर्द होने के चलते पहले तो देर रात सरकारी अस्पताल ले जाया गया लेकिन अस्पताल में बेड न होने के चलते परिजनों को वहां से टरका दिया गया। दो बड़े सरकारी अस्पतालों का चक्कर काटने के बाद एम्बुलेंस चालक ने उन्हें इस अस्पताल में कम पैसे में बेहतर इलाज का लालच देकर उन्हें भर्ती करा दिया।परिजनों का आरोप है कि 16 घंटे पूरे नहीं हुए और अस्पताल ने इलाज और दवाई के नाम पर तकरीबन 40 हज़ार वसूल लिए। परिजनों का आरोप है की डॉक्टरों की मनमानी और अस्पताल प्रशासन की लापरवाही के चलते उनके मरीज की मौत हो गयी। कहासुनी के बाद जब अशोक वर्मा का परिजनों ने शव मांगा तो अस्पताल प्रशासन ने शव के बदले बकाया भुगतान जमा कर देने की शर्त रख दी।

अस्पताल की संवेदनहीनता परिजनों से बर्दाश्त न हुई और इस बात का विरोध भी किया। आरोप है कि अस्पताल में मौजूद कर्मचारियों और सिक्योरिटी के लोगों ने मृतक मरीज के बेट-बेटी, बहू और पत्नी को अस्पताल के बाहर ढकेल दिया। सिक्योरिटी के लोगों ने मृतक मरीज के बेट-बेटी, बहू और पत्नी को अस्पताल के बाहर ढकेल दिया। परिजनों ने इस बात की सूचना पुलिस को डायल 112 के ज़रिए दी। मौके पर पहुँची पुलिस मामले की तफ्तीश में जुट गई और बंद कमरे में अस्पताल प्रशासन के साथ मीटिंग शुरू कर दी। वहीं परिजनों का कहना है कि ऐसे अस्पतालों पर ज़िला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग कार्यवाई क्यों नही करता।



ऐशबाग स्थित मोतीझील में सफाई अभियान के तहत श्रमदान करते स्वंयसेवी संगठन के सदस्य

# बेकाबू ट्रक की टक्कर से युवक की मौत ,जख्मी दो दोस्त ट्रामा रेफर

**मोहनलालगंज।** हाईवे पर गौरा गांव के निकट पीछे से आ रहे बेकाबू ट्रक ने बाइक सवार युवकों को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में जख्मी तीनों युवकों को सीएचसी ले जाया गया जहां एक की मौत हो गई जबकि दो को गम्भीर हालत में ट्रामा सेण्टर रेफर किया गया है। पुलिस ने अज्ञात ट्रक चालक के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। मोहनलालगंज के रंजीतखेड़ा निवासी किसान रामचन्द्र का बेटा अमित कुमार अपने दोस्त नागेश व दिवाकर के साथ रविवार की दोपहर बाइक से मोहनलालगंज की ओर जा रहा था तभी गौरा अपर प्राइमरी स्कूल के निकट बेकाबू ट्रक ने उनकी बाइक में पीछे से टक्कर मार दी। ठोकर लगते ही बाइक सवार तीनों युवक हाईवे पर गिरकर जख्मी हो गए। जिन्हें सीएचसी ले जाने पर डाक्टर ने अमित कुमार को मृत घोषित कर दिया जबकि उसके दोस्त नागेश और दिवाकर को ट्रामा सेण्टर रेफर किया गया है। जहां उनकी हालत गम्भीर बताई जा रही है।

# पुनर्वास विश्वविद्यालय का दीक्षांत समारोह आज

### समारोह की अध्यक्षता राज्यपाल आनंदीबेन पटेल करेंगी जबकि मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ होंगे

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**डॉ.** शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय का सातवां दीक्षांत समारोह सोमवार को सम्पन्न होगा। समारोह की अध्यक्षता राज्यपाल आनंदीबेन पटेल करेंगी। जबकि मुख्य अतिथि के रूप में विवि की सामान्य सभा के अध्यक्ष व प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शामिल होंगे। समारोह में 111 सामान्य विद्यार्थियों के साथ ही 11 दिव्यांगों को 14 मेडल दिए जाएंगे। सामान्य विद्यार्थियों को 137 मेडल वितरित होंगे।परिसर स्थित अटल बिहारी बाजपेयी सभागार में होने वाले समारोह की शुरूआत शैक्षिक यात्रा से होगी। इसमें साहित्य एकेडमी के पूर्व अध्यक्ष प्रो. विश्वनाथ प्रसाद तिवारी बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रहेंगे। विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डॉ. अमित राय ने बताया कि परीक्षा की सभी तैयारियां पूरी हो गई है। परिधान में कोई बदलाव नहीं किया गया है। डिग्री को हाई सिक्योरिटी फीचर से लैस किया गया है। मेडल हासिल करने वाले मेधावियों को दीक्षांत की पोशाक का वितरण कर दिया गया है। समारोह में कुल 1205 विद्यार्थियों को डिग्री प्रदान की जाएगी। इसमें 632 छात्राएं और 573 छात्र शामिल हैं। कुल 151 मेडल 122 मेधावियों को प्रदान किया जाएगा। सबसे अधिक मेडल श्रवणबाधितार्थ विभाग को मिलेंगे। इस विभाग की झोली में तीन गोल्ड, दो सिल्वर और तीन ब्रांज मेडल प्राप्त होंगे। दिव्यांगों में तीन छात्राएं और आठ छात्र शामिल हैं।

समारोह में 55 गोल्ड मेडल दिए जाएंगे। इसमें 34 मेडल छात्राओं और 21 मेडल छात्रों को मिलेंगे। वहीं 48 सिल्वर मेडल मेधावियों को मिलेंगे। जिसमें 25 मेडल छात्राओं और 23 मेडल छात्रों को दिए जाएंगे। इसके अलावा 48 ब्रांज मेडल भी वितरित किए जाएंगे। इनमें से 25 छात्राओं और 23 छात्रों को हासिल होंगे। इस तरह 71 छात्राओं को 84 मेडल और 51 छात्रों को 67 मेडल मिलेंगे।

## एसजीपीजीआई का 37वां स्थापना दिवस आज, सम्मानित होंगे डॉक्टर

### मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ होंगे मुख्य अतिथि

**लखनऊ।** संजय गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान (एसजीपीजीआई) का 37वां स्थापना दिवस समारोह सोमवार को होगा। समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शामिल होंगे। समारोह के दौरान बेस्ट डॉक्टर और बेस्ट पैरामेडिकल स्टाफको चिकित्सा शिक्षामंत्री सुरेश खन्ना सम्मानित करेंगे। कार्यक्रम के दौरान पहली बार उत्कृष्ट शोधकर्ताओं को उनके शोध के लिए भी सम्मानित किया जाएगा।स्थापना दिवस समारोह का व्याख्यान भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद नई दिल्ली के महानिदेशक एवं सचिव स्वास्थ्य अनुसंधान, भारत सरकार, प्रोफेसर बलराम भार्गव द्वारा दिया जाएगा। कोविंड महामारी को ध्यान में रखते हुए इस बार संस्थान का स्थापना दिवस सामाजिक दूरी के नियमों को ध्यान में रखते हुए मनाया जा रहा है। समारोह में शामिल होने वाले अतिथियों की संख्या भी सीमित होगी। संस्थान के संकाय सदस्यों, रेजिडेंट डॉक्टरों, विद्यार्थियो, अधिकारियों और स्टाफ के लोगों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के द्वारा इसमें सहभागिता के निर्देश दिए गए है। संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान प्रतिवर्ष 14 दिसंबर को अपना स्थापना दिवस मनाता है। इसी दिन वर्ष 1980 में तत्कालीन राष्ट्रपति नीलम संजीव रेड्डी द्वारा संस्थान की आधारशिला रखी गई थी। तब से आज तक संस्थान चिकित्सा के क्षेत्र में उत्कृष्ट रोगी सेवाओं और गुणवत्ता परक चिकित्सा शिक्षा की दिशा में निरंतर अग्रसर है।

## पर्सनलाइज्ड मेडिसिन करेगी जल्द इलाज

**लखनऊ।** आने वाले दिनों में मरीजों का उपचार पर्सनलाइज्ड मेडिसिन के जरिये होगा। पर्सनलाइज्ड मेडिसिन पर तेजी से काम चल रहा है। इसके तहत डॉक्टर जीनोम के आधार पर पता लगा लेंगे कि किस मरीज में कौन सी दवा कारगर साबित होगी। उक्त जानकारी रविवार को पीजीआई के पहले शोध दिवस पर आयोजित सेमिनार के दौरान इंडियन इंस्टीट्यूट आफ इंफार्मेनशन टेक्नोलॉजी रायपुर के डा. प्रदीप सिन्हा ने दी है।उन्होंने बताया कि सुपर कंप्यूटर के जरिए हम लोग डीएनए, आरएन, की गुत्थी सुलझा रहे है इसे जिनोम स्टडी कहते हैं। हर व्यक्ति का जीनोम अलग होता है। उन्होंने कहा कि अभी एक समान लक्षण वाले या बीमारी वाले मरीज में जो दवा प्रचलित होती हैं दी जाती है। इस दवा से कुछ लोगों को फायदा होता है तो कुछ लोगों को दवा से फायदा नहीं होता है। चिकित्सक फिर कारण खोज कर दूसरी दवा देता है, कई बार यह दवा भी कारगर साबित नहीं होती है ऐसे में बीमारी बढ़ती जाती है। संस्थान के पिडियाट्रिक मेडिसिन विभाग के डा मोनिक सेन शर्मा ने कहा कि लखनऊ में ही कई शोध संस्थान हैं जो फैकल्टी नई है उनका वहां पर कोई परिचय नहीं है इन संस्थान के साथ काम करने के लिए एक प्लेट फार्म की जरूरत है जिसके बारे में रिसर्च सेल के प्रभारी प्रो यूसी घोषाल ने बताया कि कई संस्थान के हम लोगों शोध के लिए समझौता किया है।

# चलाया गया हर रविवार मच्छर पर वार अभियान

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ





**मुख्य** चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर संजय भटनागर के निर्देश पर रविवार को राजधानी में हर रविवार, मच्छर पर वार कैम्पेन के अन्तर्गत नगर मलेरिया इकाईए नगर निगमए जिला मलेरिया इकाई एस्वयंसेवी संस्थाओं एवं नगरीय सामुदायिक स्वास्थ्य अलीगंज इकाई द्वारा खदरा (अयोध्या दास वार्ड .2 ) सीतापुर रोड में कोविड.19 और डेंगू के विरूद्ध वृहद्ध जनसम्पर्क अभियान, एण्टी लार्वा दवाओं का छिड़काव, वृहद साफ-सफाई, फागिंग के साथ साथ जन समुदाय के स्वास्थ्य की जांच, टीकाकरण, परिवार नियोजन की गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अपर मुख्यचिकित्सा अधिकारी द्वारा जनसमुदाय को टीकाकरण, परिवार नियोजन के साथ कोविड 19 एवं डेंगू से बचाव हेतु पैम्पलेट बांटे गए एवं स्वास्थ्य शिक्षा प्रदान की गई। इस अवसर पर क्षेत्रीय पार्षद उर्मिला राजपूत, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ सुनील रावत, नोडल अधिकारी संचारी रोग डॉ के पी त्रिपाठी, जिला मलेरिया अधिकारी डी एन शुक्ला जिला स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी योगेश रघुवंशी, मलेरिया निरीक्षक मधुप लाल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अलीगंज की चिकित्सीय टीम एवं अन्य स्वास्थ्य कार्यकर्ता भी उपस्थित थे। आज मेडिकल मोबाइल वैन द्वारा पानी गांव इंदिरा नगर में 73 व्यक्तियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवा वितरित की गई । साथ ही क्षेत्रीय एएनएम के द्वारा 8 बच्चों का टीकाकरण भी किया गया। स्वास्थ विभाग की टीमो ने 1442 घरों तथा विभिन्न स्थानों पर मच्छर जनक की स्थितियों का सर्वेक्षण किया। जिनमें 2 घरों , स्थानों पर मच्छर जनक की स्थितियां पाए जाने पर आईपीसी की धारा 188 के तहत अयोध्या दास वार्ड द्वितीय में संबंधित को नोटिस जारी की गई।

# बाघ व हिमगिरि सुपरफास्ट अब 31 जनवरी तक चलेंगी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ


**नए** साल में नैनीताल और जम्मू जाना आसान होगा। रेलवे ने इन दोनों ट्रेनों के फेरों में विस्तार दे दिया है। ऐसे में नैनीताल की सैर के साथ माता वैष्णो देवी के दर्शन करने वाले यात्रियों के लिए राहत की खबर है। दो ट्रेनों को एक महीने का विस्तार दिया है। जिसमें बाघ एक्सप्रेस और हिमगिरि सुपरफास्ट अब 31 दिसंबर तक के बजाए 31 जनवरी तक चलेंगी। रेलवे बोर्ड ने दोनों ट्रेनों के विस्तार के आदेश दे दिए हैं। वर्तमान में रेलवे हावड़ा-लखनऊ-काठगोदाम बाघ एक्सप्रेस और हावड़ा-जम्मूतवी हिमगिरि एक्सप्रेस ट्रेन पूजा स्पेशल के रूप में संचालित कर रहा है। इन ट्रेनों को अक्तूबर से नवंबर फिर नवंबर से



31 दिसंबर और फिर एक माह का विस्तार देते हुए समय सीमा 31 जनवरी कर दी गयी है। ऐसे में ट्रेन नंबर 03019 हावड़ा-काठगोदाम बाघ एक्सप्रेस 31 दिसंबर से बढ़ाकर 31 जनवरी तक जबकि ट्रेन 03020 काठगोदाम-हावड़ा बाघ एक्सप्रेस दो जनवरी से दो फरवरी तक चलेगी। इसी तरह ट्रेन नंबर 02331 हावड़ा-जम्मूतवी हिमगिरि एक्सप्रेस 29 दिसंबर के बजाए अब यह ट्रेन 30 जनवरी तक दौड़ेगी। वापसी में ट्रेन 02332 हिमगिरि एक्सप्रेस स्पेशल 31 दिसंबर की जगह दो फरवरी तक चलाई जाएगी।

**अब लखनऊ एलटीटी सप्ताह में तीन दिन चलेगी**

लखनऊ जंक्शन से लोकमान्य तिलक त्रैसाप्ताहिक ट्रेन 20 फेरों के लिए विस्तार किया गया। जोकि 16 दिसंबर से 31 जनवरी के बीच हर सप्ताह तीन तीन दिन दोनों दिशाओं से चलेगी। रेलवे के इस निर्णय से लखनऊ से मुम्बई के बीच आवागमन करने वाले यात्रियों को राहत मिलेगी। ट्रेन नंबर 02108 लखनऊ जंक्शन से लोकमान्य तिलक टर्मिनस 17 दिसंबर से 31 जनवरी तक हर मंगलवार, वृहस्पतिवार एवं रविवार को लखनऊ जंक्शन से रात 10.45 बजे चलकर दूसरे दिन रात 9.50 बजे एलटीटी पहुंचेगी। जबकि ट्रेन नंबर 02107 लोकमान्य तिलक टर्मिनस से लखनऊ जंक्शन त्रैसाप्ताहिक ट्रेन 16 दिसंबर से 30 जनवरी तक हर सोमवार, बुधवार एवं शनिवार को लोकमान्य तिलक टर्मिनस से शाम 4.25 बजे चलकर दूसरे दिन दोपहर 3.30 बजे लखरऊ जंक्शन पहुंचेगी ।



# हर हाल में 15 जनवरी से शुरू हो जाएं बाढ़ नियंत्रण कार्यः योगी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने राज्य में बाढ़ नियंत्रण से सम्बन्धित कार्यों को प्रत्येक दशा में 15 जनवरी से प्रारम्भ किए जाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि सभी औपचारिकताएं शीघ्रता से पूर्ण की जाएं, जिससे बाढ़ नियंत्रण सम्बन्धी कार्यों को मई तक हर हाल में पूरा कर लिया जाए।

मुख्यमंत्री रविवार को अपने सरकारी आवास पर सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जन धन हानि को रोकने के लिए त्वरित ढंग से कदम उठाना राज्य सरकार का दायित्व है। इसके सम्बन्ध में किसी भी प्रकार की शिथिलता नहीं बरती जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि पहले से संचालित परियोजनाओं को पूर्ण करने के लिए भी धनराशि की व्यवस्था कर ली



जाए। मुख्यमंत्री ने बिजनौर, मेरठ, बुलन्दशहर में गंगा से होने वाली कटान के सम्बन्ध में कार्ययोजना बनाकर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सहारनपुर में पूर्वी यमुना का अवशेष कार्य शीघ्रता से पूर्ण किया जाएं जिससे परियोजना का लाभ जनसामान्य को प्राप्त हो सके। उन्होंने हमीरपुर को बाढ़ से बचाने के लिए तटबंध बनाने तथा पुराने वॉटर रिजर्वायर के संरक्षण के सम्बन्ध में प्रस्ताव बनाकर केन्द्र सरकार को भेजने के निर्देश दिए।

बैठक के दौरान मुख्यमंत्री के समक्ष बाढ़ नियंत्रण सम्बन्धी परियोजनाओं के सम्बन्ध में एक प्रस्तुतीकरण किया गया। उन्हे अवगत कराया गया कि विभाग द्वारा वर्षा के मौसम में प्रोएक्टिव एप्रोच एवं समेकित दृष्टिकोण के साथ कार्य किया गया। अतिवृष्टि होने पर जिला प्रशासन एवं सम्बन्धित को बाढ़ से निपटने की तैयारियों के लिए पर्याप्त समय पूर्व चेतावनी निर्गत की गई। मुख्यमंत्री को विभाग की बाढ़ प्रबन्धन सूचना प्रणाली के सम्बन्ध में भी अवगत कराया गया।

बैठक के दौरान जनपद अयोध्या में नया घाट के सौन्दर्यीकरण और मुक्ति घाट के निर्माण के सम्बन्ध में भी प्रस्तुतीकरण किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि गाजियाबाद में शनिवार को उनके द्वारा कैलाश मानसरोवर यात्रा भवन का लोकार्पण किया गया है। चुनार के पत्थरों के प्रयोग से निर्मित इस भवन का सौन्दर्य दर्शनीय है। उन्होंने कहा कि अयोध्या में नया घाट, मुक्ति घाट आदि के निर्माण में भी प्रदेश में प्राप्त होने वाले पत्थरों का उपयोग किया जाए।

उन्होंने सौन्दर्यीकरण में विन्टेज लाइट्स के प्रयोग और उनके बेहतर रख रखाव के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि अयोध्या में नया घाट से राम की पैड़ी होते हुए गुप्तार घाट तक एक वैकल्पिक मार्ग की भी व्यवस्था की जाए। इस अवसर पर जल शक्ति मंत्री महेन्द्र सिंह, अपर मुख्य सचिव वित्त संजीव मित्तल, अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री एसपी गोयल, अपर मुख्य सचिव सिंचाई एवं जल संसाधन टी वेंकटेश, सचिव सिंचाई एवं जल संसाधन अनिल गर्ग सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# गोरखपुर और वाराणसी में मण्डल स्तर पर एकीकृत मण्डलीय कार्यालय बनेगा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**गोरखपुर और** वाराणसी में मण्डल स्तर पर एकीकृत मण्डलीय कार्यालय परिसर का निर्माण किया जाएगा। एकीकृत मण्डलीय कार्यालयों के निर्माण हेतु सम्बन्धित प्राधिकरण नोडल एजेंसी नामित किया गया है। इस सम्बन्ध में प्रमुख सचिव आवास एवं शहरी नियोजन द्वारा आयुक्त गोरखपुर व वाराणसी मण्डल को पत्र लिखकर लिए गए निर्णयों से अवगत कराते हुए सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। इन कार्यालयों के निर्माण के लिए शीघ्र डीपीआर तैयार कर परियोजना क्रियान्वित किए जाने के भी निर्देश दिए गए हैं।

सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि वर्तमान में विभिन्न मण्डलों मे स्थित मण्डलायुक्त कार्यालयों पर विभिन्न मण्डलीय कार्यालयों से आना जाना समय.साध्य एवं व्यय साध्य है। मण्डलीय कार्यालय विभिन्न स्थान पर संचालित होने के कारण इनके मध्य समन्वय भी ठीक से नहीं हो पाता है। साथ हीए मण्डल स्तरीय कार्यालयों में स्थान की आवश्यकता एवं उपलब्धता में असमानता के साथ साथ नवीन तकनीकी सुविधाओं का भी अभाव है। अधिकांश कार्यालय किराए के भवन में चल रहे हैं अथवा कार्यालय भवनों की स्थिति जीर्ण.शीर्ण हैए जिससे कार्यालयी वातावरण भी प्रभावित होता है।

गोरखपुर एवं वाराणसी मण्डल में एकीकृत मण्डलीय कार्यालय परिसर के निर्माण हेतु गोरखपुर विकास प्राधिकरण एवं वाराणसी विकास प्राधिकरण नोडल एजेंसी के रूप में कार्य करेंगे। नोडल एजेंसी के कार्यों एवं दायित्वों के तहत मण्डल स्तर पर पुराने भवन-परिसर व अन्य भूमि का पुनर्विकास किया जाएगा तथा उनके मुद्रीकरण से राजस्व प्राप्त किया जाएगा। पुराने भवनों के स्वामित्व की रिक्त भूमि पर भी नई परियोजनाओं का विकास कर राजस्व प्राप्त किया जाएगा।

गोरखपुर एवं वाराणसी मण्डल में एकीकृत मण्डलीय कार्यालय परिसर के निर्माण हेतु प्रस्तावित परियोजना के सम्बन्ध में मण्डल स्तर पर मण्डलायुक्त की अध्यक्षता में मण्डल स्तरीय समिति गठित की गई है। जिलाधिकारी, मुख्य अभियन्ता लोक निर्माण विभाग, अपर निदेशक कोषागार एवं पेंशन, सहयुक्त नियोजक, उपमहानिरीक्षक निबन्धन, अध्यक्ष द्वारा नामित लैण्ड मोनेटाइजेशन एण्ड रीडेवलपमेंट के विशेषज्ञ समिति के सदस्य होंगे। उपाध्यक्ष विकास प्राधिकरण समिति के सदस्य एवं संयोजक होंगे।

## लाइसेंस शुल्क जमा न करने पर वसूला पांच लाख का जुर्माना

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**शहर में** बगैर लाइसेंस फीस भरे बीयर, शराब बेच रही दुकानों पर नगर निगम ने कार्रवाई तेज कर दी है। नगर आयुक्त अजय द्विवेदी के आदेश पर कर अधिकारी द्वारा पांच लाख रुपये की वसूली की गई। शहर में चल रही बीयर, देशी और अंग्रेजी शराब के दुकानदारों द्वारा बिना लाइसेंस ब्रिकी किए जाने पर नगर निगम के लाइसेंस विभाग ने जुर्माना वसूला। एक सप्ताह में पॉच लाख, पच्चीस हजार रूपये जमा कराये गए। मुख्य कर निर्धारण अधिकारी, प्रभारी अधिकारी लाइसेंस महातम यादव और कर अधीक्षक लाइसेंस सुदेश ने देशी शराब की तीन दूकानों से 90,000 रूपये, दो बीयर बार से लाइसेंस शुल्क 1,20,000 हजार, चार रेस्टोरेंट से लाइसेंस फीस के रूप में 8,000, कोल्डड्रिंक व आईसक्रीम पार्लर से 1500 रूपये, अंग्रेजी शराब की तीन दुकानों से 1,65,000, दो बार से 1,00,000, दो नार्सिग होम से 22, 500, क्लीनिक से 10,000, पैथालॉजी से 5,000 रुपए वसूल किए। मुख्य कर निर्धारण अधिकारी, प्रभारी अधिकारी लाइसेंस महातम यादव ने बताया कि शहर में संचालित गेस्ट हाउस, होटल, हास्पिटल, नर्सिग होम, बार, रेस्टोरेंट, पैथोलॉजी, ब्लड बैंक, क्लीनिक, आयुर्वेदिक क्लीनिक, डायग्नोस्टिक सेन्टर आदि द्वारा लाइसेंस फीस जमा न करने पर इनके विरूद्ध सीलिंग की कार्रवाई की जाएगी।

# लापता शटरिंग कारीगर का शव मलबे से बरामद

● परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

संवाददाता। मोहनलालगंज

**शुक्रवार** से लापता शटरिंग कारीगर का शव रविवार की दोपहर बस स्टाप के पीछे मलबे में दबा हुआ मिला। मलबा समतल कर रही जेसीबी की खुदाई में शव नजर आते ही हड़कम्प मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त कराने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है।



जांच पड़ताल करती पुलिस, इनसेट मृतक की फाइल फोटो

मोहनलालगंज के अतरौली निवासी जीवनप्रकाश कश्यप शटरिंग कारीगर था। परिजनों के मुताबिक शुक्रवार की शाम जीवन गांव के ही बुजुर्ग के साथ एक वैवाहिक कार्यक्रम में जाने का कहकर निकला था। रविवार की दोपहर मोहनलालगंज बस स्टाप के पीछे प्लॉटिंग साइट में जेसीबी मलबा बराबर कर रही थी तभी उसमें जीवन का शव दिख गया। मौके पर पहुंची पुलिस को शव की जामातलाशी में कुछ रुपए, स्कूटी की चाभी और दो मोबाइल फोन सेट व शराब की बोतल बरामद हुए। परिजनों को बुलाकर शिनाख्त कराने के बाद शव को पीएम के लिए भेज दिया गया। परिजनों का आरोप है कि शनिवार की रात उन्होंने जीवन के लापता होने की शिकायत कोतवाली पर भी की थी। परिजन उसकी हत्या कर शव मलबे में फेंकने की आशंका जता रहे हैं। हालांकि एसीपी प्रवीण मलिक ने बताया पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है।

# हाइवे पर स्थित टोल प्लाजा के पास अज्ञात शव मिलने से हड़कंप

संवाददाता। निगोहां

● पुलिस ने कहा कि हत्या कर बाहर से लाकर शव को फेका गया

**लखनऊ** रायबरेली हाइवे पर स्थित टोल प्लाजा के निकट हाइवे किनारे लगभग 35 वर्षीय अज्ञात युवक का चादर में बंधा खून से लथपथ शव पड़ा मिला। राहगीरों की सूचना पर पहुंची निगोहां पुलिस ने शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया किंतु शिनाख्त नहीं हो सकी। मृतक का गला गमछे से कसा हुआ था, सिर तथा मुंह पर चोट के कई निशान थे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया।

घटनाक्रम के अनुसार रविवार दोपहर लगभग 12 बजे लखनऊ रायबरेली हाइवे पर स्थित टोल प्लाजा के पास हाइवे किनारे दो चादरों से लिपटा शव देख राहगीरों ने निगोहां पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची निगोहां पुलिस ने चादर को खोला जिसमे करीब 35 वर्षीय अज्ञात युवक का शव पड़ा हुआ था, साथ मे खून से सना हुआ सफेद रंग का चेकदार शर्ट रखा हुआ था, मृतक का गला गमछे से कसा हुआ था। सिर तथा मुंह पर चोट के निशान थे, काले रंग की पैंट थी जिस पर प्रिंस टेलर मोकामा लिखा हुआ है। गरम बनियान नीले कलर की थी, गले में रुद्राक्ष की माला हाथ में कलावा उंगली में लोहे का छल्ला पहने हुए था। इंस्पेक्टर निगोहां शैलेंद्र सिंह ने बताया कि शव की शिनाख्त नहीं हो सकी है शव को कहीं बाहर से हत्या कर यहाँ लाकर फेंक गया है। अज्ञात शव को पीएम के लिए भेज दिया गया है। जांच की जा रही है।

# चिनहट में चोरों का तांडव सोती रह गई पुलिस

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

● शिक्षिका, प्राइवेट कर्मी और अधिवक्ता के मकान से 10 लाख से अधिक के जेवर व नगदी चोरी

● अपट्रान चौकी क्षेत्र के आयुषी विहार और बीबीडी के तिवारीगंज में चोरों ने दिया वारदात को अंजाम

**ठंडक** बढ़ने के साथ-साथ चिनहट पुलिस की उदासीनता से चोरों का आतंक बढ़ गया है। शातिर चोरों ने अपट्रान चौकी क्षेत्र के आयुषी विहार और बीबीडी के तिवारीगंज को मिलाकर तीन घरों में चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। इस दौरान चोरों ने करीब 10 लाख रुपए से अधिक की ज्वेलरी और लाखों की नकदी पार कर दी। वहीं, पुलिस पर आरोपियों की धरपकड़ के बजाय एफआईआर में हीलाहवाली बरतने का आरोप है।

मूल रूप से औरैया जनपद निवासी शिक्षिका उर्मिला वर्मा चिनहट के अपट्रान चौकी इलाके के आरुषि विहार कॉलोनी में रहती हैं। उन्होंने बताया कि गत 11 दिसंबर की सुबह कानपुर निवासी एक करीबी के यहां कार्यक्रम में शामिल होने गई थी। इसके बाद उन्हें शनिवार को मकान का ताला टूटे होने की जानकारी मिली। शातिर चोर मेन गेट से लेकर लगभग मकान के सभी कमरे का ताला और लॉकर तोड़कर करीब साढ़े तीन लाख की ज्वेलरी और नकदी पार कर ले गए। इतना ही नहीं पड़ोस में रहने वाले दिनेश वर्मा के मकान का भी ताला तोड़कर शातिर चोर मकान में रखे करीब पांच लाख के जेवरात और नकदी पार कर ले गए। फ्लिहालए पीड़ितों ने पुलिस को घटना की जानकारी दी है।

वहीं बहराइच के कैसरगंज निवासी अधिवक्ता धीरेंद्र पांडे बीबीडी चौकी क्षेत्र के तिवारीगंज में परिवार के साथ रहते हैं। उन्होंने बताया कि गत 25 नवंबर को मकान का ताला बंद कर कानपुर गए थे। इसके बाद शनिवार को घर वापस लौटे तो ताला टूटा हुआ था। शातिर चोर घर में रखी नकदी और सोने चांदी के जेवरात पार कर ले गए। पीड़ित ने पुलिस को घटना की जानकारी दी है।

> सभी घटनाएं संज्ञान में हैं। टीमें लगाई गई हैं। सुनसान और हॉटस्पॉट एरिया में खास सक्रियता बरतने के निर्देश दिए गए हैं। पेट्रोलिंग और पैदल गश्त बढ़ा दी गयी है। जल्द ही सकारात्मक परिणाम आएंगे।
>
> **एडीसीपी पूर्वी।**

बताते चलें कि पुलिस कमिश्नर डीके ठाकुर ने हाल में कमिश्नरेट पुलिस को आदेश जारी कर ठंडक बढ़ने के साथ-साथ सक्रियता बढ़ाने के कड़े निर्देश दिए थे। इतना ही नहीं चिनहट के ही मल्हौर चौकी इलाके में रहने वाले फूड इंस्पेक्टर के मकान में डकैती मामले का खुलासा नहीं हो पाया। इसके अलावा कस्बा समेत अन्य क्षेत्रों में चोरी की वारदात दे चुके हैं। वहीं स्थानीय पुलिस के अधिकतर खुलासे सवालों के घेरे में रहे हैं। बावजूद इसके पुलिस मामले में खानापूर्ति कर रही है। आरोप है कि स्थानीय पुलिस अधिकारियों के निर्देशों का माखौल उड़ा रही है। इतना ही नहीं घटना के बाद एफआईआर दर्ज कराने में भी हीलाहवाली बरती जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि हाल के दिनों में शातिर चोरों ने करीब दर्जनों चोरी की वारदात को अंजाम दी है।

## बैंक कर्मी के बंद घर से लाखों के जेवर व नकदी चोरी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**आशियाना** इलाके में चोरों ने एक बैंककर्मी के बंद घर को अपना निशाना बनाते हुए लाखों जेवर समेत नकदी चोरी कर ली। घटना के समय पीड़ित घर पर ताला लगाकर बाहर गया हुआ था। वापस लौटने पर उन्हें घटना की भनक लगी, जिसके बाद उन्होंने सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने छानबीन कर केस दर्ज कर लिया।

आशियाना के रतन खंड में बैंककर्मी धीरेंद्र वर्मा अपनी पत्नी अनिता वर्मा व दो बच्चों संग रहते हैं। पीड़ित बैंककर्मी के मुताबिक वह बीती 30 नवंबर को अपने परिवार संग पैतृक गांव जनपद फतेहपुर शादी समारोह में शामिल होने गए थे। बताया जा रहा है कि शनिवार दोपहर जब वह वापस लौटे तो देखा की घर का सारा सामान अस्त व्यस्त पड़ा हुआ है। उन्होंने आनन-फानन में इसकी जानकारी पुलिस को दी। पुलिस के मुताबिक आसपास में लगे सीसीटीवी कैमरे को खंगाला जा रहा हैए जल्द ही आरोपियों को दबोच लिया जाएगा। वहीं पीड़ित के मुताबिक चोरों ने उनके घर से एक सोने का हार, एक चेन व कुंडल जिसकी कीमत लगभग डेढ़ लाख रुपये है और इसके साथ ही 10 हजार की नकदी चोरी कर ली है।

# इण्टरनेशनल स्पोर्ट्स, आर्ट्स एण्ड म्यूजिक प्रतियोगिता का ऑनलाइन शुभारंभ

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**सिटी मोन्टेसरी** स्कूल, जॉपलिंग रोड कैम्पस द्वारा आयोजित चार दिवसीय इण्टरनेशनल स्पोर्टस, आर्टस एण्ड म्यूजिक प्रतियोगिता (द सैम-2020) का आज ऑनलाइन भव्य उद्घाटन समारोह सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि डा. मोनिका अग्निहोत्री, डिवीजनल मैनेजर, इण्डियन रेलवे, ने रंगारंग शिक्षात्मक-साँस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियों के बीच समारोह का वर्चुअल शुभारम्भ किया। इस अवसर पर सीएमएस संस्थापक व प्रख्यात शिक्षाविद् डा. जगदीश गाँधी ने प्रतिभागी छात्रों को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। विदित हो कि जॉपलिंग रोड कैम्पस द्वारा 13 से 16 दिसम्बर तक चार दिवसीय इण्टरनेशनल स्पोर्टस, आर्टस एण्ड म्यूजिक प्रतियोगिता (द सैम-2020) का ऑनलाइन आयोजन किया जा रहा है, जिसमें ईरान, रूस, ग्रीस व नेपाल



समेत देश विभिन्न राज्यों के प्रतिष्ठित विद्यालयों की छात्र टीमें प्रतिभाग कर रही हैं। इस अन्तर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्रों की बहुमुखी प्रतिभा को अन्तर्राष्ट्रीय मंच प्रदान करने के साथ ही छात्रों व युवा पीढ़ी में एकता व सामन्जस्य की भावना का विकास करना है।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि डा. मोनिका अग्निहोत्री ने अपने संबोधन में कहा कि कोरोना महामारी के कारण पूरे विश्व में नकारात्मक प्रभाव पड़ा और शिक्षा का क्षेत्र भी इससे अछूता नहीं है परन्तु इसी दौरान कुछ रचनात्मक चीजें भी हुई हैं जो विभिन्नता में एकता की हमारे ताकत को दर्शाती हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया खेलकूद, चित्रकारी और संगीत का यह अन्तर्राष्ट्रीय समारोह छात्रों में नवीन ऊर्जा का संचार करेगा एवं एकता व सामन्जस्य की भावना के साथ सम्पूर्ण को साथ मिलकर आगे बढ़ने की प्रेरणा देगा। इससे पहले, पहली बार आयोजित किये जा रहे इस अनूठे अन्तर्राष्ट्रीय समारोह में स्वागत गीत, सर्वधर्म एवं विश्व एकता प्रार्थना, कववाली आदि विभिन्न शिक्षात्मक-साँस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुतियों ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

द सैम-2020 के उद्घाटन अवसर पर बोलते हुए सीएमएस संस्थापक व प्रख्यात शिक्षाविद् डा. जगदीश गाँधी ने कहा कि खेलकूद, गीत-संगीत एवं कलात्मक प्रतिभा, ये तीनों ही चीजें बच्चों के व्यक्तित्व विकास के लिए अतिआवश्यक हैं। यह अन्तर्राष्ट्रीय समारोह न सिर्फ बच्चों की नैसर्गिक प्रतिभा को नया आयाम देगा अपितु उन्हें एक वैश्विक सोच भी प्रदान करेगा। सीएमएस प्रेसीडेन्ट एवं एमडी प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने कहा कि इतने बड़े स्तर पर अन्तर्राष्ट्रीय समारोह का ऑनलाइन आयोजन अपने आप में एक चुनौती है, जिसे जॉपलिंग रोड कैम्पस के शिक्षक व कार्यकर्ता अपनी प्रधानाचार्या के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक अंजाम दे रहे हैं।

## किसान यात्रा निकाल रहे पूर्व सपा विधायक गिरफ्तार

**माल।** कृषि बिल के विरोध में रविवार को किसान यात्रा निकाल रहे पूर्व सपा विधायक इंदल रावत को दर्जन भर समर्थकों सहित माल पुलिस ने धारा 144 के उल्लंघन के आरोप में गिरफ्तार कर थाने में बैठाया। क्षेत्र में रविवार को किसान यात्रा लेकर भवानी खेड़ा गांव से मंझी घाट जा रहे पूर्व सपा विधायक इंदल रावत को रास्ते मे ही एक दर्जन साथियों सहित धारा 144 का उल्लंघन करने पर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पूर्व विधायक ने कहा किसान विरोधी काले कानून का विरोध तब तक जारी रहेगा जब तक सरकार इसे वापस नहीं लेती है। गिरफ्तार किए गए लोगों में अवधेश सिंह, रमेश, राम विलास, राजेश तथा सियाराम प्रधान आदि एक दर्जन लोग शामिल रहे।

## घर में घुसकर किशोरी के साथ की छेड़खानी, आरोपी गिरफ्तार

**निगोहां।** थाना क्षेत्र के एक गांव में घर में अकेली किशोरी के साथ गांव का ही एक दबंग युवक घर में घुसकर उसके साथ छेड़खानी करने लगा। किशोरी के शोर मचाने पर आसपास के लोग दौड़ पड़े। लोगों को आता देख आरोपी मौके से भाग निकला। किशोरी ने घर पहुंचे अपने पिता को आप बीती बताई जिसके बाद पिता ने निगोहां थाने पहुंचकर मामले की तहरीर दी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया। थाना क्षेत्र के एक गांव के रहने वाले पीड़ित पिता ने बताया कि शनिवार शाम वह बाहर गया हुआ था, घर पर उसकी 17 वर्षीय बेटी अकेली थी तभी देर रात करीब 9 बजे गांव का ही रहने वाला मोहित उसकी बेटी को अकेला पाकर घर में घुस गया और छेड़खानी करने लगा। किशोरी के शोर मचाने पर आसपास के लोग दौड़ पड़े लोगों को आता देख आरोपी मौके से भाग निकला। एसआई अरविंद कुमार ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया गया।

## मैरिज लॉन से महिला का मोबाइल फोन चोरी

**लखनऊ।** गुडम्बा के एक मैरिज लॉन से बेखौफ चोरों ने एक महिला का मोबाइल फोन चोरी कर लिया और रफूचक्कर हो गए। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है और चोरों को पकड़ने के लिए सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। अर्जुन इन्क्लेव फेस-1, गुड़म्बा निवासी हेमलता के अनुसार शुक्रवार रात गुड़म्बा के राधा कृष्णा लॉन में उनकी छोटी बहन की शादी थी। जिसमें शामिल होने वह गई हुईं थीं। देर रात चोरों ने लॉन में रखा उनका मोबाइल फोन चोरी कर लिया। इंस्पेक्टर रीतेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर चोर को पकड़ने का प्रयास किया जा रहा है।

# दम तोड़ने लगा गोवंश आश्रय केन्द्रों को आत्मनिर्भर बनाने का अभियान

संवाददाता। मोहनलालगंज

**विकास** प्रशासन के मुखिया बदलते ही राजधानी में निराश्रित गोवंश आश्रय केन्द्रों को आत्मनिर्भर बनाने का अभियान दम तोड़ने लगा है। गोमूत्र से जीवामृत और गोबर से खाद बनाने की मुहिम सुस्त पड़ चुकी है। गोकाष्ठ के खरीदार नहीं मिल पाने से आश्रय केन्द्रों में डम्प हजारों रुपए की गोबर की लकड़ी बिक्री का इंतजार कर रही है।

मोहनलालगंज समेत राजधानी के सभी ब्लाक में संचालित निराश्रित गोवंश आश्रय केन्द्रों में कुछ माह पहले आमदनी के अवसर पैदा कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए डीएम अभिषेक प्रकाश और सीडीओ मनीष बंसल की अगुवाई में ग्राम्य विकास विभाग ,पशुपालन विभाग और कृषि विभाग ने संयुक्त अभियान शुरु किया था। योजना थी कि आश्रय केन्द्रों में गोमूत्र से जीवामृत और गोबर से खाद तैयार कर जैविक खेती को बढ़ावा दिया जाएगा। जिसकी बिक्री से आश्रय केन्द्रों की आमदनी बढ़ेगी और किसानों को जागरुक कर रासायनिक उर्वरकों का प्रयोग कम करने में मदद भी मिलेगी। यही नहीं मशीन से गोबर की लकड़ी तैयार कर उसकी बिक्री से भी गोवंश





आश्रय केन्द्रों की आमदनी बढ़ाने का खाका खींचा गया था। लेकिन विकास प्रशासन के मुखिया बदलते ही तमाम कोशिशें ठण्डे बस्ते में जाती नजर आ रही हैं। जिम्मेदार विभागों की बेरुखि से गोमूत्र से जीवामृत और गोबर की खाद बनाने का काम लगभग ठप पड़ चुका है। वहीं खरीदार नहीं मिल पाने से गोबर की लकड़ी बनाने की योजना भी हाशिए पर जाती दिख रही है।

### तीस कुन्तल गोकाष्ठ डम्प, नहीं मिल रहे खरीदार

मोहनलालगंज के निराश्रित गोवंश आश्रय केन्द्र जबरौली में मशीन से बनाई गई तकरीबन तीस कुन्तल गोबर की लकड़ी डम्प है। खरीदार नहीं मिल पाने से सचिव और प्रधान के लिए गोकाष्ठ तैयार करने में आ रही लागत निकालना भी मुश्किल हो गया है।

### अफसरों को फुरसत नहीं, ठिठुर रहे गोवंश

निराश्रित गोवंश आश्रय केन्द्रों के बेहतर संचालन और उनकी आमदनी बढ़ाने की मुहिम सुस्त पड़ने के पीछे तहसील प्रशासन की बेरुखी भी जिम्मेदार मानी जा रही है। दरअसल गोवंश आश्रय केन्द्रों का बेहतर संचालन करने के लिए शासन ने ब्लाक के साथ-साथ तहसील स्तर पर भी एसडीएम की अध्यक्षता में समिति गठित करा रखी है। लेकिन तहसील अफसरों की बेरुखि से गोवंश आश्रय केन्द्रों के संचालन की जिम्मेदारी ब्लाक अधिकारियों तक ही सिमट कर रह गई है। हालात यह हैं कि कड़ाके की ठण्ड से बचाव के उपाय नहीं किए जाने से अधिकतर आश्रय केन्द्रों में गोवंश ठिठुरकर बीमार पड़ रहे हैं।

## फंदे से लटकता मिला दुकानदार का शव

संवाददाता। माल

**वैल्डिंग** मैटेरियल विक्रेता का शव उसी के घर की दूसरी मंजिल के कमरे में कुंडे से रस्सी के सहारे लटकता मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजने के साथ ही घटना की जांच शुरू कर दी है। माल थाना प्रभारी रामसिंह ने बताया कि पसियनखेड़ा गांव निवासी 50 वर्षीय महादेव पासी का शव गहदौं गांव स्थित उनके ही मकान की दूसरी मंजिल पर छत के कुंडे में नारियल की रस्सी के सहारे लटकता मिला। महादेव बीते कई वर्षों से गहदौं में अपनी निजी दुकानें बनाकर वैल्डिंग मैटेरियल की दुकान चलाते थे। शनिवार को महादेव गहदौं में लगने वाली बाजार से शाम को आलू और गोश्त लेकर घर पहुंचा था जिसे रखकर वह बाहर आ गया। जब देर रात को खाना खाने के समय महादेव की तलाश शुरू हुयी तो उसको देखने के लिये उसके लड़के घर की दूसरी मंजिल के कमरे में पहुंचे। वहां महादेव का शव फांसी से लटकता देख सूचना पुलिस को दी गई।

# मतदाता सूची में जेंडर अनुपात को प्राथमिकता के आधार पर ठीक करें अधिकारीः मंडलायुक्त

## ● वोटर लिस्ट का विशेष पुनरीक्षण अभियान


कलेक्ट्रेट में बैठक करते मण्डलायुक्त

**अंबेडकरनगर।** मंडलायुक्त एमपी अग्रवाल ने जनपद मुख्यालय पहुंचकर कलेक्ट्रेट सभागार में निर्वाचन क्षेत्रों की फोटो युक्त निर्वाचक नामावलियों के अंतर्गत पोलिंग पार्टियों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में वोटर लिस्ट के पुनरीक्षण की समीक्षा किया। समीक्षा के दौरान मंडलायुक्त ने कहा कि 13 दिसंबर एवं 15 दिसंबर को निर्वाचन क्षेत्रों की फोटो युक्त निर्वाचक नामावलियों के विशेष अभियान के अंतर्गत वोटर लिस्ट का पुनरीक्षण अभियान जनपद के प्रत्येक बूथों पर आयोजित किया जाएगा स इस दिवस पर बूथों पर उपस्थित बीएलओ मतदाता सूची में नाम शामिल करने/ नाम हटवाने/ त्रुटि को ठीक कराने का फॉर्म उपलब्ध कराकर त्रुटि को ठीक करने का काम करेंगे। 1 जनवरी 2021 तक 18 वर्ष की आयु के सभी युवाओं / युवतियों को अपना पंजीयन फॉर्म अनिवार्य रूप से भरकर मतदान का अधिकार प्राप्त करना चाहिए। लोगों को जागरूक करते हुए लोकतंत्र की गरिमा को कायम रखने के लिए हर व्यक्ति को लोकतंत्र के प्रति आस्था रखते हुए मतदाता बनना सुनिश्चित करना होगा। मतदाता सूची में नाम सम्मिलित करने के लिए प्रारूप 6 भरकर नाम सम्मिलित करा सकते हैं। मतदाता सूची से नाम हटाने हेतु प्रारूप 7 भरना अनिवार्य होगा। प्रारूप 8 भरकर सम्मिलित मतदाताओं की प्रविष्टि में शुद्धि करा सकते हैंस उन्होंने कहा कि एक ही निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत एक बूथ से दूसरे बूथ में नाम स्थानांतरण हेतु प्रारूप 8 क भरकर स्थानांतरण कराया जा सकता है। बीएलओ कैंप लगाकर व घर-घर जाकर लोगों को जागरूक करते हुए मतदाता सूची में अधिक से अधिक पात्र लोगों को मतदाता बनने का कार्य प्राथमिकता से करना सुनिश्चित करेंस लोकतंत्र की गरिमा को कायम रखने के लिए अधिक से अधिक मतदाता बनाया जाना सुनिश्चित किया जाए, कार्यों के प्रति लापरवाही बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। समीक्षा के दौरान मंडलायुक्त ने जनपद के जेंडर रेशियो को ठीक करने का निर्देश देते हुए कहा कि महिलाओं की सहभागिता सुनिश्चित किया जाए और अधिक से अधिक महिलाओं को अपना मतदान करने का अधिकार प्राप्त कराने में अधिकारीगण अपनी भूमिका का निर्वहन ईमानदारी से करते हुए जेंडर रेशियो को त्वरित ठीक करना सुनिश्चित करें। मंडलायुक्त ने समस्त उप जिलाधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि विशेष अभियान के दिन प्रत्येक बूथों पर पहुंचकर बीएलओ की मॉनिटरिंग करें ताकि मतदाता सूची पारदर्शिता पूर्ण/ गुणवत्तापूर्ण बनाया जा सके और अधिक से अधिक लोगों को इसके प्रति जागरूक कर मतदान में अपनी सहभागिता सुनिश्चित कराया जा सके। आयोग के निर्देशों का शत-प्रतिशत पालन करते हुए अधिकारीगण अपने दायित्वों का निर्वहन करें। कार्यों में किसी प्रकार की शिथिलता माफनहीं की जाएगी। इस दौरान डीएम, सीडीओ, एडीएम, समस्त उप जिला अधिकारी, सीएमओ एवं जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# किसानों को हर हाल में मिले मूल्य समर्थन योजना का लाभः अग्रवाल


बैठक में मौजूद अधिकारी

**अंबेडकरनगर।** मंडलायुक्त एमपी अग्रवाल द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में खरीफ विपणन वर्ष 2020-21 में मूल्य समर्थन योजना अंतर्गत किसानों के धान क्रय करने में तेजी लाने एवं जनपद में संचालित समस्त क्रय केंद्रों की बिंदुवार समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान मंडलायुक्त ने निर्देश देते हुए कहा कि धान खरीद में किसानों को किसी प्रकार की कोई समस्या का सामना ना करना पड़े। अधिकारी गण निरंतर भ्रमणसील रह कर मॉनिटरिंग करते रहे। समस्त उप जिलाधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि राइस मिल का मुआयना कर निरंतर नजर बनाए रखें और रिपोर्ट उच्च अधिकारी को प्रेषित कर अवगत कराना सुनिश्चित करें। जनपद में धान क्रय में तेजी देख मंडलायुक्त ने संतोष जाहिर करते हुए कहा कि किसानों को मूल्य समर्थन योजना का लाभ दिलाने में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बिचौलियों से सावधान रह कर किसानों के धान तौल में तेजी लाएं। यदि बिचौलिया किसी केंद्र पर पकड़े जाते हैं तो उनके खिलाफ त्वरित वैधानिक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। शासन की मंशा है कि प्रत्येक किसान को मूल्य समर्थन योजना अंतर्गत उचित मूल्य प्राप्त हो । यदि इन कार्यों में कहीं से कोई लापरवाही नजर आती है तो संबंधित के खिलाफ त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी ।

## क्विक न्यूज

### अवैध गांजा के साथ युवक गिरफ्तार

**मिल्कीपुर, अयोध्या।** उप महानिरीक्षक वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों तथा अवैध मादक पदार्थ शराब निष्कर्षण के विरुद्ध चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत इनायत नगर पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लग गई है पुलिस टीम ने थाना क्षेत्र से एक युवक को दो किलो सौ ग्राम अवैध गांजे के साथ गिरफ्तार कर लिया है प्रभारी निरीक्षक विजय सेन सिंह ने पकड़े गए युवक के विरुद्ध नारकोटिक्स एक्ट में अभियोग पंजीकृत करते हुए जेल भेज दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शैलेन्द्र कुमार सिंह पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के पर्यवेक्षण एवं कोमल प्रसाद मिश्रा क्षेत्राधिकारी मिल्कीपुर के तथा विजय सेन सिंह प्रभारी निरीक्षक थाना इनायतनगर के नेतृत्व में बीते 12 दिसंबर को मुखबिर खास की सूचना पर कि एक व्यक्ति पलिया प्रताप शाह चौराहे पर मन्दिर के पास सफेद झोले में अवैध गांजा बेच रहा है। इस सूचना पर हैरिंगटन गंज चौकी प्रभारी राजेश कुमार मिश्र अपने साथ उपनिरीक्षक आशीष कुमार वर्मा एवं सिपाही राजेश कुमार तथा विजय सिंह के साथ मौके पर पहुंच गए पुलिस टीम ने युवक को धर दबोचा और उसकी तलाशी ली तलाशी के दौरान युवक के पास से झुले में रखी दो पॉलिथीन की बड़ी थैलियों से 2 किलो 100 ग्राम गांजा बरामद हुआ पुलिसिया पूछताछ में युवक ने अपना नाम दुर्गेश कुमार सिंह पुत्र बृजभूषण सिंह निवासी ग्राम देवगिरि रेवना थाना इनायतनगर जनपद अयोध्या बताया। अभियुक्त की गिरफ्तारी एवं फर्द बरामदगी अवैध गांजा माल के आधार पर एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा कायम करते हुए युवक को जेल भेज दिया गया।

### रामादल ट्रस्ट में वर्ष के अन्तिम सूर्य ग्रहण पर महानुष्ठान

**अयोध्या।** 14 जनवरी को सायं बेला मे लग रहे वर्ष के अन्तिम सूर्यग्रहण के क्रान्तिकारी नक्षत्रों मे भगवती पीताम्बरा माता बगलामुखी एवं माता महाकाली के विराट विध्वंसक स्वरूप का आवाहन कर राष्ट्रहित मे चल रहे 51 दिवसीय महानुष्ठान मे भारत विरोधियों के विरुद्ध यज्ञाहुति का कर्म शुरू किया जायेगा।सनातन ज्योतिष पंचांग के मतानुसार 14 जनवरी को लग रहा सूर्यग्रहण भारत मे दिखाई नही देगा किन्तु विश्व के कई देशों मे दृश्यमान है और इसका प्रभाव सभी पर होगा ऐसे मे इस समय का सदुपयोग राष्ट्र निर्माण के लिए करना ही श्रेष्ठ है। भारत विरोधी गतिविधियों मे लिप्त लोगों को बर्दाश्त करना आने वाली पीढ़ी के स्वर्णिम भविष्य का नाश करने जैसा है इसलिए ऐसे तत्वों का चाहे वह कोई व्यक्ति हो अथवा राष्ट्र उसका समूलनाश आवश्यक है।जिन सनातनी भाई बहनों को अपनी दौलत पर घमंड है उनको बता दूँ कि कश्मीरी सनातनियों के पास भी कभी सब कुछ थाए बस एकता नहीं थी परिणाम स्वरूप आज दर दर भटकने को विवश है अब इसकी पुनरावृति न हो ऐसा प्रयास हम सबको करने की जरूरत है।

### अज्ञात कारणों से लगी आग में गृहस्थी जलकर राख

**जानाबाजार, अयोध्या।** अज्ञात कारणों से लगी आग से एक ग्रामीण की पूरी गृहस्थी जल गई। सूचना पर पहुंची डायल 112 के पुलिस जवान फायर सर्विस को सूचित करते हुए आग बुझाने में लग गए । परंतु इसके पहले ही ग्रामीणों ने आग पर काबू पा लिया। जानकारी देते हुए भाजपा मंडल अध्यक्ष हैदरगंज महेंद्र मिश्रा ने बताया कि गांव के ही अशोक कुमार के घर रात में करीब 2 बजे के आसपास अचानक आग लग गई। आग की लपटों को देखकर परिवार के लोग गुहार लगाते हुए आग बुझाने में लग गए। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने इसकी सूचना 112 नंबर डायलकर पुलिस को इसकी सूचना दे दिया और आग को बुझाने में लग गए। फायर सर्विस के जवानों के आने से पहले ही आग पर पूर्ण रूप से काबू पा लिया गया। आग की चपेट में आने से अशोक कुमार के घर में रखा गेहूंए चावलए सिलाई मशीनए दो पंखाए बिस्तर सहित गृहस्ती का सारा सामान जल गया। मौके पर पहुंचे ग्राम प्रधान गुड्डू ने तहसील पर इसकी सूचना दे दिया। सूचना पर पहुंचे हल्का लेखपाल गिरीश कुमार राय ने पहुंचकर क्षति का आकलन कर रिपोर्ट तहसील पर भेज दिया। वहीं ग्रामीण अग्नि पीड़ित परिवार को अपने तरीके से सहायता देने में लगे हैं।

### बीएड शिक्षार्थियों का अनुस्थाप कार्यक्रम संपन्न

**गोरखपुर।** दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के अध्ययन केंद्र पर उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय के नव प्रवेशित बीएड शिक्षार्थियों का अनुस्थापन कार्यक्रम सोशल डिस्टेंसिंग के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय के शिक्षा विद्या शाखा के सहायक आचार्य डॉ. सुरेंद्र कुमार ने नवप्रवेशित छात्रों को संबोधित करते हुए राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय के विजन एवं मिशन पर प्रकाश डालने के साथ ही बीएड पाठ्यक्रम की गतिविधियों पर विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर के.एन. सिंह के कुशल नेतृत्व एवं सफल मार्गदर्शन में विश्वविद्यालय निरंतर प्रगति कर रहा है और विश्वविद्यालय नई शिक्षा नीति के प्रारूप पर शिक्षा अपनाने के लिए अग्रसर है। चैलेंज इवेलुएशन की भी व्यवस्था के विषय में विस्तार से बताया गया। इस मौके पर राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय के बीएड कोऑर्डिनेटर प्रोफेसर शोभा गौड़ ने धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम में प्रोफेसर राजेश कुमार सिंह, कर्मचारी रवींद्र कुमार, कन्हैया के अलावा सभी नवप्रवेशित छात्र उपस्थित रहे।

### पूर्णांक की त्रुटि करने वाले अभ्यर्थियों को बड़ी राहत

**अंबेडकरनगर।** 69 हजार सहायक अध्यापकों की भर्ती के लिए भरे गये आवेदन पत्रों में पूर्णांक की त्रुटि करने वाले अभ्यर्थियों को उच्च न्यायालय ने बड़ी राहत प्रदान की है। पूर्णांक के अलावां जिन अभ्यर्थियों ने प्राप्तांक, लिंग, माता -पिता के नाम में त्रुटि की थी उसके लिए प्रदेश सरकार ने चार दिसम्बर को जारी शासनादेश जारी कर उन त्रुटियों को ठीक करने की अनुमति प्रदान कर दी थी। पूर्णांक की त्रुटि को ठीक करने के लिए अनुमति न देने पर शिवानी चौरसिया नाम की अभ्यर्थिनी ने उच्च न्यायालय में याचिका प्रस्तुत की। अधिवक्ता संजय मिश्रा की दलील पर सहमति जताते हुए न्यायमूर्ति मनीष माथुर ने पूर्णांक की त्रुटि को भी ठीक करने की अनुमति प्रदान कर दी है। न्यायमूर्ति ने कहा कि ऐसे लोगों को भी सुची में रखा जायेगा और इस वजह से चयन सूची प्रभावित नही होगी।

# वांछित फरार अभियुक्त गिरफ्तार, जेल

**पायनियर समाचार सेवा।** गोरखपुर

**अपराध** की रोकथाम, अपराधियों की गिरफ्तारी, घटना के अनावरण में लगी जनपद के विभिन्न थानों की पुलिस टीम ने रविवार को भिन्न-भिन्न मामलों में वांछित फरार चल रहे अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। मीडिया सेल पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार थाना बांसगांव द्वारा मारपीट व दहेज हत्या के आरोप में वांछित अभियुक्त भुवाल उर्फ राजेन्द्र सिंह पुत्र अनन्त सिंह निवासी मरवटिया वार्ड नं.-3 कस्बा बांसगांव थाना बांसगांव को गिरफ्तार किया गया।

थाना चिलुआताल द्वारा हत्या के आरोप में अभियुक्त राम प्रयाग उर्फ करन पुत्र पूर्णमासी निवासी मोहरीपुर थाना चिलुआताल को गिरफ्तार किया गया। थाना उरुवा बाजार द्वारा मारपीट व गैर-इरादतन हत्या के प्रयास के आरोप में अभियुक्तगण हरिवंश गौड़ पुत्र रशियावन, सुरेश पुत्र हरिवंश निवासीगण बथुआ बुजुर्ग थाना उरुवा बाजार को गिरफ्तार किया गया। थाना गोरखनाथ द्वारा अवैध पदार्थ के साथ अभियुक्तगण शमीम अली पुत्र स्व. साबिर अली उर्फ नबी अहमद निवासी बिलन्दपुर खन्ता थाना गोरखनाथ, सोनू कुमार पुत्र फेकू प्रसाद निवासी ग्राम माधवपुर थाना तिवारीपुर को गिरफ्तार किया गया। जामा तलाशी के दौरान उनके पास से कुल 240 ग्राम अल्प्राजोलाम पाउडर बरामद किया गया। थाना कैण्ट द्वारा नाजायज स्मैक के साथ अभियुक्तगण बृजेश चौधरी पुत्र ओम प्रकाश चौधरी निवासी पटखौली थाना घुघुली जनपद महाराजगंज, रोहित डोम पुत्र राजकुमार निवासी बसन्तपुर लाल डिग्गी बिजली पावर हाउस चेन सिंह मन्दिर के पास थाना राजघाट को गिरफ्तार किया गया। जामा तलाशी के दौरान उनके पास से कुल 13 ग्राम नाजायज स्मैक व 2590 रु.नगद बरामद किया गया। थाना गुलरिहा द्वारा चोरी के आरोप में अभियुक्तगण रमेश पुत्र राम सूरत निवासी जंगल डुमरी नं0.-2 टोला सुचितपुर थाना गुलरिहा व एक बालअपचारी को गिरफ्तार किया गया। थाना गुलरिहा द्वारा अपहरण के आरोप में अभियुक्त मोनू पासवान पुत्र विजय निवासी छोटकी बुढ़ेली थाना पीपीगंज को गिरफ्तार कर अपहृता की बरामदगी की गयी। थाना बेलीपार द्वारा नाबालिग का अपहरण कर दुष्कर्म के आरोप में बालअपचारी को गिरफ्तार किया गया।

# अवैध हथियार व कच्ची शराब के साथ दो गिरफ्तार

**संवाददाता।** अंबेडकरनगर

**पुलिस अधीक्षक** द्वारा पूरे जनपद में जहां अपराध व अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है वही जलालपुर पुलिस ने दो लोगों को अवैध हथियार वा अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जलालपुर पुलिस पुलिस अधीक्षक के निर्देशों का पालन करते हुए अपराधियों के खिलाफसख्त कार्रवाई करने में लगी हुई है ताकि किसी प्रकार से थाना क्षेत्र में किसी प्रकार की गड़बड़ी ना हो सके इसलिए अपराधियों की धरपकड़ के लिए पुलिस द्वारा कड़ी निगरानी रखा जा रहा है। इसी क्रम में जलालपुर पुलिस ने थाना क्षेत्र के मंगुराडिला गांव निवासी गुड्डू चौहान पुत्र निन्हकू चौहान को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया है । वहीं इसी गांव के


पकड़ा गया गुड्डू

चंद्रशेखर चौहान पुत्र संत लाल को भी 10 लीटर कच्ची शराब के साथ पकड़ा गया है। पकड़े गए दोनों आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है । थानाध्यक्ष मनीष कुमार सिंह ने कहा कि क्षेत्र में किसी प्रकार की तस्करी पर रोक लगाने के लिए पुलिस सदैव तत्पर है ऐसे लोगों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है।

# ऑटो चालकों को पढ़ाया गया यातायात नियमों का पाठ

**गोरखपुर।** शहर की बेहतर यातायात व्यवस्था के लिए एसएसपी जोगिंदर कुमार के द्वारा लगातार प्रयास किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक नगर सोनम कुमार की निगरानी में यातायात पुलिस लगातार प्रयास कर रही है कि आमजनमानस को बेहतर यातायात व्यवस्था दी जा सके। लेकिन इसके लिए ऑटो चालकों का जागरूक होना भी अतिआवश्यक है। क्योंकि ये ऑटो चालक मनमाने तरीके से अपने ऑटो कही भी खड़ा करके सवारी भरने लगते हैं, जिसकी वजह से जाम की समस्या उतपन्न हो जाती है। इसी को देखते हुए यातायात पुलिस के द्वारा गोरखनाथ से बरगदवा रोड तक ऑटो चालकों को इकट्ठा करके सभी को यातायात नियमों की जानकारी दी गयी। इस अभियान में टीआई अख्तियार अहमद अंसारी और टीआई सुनील सिन्हाल के द्वारा गोरखनाथ क्षेत्र के बरगदवा के पास करीब सौ से अधिक ऑटो चालकों को एकत्रित किया गया। सभी को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करते हुए बताया गया कि कोई भी ऑटो चालक अपने ऑटो का नम्बर प्लेट ढक कर नही चलेगा। सभी ऑटो के नंबर दूर से साफ दिखने चाहिए । बिना नंबर प्लेट या गलत तरीके से नंबर लिखे ऑटो चालकों को सख्त हिदायत दी गयी कि अपने ऑटो के नंबर ठीक करवा लें अन्यथा पकड़े जाने पर कार्यवाही निश्चित है। ऑटो चालकों को ड्राइविंग लाइसेंस के बारे में भी जानकारी दी गयी। ऑटो चलाते समय सभी दस्तावेज ठीक होने चाहिए और ड्राइविंग लाइसेंस सभी के पास होना चाहिए।

# परास्नातक छात्र-छात्राओं के लिए खुला कृषि विश्वविद्यालय

**मिल्कीपुर, अयोध्या।** कृषि विश्वविद्यालय में निरूशुल्क कोविड जांच करा कर कोविड.19 का किया जा रहा पालन। बीते मार्च से चल रहे लॉकडाउन के बाद आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विवि कुमारगंज अयोध्या में पठन.पाठन और परीक्षा का कार्य ऑनलाइन माध्यम से संचालित किया जा रहा था। वर्तमान शैक्षणिक सत्र में यूजीसी और उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा जारी की गई गाइडलाइन के अनुपालन में विश्वविद्यालय के प्रत्येक संकाय मे अध्ययनरत परास्नातक छात्रों को विश्वविद्यालय के छात्रावास में रहकर पठन. पाठन और शोध कार्य के लिए खोल दिया गया है। पीएचडी में अध्ययनरत छात्रों के लिए 3 दिसंबर और एमएससी या एमवीएससी में अध्ययनरत छात्रों के लिए 7 दिसंबर 2020 से विश्वविद्यालय को खोल दिया गया है। छात्रावास खोलने एवं विश्वविद्यालय में छात्राओं के आने से पहले माननीय कुलपति डॉ. विजेंद्र सिंह ने सारी व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने के लिए विवि के समस्त अधिष्ठाता एवं निदेशक का बैठक बुलाकर निर्णय लेते हुए अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ डी नियोगी को निर्देशित किया था और कि छात्रों के विवि मे आने से पहले छात्रावासों का समुचित सैनिटाइजेशन करा कर एवं कोविड.19 के सारे नियमों का कड़ाई से पालन कर



दिया जाए। माननीय कुलपति के आदेशों का अनुपालन करते हुए विश्वविद्यालय के कोविड.19 के नोडल ऑफिसर डॉ डी नियोगी ने विवि में छात्रों के आने से पहले ही छात्रावासों में का समुचित सैनिटाइजेशन एवं कोविड.19 के तहत सारी व्यवस्था करवा दिया। साथ ही सारे छात्रों के आने से पूर्व 2 दिन पहले का कोविड.19 जांच का नेगेटिव प्रमाण पत्र लाने के लिए भी निर्देशित किया। इसके अतिरिक्त माननीय कृषि एवं कृषि शिक्षा मंत्री सूर्य प्रताप शाही जी के इच्छा अनुसार एवं माननीय कुलपति के निर्देशों के अनुपालन में कोविड.19 के नोडल ऑफिसर डॉक्टर डी नियोगी द्वारा कोविड.19 के निशुल्क जांच हेतु 3 दिसंबर एवं 7 दिसंबर 2020 को शिविर लगाकर 100 से अधिक छात्र और छात्राओं का कोविड.19 का जांच करवाया। कोविड.19 की दूसरी लहर को दृष्टिगत रखते हुए विश्वविद्यालय में रह रहे सभी छात्र छात्राओं को कोविड.19 के सभी नियमों का सख्ती से पालन करने के लिए भी निर्देशित किया। अधिष्ठाता छात्र कल्याण में बताया कि गंगा छात्रावास में पीएचडी के 38 छात्रए जमुना छात्रावास में परास्नातक के 60 छात्रए सरजू में 06 एकालिंदी छात्रावास में 10 और गोमती महिला छात्रावास में कुल 14 परास्नातक छात्र छात्रावास में रहकर शिक्षा एवं शोध का कार्य प्रारंभ कर दिया है। विश्वविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ अखिलेश कुमार सिंह ने बताया कि प्रतिदिन छात्रों को किसी प्रकार की कोई कठिनाई ना हो इसके लिए कुलपति महोदय एवं अधिष्ठाता छात्र कल्याण द्वारा छात्रावासों का औचक निरीक्षण भी किया जा रहा है। साथ ही कुलपति डॉ बिजेंद्र सिंह ने निदेशक प्रशासन एवं परीवीक्षण डॉ आर के जोशी को एक सचल निरीक्षण दल के गठन हेतु निर्देशित किया है। सभी छात्रावासों के अधीक्षक एवं सहायक अधीक्षक और विश्वविद्यालय के सुरक्षा प्रभारी बहुत ही कर्मठता से अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन कर रहे हैं।


# वैक्सीनेशन स्टोरेज को लेकर मण्डलायुक्त ने की समीक्षा बैठक

## ● भण्डारण केन्द्र की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए सीएमओ को दिये निर्देश

**अंबेडकरनगर।** मंडलायुक्त एमपी अग्रवाल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में कोविड-19 वैक्सीनेशन स्टोरेज से संबंधित बैठक किया गया। बैठक के दौरान कोविड-19 वैक्सीन की तैयारी हेतु मंडलायुक्त एमपी अग्रवाल ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि शासन के निर्देशानुसार हेल्थ केयर वर्कर प्राइवेट (1165)/सरकारी(8109) वर्करों को प्रथम चरण में सर्वप्रथम वैक्सीन दिया जाएगा। वैक्सीनेशन हेतु जनपद की स्पेशल डॉक्टर टीम का चयन कर प्रक्रिया पूर्ण की जाएगी। उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि वैक्सीन के भंडारण, उपलब्धता भंडारण हेतु स्टोरेज क्षमता वाले केंद्र को पूर्व से चयनित कर अग्रिम कार्यवाही सुनिश्चित करें।

मंडलायुक्त ने कहा कि वैक्सीनेशन स्टोरेज में किसी प्रकार की शिथिलता क्षमा नहीं होगी। शासन के निर्देश के अनुपालन में दिए गए निर्देशों का शत-प्रतिशत पालन करते हुए डॉक्टर की टीम एवं संबंधित स्वास्थ्य टीम प्रोटोकाल का अनुपालन करते हुए कार्यवाही सुनिश्चित करेगी। जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र, मुख्य विकास अधिकारी घनश्याम मीणा, अपर जिलाधिकारी डॉ पंकज कुमार वर्मा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी अशोक कुमार, डॉक्टर की टीम एवं संबंधित विभागीय अधिकारी मौके पर उपस्थित रहे।

# किसान सम्मेलन को भाजपा ने पूरी की तैयारी



**अयोध्या।** 14 दिसम्बर को आयोजित सम्मेलन के मुख्य वक्ता भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व यूपी प्रभारी राधामोहन सिंह होंगे। सांसद लल्लू सिंह ने भाजपा महानगर जिलाध्यक्ष अभिषेक मिश्राए जिलाध्यक्ष संजीव सिंह व पूर्व जिलाध्यक्ष अवधेश पाण्डेय बादल के साथ कार्यक्रम की समीक्षा की। कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण करने के साथ उन्होने पदाधिकारियों को दिशानिर्देश दिये। भाजपा क्षेत्रीय उपाध्यक्ष डा श्वेता सिंह व क्षेत्रीय महामंत्री त्रयम्बक तिवारी ने पार्टी कार्यालय में पदाधिकारियों से कार्यक्रम के तैयारियों के विषय में जानकारी हासिल की। जनपद के सभी विधायक, वेद प्रकाश गुप्ता, रामचन्दर यादव, इन्द्र प्रताप तिवारी खब्बू, बाबा गोरखनाथ व शोभा सिंह चौहान कार्यक्रम को अभूतपूर्व बनाने हेतु किसानों से सम्पर्क कर रहे है। कार्यक्रम को लेकर जिला का संयोजक कृष्ण कुमार पाण्डेय खुन्नू तथा महानगर का अरविंद सिंह को बनाया गया है। कौशलपुरी के सुरेन्द्र लान में 2 बजे से संगठनात्मक रुप से गठित चार जिलों के मण्डल प्रभारियों की बैठक होगी। तीन बजे से किसान सम्मेलन का आयोजन होगा जिसमें पांच हजार से अधिक किसान शामिल होंगे। भाजपा के प्रदेश महामंत्री जेपीएस राठौर व अवध क्षेत्र के अध्यक्ष शेष नरायन मिश्रा में शामिल होंगे। सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि किसान सम्मेलन ऐतिहासिक होगा। सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए किसानों में उत्साह है। विपक्ष की गुमराह करने वाली नीतियों का जवाब किसान ही देंगे। केन्द्र व प्रदेश सरकार किसानों के जीवन स्तर पर सुधार के लिए संकल्पित है। कृषि सुधारों का किसानों के जीवन पर व्यापक असर पड़ेगा। महानगर जिलाध्यक्ष अभिषेक मिश्रा ने कहा कि मुद्दविहीन विपक्ष के पास अब केवल गुमराह करने का तरीका ही बचा है। विपक्ष किसानों को बहकाने का प्रयास कर रहा है। परन्तु किसान उसके बहकावें में नहीं आने वाले। जिलाध्यक्ष संजीव सिंह ने कहा कि बूथ स्तर के पदाधिकारियों को किसानों से सम्पर्क करने की जिम्मेदारी सौंपी गयी है। जिससे जनपद के हर क्षेत्र से किसान इस सम्मेलन का हिस्सा बने। मण्डल अध्यक्षों ने अपने स्तर से बूथ स्तर के पदाधिकारियों से वार्ता करके कार्यक्रम को अंतिम रुप दे दिया है। पूर्व जिलाध्यक्ष अवधेश पाण्डेय बादल ने कहा कि अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ शत प्रतिशत पहुंचाने में केन्द्र व प्रदेश सरकार कामयाब हुई है। विपक्ष अब नकारात्मक राजनीति पर उतर आया है। इस अवसर पर ओम प्रकाश सिंह, राधेश्याम त्यागी, मनोज वर्मा, शैलेन्दर कोरी, विद्याकांत द्विवेदी, एलडीबी चेयरमैन इन्द्रभान सिंह, वीरसेन सिंह काका, कमलेश सिंह, राजेश सिंह, रवि शर्मा मौजूद रहे।

# लोकतंत्र के प्रथम व महत्वपूर्ण अंग हैं मतदाता : कपिल देव

## ● विशेष मतदाता पुनरीक्षण अभियान के अंतिम दिन बूथ पर मौजूद रहे भाजपा नेता

**संवाददाता।** अंबेडकरनगर

**भारतीय** लोकतंत्र की प्रथम कड़ी और महत्व पूर्ण अंग मतदाता होता है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चलाए जा रहे निर्वाचक नामावली में नये मतदाताओं का नाम दर्ज करने और विलोपित मतदाताओं का नाम सूची से बाहर करने के उद्देश्य से विशेष मतदाता पुनरीक्षण अभियान के अन्तिम दिन भाजपा प्रदेश नेतृत्व के निर्देशन और भाजपा जिलाध्यक्ष कपिल देव वर्मा के पर्यवेक्षण में पूरे जनपद में भाजपा कार्यकर्ताओं ने अपने गृह बूथ पर उपस्थित रह कर 1 जनवरी 2021 को 18 वर्ष की आयु पूरा करने वाले नए मतदाता का फार्म भरवा कर मतदाता सूची में नाम शामिल करवाने में सहयोग किया।

उपरोक्त अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष कपिल देव वर्मा ने कहा कि भारतीय लोक तंत्र और भारत निर्वाचन आयोग के निष्पक्ष चुनावी प्रक्रिया की चर्चा पूरा विश्व करता है।भारत में चुनाव एक त्योहार की तरह मनाया जाता है। हर भारत वासी चुनावी प्रक्रिया में बढ़ चढ़ कर भाग लेकर स्वच्छ छवि के उम्मीदवारों का चयन करता है।उन्होंने 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके युवाओं से मतदाता बनने और भारत के भविष्य को संवारने का आवाहन किया। भाजपा जिलाध्यक्ष कपिल देव वर्मा ने टांडा विधान सभा क्षेत्र के सद्दर पुर मण्डल में बूथ संख्या 15 सलेमपुर में उपस्थित रह कर 18 लोगों को सहयोग कर मत दाता बनने का फार्म भरवाया साथ में बूथ अध्यक्ष रूपेश वर्मा रहे।

जलालपुर विधान सभा क्षेत्र में जिला महामंत्री डाक्टर मिथिलेश त्रिपाठी ने गोविंद साहब मण्डल में 56 नम्बर पंथी पुर में बूथ अध्यक्ष विशाल त्रिपाठी के साथ 10 मत बढ़वाया। जिला पंचायत अध्यक्ष सुधीर सिंह मिंटू ने कटेहरी विधान सभा क्षेत्र के भीटी मण्डल के चाचिक पुर बूथ संख्या 325 में मनोज मौर्य के साथ 4 मतदाताओं को फार्म भरवाया, जिला मीडिया प्रभारी बाल्मीकि उपाध्याय ने अकबर पुर नगर मण्डल के 101नम्बर नगर पालिका में मीरानपुर पर बूथ अध्यक्ष गौरव उपाध्याय के साथ 4 मतदाताओं को फार्म भरवाया, मालीपुर मण्डल में भाजपा नेता के के मिश्र ने 128


बूथ पर मौजूद रहकर सहयोग करते जिलाध्यक्ष

नम्बर बूथ पर अनंत मिश्र के साथ 15 मतदाता, जिला उपाध्यक्ष डाक्टर राना रणधीर सिंह ने अपने बूथ 242 करम पुर श्रवण क्षेत्र में बूथ अध्यक्ष अरुण मौर्य के साथ 15 फार्म, जिला उपाध्यक्ष रमेश चन्द्र गुप्त ने अपने बूथ टांडा नगर के बूथ संख्या 81पर 11 फार्म, चन्द्र प्रकाश वर्मा ने बूथ संख्या 111 में 11 फार्म, भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष रमाशंकर सिंह ने बूथ संख्या 373 टेमा में9 फार्म,जिला मंत्री दीपक तिवारी ने अपने बूथ 37 भारी डीहा में 17 मतदाताओं, जिला मंत्री चंद्रिका प्रसाद ने बूथ संख्या जलालपुर विधान सभा क्षेत्र के 198 जमौली में प्रेमचंद्र के साथ 5 मतदाताओं को, राम बहाल वर्मा ने अपने बूथ 341में बूथ अध्यक्ष कृष्ण चौधरी के साथ 8 फार्म, जिला महामंत्री बाबा राम शब्द यादव ने अपने बूथ 119 में 7 मतदाताओं को,मतदाता पुनरीक्षण अभियान के जिला सह संयोजक कमलेश मौर्य ने बूथ संख्या 264 सैदपुर भितरी में राजेंद्र सिंह के साथ 7 फार्म, जिला मंत्री दिलीप पटेल (देव) ने अपने बूथ संख्या 74 में बूथ अध्यक्ष बलराम वर्मा के साथ 15 फार्म, नंदलाल गुप्त बूथ संख्या 103 पर 4 फार्म, मण्डल अध्यक्ष अनुराग जायसवाल ने अपने बूथ 112 में नवनीत जायसवाल के साथ 15 फार्म, उपमा पाण्डेय ने अपने गृह बूथ 269 कबूल पुर में बूथ अध्यक्ष हरिमोहन पाण्डेय के साथ 7 फार्म, गोविंद साहब मण्डल अध्यक्ष भगवान पाण्डेय ने बूथ संख्या 153 लोनी डीह में बूथ अध्यक्ष अनिल पाण्डेय के साथ 16 फार्म, कुर्की मण्डल अध्यक्ष सदा राम वर्मा ने अपने बूथ संख्या 47 लाला पुर में 6 फार्म भरवाकर नए मतदाता बनवाने में सहयोग किया।

# बंगाल विधानसभा चुनाव

## भाजपा व तृणमूल में जंग

**पश्चिम** बंगाल में कुछ महीने बाद होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा और तृणमूल कांग्रेस के बीच जंग तेज हो रही है। जहां भाजपा अपनी धुर प्रतिद्वंद्वी व तृणमूल कांग्रेस-टीएमसी नेता ममता बनर्जी को किसी भी कीमत पर सत्ता से हटा कर मिशन बंगाल पूरा करना चाहती है, वहीं मुख्यमंत्री बनर्जी उसका डट कर मुकाबला कर रही हैं। वे विपक्ष शासित राज्यों में भाजपा के आक्रामक फार्मूले का जवाब दे रही हैं जिससे टकराव व हिंसा बढ़ने का खतरा है। भाजपा अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के काफिले पर हमला टकराव का नया बिंदु बन गया है। भाजपा ने टीएमसी कार्यकर्ताओं पर आरोप लगाया है, जबकि टीएमसी इसे अपने कार्यकर्ताओं को फंसाने का षडयंत्र बता रही है। इस प्रक्रिया में दोनों पार्टियों की ओर से धमकियों और जवाबी धमकियों का दौर भी चल रहा है। भाजपा राज्य में कानून-व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त होने का मुद्दा उठाते हुए संभवत: विधानसभा चुनाव में अत्यधिक सुरक्षा मांगने की भूमिका बना रही है। वह राज्य में केन्द्रीय सुरक्षा बलों की प्रभावी उपस्थिति में चुनाव की मांग कर सकती है। पश्चिम बंगाल के राज्यपाल जगदीप धनखड़ ने केन्द्र को एक रिपोर्ट भेज कर कहा है कि नड्डा की सुरक्षा व्यवस्था नाकाफी थी और ममता बनर्जी राज्य को अपनी जागीर समझ रही हैं। हालांकि, राज्य भाजपा अध्यक्ष दिलीप घोष ने भी कुछ दिन पहले कहा था कि राज्य में न्यायोचित चुनाव का विरोध करने या मतदाताओं को धमकाने वालों की हड्डियां टूट जाएंगी या वे श्मसान जाएंगे, वहीं टीएमसी ने भी हिंसा और आंदोलनों की संस्कृति को जन्म दिया है। पश्चिम बंगाल में वामपंथी पार्टियों ने चुनाव



में अपनी मशीनरी को 'वैज्ञानिक धोखाधड़ी' से लैस किया था और अब बंगाल में कोई पार्टी इससे अछूती नहीं है। उल्लेखनीय है कि ममता बनर्जी ने इसी व्यवस्था का प्रयोग कर वामपंथ को उखाड़ फेंका था। ममता बनर्जी ने अपने व्यक्तित्व के आधार पर टीएमसी को खड़ा किया है जिसमें एक्टिविज्म तथा जमीनी संपर्क प्रमुख हैं। परिवर्तन का वादा करने वाली भाजपा भी बंगाल में 'चुनाव प्रबंधन' के लिए बिहार व झारखंड से कार्यकर्ता ला रही है। प्रत्येक राजनीतिक पार्टी ने बाहुबलियों को महत्व दिया है जो हवा का रुख देख कर पाला बदलते रहते हैं। बंगाल की राजनीति में यह पालाबदल वैचारिक न होकर केवल संरक्षण प्राप्त करने के लिए होता है। विडंबना है कि इसमें प्रत्येक प्रतिबद्ध या अप्रतिबद्ध मतदाता को डरा कर यह तय करने पर मजबूर किया जाता है कि वे किसके साथ जाएं। ऐसे में भाजपा ने ममता बनर्जी के व्यक्तित्व का मुकाबला करने के लिए राज्य नेताओं को आक्रामक दृष्टिकोण अपनाने को कहा है। लोकसभा चुनाव में अपने पक्ष में माहौल बनाने के बावजूद अब उसे जमीनी स्तर पर संघर्ष करना पड़ रहा है। भाजपा नेता व केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बंगाल पर निशाना लगाया है, लेकिन उनको मूल भाजपा नेताओं और पार्टी में शामिल टीएमसी विद्रोहियों के बीच टकराव से भी निपटना पड़ रहा है। हालांकि मूल पार्टी नेता केन्द्रीय स्थिति से अभियान का संचालन कर रहे हैं, पर पालाबदल करने वाले नेता बंगाल की दक्षिणपंथ-विरोधी सोच से चिन्तित हैं। भाजपा टीएमसी द्वारा 'संस्थानों के राजनीतीकरण' को मुद्दा बना रही है जिसमें पुलिस का खास स्थान है। उसने ममता बनर्जी पर अल्पसंख्यक तुष्टीकरण तथा कोविड प्रबंधन में लापरवाही के आरोप भी लगाए हैं। लेकिन गोरखा जनमुक्ति मोर्चा-जीजएम नेता बिमल गुरुंग द्वारा ममता का समर्थन करने से भाजपा को धक्का लगा है। अमित शाह राज्य में दलितों व आदिवासियों के बीच भाजपा का जनाधार बढ़ाना चाहते हैं। वे ममता से नाराज सुवेंदु अधिकारी जैसे नेताओं तथा चुनाव रणनीतिक सलाहकार प्रशांत किशोर को उनसे अलग करने के प्रयास कर रहे हैं। भाजपा यह सिद्ध करना चाहती है कि उसकी चुनावी गणित सांस्कृतिक विरोध का सामना कर सकती है। ममता बनर्जी अब नई कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से 'घर-घर' पहुंच कर अपनी स्थिति मजबूत कर रही हैं।

# जनता की राय बनाने में मीडिया की भूमिका

मीडिया की भूमिका पर राजनेता जरूरत से ज्यादा जोर देते हैं। सार्वजनिक जीवन में लोग मीडिया की उनके प्रति अनन्त दुश्मनी से गुस्सा हो सकते हैं।



**स्वपन दासगुप्ता**
(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं सांसद हैं)



**पिछले सप्ताह तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मैत्रा की टिप्पणी पर तीन दिन तक गुस्सा छाया रहा। सांसद पर अपने निर्वाचन क्षेत्र और राष्ट्रीय प्रवक्ता की जिम्मेदारियों के साथ ही टीएमसी की नादिया जिला अेध्यक्ष का भार भी है। वे अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए पोलिंग बूथ समितियों की एक बैठक में बोल रही थीं। कभी-कभी ऐसे आयोजनों में अराजकता पैदा हो जाती है क्योंकि बहुत से लोग मंच पर बैठना चाहते हैं तथा मीडिया भी अपनी पहुंच पर जोर देती है। मीडिया द्वारा पहुंच के प्रयास पर महुआ गुस्सा हो गईं और उन्होंने उसे 'दो पैसा मीडिया' कह दिया। विडंबना है कि अत्यधिक हस्तक्षेप के इस युग में किसी ने उनके गुस्से का वीडियो बना कर इसे प्रचारित कर दिया। इसका नतीजा वही निकला जिसका अनुमान था। सामूहिक रूप से मीडिया के लिए कुछ कहना ट्रेड यूनियन का गुस्सा मोल लेने की तरह है। इसका नतीजा कभी किसी व्यक्ति और खासकर राजनेता के लिए संतोषजनक नहीं हो सकता है।**

**बड़ा** सवाल यह है कि क्या मीडिया संगठन जनता की राय बनाते हैं या जनता की राय उसके अपने अनुभवों पर आधारित होती है? किसी देश के दैनिक जीवन में विवादों व मुद्दों का जीवन बहुत छोटा होता है। इन दिनों अति-उत्साही लोगों द्वारा सोशल मीडिया में प्रकाशित टिप्पणियों पर ज्यादा ध्यान देने की प्रवृत्ति विकसित हुई है जिसे 'वाइरल' होने की नई शब्दावली प्रदान की गई है। इसके साथ ही इलेक्ट्रानिक या प्रिंट मीडिया पर भी लोगों का गुस्सा सामने आताहै। ऐसे मुद्दों का जीवनकाल 36 से 48 घंटे होता है और इसके बाद गुस्सा होने के लिए कोई नया मुद्दा सामने आ जाता है। पिछले सप्ताह तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मैत्रा की टिप्पणी पर तीन दिन तक गुस्सा छाया रहा। सांसद पर अपने निर्वाचन क्षेत्र और राष्ट्रीय प्रवक्ता की जिम्मेदारियों के साथ ही टीएमसी की नादिया जिला अध्यक्ष का भार भी है। वे अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए पोलिंग बूथ समितियों की एक बैठक में बोल रही थीं। कभी-कभी ऐसे आयोजनों में अराजकता पैदा हो जाती है क्योंकि बहुत से लोग मंच पर बैठना चाहते हैं तथा मीडिया भी अपनी पहुंच पर जोर देती है। मीडिया द्वारा पहुंच के प्रयास पर महुआ गुस्सा हो गईं और उन्होंने उसे 'दो पैसा मीडिया' कह दिया। विडंबना है कि अत्यधिक हस्तक्षेप के इस युग में किसी ने उनके गुस्से का वीडियो बना कर इसे प्रचारित कर दिया। इसका नतीजा वही निकला जिसका अनुमान था। सामूहिक रूप से मीडिया के लिए कुछ कहना ट्रेड यूनियन का गुस्सा मोल लेने की तरह है। इसका नतीजा कभी किसी व्यक्ति और खासकर राजनेता के लिए संतोषजनक नहीं हो सकता है। कृष्णानगर की सांसद की इसके कारण प्रिंट, टीवी व सोशल मीडिया पर निर्मम आलोचना हुई। पत्रकारों के गुस्से के साथ बंगाली 'बुद्धिजीवियों' का गुस्सा भी शामिल हो गया जो सीधे टीएमसी पर हमला करने में अक्षम हैं क्योंकि इसके कारण पश्चिम बंगाल में भाजपा को लाभ मिल सकता है। इसलिए उन्होंने सांसद के खिलाफ गुस्सा उतारने का परोक्ष रास्ता अपनाया। उनको इस तथ्य से सहायता मिली कि कुछ असंतुष्ट टीएमसी नेता यह स्वीकारने को मजबूर हुए कि महुआ को अपने शब्दों के चयन में थोड़ी सावधानी बरतनी चाहिए थी।

कुल मिला कर अंतत: सांसद ने इस मुद्दे पर माफी मांगी और जैसा कि अनुमान था यह मुद्दा गायब हो गया। लेकिन इसके पहले ही कुछ मीडिया मंचों ने संकेत दिया कि उनका बहिष्कार किया जाना चाहिए। हालांकि, यह बहिष्कार भी लंबा नहीं चलेगा और जीवन पहले की तरह सामान्य हो जाएगा। महुआ भी पुन: मीडिया में आएंगी। दिल्ली में उनका आकर्षण बना हुआ है क्योंकि 'राष्ट्रीय' मीडिया इस बात की जरा भी चिन्ता नहीं करता है कि 'क्षेत्रीय' मीडिया का क्या व्यवहार है। दोनों अपने-अपने दायरे में अलग-अलग काम करते हैं। महुआ मैत्रा की लापरवाही से की गई टिप्पणी पर मची हायतोबा भले ही दिलचस्प हो, पर इससे मीडिया व राजनेताओं के बीच तनावग्रस्त संबंध स्पष्ट होते हैं। टीएमसी नेता को लगता है कि मीडिया की प्रतिक्रिया अतिरंजित है। यह बात समझ में आती है। लेकिन उनकी टिप्पणी में एक प्रकार की कड़वाहट है जिससे संकेत मिलता है कि वे मीडिया को अपने लिए सहायक नहीं मानती हैं। यदि सचमुच यही सोच है तो यह आश्चर्यजनक है। पश्चिम बंगाल के बड़े सचेतन वर्ग में समझदारी है कि मीडिया आगे बढ़ कर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का समर्थन करता है। इसका कारण बंगाली मीडिया को राज्य सरकार द्वारा उदारतापूर्वक मिलने वाले विज्ञापन हैं। यह खासकर ऐसे समय महत्वपूर्ण है जब मीडिया की विज्ञापनों से होने वाली आमदनी घटी है।

संक्षेप में कहा जाए तो वे अपनी आर्थिक सहायता के लिए टीएमसी सरकार का समर्थन कर रहे हैं। मैं नहीं जानता कि मीडिया संगठनों में काम करने वाले पत्रकार किस सीमा तक मुख्यमंत्री का वास्तव में समर्थन करते हैं अथवा वे अपने मालिकों के संपादकीय दृष्टिकोण का समर्थन करते हैं। मीडिया के मेरे अपने अनुभव से संकेत मिलता है कि पत्रकारों में एक प्रकार का अलगाव पैदा हुआ है। वे अपनी स्पष्ट राय रखते हैं तथा बौद्धिक स्वतंत्रता की अपनी छवि पर विश्वास करते हैं। इसलिए वे किसी के आदेश पर चलना पसंद नहीं करते हैं। संभवत: इसी कारण मैत्रा की टिप्पणी पर तीखी प्रतिक्रिया हुई। इससे यह भी स्पष्ट है कि बंगाल के सांस्कृतिक जीवन से जुड़े बहुत से लोगों ने अपना गुस्सा क्यों प्रकट किया। वास्तव में उनका निशाना किसी एक व्यक्ति पर नहीं था। उनके हमले का असली केन्द्र ममता सरकार थी। लेकिन राज्य द्वारा मीडिया पर आरोपित सीमाओं के कारण यह संभव नहीं है, इसलिए तोपों का मुंह मैत्रा की ओर मोड़ दिया गया। यह सर्वसत्तावादी राज्यों में आम प्रवृत्ति है और इसे देखना दिलचस्प है कि यह घटना भारत के एक क्षेत्र में दुहराई जा रही है।

मेरा अपना अनुभव बताता है कि जनता की राय बनाने में मीडिया की भूमिका पर राजनेता जरूरत से ज्यादा जोर देते हैं। सार्वजनिक जीवन में लोग मीडिया की उनके प्रति अनन्त दुश्मनी से गुस्सा हो सकते हैं। कोलकाता के दैनिक द टेलीग्राफ में मैं 2003 से एक पाक्षिक स्तंभ लिखता हूं जिसमें कोई काटछांट नहीं होती है, जबकि यह अतार्किक रूप से मोदी-विरोधी संपादकीय दृष्टिकोण के विपरीत होता है। उसके पहले पेज पर आमतौर से मोदी के खिलाफ राय प्रकट की जाती है और यही कारण है कि टीएमसी उसे पसंद करती है। यह मोदी सरकार के खिलाफ सारी बुराइयों को उजागर करता है तथा ऐसी स्थानीय खबरों को दबाता है जो राज्य सरकार की छवि खराब कर सकती हों। ऐसे में बड़ा सवाल यह है कि क्या मीडिया संगठन जनता की राय बनाते हैं या जनता की राय उसके अपने अनुभवों पर आधारित होती है? व्यक्तिगत रूप से मेरा विश्वास है कि जनता की राय उसके अनुभवों पर आधारित होती है। ऐसे में मीडिया जनता की मतदान पसंद निर्धारित करने में भूमिका जरूर निभाता है, पर वह भूमिका प्रमुख नहीं है।

# शेयर बाजार के सकारात्मक संकेत

> **दीर्घकालीन पोर्टफोलियो बनाने की इच्छा रखने वाले निवेशकों को शेयर बाजार में निवेश के वर्तमान अवसरों का लाभ उठाना चाहिए।**

**प्रेम प्रकाश**
(लेखक कैपिटलविटा ग्लोबल रिसर्च के सीईओ हैं)



**को**रोनावायरस वैश्विक महामारी ने अंतरराष्ट्रीय व्यापार में गतिरोध पैदा कर वित्तीय बाजारों में उथलपुथल बढ़ाई है। इसका प्रभाव अनेक बिजनेसों व व्यक्तिगत फाइनेंस पर पड़ा है। यथासंभव अपनी बचत बनाए रखने के लिए लोग अपनी वित्तीय योजनाओं पर पुनर्विचार कर रहे हैं। शेयर बाजारों में लंबे समय से शामिल रहे लोग जानते हैं कि इस प्रकार की उथलपुथल निवेश पोर्टफोलियो को पुन: संतुलित करने का अवसर देते हैं। अनेक शोधकर्ताओं ने बताया है कि बाजार विभीषिका के बाद कैसे सुधरेगा और तेजी से आगे बढ़ेगा। गिरावट के बाद अधिकांश मामलों में बाजार दो साल में पुराने स्तर पर लौट आता है। इसलिए दीर्घकालीन पोर्टफोलियो बनाने की इच्छा रखने वाले निवेशकों को शेयर बाजार की वर्तमान स्थिति का लाभ उठाना चाहिए।

अनेक निवेशक फर्मों ने अनिश्चितता भरे समय में लोगों की सहायता की है। वित्तीय स्वास्थ्य के बारे में वेबिनारों का आयोजन कर लाकडाउन के समय में प्रभावी वित्तीय प्रबंधन की जानकारी दी गई। इन फर्मों ने लक्ष्य आधारित दृष्टिकोण अपनाते हुए विश्लेषण किए ताकि रणनीतियां पुन: बनाने में सहायता मिल सके। इससे नौजवानों को भावी निवेश की योजनायें बनाने में सहायता मिली जो विशेष आवश्यकताओं पर ध्यान दे रहे थे।

मार्च में गिरावट के बाद धीरे-धीरे सुधार हुआ और वित्तीय बाजारों की अस्थिरता ने अनेक लोगों को शेयर बाजार की ओर आकर्षित किया। इसके साथ ही अनेक पुराने निवेशकों ने भी अपना निवेश बढ़ाया। खुदरा सहभागिता शिखर पर पहुंची और अनेक निष्क्रिय लोग फिर बाजार में लौटे। वित्तीय सलाहकारों के माध्यम से उथलपुथल के बावजूद अनेक निवेशकों को अच्छा लाभ हुआ। उन्होंने




अनेक रणनीतियां अपनाईं जिनमें गिर रहे शेयरों की खरीद तथा अनेक प्रकार के निवेश शामिल हैं। लेकिन इस दृष्टिकोण के जोखिम भी हैं। निवेशकों को ऐसी कंपनियां चुननी चाहिए जिनका बिजनेस अच्छा हो तथा गिरावट से बचने के लिए उनके पास काफी नकदी प्रवाह हो। ऐसे में अनेक प्रकार के निवेश के साथ विभिन्न मैक्रो आर्थिक स्थितियों पर नजर रखना जरूरी है।

निवेशकों को टिकाऊ प्रतियोगी लाभ वाली कपंनियों को चुनना तथा त्वरित परिवर्तनों से बचना लाभदायक होगा। निवेशकों को शेयर बाजार के अल्पकालीन परिवर्तनों पर ध्यान देने के साथ ही अपने पोर्टफोलियो को पुन: संतुलित कर बाजार की संभावनाओं का लाभ उठाने के लिए मजबूती से डटे रहना चाहिए। दीर्घकालीन निवेश की रणनीति मासिक या त्रैमासिक आधार पर बनाई जा सकती है। शोध कंपनियों ने इस मामले में निवेशकों की सहायता की है क्योंकि वे जोखिमों का बेहतर अध्ययन कर सकती हैं। उथलपुथल भरे समय में पोर्टफोलियो की संवेदनशीलता उच्च टैक्स व लेनदेन खर्च के मामले में अधिक होती है। कई बार लोग इसे बिना समझे पुनर्गठन करते हैं।

यह समय स्थिर मुनाफे का समय है। पोर्टफोलियो का पुनर्गठन किसी की आयु, बदले उद्देश्यों, वर्तमान बाजार स्थितियों, आदि पर आधारित होता है। उदाहरण के लिए यदि कोई एक करोड़ निवेश में 70 प्रतिशत शेयरों और 30 प्रतिशत कर्ज में निवेश करता है, पर बाजार में परिवर्तन के बाद यह निवेश शेयरों में 60 प्रतिशत व कर्ज में 40 प्रतिशत हो सकता है। यह अनुपात शेयरों व कर्ज के बीच अनुपात पुन: 70 व 30 किया जा सकता है। इस प्रकार दीर्घकालीन लक्ष्यों को ध्यान में रख कर बाजार की स्थितियों से लाभ उठाया जा सकता है।

निवेशकों में विनिर्माण व धातु क्षेत्र में सुधार से उत्साह बढ़ा है। वैक्सीन आने की उम्मीदों तथा अत्यधिक कम ब्याज दरों की संभावना से दूसरी तिमाही में अच्छी कमाई हुई है। अधिकांश निवेशक महामारी के बाद 2021 में सुधार की उम्मीद कर रहे हैं। अमेरिकी सरकार के स्टीमुलस से उम्मीदें बढ़ी हैं। इसके साथ ही अनेक क्षेत्रों में वैश्विक स्तर पर सुधारों की उम्मीद है क्योंकि दुनिया आपदा के बाद अब वी आकार वाले सुधार के चरण में जा सकती है। यदि आरबीआई अगले एक साल में ब्याज दर में कमी कर दे तो फिक्स डिपाजिट व अन्य फिक्स आय उपकरणों से आय में वृद्धि बहुत कम हो जाएगी।

इसके साथ ही यदि मुनाफे पर आयकर के प्रभाव पर गौर किया जाए तो इन उपकरणों से मुद्रास्फीति से निपटने में सहायता नहीं मिलेगी तथा निवेश पर नुकसान हो सकता है। इन सारी चीजों को देखते हुए निवेशकों को शेयर बाजार में सहभागिता बढ़ाते हुए दीर्घकालीन दृष्टिकोण से पोर्टफोलियो तैयार करना चाहिए। बाजार समग्र रूप से सकारात्मक तथा खुदरा व निरंतर निवेशकों के लिए ठीक है। आर्थिक गतिविधियों में तेजी से सुधार से मुनाफा बढ़ेगा। वैश्विक बाजारों में मजबूती से तरलता बनी रहेगी तथा बाजार को समर्थन मिलता रहेगा।

## आप की बात

### ऐसे बनेंगे विश्वगुरु

**भारत** अपने इतिहास और अतीत पर गर्व महसूस कर, खुद का पीठ थप-थपा रहा। सोचने वाली बात है कि जो भारत कभी विश्वगुरु था, उसका क्रेडिट और फिर से उसे बनाने का सपना दिखाया जा रहा।शिक्षा के क्षेत्र से लेकर स्वास्थ्य तक और व्यापार के क्षेत्र से लेकर अर्थव्यवस्था तक किस मामले में भारत आगे है। दिल्ली विश्वविद्यालय जैसे सेंट्रल यूनिवर्सिटी में एक घंटे की देरी से बच्चों को वॉट्सएप के जरिए परीक्षा प्रश्न मिले, और उत्तर भी अपलोड नहीं हुआ, जिसके बाद मेल करना पड़ा।मानव संसाधन मंत्रालय का नाम बदलकर शिक्षा मंत्रालय कर देने से व्यवस्था नहीं बदल जाती, जैसे कपड़ा बदल लेने से व्यक्ति का चरित्र नहीं। आखिर किस वर्चुअल दुनिया में खोए हैं, हकीकत को जानना और उसके अनुसार कार्य करने से ही कुछ हो सकता है।अन्यथा सिर्फ पढ़ेगा इंडिया तभी तो बढ़ेगा इंडिया जैसे स्लोगन और नामकरण से न तस्वीर बदली और न ही बदलेगी।जहां एक ओर ऑफलाइन में बच्चे शिक्षा से वंचित थे, वहीं ऑनलाइन ने शिक्षा के सभी बुनियादी ढांचों को ध्वस्त कर दिया और बच्चों को शिक्षा से विमुख कर दिया है। इतना ही नहीं, ऑनलाइन ने शिक्षा की गंभीरता को खत्म कर दिया है।

– **अमन जायसवाल**, दिल्ली

### मेहनत का फल वेदना

**किसानों** की वेदना और चेहरे पर झलकती उदासी बेशक् लोगों को दु:खी कर रही हैं। सरकार और किसान के बीच की बैठक बेनतीजा होने के बावजूद किसानों के तेवर और तल्ख बढ़ते जा रहे हैं। किसान अन्न उपजाते हैं तभी तो हमारी डाइनिंग टेबल सजती है क्या इन पर जुल्म करना ठीक हैं। भारत 1947 में आज़ाद हुआ था और 1950 में लागू हुए संविधान में भारत को एक लोकतांत्रिक गणतंत्र घोषित किया गया था। बहरहाल ऐसी ही व्यस्था 2300 साल पहले ग्रीस की राजधानी एथेंस में भी थी। जिसे लोकतंत्र का जन्म स्थल माना जाता है लेकिन एथेंस में लोकतंत्र अपने शुरुआती दौर में ही इतना विकृत हो गया था कि लोकतंत्र और जनता के फैसले की आड़ में सुकरात जैसे दार्शनिक को मौत की सज़ा दे दी गई थी। उन पर युवाओं को भ्रष्ट करने का आरोप था तथा उनकी मौत की सज़ा पर जनता द्वारा ही मुहर लगाई गई थी, जिसके बाद सुकरात को ज़हर का प्याला पीना पड़ा था तो तब सुकरात ने इसे लोकतंत्र की ख़ामी बताया था। हालांकि अब हर समस्याओं के जवाब तलाशने की ज़िद आज हमारे देश को ऐसी जगह पर ले आई है जहां से हम हर सुधार को, हर नए संशोधन का विरोध करने लगते हैं।

– **निधि जैन**, लोनी, गाज़ियाबाद


### राजनीतिक हिंसा

**राजनीतिक** हिंसा पश्चिम बंगाल के लिए कोई नई बात नहीं हैं। वाम मोर्चे की सरकार के समय ममता और टीएमसी ने इसे झेलते हुए मां, माटी मानुष जैसे जमीनी नारे के दम पर सत्ता हासिल की थी। कमोबेश वही हालात आज हैं, सत्ताधारी टीएमसी और भाजपा में सीधी टक्कर है और इस बार हिंसा का दंश भाजपा झेल रही है।लेकिन तब के मुक़ाबले अब हिंसा ज्यादा है क्योंकि टीएमसी जानती है की आज की भाजपा के लिए कोई चुनाव छोटा नहीं है और निकाय चुनावों तक को पूरी गंभीरता से लेनी वाली भाजपा जब विधानसभा चुनावों में पूरी ताक़त झोंकेगी तब उसका टिकना मुश्किल होगा। राज्य में हो रही राजनीतिक हिंसा से लगता है लोकतंत्र की ताक़त से वाम मोर्चे को हारने वाली ममता का अब लोकतंत्र में विश्वास ही नहीं रहा। लोकतंत्र का मूल मंत्र है प्रतिद्वंदी की रेखा को मिटाये बिना अपनी रेखा बड़ी करना। किन्तु दंभ और अहंकार की गलियों में लोकतंत्र कहीं खो गया है और सामने हैं सत्ता की वो तानाशाही ताक़तें जो विरोधियों के दमन में यक़ीन रखती है।

– **बृजेश माथुर**, गाज़ियाबाद

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया



**हम** संसद पर उस कायरतापूर्ण हमले को कभी नहीं भूलेंगे। हम उन जांबाजों के बलिदान को याद करते हैं जिन्होंने संसद की रक्षा में अपनी जान दे दी।

– **नरेंद्र मोदी**
प्रधानमंत्री



**लोक** सेवकों का यह चुनिंदा समूह प्रशासन में सर्वोच्च स्तर का अनुभव, संवेदनशीलता एवं सत्यनिष्ठा लाएगा।

– **जो बाइडेन**
निर्वाचित अमेरिकी राष्ट्रपति



**वे** बंगाल में प्रतिमानहीनता के आरोप लगा रहे हैं। में पूछना चाहती हूं कि क्या वे सड़क पर निकलने में असमर्थ हैं।

– **ममता बनर्जी**
पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री

पायनियर

लखनऊ, सोमवार, 14 दिसंबर 2020



# चीन व पाकिस्तान ही नहीं उसके समर्थक भी मानवता के शत्रुः इन्द्रेश कुमार

## ● मुस्लिम राष्ट्रीय मंच ने किया चीन और पाकिस्तान के अन्तर्राष्ट्रीय बहिष्कार का आह्वान

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी




**मुस्लिम राष्ट्रीय** मंच की ओर से रविवार अपराहन लमही स्थित सुभाष भवन में सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य इन्द्रेश कुमार ने सम्मेलन में चीन और पाकिस्तान के अन्तर्राष्ट्रीय बहिष्कार पर चर्चा किया। मुस्लिम राष्ट्रीय मंच जागृत भारत सजग भारत जागरण अभियान चला रहा है। इस अभियान के तहत चीन और पाकिस्तान का हर स्तर पर बहिष्कार किया जायेगा। इस अवसर पर इन्द्रेश कुमार ने कहा कि चीन और पाकिस्तान मानवता और शांति के दुश्मन हैं। दुनियां के देश चीन के जैविक हथियार कोरोना के संकट से जूझ रहा है, वहीं पाकिस्तान के आतंकवाद का सामना कर रहा है। चीन और पाकिस्तान का ही नहीं बल्कि उसके समर्थकों का भी हर स्तर पर बहिष्कार किया जाना चाहिये। इन्द्रेश कुमार के मुताबिक भारतीय मुसलमान अब सजग हो चुका है और देश के खिलाफकाम करने वाले नेताओं का साथ नहीं देने वाला है। फारूख और महबूबा यदि भारत पसन्द नहीं हैं तो चीन और पाकिस्तान में कहीं भी जाकर शरण ले लें। आज पूरे विश्व को इन दोनों देशों के खिलाफ खड़ा होना चाहिये, ताकि मानवता को बचाया जा सके। दोनों देशों ने अपने साम्राज्यवाद की भूख में मानवता पर संकट खड़ा कर दिया है। भारत का मुसलमान चीन और पाकिस्तानी समर्थकों के चेहरे उजागर करेगा और उनका बहिष्कार करेगा। मुस्लिम राष्ट्रीय मंच कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक न सिर्फ बहिष्कार करेगी बल्कि संयुक्त राष्ट्र संघ चिट्ठी भी लिखेगी। कोविड के दौरान भारत ने मानवीय संवेदना का परिचय देते हुये पूरी दुनियां की मदद की है। आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत विश्वशक्ति बनने की ओर अग्रसर है। इसलिये पूरी दुनियां वैश्विक शांति की लिये भारत की ओर देख रही है। सम्मेलन का संचालन मोहम्मद अजहरूद्दीन ने किया व धन्यवाद ज्ञापन तुषारकान्त ने दिया। सम्मेलन में मौलाना शफीक अहमद मुजद्दीदी, हाजी मोबिन, अफसर बाबा, सबाना खान, अयाज खान, हेशामुद्दीन, इब्राहिम, शाहीद अंसारी, नेसार अली, छोटक, जियाउद्दीन, इसराईल खान, रेयाजुल हक अंसारी, मोहम्मद आरीफ सादिक आदि लोगों ने भाग लिया।

# महान शिक्षाविद् प्रो. बीएम शुक्ला नहीं रहे

## ● ब्राह्मण चेतना परिषद ने डॉ. बीएम शुक्ला के निधन पर जताया शोक

**वाराणसी।** श्री संकटमोचन मंदिर के महंत व बीएचयू आईआईटी इलेक्ट्रानिक के प्रो. विश्वभरनाथ मिश्र ने पूर्व कुलपति प्रो. बीएम शुक्ला के निधन पर शोक व्यक्त किया है। प्रो. मिश्र ने कहा कि यह न सिर्फ एकेडमिक क्षेत्र बल्कि सामाजिक क्षेत्र की अपूर्णीय क्षति है उसे उसकी भरपाई मुश्किल है। वे लम्बे समय तक विश्वविद्यालय के शैक्षणिक सेवा जुड़े रहे और समाज सेवा के क्षेत्र में भी योगदान किया। बीएचयू के संस्थापक महामना पं. मदन मोहन मालवीय जी से प्रत्यक्ष मिलने वाले मूर्धन्य लोगों में से एक थे। उन्होंने भारत के स्वतंत्रता से लेकर आज तक हुए विकास के साक्षी रहे। वे शैक्षणिक जगत के लोगों के लिए प्रेरणा स्रोत थे। प्रो. वीएन मिश्र ने कहा कि प्रो. शुक्ल के अंडर काम करने का सौभाग्य मिला और उनसे काफी कुछ सिखने को मिला। प्रो. शुक्ल गोस्वामी तुलसीदास एजुकेशनल सोसायटी के पदेन अध्यक्ष थे। वे समय-समय पर एकेडमिक सुक्षाव भी देते थे। 96 वर्ष की आयु में पूरी तरह चैतन्य थे। उनका इस तरह जाना पूर्वांचल एवं बनारस में शिक्षा के क्षेत्र की अपूर्णीय क्षति हुई है। केंद्रीय ब्राह्मण महासभा के अभिभावक संरक्षक प्रोफेसर बेनी माधव शुक्ला पूर्व कुलपति गोरखपुर विश्वविद्यालय अब हमारे बीच नहीं रहे । शोक संदेश में केंद्रीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय महामंत्री पं दिनेश कुमार तिवारी ने कहा कि प्रोफ़ेसर शुक्ला जी शिक्षा जगत के देदीप्यमान नक्षत्र थे प्रोफेसर शुक्ला जी ने अध्यापन से प्रारंभ कर शिक्षा जगत के सर्वोच्च कुलपति पद को विभूषित किए साथ ही अपने समाज के सामाजिक एसांस्कृतिक और शैक्षिक उत्थान लिए उन्होंने जीवनभर प्रयास किया।उनका मार्गदर्शन हमेशा केंद्रीय ब्राह्मण महासभा को प्राप्त होता रहा आज वह हमारे बीच में नहीं है आज पूरा केंद्रीय ब्राह्मण महासभा परिवार शोकाकुल एवं मर्माहत है।

# बीमारियों से लड़ने के लिए मजबूत इम्युनिटी महत्वपूर्णः मोहित

**प्रयागराज।** स्वस्थ जीवन जीने के संदेश के साथ राष्ट्र को एक साथ आने और इन अनिश्चित समय में आंतरिक शक्ति बढ़ाने की प्रतिज्ञा लेने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। डाबर इंडिया लिमिटेड ने अभिनेता अक्षय कुमार को स्वास्थ्य वर्धक ब्रांड डाबर च्यवनप्राश के नए चेहरे के रूप में घोषित किया है।

मुख्य कार्यकारी अधिकारी मोहित मल्होत्रा ने कहा कि जिस दौर में हैं वह पहले से कहीं अधिक प्रतिरक्षा इम्यूनिटी की आवश्यकता और महत्व को रेखांकित करता है। मजबूत इम्यूनिटी चारो ओर फैली बीमारियों के खतरे के खिलाफ लड़ने के लिए महत्वपूर्ण है। इसने राष्ट्र के स्वास्थ्य के निर्माण में मदद की है। अद्वितीय प्रतिष्ठा के साथ इस नए अभियान के साथ राष्ट्र को एक साथ आने का आह्वान करता है।अनिश्चित समय में राष्ट्र की आंतरिक शक्ति का निर्माण करने की प्रतिज्ञा करता है।

# छावनी क्षेत्र के महागिरजाघर में बुजुर्गों का किया गया सम्मान



## ● यीशु मसीह के जन्म से पूर्व महागिरजाघर में कैरोल के गीत गाये गये

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

**प्रभु यीशु** मसीह के आगमन के पूर्व रविवार को सभी गिरजाघरों में एडवेन्ट का तीसरा रविवार जोश और खरोश के मनाया गया। प्रभु यीशु मसीह के जन्म (क्रिसमस)के पूर्व महागिरजाघरों में कैरोल के गीत गाये गये। छावनी परिषद क्षेत्र के लाल महागिरजाघर में इस दिवस को विशेष बनाते हुए बुर्जुगों का सम्मान दिवस मनाया गया। इनके द्वारा किए गये कार्यो का स्मरण करते हुए धन्यवाद दिया गया व प्रार्थना की गई। संजय दान ने पवित्र बाइबल दान व प्रवचन दिया। कार्यक्रम का संचालन सचिव विजय दयाल किया। सम्मान कार्यक्रम में बी एस लाल, आरलीन दयाल, हेमंद दास, जॉन दयाल, राकेश हेमला,पुष्पा सिडनी, आशा टैगोर, ईवा प्रकाश, शीला एड्रूंस, मोरिल फिलिप्स, एस वी दास, अशोक दान आदि उपस्थित रहे।

# आईएमए के नव निर्वाचित पदाधिकारियों ने ली पद की शपथ

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी



**चेतगंज स्थित** आईएमए बनारस शाखा के सत्र 2020-21 के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने रविवार अपराहन पद ग्रहण किया। पद ग्रहण समारोह आईएमए प्रांगण में आयोजित किया गया। सर्वप्रथम आईएमए बनारस शाखा की अध्यक्ष डा. मनीषा सिंह सेंगर ने आईएमए के सदस्य चिकित्सकों का स्वागत अभिनन्दन किया। चुनाव अधिकारी डॉ अरविंद सिंह ने निर्वाचित पदाधिकारियों को पद व गोपनियता की शपथ दिलाई। आईएमए बनारस शाखा के इतिहास में पहली बार किसी महिला ने अध्यक्ष पद पर आसीन हुई हैं। इस मौके पर नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को चुनाव प्रमाण पत्र चुनाव अधिकारी के द्वारा वितरित किया गया इस अवसर पर चुनाव अधिकारी डॉ अरविंद सिंह ने नव निर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामना प्रेषित किया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष डॉक्टर कार्तिकेय सिंह ने अपने उद्बोधन में आईएमए के सर्वांगीण विकास के लिए काम करने पर जोर दिया इस अवसर पर नवनिर्वाचित मानद सचिव डॉक्टर राजेश्वर नारायण सिंह ने उपस्थित सदस्य कों को भरोसा दिलाया कि सदस्यों को आए दिन आने वाली परेशानियों जिला प्रशासन से तालमेल एवं ब्लड बैंक के सुंदरीकरण पर जोर दिया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही डा. मनीषा सिंह ने नए सत्र 2020-21 के कोविड-19 के विषम परिस्थितियों में संपन्न होने वाले चुनाव को पारदर्शिता एवं पूर्ण रूप से कोविड-19 के प्रोटोकाल का पालन कराते हुए व्यवस्थित तरीके से चुनाव के समस्त प्रतिक्रिया को पूरी करने के लिए चुनाव अधिकारी डा. अरविंद सिंह को धन्यवाद दिया तथा भविष्य में भी उनसे मार्गदर्शन की अपेक्षा की। चुनाव में कार्यालय पदाधिकारी के अलावा 21 शाखा कार्यकारिणी तथा 36 प्रदेश कार्यकारिणी के नवनिर्वाचित सदस्यों को माल्यार्पण कर अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम का संचालन पूर्व अध्यक्ष एवं आईएमए के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉक्टर संजय राय ने किया। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष डॉक्टर ओपी तिवारी, डा. अनिल ओहरी, डॉक्टर एनपी सिंह, डॉक्टर कुसुम चंद्रा, डॉक्टर अनिल कुमार श्रीवास्तव आदि उपस्थित थे।

# राजर्षि टंडन मुक्त विवि में परामर्श कक्षाएं आज से

## ● भूगोल, समाजशास्त्र, इतिहास एवं राजनीति विज्ञान के शिक्षक करेंगे ज्ञानार्जन

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय प्रयागराज की समाज विज्ञान विद्या शाखा की ओर से विश्वविद्यालय के सरस्वती परिसर में सोमवार से कोविड प्रोटोकॉल के तहत परामर्श कक्षाएं चलेंगी। समाज विज्ञान विद्या शाखा के प्रभारी निदेशक प्रोफेसर सुधांशु त्रिपाठी ने बताया कि परिसर में सोमवार से प्रारंभ होने वाली परामर्श कक्षाओं के मद्देनजर समस्त कक्षों को सैनिटाइज करा दिया गया है। छात्रों के बैठने की व्यवस्था इस तरह से की गई है कि कोविड 19 प्रोटोकॉल का अनुपालन सुनिश्चित किया जा सके। प्रोफेसर त्रिपाठी ने बताया कि आज से विभाग में सभी शिक्षकों की उपलब्धता होगी। ऐसे में न केवल पंजीकृत शिक्षार्थी योग्य शिक्षकों से ज्ञानार्जन प्राप्त कर सकते हैं वरन असाइनमेंट्स लिखने में आ रही कठिनाइयों का भी सरलता से समाधान प्राप्त कर सकते हैं। प्रोफेसर त्रिपाठी ने बताया कि भूगोल समाजशास्त्र इतिहास राजनीति विज्ञान एवं लोक प्रशासन विषय के स्नातक एवं परास्नातक बीए एवं एमए कार्यक्रमों की परामर्श कक्षाएं सुबह साढ़े दस बजे से प्रारंभ होगी। परामर्श कक्षाओं का विस्तृत कार्यक्रम विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड है। परामर्श कक्षाओं का आयोजन 8 जनवरी तक किया जाएगा। मीडिया प्रभारी डा प्रभात चंद्र मिश्र ने बताया कि परिसर एवं परामर्श कक्षाओं में फेस मास्क पहनकर आने वाले शिक्षार्थियों को ही अनुमति होगी। परिसर में प्रवेश से पूर्व सभी शिक्षार्थियों की थर्मल स्कैनिंग की जाएगी। संपत्ति अधिकारी डा अनिल कुमार सिंह भदौरिया ने बताया कि इसके लिए मुख्य द्वार पर विशेष व्यवस्था की गई है।

# यमुना तट पर वोट क्लब के लिए हुआ भूमि पूजन

## ● नौकायन खिलाड़ियों के लिए मोटर बोट पर हुआ बॉक्सिंग खेल का प्रदर्शन

**पायनियर समाचार सेवा।** प्रयागराज


नौकायन खिलाड़ियों के साथ काशी प्रान्त के उपाध्यक्ष अवधेश चन्द्र गुप्ता

**इलाहाबाद जिला** नौकायन संघ के तत्वावधान में रविवार को गऊघाट स्थित यमुना तट पर ईसीसी कालेज के पीछे वोट क्लब के लिए भूमि पूजन किया गया। भूमि पूजन भारतीय जनता पार्टी के काशी प्रान्त के उपाध्यक्ष एवं पूर्व महानगर अध्यक्ष अवधेश चंद्र गुप्ता ने किया। नौकायन खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए भाजपा नेता अवधेश चंद्र गुप्ता ने कहा कि जल्द से जल्द इस जगह 50 बाई 30 का पक्का घाट और घाट तक आवागमन के लिए कच्चे रास्ते को पक्का कराने का कार्य किया जाएगा। इसके लिए स्थानीय पार्षद किरन जायसवाल ने भी पूर्ण सहयोग का भरोसा दिलाया है। नौकायन खिलाड़ियों के लिए मोटर बोट पर बॉक्सिंग खेल का प्रदर्शन किया गया। जिसका संचालन भारत भूषण वाष्णेय ने किया। इस मौके पर अवैतनिक सचिव राजन निषाद भारत भूषण कोच मुकेश निषाद एनआईएस कोच कुमारी जागृति गुप्ता शंकर लाल निषाद राजेश निषाद धर्मेन्द्र निषाद कार्तिकेय निषाद नितिन निषाद विमलेश निषाद सतीश यादव रूपल यादव प्रेम शंकर आदि रहे।

# साधारण परिवारों में अब नहीं रही समानता एकरूपता

**प्रयागराज।** किसी भी किरदार को निभाना बहुत चुनौतीपूर्ण है। क्योंकि वह उनकी जैसी नहीं है पर फिर भी पायल से प्यार है। हीना परमार जो वर्तमान में दंगल टीवी के ए मेरे हमसफ़र में दिखाई दे रही हैं। उन्होंने कुछ दिलचस्प सवालों के जवाब दिए हैं। दंगल टीवी के ए मेरे मेरे हमसफ़र पर हीना परमार को सोमवार से शनिवार शाम सात बजे और रात साढ़े दस बजे तक देख सकते हैं। जब शशि सुमित ने पायल की भूमिका प्रस्तुत कि तो मुझे पता था कि मुझे यह करना होगा। क्योंकि उन्हें कभी ना नहीं कह सकती और चरित्र भी बहुत दिलचस्प था। वह एक बहुत ही साधारण परिवार में विद्रोही है। उसके चरित्र की कहानी बहुत दिलचस्प है। हीना और पायल एक दूसरे से बहुत अलग है। इनमें कोई समानता नहीं है।

# लोकसभा विधानसभा मतदाता सूची तैयारी का जायजा लेने पहुंचे मुख्य चुनाव आयुक्त

## ● वन विभाग के डाक बंगले में की अधिकारियों संग समीक्षा बैठक

**संवाददाता।** उन्नाव



**विधानसभा निर्वाचन** क्षेत्रों की निर्वाचक नामावली का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के संबंध में राज्य मुख्य निर्वाचन अधिकारी अजय कुमार शुक्ला ने निर्वाचन नामावली के संबंध में संबंधित अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की और आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने मतदान केंद्रों का भ्रमण किया, बूथ लेवल ऑफिसर को नियमानुसार काम करने को लेकर निर्देशित किया साथ ही चेक लिस्ट के आधार पर व्यवस्था देखी। उन्होंने निर्वाचन से जुड़े कार्यक्रमों के बारे में बहुत ही सूक्ष्मता से संबंधित अधिकारियों को बताया। उन्होंने कहा जो भी अपना नाम वोटर लिस्ट में बढ़ाना चाहते हैं वे संबंधित बूथों पर जाकर अपना नाम बढ़वा सकते हैं। भ्रमण के दौरान क्षेत्र के 5 बूथों बजेहरा, सरौती, अर्जुनामऊ, सोहरामऊ, राजकीय बालिक इण्टर कालेज नवाबगंज और बिचपरी प्राथमिक विद्यालय का निरीक्षण किया। बूथों पर जाकर उन्होंने बीएलओ से वार्ता की साथ ही उनको आवश्यक दिशा निर्देश दिये की कोई भी मतदाता छूटना नही चाहिये। बताया जो मतदाता 01 जनवरी 2021 को 18 वर्ष पूर्ण कर रहा हो उसका नाम बढ़ाना है और घर घर जाकर महिला, दिब्यांग के वोट बढ़ानो है। बूथों पर मास्क सैनिटाईजेशन की ब्यवस्था देखकर कहा कि ये जागरुकता जरुरी है। कहा कोविड से बचाव करते हुये काम करना है। मतदान केंद्रों पर पहुंचकर बीएलओ को निर्देश दिए कि मतदाता सूची में नाम जोड़ने हेतु नए वोटर्स बनाने के लिए वोट के प्रति जागरूक करने हेतु मंदिर, मस्जिद के एलाउंसमेंट के माध्यम से जागरूक किया जाय। इस अवसर पर जिलाधिकारी रविंद्र कुमार, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व राकेश सिंह, नगर मजिस्ट्रेट चंदन पटेल, उप जिलाधिकारी हसनगंज प्रदीप वर्मा सहित समस्त संबंधित उपस्थित रहे।

### पंचायत चुनाव कराना राज्य निर्वाचन आयोग का काम

**नवाबगंज।** आने के उद्देश्य पर मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने पत्रकारो से वार्ता करते हुये कहा मतदाता सूची में किसी का भी नाम न छूटने पाये जिसको लेकर अधिकारियों को निर्देशित किया है। साथ ही जिनका भी नाम किन्ही कारणों से मतदाता सूची में छूट गया हैं उन्हें किसी भी साक्ष्यों के प्रपत्रों सहित मतदाता सूची में नाम जोडा जाय। पत्रकारो द्वारा पंचायत चुनाव पर सवाल करने पर कहा राज्य निर्वाचन आयोग के अधिकार में होने की बात कहकर पल्ला झाड़ लिया।

# किसानों को उनका हक दिलाने तक आंदोलनरत रहेगी कांग्रेसः तरुण पटेल

**संवाददाता।** बांगरमऊ उन्नाव



**किसान स्वाभिमान** यात्रा का नेतृत्व कर रहे किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष तरुण पटेल ने कहा कि किसान मजदूर दिन का चैन और रातों की नींद छोड़कर जुताई- बुवाई के बाद फसल की कटाई करता है। लेकिन उत्पादन के बाद किसान को उनकी उपज का सही दाम तक नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने आरोप मढ़ा कि केंद्र की भाजपा सरकार अडानी और अंबानी के इशारे पर किसान विरोधी बिल लाकर किसानों को लूटने का कुचक्र रच रही है। जिसे कॉंग्रेस पार्टी सफल नहीं होने देगी।

नगर के लखनऊ मार्ग स्थित एक अतिथि गृह में पत्रकारों से वार्ता करते हुए किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष तरुण पटेल ने बताया कि अन्नदाताओं को उनका हक दिलने के लिए सरदार वल्लभ भाई पटेल की 145 वी जयंती पर 45 दिवसीय किसान स्वाभिमान यात्रा प्रारंभ की गई है। यह यात्रा 15 दिसंबर तक जारी रहेगी। श्री पटेल ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार की गलत नीतियों के चलते आज दलाल, बिचौलिये व उद्योगपति किसानों की फसल से मोटा मुनाफा कमा रहे है और किसान बेबस लाचार तथा निराश है। उन्होंने कहा कि किसान की फसल की तब तक कोई कीमत नहीं होती, जब तक वह किसान के खेत खलिहान और घर पर रखी रहती है। बाजार और बिचौलियों के हाथ में आते ही एकाएक फसल के दाम बढ़ जाते हैं। उन्होंने कहा कि खेती किसानी केवल लाभ का विषय नहीं है। बल्कि किसान देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि इस काले कानून को लेकर किसान तो संघर्ष कर ही रहे है। साथ ही कांग्रेस पार्टी भी किसानों को उनका हक दिलाने के लिए आंदोलनरत है। श्री पटेल ने कहा कि जब तक केंद्र सरकार काला कानून वापस नहीं लेती, तब तक किसानों के पक्ष में कांग्रेस का आंदोलन जारी रहेगा। वार्ता के उन्नाव के युवा नेता अक्षत ठाकुर, महिला कांग्रेस की प्रदेश उपाध्यक्ष आरती बाजपेई, अनुभव शुक्ल एडवोकेट, शैलेंद्र शुक्ला एडवोकेट, ताजुद्दीन अंसारी, सलीम, विदुषी दीक्षित एडवोकेट, आदि मौजूद रहे।

# क्विक न्यूज

## सपा ने सातवें दिन भी निकाली किसान पदयात्रा



**वाराणसी।** समाजवादी पार्टी वाराणसी द्वारा रोहनियां विधानसभा के भरथरा गांव में किसान आंदोलन के समर्थन में आज सातवें दिन भी किसान पदयात्रा निकाला गया और गांव गांव जाकर किसानों को इस काले कानून के बारे में बताया गया इसके पश्चात चौपाल लगाया गया चौपाल के माध्यम से किसानों को कृषि विरोधी काले कानून के बारे के बताया गया। चौपाल एवं किसान पदयात्रा में प्रमुख रूप से जिलाध्यक्ष सुजीत यादव लक्कड़, जिला महासचिव आनंद मौर्य, नागेंद्र यादव चिंटू प्रधान, सुभाष यादव, राकेश यादव, डॉ. रमेश, बबली, विशाल पटेल, लालू यादव, ब्रिजराम यादव, वसीम अकरम, गोपाल यादव, आनंद वर्मा, संजय पटेल आदि शामिल थे।

## 90 वर्षीय बुजुर्ग को किया गया सम्मानित

**वाराणसी।** सामाजिक संस्था सुबह-ए-बनारस क्लब के अध्यक्ष मुकेश जायसवाल एवं क्लब के संस्थापक अध्यक्ष संरक्षक एवं प्रमुख उद्यमी विजय कपूर एवं क्लब के संरक्षक पूर्व चीफ वार्डन त्रिमूर्ति हॉस्पिटल के डायरेक्टर कमला प्रसाद सिंह द्वारा ओल्ड इज गोल्ड के तहत अपने उम्र का भरपूर आनंद लेने वाले कोरोना काल में भी नियमित मॉर्निंग वॉक के लिए निकलने वाले 90 वर्षीय बुजुर्ग बड़ा गणेश निवासी फूलचंद सेठ जी को बुलानाला चाय की अड़ी पर उनका छायाचित्र देकर उनको सम्मानित किया गया।

## प्रधानमंत्री आत्मनिर्भर निधि के साथ किया करार

**वाराणसी।** स्विगी वाराणसी इंदौरए ग्वालियरए वडोदराए विशाखापत्तनमए उदयपुरए लखनऊ और भिलाई जैसे टियर 2 और टियर 3 शहरों के स्ट्रीट वेंडर्स को जोड़ा जाएगा जो अपने स्ट्रीट फूड के लिए प्रसिद्ध हैं। देश के सबसे बड़े फूड डिलिवरी प्लेटफॉर्म स्विगी ने आज अपने स्ट्रीट फूड वेंडर्स प्रोग्राम का विस्तार कर उसे 125 शहरों तक पहुंचाने की घोषणा की। इसके लिए प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि (पीएम स्वनिधि) स्कीम की मदद ली जाएगी। स्वथनिधि योजना के तहत् अब तक 1047 लाख स्ट्रीट वैंडर्स से लोन के लिए आवेदन मिले हैं। इसके साथ ही, पहले चरण में 36ए000 से ज़्यादा स्ट्रीट फूड वेंडर्स जोड़े जाएंगे जिन्हें 125 शहरों में लोन वितरित किया गया है। स्विगी और आवास एवं शहरी विकास मंत्रालय की ओर से शुरू किया गया यह प्रयास न सिर्फभारत में बल्कि दुनिया में अपनी तरह का सबसे बड़ा प्रयास बन सकता है।

## आज से बीएचयू छात्रों के लिए खुलेगा लाईब्रेरी

**वाराणसी।** कोरोना संक्रमण एहतियातन उठाए गए कदम के तहत बंद बीएचयू का मुख्य ग्रंथलय करीब नौ महीने बाद छात्रों को लिए खोल दिया जाएगा। ग्रंथालय खोलने से पूर्व यहां सुरक्षात्मक उपाय किए गए हैं। विश्वविद्यालय की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक 14 दिसंबर से मुख्य ग्रंथलय छात्रों के लिए खोल दिया जाएगा।यहां कोविड संक्रमण से बचाव के लिए आवश्यक सावधानी और बचाव के लिए उपाय किए गए है। छात्रों को यहा सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करना होगा। थर्मल स्क्रैनिंग के बाद मास्क लगाकर छात्रों को प्रवेश दिया जाएगा। गौरतलब है कि विश्वविद्यालय के छात्रों ने लाईब्रेरी खोलने की मांग को लेकर कुलपति आवास के बाहर धरना दिया था। विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक लाइब्रेरी में सिफ्ट में कुल 300 छात्र-छात्राओं को प्रवेश की अनुमति दी जाएगी। वहीं सिटी डेलीगेसी में एक समय केवल 50 छात्र अंदर जा सकेंगे। सोमवार 14 दिसम्बर से छात्रों को आने की अनुमति दी गई है।

## सेना के पूर्व अफसर करेंगे गंगा की ऐतिहासिक परिक्रमा पदयात्रा

**प्रयागराज।** अतुल्य गंगा को फिर से जीवंत करने के लिए सरकार गैर सरकारी स्वयंसेवकों और आम जनता के प्रयासों को समन्वित करने के लिए नई पहल की शुरुआत की है। कुंभ नगरी प्रयागराज से भारत की सबसे लंबी और दुर्गम परिक्रमा पदयात्रा 16 दिसंबर से प्रारम्भ होगी। विंग कमांडर एवं जनसंपर्क अधिकारी रक्षा मंत्रालय शैलेन्द्र पाण्डेय ने बताया कि गंगा परिक्रमा भारतीय सेना के पूर्व अधिकारियों द्वारा गठित संगठन अतुल्य गंगा की एक अनूठी पहल है। पूर्व सैन्य अधिकारियों कर्नल मनोज केश्वर लेफ्टिनेंट कर्नल हेम लोहमी कर्नल गोपाल शर्मा द्वारा गठित संस्था अतुल्य गंगा भारतीय सेना की दृढ़ ईछाशक्ति और सेवा भावना को जाग्रित करती है। गंगा परिक्रमा पदयात्रा का शुभारम्भ राज्यपाल आनंदी बेन पटेल केंद्रीय जल मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत केंद्रीय सांस्कृतिक और पर्यटन मंत्री पी पटेल वीडियो कॉन्फ्रेंस से करेंगे।


## उद्योगों और श्रेणियों के लिए हुआ अध्ययनः विजय

**प्रयागराज।** तकनीक में सबसे अभिनव और बेहतरीन अप्रोच अपनाने के लिये एक बार फिर देश में एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स को सम्मानित किया गया। लगातार दूसरी बार टीआरए की ब्राण्ड ट्रस्ट रिपोर्ट दो हजार बीस में रेफ्रिजरेटर और वाशिंग मशीन के लिये सबसे भरोसेमंद ब्राण्ड होने का सम्मान मिला है। यह रिपोर्ट एक स्वतंत्र अध्ययन है। जिसे उपभोक्ताओं को प्रभावित करने वाले सत्रह सौ ग्यारह लोगों के साथ किया गया था। जिसे टीआरए रिसर्च पूर्व में ट्रस्ट रिसर्च एडवाइजरी के नाम से मशहूर ने जारी किया है। रेफ्रिजरेटर और वाशिंग मशीन को उनकी संबद्ध श्रेणियों में भारत का नंबर एक दर्जा दिया गया था। यह अध्ययन भारत के सोलह शहरों में विभिन्न उद्योगों और श्रेणियों के आठ हजार अनूठे ब्राण्ड्स के बीच हुआ था। जिनमें से एक हजार शीर्ष ब्राण्ड्स को रिपोर्ट में सूचीबद्ध किया गया था। होम अप्लायंसेज के वीपी विजय बाबू ने कहा नवाचार करने तथा नई रणनीति बनाने के लिये प्रेरणा का एक बेहतरीन स्रोत है।

## भाजपा द्वारा चलाया गया मतदाता पुनरीक्षण अभियान

**प्रयागराज।** भाजपा महानगर प्रयागराज के तत्वावधान में भाजपा महानगर अध्यक्ष गणेश केसरवानी के नेतृत्व में करेलाबाग तुलसीपुर एडीसी कीडगंज जगराम चौराहा कटरा बाजार में शिविर के माध्यम से हजारों लोगों को नए मतदाता बनाने का फॉर्म भरवाया गया। पोलिंग स्टेशनों में भरे हुए फॉर्म को बीएलओ के माध्यम से जमा कराया गया। इस अवसर पर भाजपा महानगर अध्यक्ष गणेश केसरवानी ने सभी भारतीय जनता पार्टी महानगर के कार्यकर्ताओं के द्वारा पांच दिसंबर से लेकर 13 दिसंबर तक चलाए जा रहे इस कार्य के लिए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के प्रभारी रमेश पासी रहे। इस अवसर पर गिरि बाबा बृजेश मिश्रा राजेश केसरवानी यश विक्रम त्रिपाठी ज्ञानेंद्र मिश्रा दिनेश विश्वकर्मा मनोज मिश्रा विक्रम सिंह भदौरिया गया प्रसाद निषाद राजेंद्र कुशवाहा पंकज कुशवाहा सुचेत गुप्ता मुकेश द्विवेदी पवन त्रिपाठी अमित वर्मा गोपाल बाबू जायसवाल संदीप तिवारी प्रकाश भट्ट शेखर केसरवानी सौरभ सक्सेना रवि जायसवाल श्रीचंद्र गुप्ता अमन केसरवानी आदि उपस्थित रहे।

## एसडीएम ने परखी माइनर की सफाई व्यवस्था



**सफीपुर उन्नाव।** एसडीएम एसडीएम सत्य प्रिय सिंह ने माइनर सफाई व मतदाता बूथ केन्द्रो का निरीक्षण कर हकीकत परखी, माइनर सफाई में खानापूर्ति देख नाराजगी प्रकट करते हुए ठेकेदार को फटकार लगायी। साथ ही नियमानुसार सफाई कराने के निर्देश दिये। तहसील क्षेत्र के माइनरों पर जेसीबी मशीन की सफाई से असंतुष्ट ग्रामीणों ने एसडीएम से शिकायत कर कार्यवाही की मांग की थी। जिसपर एसडीएम सत्य प्रिय सिंह ने बम्हना और मेथीटीकुर माइनर का औचक निरीक्षण कर सफाई की हकीकत देखी। माइनरों की सफाई में खानापूर्ति देख नाराज होते हुए ठेकेदार को मौके पर बुलाकर जमकर फटकार लगा नियमानुसार सफाई कराने के निर्देश दिये। एसडीएम ने बताया कि ग्रामीणों के द्वारा बहाउद्दीनपुर, देवगनमऊ, आदि गावो के आसपास सफाई के नाम पर मशीन से काम किए जाने की शिकायत थी। जांच में माइनर की सफाई संतोष जनक नहीं पायी गयी है। कार्यवाही के लिए एडीएम को पत्र लिखा गया है। एसडीएम ने मखदूम नगर, दाराब नगर, देवगांव बूथ स्थल का निरीक्षण कर ग्रामीणों से बीएलओ का सहयोग करने की अपील की।

## निःशुल्क होम्योपैथी कैम्प का हुआ आयोजन

**मौरावां।** वैश्विक महामारी कोरोना के प्रोटोकॉल में स्मिता फाउंडेशन की ओर से रविवार को हिलौली स्थित एस एस पब्लिक स्कूल परिसर में निशुल्क होम्योपैथिक शिविर आयोजित किया गया। भाजपा नेता समाजसेवी रामबाबू शुक्ल ने शिविर का शुभारंभ करते हुए कहा कि मरीजों को होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति का भरपूर लाभ मिलेगा। शिविर में होम्योपैथी के विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ. मनीष मिश्र ने 124 मरीजों का उपचार किया तथा निशुल्क दवाइयां वितरित की। वही ऋचा ने 75 व तेज अस्थाना ने 24 मरीजो का उपचार किया।

## शिक्षक नें बुजुर्गो को बांटे कम्बल

**फतेहपुर चौरासी।** स्थानीय ब्लाक के प्राइमरी पाठशाला दोस्तपुर शिवली विद्यालय में तैनात शिक्षामित्र व समाजसेवी रानूकुमार नें अपनें निजी धन से गांव की महिलाओं और पुरूषों में कंबल का वितरण किया। साथ ही पत्रकारों का सम्मान करते हुए उनको अंगवस्त्र पहनाया।

## कोरोना संक्रमित को अस्पताल भेजा

**बांगरमऊ उन्नाव।** स्थानीय सी एच सी के चिकित्सक डा चन्द्रकिशोर के नेतृत्व में चिकित्सीय टीम द्वारा क्षेत्र के ग्राम माढापुर में कुल 25 लोगो की कोरोना जांच की गई। जांच में संक्रमित मिले 19 वर्षीय युवक को एम्बुलेंस द्वारा बिछिया के एल-1 अस्पताल भेज दिया गया।

# बंगाल में तत्काल केंद्रीय बल तैनात हों: कैलाश विजयवर्गीय

**भाषा।** बोलपुर (पश्चिम बंगाल)

**पश्चिम** बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर सत्ता में लौटने के लिए हिंसा पर निर्भर रहने का आरोप लगाते हुए भाजपा महासचिव कैलाश विजयवर्गीय ने रविवार को कहा कि राज्य में वर्तमान राजनीतिक हिंसा एवं आतंक के माहौल पर पूर्ण विराम लगाने के लिए तत्काल केंद्रीय बलों को तैनात किया जाना चाहिए। अगले साल अप्रैल-मई में राज्य में होने वाले विस चुनाव के मद्देनजर भाजपा के बंगाल के रणनीतिकार ने चुनाव आयोग से स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित कराने की अपील की और कहा कि भय एवं हिंसा की कोई जगह नहीं होनी चाहिए। विजयवर्गीय ने बीरभूम जिले के शांतिनिकेतन में यहां संवाददाताओं से कहा, ममता बनर्जी को मालूम है कि उनके पैरों के नीचे से जमीन खिसक गई है इसलिए वह हिंसा की ताकत पर राज्य में सत्ता में लौटने का प्रयत्न कर रही हैं। उन्होंने कहा, मैं चुनाव आयोग से राज्य में राजनीतिक हिंसा एवं आतंक के माहौल पर पूर्ण विराम लगाने के लिए अभी से ही केंद्रीय बल तैनात करने की अपील करता हूं। भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा के काफिले पर सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के कथित कार्यकर्ताओं द्वारा हमला किए जाने को लेकर दोनों दलों के बीच वाकयुद्ध चल रहा है। बृहस्पतिवार को नड्डा जब कोलकाता से दक्षिण 24 परगना जिले के डायमंड हार्बर जा रहे थे, तब उन पर हमला हुआ था।



केंद्रीय गृह मंत्रालय ने नड्डा पर भीड़ के हमले को लेकर शनिवार को तीन आईपीएस अधिकारियों की केंद्रीय प्रतिनियुक्ति मांगी थी। भोलानाथ पांडे (डायमंड हार्बर के पुलिस अधीक्षक, प्रवीण त्रिपाठी (उपमहानिरीक्षक, प्रेसीडेंसी रेंज) और राजीव मिश्रा (अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, दक्षिण बंगाल) नौ और दस दिसंबर को प. बंगाल की यात्रा कर रहे भाजपा अध्यक्ष की सुरक्षा के लिए जिम्मेदार थे। तृणमूल कांग्रेस ने शनिवार को घोषणा की थी कि पश्चिम बंगाल के तीन आईपीएस अधिकारियों को केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर भेजने के वास्ते उन्हें मुक्त करने पर आखिरी निर्णय राज्य सरकार का ही होगा। पार्टी ने नड्डा के काफिले पर भीड़ के हमले के बाद तीनों आईपीएस अधिकारियों के तबादले के गृह मंत्रालय के आदेश को धौंसबाजी करार दिया। गृह मंत्रालय ने पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव और पुलिस प्रमुख को समन जारी कर केंद्रीय गृह सचिव अजय भल्ला के समक्ष पेश होकर नड्डा के काफिले पर हमले के संबंध में स्पष्टीकरण देने को कहा था। लेकिन ममता बनर्जी सरकार ने उन समन को खारिज कर दिया था। उसके एक दिन बाद केंद्रीय गृह मंत्रालय ने यह कदम उठाया। राज्यपाल जगदीप धनखड़ द्वारा राज्य की कानून व्यवस्था के बारे में रिपोर्ट भेजे जाने के बाद केंद्रीय गृह मंत्रालय ने समन जारी किया था।



श्रीनगर में भाजपा नेता डीडीसी चुनाव के लिए शिकारा पर रैली निकाल कर पार्टी का झण्डा फहराते हुए।

# बीटीसी के नतीजे मोदी के नेतृत्व में लोगों का भरोसा दर्शाते हैं: नड्डा

**नई दिल्ली।** भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने रविवार को कहा कि बोडोलैंड क्षेत्रीय परिषद (बीटीसी) के चुनाव नतीजे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व एवं नीतियों में लोगों का भरोसा दर्शाते हैं। किसी भी एक दल को 40 सदस्ईय बीटीसी में स्पष्ट बहुमत नहीं मिला है। सत्तारूढ़ बोडो पीपुल्स फ्रंट (बीपीए) 17 सीटों पर चुनाव जीतकर सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरी है। चुनाव अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। नड्डा ने ट्वीट किया, राजग सहयोगी यूपीपीएल और मुख्यमंत्री सर्बानंद सोनोवाल और असम भाजपा के नेताओं को राज्य में बीटीसी चुनाव में स्पष्ट बहुमत प्राप्त करने के लिए शुभकामनाएं। यह नतीजे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व एवं नीतियों में लोगों का भरोसा दर्शाते हैं।



केंद्रीय मंत्री अमित शाह के साथ ही भाजपा के अन्य वरिष्ठ नेताओं ने चुनाव में जीत को लेकर राजग के प्रदर्शन की सराहना की और इसे मोदी के नेतृत्व में जनता का विश्वास करार दिया। यूनाइटेड पीपुल्स पार्टी लिबरल (यूपीपीएल) को 12 सीटों पर जीत मिली है। वहीं भाजपा को नौ और कांग्रेस तथा गण सुरक्षा पार्टी (जीएसपी) को एक-एक सीट पर जीत हासिल हुई है। भाजपा और यूपीपीएल ने औपचारिक तौर पर गठबंधन की घोषणा नहीं की है लेकिन दोनों ने ही स्पष्ट बहुमत नहीं मिलने पर चुनाव बाद गठबंधन के संकेत दिए थे।

## तृणमूल कांग्रेस ने शुभेंदु अधिकारी के करीबी को निष्कासित किया

**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस ने पार्टी की पूर्वी मिदनापुर जिला इकाई के नेता कनिष्क पांडा को रविवार को निष्कासित कर दिया। पांडा को पार्टी के कद्दावर नेता शुभेंदु अधिकारी का करीबी माना जाता है। पार्टी के एक नेता ने बताया कि जिला इकाई के महासचिव पांडा को पार्टी-विरोधी गतिविधियों को लेकर तृणमूल कांग्रेस से निष्कासित कर दिया गया है। उन्होंने कहा, पांडा ने तृणमूल कांग्रेस की युवा इकाई के अध्यक्ष अभिषेक बनर्जी के खिलाफ बयान दिया था और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी द्वारा पार्टी को चलाने के तौर तरीके पर भी सवाल खड़ा किया था। उन्होंने कहा कि जब पार्टी ने स्पष्ट कर दिया कि असंतुष्ट नेता अधिकारी के साथ सुलह की और कोशिश नहीं की जाएगी, तब भी पांडा ने उनके पक्ष में बयान दिया था। अधिकारी ने भाजपा में जाने की अटकलों के बीच मंत्रीपद छोड़ दिया था। नेता ने कहा, प्रदेश नेतृत्व ऐसी गतिविधियों को हल्के में नहीं ले सकता है।

# असम हिंदू-मुस्लिम एकता का है प्रतीक: सोनोवाल

**भाषा।** नई दिल्ली

**असम** के मुख्यमंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने कहा है कि असम ने सदियों के दौरान सद्भावपूर्ण सह-अस्तित्व का सटीक उदाहरण कायम किया है और वह हिंदुओं और मुसलमानों के बीच एकता का प्रतीक रहा है जो वैष्णव संत श्रीमंत शंकरदेव से प्रेरित अजान पीर द्वारा लोकप्रिय बनाए गए गए भक्तिपूर्ण जिकिर गीतों से परिलक्षित होता है। सोनोवाल ने द आईडेंटिटी कोशेंट: द स्टोरी ऑफ असमीज मुस्लिम नामक एक नई पुस्तक की प्रस्तावना में यह टिप्पणी की है। यह पुस्तक पत्रकार जाफरी मुदस्सिर नोफिल ने लिखी है और हर-आनंद प्रकाशन ने प्रकाशित की है।

सोनोवाल ने कहा, असम ने सदियों के दौरान सद्भावपूर्ण सह अस्तित्व का सटीक उदाहरण कायम किया है। यह राज्य हिंदुओं और मुसलमानों के बीच एकता का प्रतीक रहा है जो हिंदू-मुस्लिम मित्रता के अंतर्संबंध से स्पष्ट होता है। उन्होंने कहा, श्रीमंत शंकरदेव से प्रेरित अजान पीर के जिकिर और जारी निश्चित रूप से उसी तरह धर्मनिरपेक्ष संदेश के पाठ पढ़ाते हैं जिस तरह डॉ. भूपेन हजारिका के गीत धर्मों और मानवता के बीच समानता, शांति और एकता के संदेश देते हैं।

दरअअसल जिकिर और जारी, अजान पीर के असमिया भाषा के मुस्लिम भक्ति गीत हैं। अजान पीर असम के आध्यात्मिक आदर्श और सार्वभौमिक भाईचारे के प्रतीक बन गए। वह श्रीमंत शंकरदेव से प्रेरित थे और समाज में एकता का सेतु कायम करने में सफल रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पुस्तक असमी मुसलमानों की कहानी बयां करती है और मध्यकाल से उनकी वंशावली खंगालती है जब मुस्लिम शासकों एवं जनरलों ने इस क्षेत्र पर हमला किया था।

स्वयं असमी मुसलमान नोफिल ने नई दिल्ली आने से पहले गुवाहाटी में द सेंटिनल अखबार में कार्य करते हुए असम को कवर किया। अब वह नई दिल्ली में प्रेस ट्रस्ट ऑफ इंडिया (पीटीआई) में नेशनल डेस्क पर वरिष्ठ समाचार संपादक हैं। सोनोवाल ने कहा, मैं इस किताब से खुश हूं कि जो राज्य के मुसलमानों के योगदान, उनके रीति रिवाज और उनके अनोखे व्यंजनों के बारे में बताती है। ऐतिहासिक उद्धरणों के साथ कथेतर विमर्श के अनोखेपन वाली इस पुस्तक के बारे में मेरा मानना है कि इसे लोग पढेंगे और सराहेंगे।

नोफिल लिखते हैं, यह पुस्तक बताती है कि कैसे असम के मुसलमान देश के बाकी मुसलमानों से अलग हैं। उन्हें अपने आप को पहले असमी कहलाने में गर्व होता है और वे कभी भी अपने को असमी हिंदुओं से कम असमी नहीं मानते हैं। वह कहते हैं कि असमी मुसलमानों का योगदान बहुआयामी, विविध और विपुल है, ऐसे में चाहे राजनीति हो या सिविल सेवा, साहित्य एवं कला, शिक्षा या कानून, खेल, फिल्म एवं मनोरंजन जगत आदि सभी क्षेत्रों में उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया है।

## क्विक न्यूज

### चुनाव प्रचार के लिए डल झील में भाजपा नेताओं, मीडिया कर्मियों से भरी नौका डूबी, सभी बाल-बाल बचे

**श्रीनगर।** जिला विकास परिषद (डीडीसी) चुनाव के लिए प्रचार के दौरान यहां डल झील में भाजपा कार्यकर्ताओं और मीडियाकर्मियो से भरी एक नौका (शिकारा) रविवार को डूब गई। अधिकारियों ने यहां जानकारी दी। हालांकि इस हादसे में सभी लोग बाल-बाल बच गए। यह घटना उस समय हुई जब नाव झील के तट के नजदीक पहुंच गई थी। स्थानीय लोगों, राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ) के जवानों और पुलिस ने भाजपा कार्यकर्ताओं और पत्रकारों को बचाया। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर शिकारा रैली का नेतृत्व कर रहे थे। वह जम्मू-कश्मीर में डीडीसी चुनाव के लिए भाजपा प्रभारी है। भाजपा नेता तरुण चुग और शाहनवाज हुसैन भी रैली मे मौजूद थे।

### नाकामियों पर बहस से भाग रही महाराष्ट्र सरकार: फडणवीस

**मुंबई।** महाराष्ट्र विधानसभा मे विपक्ष के नेता देवेंद्र फडणवीस ने उद्धव ठाकरे नीत महाविकास आघाड़ी सरकार पर सभी मोर्चों पर विफल रहने और इस विषय पर बहस से बचने का आरोप लगाया। राज्य विधानसभा का दो दिवसीय शीतकालीन सत्र आरंभ होने से एक दिन पहले संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए फडणवीस ने दावा किया कि यह दरअसल एक दिवसीय सत्र ही है जिसमें अनुपूरक मांगों को पारित करने के लिए केवल छह घंटे का वक्त मिलेगा। फडणवीस ने कहा कि भाजपा ने सत्तारूढ़ दल की नाकामी के विरोध में सत्र से एक दिन पहले होने वाली रस्मी चाय पार्टी का बहिष्कार किया। उन्होने कहा कि सरकार ने शीतकालीन सत्र दो हफ्ते का आयोजित करने की विपक्ष की मांग को खारिज कर दिया और इस बात से भी इनकार कर दिया कि अगले वर्ष बजट सत्र नागपुर में होगा। फडणवीस ने आरोप लगाया, सरकार सभी मोर्चों पर विफल रही है, चाहे वह कोविड-19 महामारी से निपटना हो या फिर चक्रवात, भारी बारिश और बाढ़ से प्रभावित किसानों की मदद करना हो। महाराष्ट्र को छोड़कर पूरे देश में कोरोना वायरस संक्रमण में कमी आ रही है।

### नगर निकाय चुनाव कांग्रेस को 544 सीटों पर जीत मिली

**जयपुर।** राजस्थान के 12 जिलो के 50 नगर निकायो मे 1775 वार्ड सदस्यो यानी पार्षद के लिए शुक्रवार को हुए मतदान के परिणाम रविवार को घोषित किए गए जिसके मुताबिक कांग्रेस ने 544 सीटो पर और भाजपा ने 468 सीटो पर जीत दर्ज की है। राज्य निर्वाचन आयोग के प्रवक्ता के अनुसार रविवार को घोषित 50 नगर निकायों के परिणामो में कांग्रेस के 544 उम्मीदवार, भाजपा के 468, बसपा के सात, भाकपा और माकपा के दो-दो उम्मीदवारों ने जीत दर्ज की हैं। 12 जिलों की 50 निकायो मे 43 नपा और सात नगर परिषदो मे 1775 वार्ड है। मतदान के लिए यहां 2,622 मतदान केंद्र बनाए गए थे और कुल 14 लाख 32,233 मतदाता पंजीकृत है। पार्षदी के लिए कुल 7,249 उम्मीदवार चुनावी मैदान में थे। इन निकायों में अध्यक्ष या सभापति पद के लिए 14 दिसंबर को लोकसूचना जारी होगी। अध्यक्ष का 20 दिसंबर को व उपाध्यक्ष का 21 दिसंबर को निर्वाचन होगा।

### मदरसों, संस्कृत स्कूलों को बंद करने के प्रस्ताव को मंजूरी

**गुवाहाटी।** असम कैबिनेट ने सभी सरकारी मदरसो और संस्कृत स्कूलो को बंद करने के प्रस्ताव को रविवार को मंजूरी दे दी और इस सिलसिले मे राज्य विधानसभा के आगामी शीतकालीन सत्र मे एक विधेयक पेश किया जाएगा। यह जानकारी संसदीय मामलो के मंत्री चंद्र मोहन पटवारी ने दी। असम सरकार के प्रवक्ता पटवारी ने कहा, मदरसा और संस्कृत स्कूलों से जुड़े वर्तमान कानूनो को वापस ले लिया जाएगा। विधानसभा के अगले सत्र मे एक विधेयक पेश किया जाएगा। असम विस का शीतकालीन सत्र 28 दिसंबर से शुरू होगा। शिक्षा मंत्री हेमंत बिस्व सरमा ने पहले कहा था कि असम मे 610 सरकारी मदरसे है और सरकार इन संस्थानो पर प्रति वर्ष 260 करोड़ रुपए खर्च करती है।

### सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में दो माओवादियों की मौत

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के मल्कानगिरी जिले मे सुरक्षा बलो के साथ मुठभेड़ मे रविवार को एक महिला नक्सली समेत दो माओवादियों को मार गिराया गया। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) अभय ने यहां संवाददाताओ को बताया कि गुप्त सूचना मिलने पर विशेष अभियान समूह (एसओजी) के कर्मियो ने मल्कानगिरी जिले के स्वाभिमान अंचल के गजलमामुडी मे खोज अभियान शुरू किया। उन्होने बताया कि माओवादियो ने सुरक्षा बलो पर गोलाबारी कर दी, जिसके बाद जवाबी कार्वाई की गई, जिसमे दो नक्सली मौके पर ही मारे गए और बाकी भाग गए। डीजीपी ने बताया कि एसओजी के कर्मियो ने मौके से दो बंदूकें और अन्य सामान बरामद किए। उन्होने स्वाभिमान अंचल को वामपंथी उग्रवाद से मुक्त कराने के लिए खोज अभियान तेज कर दिया है। उन्होने कहा कि मृतक महिला कैडर वर्दी मे थी और ऐसा लगता है कि वह अहम पद पर थी जबकि दूसरे माओवादी की पहचान डी रमेश के तौर पर हुई है। वह भाकपा (माओवादी) का क्षेत्रीय कमांडर था। डीजीपी ने कहा, राज्य सरकार स्वाभिमान अंचल को माओवादियों से मुक्त कराने के लिए प्रतिबद्ध है और हम उनसे आत्मसमर्पण करने की अपील करते है।




कोलकाता में जीडी बिरला सेन्टर के लिए स्कूल अथारिटी के खिलाफ मूक विरोध प्रदर्शन करते हुए अभिभावकों ने निकाली रैली।

# विख्यात संस्कृत विद्वान गोविंदाचार्य का निधन

**भाषा।** मेंगलुरु/नई दिल्ली

**विख्यात** संस्कृत विद्वान विद्यावाचस्पति बन्ननजे गोविंदाचार्य का आयु संबंधी बीमारियों के कारण रविवार को निधन हो गया। वह 85 वर्ष के थे। गोविंदाचार्य ने उडुपी के अम्बल्पदी स्थित अपने घर में अंतिम सांस ली। मधवा विचारधारा के प्रचारक गोविंदाचार्य को वर्ष 2009 में पद्मश्री से सम्मानित किया गया था। वह वेद भाष्य, उपनिषद भाष्य, महाभारत, रामायाण और पुराणों के ज्ञाता थे।

गोविंदाचार्य ने करीब 150 पुस्तकें लिखीं और संस्कृत से कन्नड़ में भी काफी अनुवाद किया। उन्होंने कई ऐतिहासिक किताबों का भी कन्नड़ में अनुवाद किया। उधर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को प्रख्यात संस्कृत विद्वान विद्यावाचस्पति बन्नंजय गोविंदाचार्य के निधन पर शोक व्यक्त किया और कहा कि उन्हें साहित्य में उनके महान योगदान के लिए याद किया जाएगा।

पारिवारिक सूत्रों ने कहा कि उडुपी के अम्बल्पदी स्थित अपने आवास पर गोविंदाचार्य का रविवार को उम्र संबंधी बीमारियों की वजह से निधन हो गया। वह 85 साल के थे। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, विद्यावाचस्पति बन्नंजय गोविंदाचार्य जी को साहित्य में उनके महान योगदान के लिए हमेशा याद किया जाएगा। संस्कृत और कन्नड़ भाषा के प्रति उनका गहरा लगाव सराहनीय था। प्रधानमंत्री ने ट्वीट किया, उनकी रचनाएं आने वाली पीढ़ियों को प्रभावित करती रहेंगी। उनके निधन से दुखी हूं। उनके परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करता हूं। ओम शांति। मधवा विचारधारा के प्रचारक गोविंदाचार्य को वर्ष 2009 में पद्मश्री से सम्मानित किया गया था। वह वेद भाष्य, उपनिषद भाष्य, महाभारत, रामायण और पुराणों के ज्ञाता थे।

# नए कृषि कानूनों से किसान सशक्त आत्मनिर्भर होगा : मदन कौशिक

**देहरादून।** कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी दलों पर किसानों को बरगलाने का आरोप लगाते हुए उत्तराखंड के शहरी विकास मंत्री मदन कौशिक ने रविवार को कहा कि नए कृषि कानूनों से किसानों की आय में बेतहाशा वृद्धि होगी और वह सशक्त तथा आतमनिर्भर होगा। यहां एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कौशिक ने कहा कि आज कृषि कानूनों का विरोध करने वाली कांग्रेस व अन्य विपक्षी दल 2014 से पूर्व इसके पक्ष में थे जो उनके लोकसभा और राज्यसभा में दिए बयानों से स्पष्ट है।

उन्होंने कहा, लेकिन आज कृषि कानूनों के प्रति विपक्षी दलों का रुख बहुत ही निराशाजनक है और देश के अन्नदाताओं को गुमराह कर उनके हितों के साथ कुठाराघात करने का उनका अभियान बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है। कौशिक ने कहा कि किसानों पर अपनी फसल को बेचने को लेकर वर्षों से लगी बंदिशों को कृषि कानूनों के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अन्नदाताओं को असली आजादी दी है।

उन्होंने कहा, लेकिन दुर्भाग्य से विपक्षी दलों द्वारा हमारे मेहनती किसानों को बरगलाने का काम किया जा रहा है। मंत्री ने कहा कि किसानों को गलत तथ्य देकर भ्रमित किया जा रहा है कि वह अपने जमीन का मालिकाना हक खो देगा लेकिन सच यह है कि किसान आज भी अपनी जमीन का मालिक है और कल भी रहेगा।

इसी प्रकार, उन्होंने कहा कि न्यूनतम समर्थन मूल्य भी पहले की तरह चलता रहेगा तथा मंडी की व्यवस्था भी पहले की तरह ही बनी रहेगी। कौशिक ने कहा कि केंद्र तथा राज्य सरकार किसानों की सच्ची हितैषी हैं और भाजपा किसानों के बीच जाकर इन कानूनों के विषय में पूरी जानकारी साझा करेंगी।

## जांच हो कि किसानों के प्रदर्शन में फालतू लोग तो नहीं घुस गए: आठवले

**नागपुर।** केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले ने रविवार को कहा कि इस बारे में जांच किया जाना बेहद आवश्यक है कि किसान आंदोलन में कहीं ऐसे लोग तो प्रवेश नहीं कर गए जिनका इससे कोई लेना-देना नहीं है। इससे पहले शनिवार को रेल मंत्री पीयूष गोयल ने कहा था कि किसान आंदोलन में वामपंथी एवं माओवादी तत्वों ने घुसपैठ कर ली है। महाराष्ट्र के नागपुर में प्रेसवार्ता के दौरान आठवले ने कहा कि केंद्रीय मंत्री रावसाहेब दानवे का यह दावा कि किसान आंदोलन के पीछे चीन और पाकिस्तान हैं, यह सरकार का रुख नहीं है। दानवे के दावे को लेकर किए गए सवाल के जवाब में उन्होंने कहा, पाकिस्तान और चीन के हाथ यहां तक नहीं पहुंच सकते। वहीं, गोयल की टिप्पणी को लेकर आठवले ने कहा, यदि किसानों के प्रदर्शन में ऐसे लोग प्रवेश कर चुके हैं जिनका इससे कोई संबंध नहीं है तो पीयूष गोयल द्वारा की गई टिप्पणियों के संबंध में जांच शुरू होनी चाहिए।

# कोरोना टीके के क्लीनिकल परीक्षण में किसी भी तरह का समझौता नहीं किया: कांग

**नई दिल्ली।** कोविड-19 टीके के प्रभाव एवं सुरक्षा को लेकर लोगों के मन में उभर रही चिंताओं को लेकर मशहूर चिकित्सा वैज्ञानिक गगनदीप कांग ने कहा कि कोरोना वायरस के लिए टीके बेहद कम समयावधि में तैयार किया जा रहे हैं लेकिन इनके क्लीनिकल परीक्षण में किसी भी तरह का समझौता नहीं किया गया है। कोरोना वायरस का टीका विकसित करने वाले उम्मीदवारों को सहायता उपलब्ध कराने वाली एक वैश्विक संस्था से जुड़ी कांग ने यह भी कहा कि कोविड-19 का टीका वैश्विक एवं घरेलू स्तर पर सभी के लिए उपलब्ध होना चाहिए। गगनदीप कांग लंदन की रॉयल सोसायटी का हिस्सा बनने वाली पहली भारतीय महिला हैं।

कांग ने साक्षात्कार के दौरान कहा कि यद्यपि, कोरोना वायरस का टीका बेहद कम समय में विकसित किया जा रहा है लेकिन क्लीनिकल परीक्षण के सभी चरणों से इसे गुजारा जा रहा है। उन्होंने कहा, केवल परीक्षण के तौर-तरीकों में बदलाव किया गया है, जहां क्लीनिकल परीक्षणों के चरणों के बीच होने वाले सभी कदमों को काट दिया गया है। इसका मतलब है कि नियामक पहले से भी कहीं अधिक लंबे और मुश्किल काम कर रहे हैं।

वैज्ञानिक ने कहा कि सभी लोग चीजों को तेजी से करने को लेकर बात कर रहे हैं लेकिन मुझे लगता है कि यह जानना बेहद आवश्यक है कि हम किन चरणों को काट रहे हैं और यह बेहद साफ है कि टीका विकसित करने के दौरान परीक्षण के किसी भी पहलू को हटाया नहीं जा रहा है। उन्होंने कहा, मैं सोचती हूं कि यह समझना बेहद आवश्यक है कि कोविड-19 टीकों के क्लीनिकल परीक्षण में किसी भी तरह का कोई समझौता नहीं किया गया है। कांग ने कहा कि कोविड-19 टीके को विकसित करने को लेकर एक और चीज अलग है कि जल्द नतीजे प्राप्त करने के मद्देनजर क्लीनिकल परीक्षण बड़े व्यापक पैमाने पर किए गए हैं।



मनाली में नेहरूकुण्ड में बर्फबारी के दौरान स्केटिंग का आनंद उठाते हुए पर्यटक

पायनियर
लखनऊ, सोमवार, 14 दिसंबर, 2020



# मानवजाति को अंधयुग में ले जाना चाहते हैं आतंकी

## ● संसद हमले की बरसी पर नायडू ने कहा

**भाषा।** नई दिल्ली

**उपराष्ट्रपति** एम वेंकैया नायडू ने रविवार को कहा कि 13 दिसंबर 2001 को संसद पर हुए हमले की बरसी आतंकवाद और लोकतांत्रिक मूल्यों और आर्थिक आकांक्षाओं के प्रति उसके विरोध के खतरे की याद दिलाती है। नायडू ने फेसबुक पर किए गए एक पोस्ट में कहा कि संसद की सुरक्षा कर रहे सतर्क और वीर जवानों ने हमले को नाकाम कर दिया।

आतंकवादियों की गोलीबारी में आठ सुरक्षा कर्मियों और एक माली ने अपने प्राणों का बलिदान दिया। त्वरित और वीरता से दी गई प्रतिक्रिया में सभी पांच आतंकवादियों को ढेर कर दिया गया। उन्होंने कहा कि उस हमले के दौरान सीआरपीएफ की बहादुर कॉन्स्टेबल कमलेश कुमारी सबसे आगे थी जिन्होंने आतंकवादियों को पहले देखा और संसद परिसर में उनकी गतिविधियों पर नजर रखे रहीं तथा अपने वरिष्ठ अधिकारियों को जानकारी देती रहीं। उपराष्ट्रपति ने कहा कि उनकी सूचना आतंकवादियों के विरुद्ध त्वरित और कारगर कार्वाई में महत्वपूर्ण थीं। वह स्वयं आतंकवादियों की गोलियों का सामना करते हुए वीरगति को प्राप्त हुईं और अपने पीछे शौर्य, कर्तव्य निष्ठा एवं राष्ट्र निष्ठा का एक अनुकरणीय आदर्श छोड़ गईं। राज्यसभा के सभापति नायडू ने कहा कि इस मौके पर मैं आठों सुरक्षा कर्मियों और माली की वीरता और त्याग को सादर नमन करता हूं। कृतज्ञ राष्ट्र आपके त्याग को सदैव आदरपूर्वक याद करेगा। उन्होंने कहा कि 2001 का साल लोकतंत्र और अर्थव्यवस्था के केंद्रों पर घृणित हमलों के साथ खत्म हुआ। नायडू ने कहा कि दुनिया की सबसे अधिक आबादी वाले लोकतांत्रिक देश, भारत और अमेरिका पर हमले हुए। उस साल सितंबर में वर्ल्ड ट्रेड सेंटर पर और दिसंबर में भारतीय संसद पर हमले हुए जिसने आतंकवादी संगठनों के एजेंडा को उजागर कर दिया। बीते दशकों में अलग अलग तरह के कई ऐसे हमले मानवजाति ने देखे हैं। उपराष्ट्रपति ने कहा कि आतंकवादी संगठनों का एकमात्र एजेंडा दुनिया के लोकतांत्रिक और आर्थिक ताने-बाने को बाधित करना एवं मानवजाति को अंधयुग में ले जाना है। उन्होंने कहा कि प्रभावी और सामूहिक वैश्विक कार्वाइयों के जरिए ऐसी नापाक साजिशों को खत्म करना चाहिए।

नायडू ने कहा कि संकीर्ण लक्ष्यों के लिए आतंकवाद को राज्य की नीति के तौर पर सहायता देने वाले राज्य एवं राज्य इतर तत्वों को विश्व समुदाय द्वारा अलग-थलग किया जाना चाहिए। उपराष्ट्रपति ने कहा कि भारत आतंकवाद के खिलाफ संयुक्त राष्ट्र समझौते को अपनाने के एक प्रस्ताव पर जोर देता रहा है। इस संबंध में अलग-अलग महाद्वीपों के कई देशों ने भारत का समर्थन किया है जबकि कुछ हैं जो संकीर्ण भू-राजनीतिक और आर्थिक कारणों से आतंकवाद के बड़े खतरों से बेखबर हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें यह एहसास होना चाहिए कि अगर संयुक्त प्रयास के जरिए आतंकवाद के खतरे को खत्म नहीं किया गया तो अंत में सब को नुकसान होगा। नायडू ने कहा कि 2001 के संदेश का इस्तेमाल हर नागरिक और देश को आतंकवाद के छुपे हुए खतरे को बताने के लिए करना चाहिए ताकि इसे खत्म करने के लिए एक प्रभावी कार्रवाई की जा सके।

## राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री ने संसद हमले के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की

**भाषा।** नई दिल्ली

**राष्ट्रपति** रामनाथ कोविंद, उप राष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, कई केन्द्रीय मंत्रियों और विपक्ष के नेताओं ने 2001 में संसद पर हुए आतंकवादी हमले में शहीद हुए लोगों को रविवार को श्रद्धांजलि अर्पित की।

राज्यसभा के उप सभापति हरिवंश, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह, राज्यसभा में विपक्ष के नेता गुलाम नबी आजाद, समाजवादी पार्टी के नेता राम गोपाल यादव और कांग्रेस नेता राजीव शुक्ला ने संसद भवन के बाहर आयोजित एक कार्यक्रम में शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। नेताओं ने शहीदों के सम्मान में एक मिनट का मौन भी रखा। गौरतलब है कि 19 वर्ष पूर्व आज ही के दिन लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद के आतंकवादियों ने संसद पर हमला किया था इस हमले में आतकंवादियों का मुकाबला करते हुए दिल्ली पुलिस के पांच जवान, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की एक महिला कर्मी और संसद के दो कर्मी शहीद हो गए थे। एक माली और एक फोटो पत्रकार की भी हमले में मौत हो गई थी। सुरक्षाबलों ने पांचों हमलावरों को ढेर कर दिया था।

राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने सुबह शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने ट्वीट किया, 2001 में आज ही के दिन संसद पर हुए आतंकवादी हमले में संसद की रक्षा करते हुए जान गंवाने वाले लोगों को कृतज्ञ राष्ट्र याद करता है। हमारे लोकतंत्र के मंदिर के उन प्रहरियों के महान बलिदान को याद करते हुए हम आतंकी ताकतों को परास्त करने के अपने प्रण को और मजबूत करते हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए ट्वीट किया, हम हमारी संसद पर आज ही की तारीख में 2001 में हुए कायराना हमले को कभी नहीं भूल सकते। हम हमारी संसद की रक्षा करते हुए अपनी जान गंवाने वालों के बलिदान एवं बहादुरी को याद करते हैं। हम हमेशा उनके शुक्रगुजार रहेंगे। गृह मंत्री शाह ने अपने ट्वीट में कहा, वर्ष 2001 में लोकतंत्र के मंदिर संसद में आतंकवादियों के कायराना हमले में दुश्मनों से लोहा लेते हुए सर्वोच्च बलिदान देने वाले भारत माता के सपूतों को मैं भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। हमले के बाद संसद की सुरक्षा बढ़ा दी गई थी। इस घटना के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव चरम पर पहुंच गया था।



नई दिल्ली में रविवार को संसद भवन पर हमले की 19वीं वर्षगांठ पर अपनी जान गंवाने वाले शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व अन्य वरिष्ठ नेता।

## मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय की महिला न्यायाधीश का कोरोना से निधन

**इंदौर।** मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय की इंदौर पीठ की न्यायमूर्ति वंदना कसरेकर का कोरोना वायरस संक्रमण के बाद रविवार को निधन हो गया। वह 60 वर्ष की थीं और लम्बे समय से किडनी संबंधी रोग से भी जूझ रही थीं। कोविड-19 की रोकथाम के लिए जिले के नोडल अधिकारी अमित मालाकार ने बताया कि उच्च न्यायालय की इंदौर पीठ की न्यायमूर्ति वंदना कसरेकर (60) ने शहर के एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान आखिरी सांस ली। वह पिछले कई दिन से गंभीर हालत में अस्पताल में भती थीं। उन्होंने बताया, न्यायमूर्ति वंदना कसरेकर जांच में कोविड-19 से संक्रमित पाई गई थीं। इसके अलावा, वह लम्बे समय से किडनी संबंधी रोग से भी जूझ रही थीं। न्यायमूर्ति कसरेकर के निधन पर राज्य के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शोक जताया है। उन्होंने ट्वीट किया, "इंदौर उच्च न्यायालय में पदस्थ माननीय न्यायमूर्ति वंदना कसरेकर के निधन का दु:खद समाचार मिला है। मैं ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि वह दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें और उनके परिजनों को इस वज्रपात को सहने की क्षमता दें। मेरी संवेदनाएं उनके परिवार के साथ हैं। न्यायाधीश के रूप में नियुक्त होने से पहले, कसरेकर उच्च न्यायालय की इंदौर पीठ में ही दीवानी और संवैधानिक मुकदमों की पैरवी करती थीं। फिलहाल वह इंदौर पीठ की इकलौती महिला न्यायाधीश थीं। उन्हें 25 अक्टूबर 2014 को उच्च न्यायालय की न्यायाधीश नियुक्त किया गया था और उनका कार्यकाल नौ जुलाई 2022 को समाप्त होना था।

## भारत का उदय अपने साथ प्रतिक्रियाएं भी लाएगा

**भाषा।** नई दिल्ली



**विदेश** मंत्री एस जयशंकर ने रविवार को कहा कि भारत का उदय अपने साथ तमाम तरह की प्रतिक्रियाएं भी लेकर आएगा और देश के प्रभाव को कम करने तथा उसके हितों को सीमित करने के प्रयास भी किए जाएंगे। दूसरे मनोहर पर्रिकर स्मृति व्याख्यान में जयशंकर ने यह भी कहा कि भारत ने अपने वैश्विक हितों और पहुंच का विस्तार किया है और उसके अपने हार्ड पावर (सैन्य और आर्थिक शक्तियों) पर ध्यान केंद्रित करने के लिए स्थितियां अब और अकाट्य हैं।

विदेश मंत्री ने कहा कि उदयमान भारत के सामने आ रही राष्ट्रीय सुरक्षा चुनौतियां निश्चित रूप से अलग होने जा रही हैं और उन्होंने जोर दिया कि विदेश और सैन्य नीतियों में ज्यादा एकरूपता व संमिलन होना चाहिए। पाकिस्तान के परोक्ष संदर्भ में जयशंकर ने कहा कि लंबे समय की राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता आज एक पड़ोसी द्वारा सतत तौर पर सीमा पार आतंकवाद के रूप में व्यक्त की जा रही है। उन्होंने कहा, दुनिया एक प्रतिस्पर्धात्मक स्थल है और भारत के उदय को लेकर तमाम तरह की प्रतिक्रियाएं होंगी। हमारे प्रभाव को कम करने और हमारे हितों को सीमित करने के प्रयास होंगे। इनमें से कुछ प्रतिस्पर्धाएं सीधे सुरक्षा क्षेत्र में हो सकती हैं तो अन्य आर्थिक क्षेत्र, संपर्क और सामाजिक संदर्भों में भी परिलक्षित हो सकती हैं। भारत के समक्ष विविध सुरक्षा चुनौतियों पर चर्चा करते हुए विदेश मंत्री ने कहा कि देश राष्ट्रीय अखंडता और एकता को कमजोर करने वाले प्रयासों की अनदेखी नहीं कर सकता। उन्होंने कहा कि बेहद कम प्रमुख राष्ट्र हैं जिनकी अब भी उस तरह की अशांत सीमाएं हैं जैसी हमारी हैं। समान रूप से प्रासंगिक एक बेहद अलग चुनौती है जिसका सामना हम वर्षों से कर रहे हैं, वह है एक पड़ोसी द्वारा हम पर थोपा गया तीव्र आतंकवाद। हम अपनी राष्ट्रीय अखंडता और एकता को कमजोर करने की साजिशों की भी उपेक्षा नहीं कर सकते। उन्होंने कहा, अपवाद वाले इन कारकों के अलावा बड़ी सीमाओं और लंबे समुद्री क्षेत्र की चुनौतियां भी हैं। ऐसे अनिश्चित माहौल में संचालन करने वाली सरकार की सोच और योजना स्वाभाविक रूप से सख्त सुरक्षा को वरीयता देने वाली होनी चाहिए।

जयशंकर ने कहा कि असीमित सैन्य संघर्ष का युग पीछे छूट सकता है लेकिन सीमित युद्ध और प्रतिरोधी कूटनीति आज भी काफी हद तक जीवन के तथ्य हैं। भारत के बढ़ते वैश्विक कद के बारे में जयशंकर ने कहा कि देश के दुनिया के साथ संबंध तब की तरह नहीं हो सकते जब उसकी रैंकिंग काफी नीचे थी। उन्होंने कहा कि दुनिया में हमारी हिस्सेदारी निश्चित रूप से ज्यादा हुई है और उसी के अनुरूप हमसे उम्मीदें भी बढ़ी हैं। आसान शब्दों में कहें तो भारत अब ज्यादा तवज्जो रखता है और दुनिया को लेकर हमारा नजरिया उसके सभी परिप्रेक्ष्यों में उसे नजर आना चाहिए।

## पश्चिमी कमान के कमांडर ने जम्मू में सुरक्षा स्थिति का लिया जायजा

**भाषा।** जम्मू

**पश्चिमी** कमान के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल आर पी सिंह ने जम्मू की दो दिवसीय यात्रा के दौरान टाइगर डिविजन मुख्यालयों का दौरा किया और इस दौरान उन्हें जम्मू सेक्टर में अभियान और सुरक्षा संबंधित स्थितियों के बारे में जानकारी दी गई। एक रक्षा प्रवक्ता ने रविवार को यह जानकारी दी। प्रवक्ता के अनुसार लेफ्टिनेंट जनरल ने शुक्रवार और शनिवार को अपनी यात्रा के दौरान अग्रिम क्षेत्रों में तैनात सैनिकों से बातचीत की और अभियान से जुड़ी बेहतरीन तैयारियां लगातार बनाए रखने के लिए उनकी प्रशंसा की। प्रवक्ता के मुताबिक राइजिंग स्टार कॉर्प के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी और टाइगर डिविजन जनरल ऑफिसर कमांडिंग मेजर जनरल विजय बी नायर ने पश्चिमी कमान के कमांडर को जम्मू सेक्टर में अभियान और सुरक्षा संबंधित स्थितियों के बारे जानकारियां दीं।

## केरल में पीएफआई की छात्र शाखा का महासचिव गिरफ्तार

**भाषा।** नई दिल्ली



**प्रवर्तन** निदेशालय (ईडी) ने पीएफआई की छात्र शाखा के महासचिव रउफ शरीफ को गिरफ्तार किया है। आधिकारिक सूत्रों ने रविवार को बताया कि केरल में तिरुवनंतपुरम हवाई अड्डे पर उसे अधिकारियों ने पकड़ा था।

उन्होंने कहा कि शरीफ को शनिवार को धनशोधन निवारण अधिनियम की धाराओं के तहत गिरफ्तार किया गया और केरल की एक अदालत ने उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया। ईडी सोमवार को उसकी हिरासत की मांग कर सकता है। सूत्रों ने बताया कि शरीफ आपराधिक धनशोधन की जांच के मामले में ईडी के समन से बच रहा था। यह जांच केरल के इस्लामिक संगठन पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के खिलाफ चल रही है। बताया जाता है कि शरीफ पीएफआई की छात्र शाखा कैंपस फ्रंट ऑफ इंडिया का महासचिव है।

सूत्रों ने कहा कि ईडी ने उसे पीएमएलए के तहत कई समन जारी किए थे, जिससे वह कथित तौर पर बच रहा था, जिसके बाद निदेशालय ने उसके खिलाफ लुकआउट सर्कुलर जारी किया। उन्होंने बताया कि लुकआउट सर्कुलर जारी किए जाने के बाद उसे शनिवार को तिरुवनंतपुरम हवाई अड्डे पर अधिकारियों ने पकड़ा, जिसके बाद ईडी को सूचित किया गया और केंद्रीय जांच एजेंसी ने उसे हिरासत में ले लिया।

## ऑपरेशन ओलिव में तटरक्षक बल का विमान भी शामिल

**केंद्रपाड़ा (ओडिशा)।** ओडिशा के समुद्री तट पर हर साल प्रजनन करने वाले दुर्लभ ओलिव रिडले कछुओं की सुरक्षा सुश्चित करने के लिए तटरक्षक बल ने अपना एक विमान भी लगाया है जिसकी मदद से इलाके में गश्त की जा रही है। तटरक्षक बल के एक अधिकारी ने बताया कि राज्य वन विभाग के संयुक्त समन्वय से कछुओं के संरक्षण का कार्य किया जा रहा है और जहां पर बड़ी संख्या में कछुए आए हैं, वहां पर गैर कानूनी तरीके से मछली पकड़ने को रोकने के लिए कड़ी निगरानी की जा रही है। उन्होंने बताया कि तटरक्षक बल ने इन समुद्री जीवों के संरक्षण के लिए बेहद सतर्क योजना बनाई है जिसके तहत विलुप्त होने के खतरे का सामना कर रहे इन जीवों को बचाने के लिए तटरक्षक 24 घंटे निगरानी कर रहे हैं। अधिकारी ने बताया कि तटरक्षक बल का विमान गहिरमाथा समुद्री जीव अभयारण्य, धर्मा, देवी और रुशीकुल्या नदी के मुहाने पर गैर कानूनी तरीके से मछली पकड़ने की घटना को रोकने के लिए निगरानी कर रहा है।

## कोविड-19 के मामलों में कमी जारी

### ● एक दिन में 30,254 नए रोगी, 391 की मौत

**भाषा।** नई दिल्ली

**भारत** में पिछले कुछ हफ्तों से कोविड-19 के मामलों में कमी आने का सिलसिला जारी है और देश में कुल मामलों में उपचाराधीन मरीजों की संख्या घटकर अब महज 3.62 फीसदी रह गई है। यह जानकारी रविवार को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने दी। रोजाना स्वस्थ होने वाले मरीजों की संख्या, नए मामलों से ज्यादा होने के कारण भारत में वर्तमान में उपचाराधीन रोगियों की संख्या महज तीन लाख 56 हजार 546 रह गई है।

मंत्रालय ने बताया कि देश में पिछले 24 घंटे के दौरान कोविड-19 के 30,254 मामले सामने आए जबकि इसी दौरान 33,136 मरीज स्वस्थ हुए। इससे एक दिन में कुल मामलों में 3273 की कमी आई है। इसने कहा कि भारत दुनिया के उन देशों में शामिल है, जहां पिछले सात दिनों में प्रति दस लाख की आबादी पर सबसे कम मामले सामने आए हैं। दुनिया में यह प्रति दस लाख की आबादी पर 158 है। मंत्रालय ने कहा, अभी तक 93,57,464 लोग बीमारी से ठीक हो चुके हैं। स्वस्थ हुए मरीजों और उपचाराधीन रोगियों के बीच का अंतर धीरे-धीरे बढ़ रहा है और यह अभी तक 90 लाख (90,00,918) को पार कर चुका है। इसने कहा कि स्वस्थ हुए नए मरीजों में 75.23 फीसदी दस राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से हैं।

केरल में कोविड-19 से 5268 व्यक्ति ठीक हुए जबकि महाराष्ट्र में 3949 लोग स्वस्थ हुए हैं। दिल्ली में रोजाना 3191 व्यक्ति ठीक हुए हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा सुबह आठ बजे जारी किए गए आंकड़े के मुताबिक, कोरोना वायरस से संक्रमित लोगों की कुल संख्या 98,57,029 हो गई है, जिसमें 30,254 व्यक्ति एक दिन में संक्रमित हुए हैं, जबकि 391 लोगों की मौत के साथ मृतकों की कल संख्या 1,43,019 हो गई है।

## मोदी मंगलवार को कच्छ में अनेक विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गुजरात में कई विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखने के लिए मंगलवार को कच्छ के धोरडो के दौरे पर जाएंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से रविवार को जारी वक्तव्य में बताया गया कि जिन परियोजनाओं की मोदी आधारशिला रखेंगे उनमें एक विलवीकरण संयंत्र, हाइब्रिड नवीकरणीय ऊर्जा उद्यान और पूर्ण रूप से स्वचालित दुग्ध प्रसंस्करण और पैकिंग संयंत्र शामिल हैं। मोदी कच्छ के सफेद रण भी जाएंगे और बाद में एक सांस्कृतिक कार्यक्रम में शामिल होंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से बताया गया कि अपनी वृहद समुद्री तटरेखाओं का लाभ उठाते हुए गुजरात समुद्री जल को पेयजल में बदलने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठा रहा है और इसे साकार करने के लिए कच्छ के मांडवी में विलवीकरण संयंत्र का निर्माण किया जा रहा है। इसकी क्षमता प्रतिदिन दस करोड़ लीटर समुद्री जल को पेयजल में बदलने की होगी।

## पाकिस्तान ने नियंत्रण रेखा एवं अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास किया संघर्ष विराम का उल्लंघन

**भाषा।** जम्मू

**जम्मू-कश्मीर** के पुंछ और कठुआ जिलों में पाकिस्तानी रेंजर्स ने नियंत्रण रेखा एवं अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास दो सेक्टरों में अग्रिम चौकियों और गांवों पर बिना किसी उकसावे के गोलीबारी करके तथा गोले दागकर संघर्षविराम का उल्लंघन किया। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी।

उनके अनुसार भारतीय सुरक्षाबलों ने पाकिस्तानी गोलीबारी का मुंहतोड़ जवाब दिया और इस तरफ किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। रक्षा प्रवक्ता ने कहा, पुंछ के डेगवार सेक्टर में (रविवार) शाम करीब पौने छह बजे पाकिस्तान (सेना) ने बिना किसी उकसावे के नियंत्रण रेखा के पास छोटे हथियारों से गोलियां चलाना शुरू कर दिया और मोर्टार दागे। उन्होंने बताया कि भारतीय सेना ने मुंहतोड़ जवाब दिया और आखिरी खबर आने तक दोनों पक्षों के बीच गोलीबारी जारी रही। अधिकारियों ने बताया कि जम्मू क्षेत्र के कठुआ जिले में भी पाकस्तानी रेंजर्स ने अंतरराष्ट्रीय सीमा से सटी अग्रिम चौकियों एवं गांवों पर गोलीबारी की।

उन्होंने बताया कि शनिवार को रात करीब 10 बजे हीरानगर सेक्टर के पंसार सीमा चौकी इलाके में सीमा पार से गोलीबारी शुरू हुई, जिसका सीमा सुरक्षा बल ने मुंहतोड़ जवाब दिया। उन्होंने बताया कि दोनों पक्षों के बीच गोलीबारी रविवार तड़के पौने चार बजे तक जारी रही, जिसके कारण सीमावर्ती इलाकों में रह रहे लोगों को भूमिगत बंकरों में रात काटनी पड़ी। अधिकारियों ने बताया कि गोलीबारी के कारण भारतीय पक्ष में किसी के प्रकार के जान-माल के नुकसान की कोई जानकारी नहीं मिली है।

## पेज 1 का शेष

### किसानों के...

ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि कुछ लोग किसानों की तरक्की नहीं देख सकते हैं, उनको इस बात से परेशानी है कि किसान विकास क्यों कर रहा है, किसान के पास पैसे कैसे आ रहे हैं, ये वही लोग हैं जो किसानों को भ्रम में डालकर आंदोलन करवा रहे हैं। उन्होंने कहा कि किसान आंदोलन के बहाने कुछ लोग उपद्रवियों की रिहाई की मांग कर रहे हैं, उनकी यह मंशा कभी पूरी नहीं होगी। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि मेरठ में मेट्रो की मांग उठ रही थी, जिसे केंद्र सरकार की मदद से लागू किया गया है, यह 32 हजार करोड़ रुपए की लागत से बन रही है, अब मेरठ से दिल्ली की राह आसान हो जाएगी। उन्होंने कहा कि बनारस तक जाने के लिए गंगा एक्सप्रसवे का निर्माण किया जा रहा है। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को तय कार्यक्रम के अनुसार 11 बजे कृषि विश्वविद्यालय में पहुंचना था, लेकिन खराब मौसम के चलते उनका हेलीकाप्टर उतर नहीं सका। उन्हें वापस गाजियाबाद जाना पड़ा। वहां से हापुड़ होते हुए सड़क मार्ग से मुख्यमंत्री करीब सवा एक बजे मेरठ के कृषि विश्वविद्यालय पहुंचे।

### मूर्ति चोर...

करने वाले जावेद (निवासी भैरवनाथ पुरवा क़स्बा कर्नलगंज जिला गोंडा) को मूर्ति के दोनों हाथ काटकर नमूने के तौर पर दिया गया था। उन्होंने बताय कि जावेद द्वारा इसे अष्टधातु की मूर्ति बताए जाने के बाद मूर्ति जावेद को दे दी गई थी एवं वह मूर्ति इस समय जावेद के पास ही है। एएसपी ने बताया कि अभियुक्तों की निशानदेही पर पुलिस बल द्वारा जावेद को गिरफ्तार कर उसके कब्ज़े से लगभग पांच करोड़ रुपए कीमत की अष्टधातु धातु की दोनों हाथ कटी मूर्ति बरामद की गई। उन्होंने बताया कि अभियुक्तों के विरुद्ध स्थानीय थाने पर अभियोग पंजीकृत कर न्यायालय में पेश करने की प्रक्रिया शुरू की जा रही है।

### भाजपा ने...

हाथ मिलाया है और यूपीपीएल प्रमुख प्रमोद बोडो नए सीईएम होंगे। गौरतलब है कि भाजपा और बीपीएफ ने एजीपी के साथ मिलकर 2016 का विधानसभा चुनाव एक साथ लड़ा था जिसमें बीपीएफ को 12 सीटें मिली थीं। इसके तीन विधायक अभी भी सोनोवाल सरकार में मंत्री हैं। बीपीएफ के एकमात्र राज्यसभा सदस्य बिस्वजीत दैमारी पिछले महीने औपचारिक रूप से भाजपा में शामिल हो गए। वह विभिन्न अवसरों पर नरेंद्र मोदी सरकार का समर्थन करते रहे हैं।

### मुठभेड़ में...

के लिए कहा गया लेकिन उन्होंने मना कर दिया और इसके बजाय घेराबंदी तोड़ने की कोशिश में सुरक्षाबलों पर अंधाधुंध गोलीबारी की। सुरक्षा बलों ने जवाबी कार्वाई की और दो आतंकवादियों को मार गिराया। अधिकारियों ने कहा कि गोलीबारी के दौरान एक अन्य आतंकवादी को जिंदा पकड़ लिया गया। उन्होंने कहा कि मारे गए दोनों आतंकवादियों के पाकिस्तानी नागरिक होने का संदेह है और उनकी पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं। अधिकारियों ने बताया कि माना जा रहा है कि यह समूह तीन दिन पहले पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) से घुसपैठ कर शोपियां जिले की ओर जा रहा था। उन्होंने कहा कि सूचना मिलने के बाद सेना के साथ मिलकर पुलिस ने अभियान शुरू किया और भागने के सभी रास्तों को बंद कर दिया लेकिन बर्फबारी के कारण अभियान धीमा पड़ गया। अधिकारियों ने कहा कि मौसम में सुधार के साथ अभियान सुबह फिर शुरू हुआ और आतंकवादियों के साथ संपर्क स्थापित कर उन्हें आत्मसमर्पण करने को कहा गया लेकिन उन्होंने मना कर दिया और गोलीबारी शुरू कर दी।

### पांच साल...

लगभग 13.4 प्रतिशत बच्चे मोटे पाए गए। इसके बाद लक्षद्वीप में 10.5 प्रतिशत, मिजोरम में 10 प्रतिशत, जम्मू और कश्मीर तथा सिक्किम में 9.6 प्रतिषत बच्चे अधिक मोटे पाए गए। एनएफएचएस-4 की तुलना में ताजा सर्वे में सिर्फबच्चे ही नहीं, वयस्कों में भी मोटापे में वृद्धि दर्ज की गई है। इस बार 16 राज्यों में महिलाओं में मोटापे की समस्या मिली है, जबकि 19 राज्यों में पुरुषों में मोटापे में वृद्धि दर्ज की गई है। केरल और अंडमान-निकोबार द्वीप समूह में सबसे अधिक 38 प्रतिशत महिलाओं में मोटापा पाया गया। ऐसे पुरुषों और महिलाओं को मोटा गिना जाता था, जिनके बॉडी मास इंडेक्स में 25.0 किग्रा/एम2 से अधिक या इसके बराबर पाया गया, जबकि बच्चों के मोटापे को वजन-ऊंचाई के संदर्भ में गिना जाता था।

## असम में बीपीएफ के नाराज मंत्री कैबिनेट की बैठक में शामिल नहीं हुए

**भाषा।** गुवाहाटी

**भाजपा** द्वारा रविवार को बोडोलैंड क्षेत्रीय परिषद में अपने सहयोगी बोडोलैंड पीपुल्स फ्रंट (बीपीएफ) का साथ छोड़ कर उसके प्रतिद्वंद्वी यूनाइटेड पीपुल्स पार्टी लिबरल (यूपीपीएल) से हाथ मिलाने के कुछ ही घंटों बाद मुख्यमंत्री सर्बानंद सोनोवाल की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में बीपीएफ के तीनों मंत्री बिना किसी सूचना के शामिल नहीं हुए।

भाजपा की अगुवाई वाली असम सरकार में बीपीएफ के तीन कैबिनेट मंत्री हैं। उनमें प्रमिला रानी ब्रह्मा, चंदन ब्रह्मा और रिहान दैमारी शामिल हैं। संसदीय कार्य मंत्री चंद्र मोहन पटवारी ने संवाददाताओं से कहा कि बीपीएफ के तीन मंत्री अनुपस्थित थे। हमें नहीं पता है कि वे मंत्रिमंडल की बैठक में शामिल क्यों नहीं हुए। उन्होंने कहा कि सरकार यह जानने की कोशिश करेगी कि तीनों मंत्री कैबिनेट की महत्वपूर्ण बैठक में अनुपस्थित क्यों थे, जिसमें राज्य के सभी सरकारी मदरसों और संस्कृत स्कूलों को बंद करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है। असम सरकार के प्रवक्ता पटवारी ने कहा कि तीनों मंत्रियों के नेम प्लेट उनकी सीटों पर थे। उन्होंने हमें अपनी अनुपस्थिति के बारे में सूचित नहीं किया। बीपीएफ 17 सीटों के साथ 40 सदस्ईय बोडोलैंड क्षेत्रीय परिषद (बीटीसी) के चुनाव परिणाम में सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है।

यूपीपीएल ने 12 और भाजपा ने नौ, जबकि गण सुरक्षा पार्टी (जीएसपी) और कांग्रेस ने एक-एक सीट हासिल की है। भाजपा ने राज्य के बोडो बहुल क्षेत्रों में स्व-शासी निकाय बीटीसी में शासन करने के लिए जरूरी बहुमत हासिल करने के मकसद से अपने गठबंधन के वर्तमान सहयोगी बीपीएफ को छोड़ रविवार को नए सहयोगी दल से हाथ मिला लिया। इसके साथ ही भाजपा ने एक तरह से बीपीएफ का साथ छोड़ दिया। एक संवाददाता सम्मेलन में सोनोवाल ने घोषणा की कि भाजपा, यूपीपीएल और जीएसपी ने बीटीसी के लिए हाथ मिलाया है। गौरतलब है कि भाजपा ने बीपीएफ और असम गण परिषद (अगप) के साथ मिलकर 2016 का विधानसभा चुनाव एक साथ लड़ा था। वर्तमान में भाजपा 60 विधायकों के साथ 126 सदस्ईय असम विधानसभा में सबसे बड़ी पार्टी है, जबकि बीपीएफ और अगप के क्रमश: 14 और 12 विधायक हैं। असम में अगले साल अप्रैल-मई में विधानसभा चुनाव होने हैं।

## सीआरपीएफ के कर्मियों के साहस की कहानी बयां करने वाली पुस्तक का किया गया लोकार्पण

**नई दिल्ली।** केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) ने 2001 के संसद हमले के दौरान सर्वोच्च बलिदान देने वाली कमलेश कुमारी समेत अपने बहादुर जवानों के साहस की कहानी बयां करने वाली पुस्तक जारी की है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने रविवार को संसद हमले की बरसी पर अपने चैंबर में पुस्तक का विमोचन किया। बिरला ने कहा, मुझे पक्का विश्वास है कि यह पुस्तक सभी के हृदय को गर्वित करेगी और आने वाली पीढ़ियों को प्रेरणा देगी। सीआरपीएफ के महानिदेशक ए पी माहेश्वरी ने कहा कि सीआरपीएफ के बहादुर जवानों की कहानियों को बयां करन वाली पुस्तकों की श्रृंखला निकालने की योजना है। इस श्रृंखला की यह पहली पुस्तक है जो इस बल के जवानों के अदम्य साहस के 13 सबसे बड़े कारनामों की कहानी है। माहेश्वरी ने कहा, इन वीर जवानों ने सीआरपीएफ का वैभवशाली इतिहास रचा।

# मैकडर्मोट-विल्डरमुथ ड्रा मैच में चमके

## अभ्यास मैच : भारत के लिए कई चीजें सकारात्मक रही

भाषा। सिडनी



भारतीय क्रिकेट टीम और आस्ट्रेलिया ए के बीच गुलाबी गेंद से खेला गया दूसरा तीन दिवसीय अभ्यास मैच रविवार को यहां ड्रा रहा जिसमें कई चीजें मेहमान टीम के लिए सकारात्मक रहीं। भारतीय टीम इसलिए भी खुश होगी क्योंकि उसके पास चयन के लिए काफी दावेदार मौजूद होंगे जिससे वह आस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले दिन–रात्रि टेस्ट में काफी सकारात्मक होकर मैदान में उतरेगी। चार टेस्ट मैचों की श्रृंखला 17 दिसंबर से एडीलेड में शुरू होगी। आस्ट्रेलिया ए ने तीसरे दिन 25 रन पर तीन विकेट गंवा दिए थे लेकिन बेन मैकडर्मोट और जैक विल्डरमुथ के शतकों की बदौलत उसने चार विकेट पर 305 रन बना लिए थे। दोनों बल्लेबाजों ने दूधिया रोशनी में भारतीय तेज गेंदबाजों के बाउंसर का डटकर सामना किया। मैकडर्मोट (167 गेंद में 107 रन) ने अपने कप्तान एलेक्स कैरी (58 रन, 111 गेंद) के साथ मिलकर चौथे विकेट के लिए 117 रन की भागीदारी निभाकर मैच को बचाने में अहम भूमिका अदा की। वहीं विल्डरमुथ (119 गेंद में 111 रन) ने भी अपना शतक पूरा करने के अलावा मैकडर्मोट के साथ 165 रन जोड़े लेकिन डग आउट में बैठकर मैच देख रहे विराट कोहली और रवि शास्त्री इस बात से खुश होंगे कि मैच ने उन्हें चयन के लिए कई विकल्प दे दिए हैं। पहले घंटे में ही पहले टेस्ट के लिए जो बर्न्स (01) और मार्कस हैरिस (05) की संभावित सलामी बल्लेबाजी जोड़ी को मोहम्मद शमी ने पवेलियन भेज दिया। शमी ने 13 ओवर में 58 रन देकर दो विकेट चटकाए। दोनों सलामी बल्लेबाजों के रन नहीं जुटाने से आस्ट्रेलियाई टीम की चिंता निश्चित रूप से बढ़ जाएगी। जहां तक भारतीय टीम की बात की जाए तो पृथ्वी साव की मैच में दो पारियों के दौरान ढीली बल्लेबाजी की तुलना में शुभमन गिल का संयम और पारी का आगाज करने की तकनीक ने ध्यान आकर्षित किया। इसी तरह हनुमा विहारी ने भी संयम से खेले गए शतक से खुद को दावेदारी में मजबूत रखा है। वह आफ ब्रेक गेंदबाजी कर सकते हैं, उनकी इसी गेंद ने कैरी को आउट किया जिससे वह टीम में छठे विशेषज्ञ बल्लेबाज के स्थान के लिए अच्छा विकल्प हो सकते हैं। लेकिन फिर लोकेश राहुल भी मौजूद हैं जो अपने कप्तान के सामने पसीना बहा रहे हैं। राहुल सलामी बल्लेबाज और मध्यक्रम बल्लेबाज के तौर पर कई विकल्प देते हैं। उन्हें 36 टेस्ट मैचों का अनुभव है तो जब एडीलेड के लिए अंतिम एकादश का चयन किया जाएगा तो उनके अनुभव की अनदेखी नहीं की जा सकती।

### स्कोरबोर्ड

भारत 194 और चार विकेट पर 386 रन पारी घोषित, ऑस्ट्रेलिया ए पहली पारी 108,ऑस्ट्रेलिया ए दूसरी पारी : हैरिस का साव बो शमी 05,बर्न्स पगबाधा शमी 01, मैडिन्सन का सैनी बो सिराज 14, मैक्डेरमोट नाबाद 107,कैरी का त्यागी (स्थानापन्न) बो विहारी 58, विलडरमुथ नाबाद 111, अतिरिक्त : 11,कुल योग : 75 मे चार विकेट पर 307 रन, विकेट पतन :1-6, 2-11, 3-25, 4-142, गेंदबाजी : शमी 13-3-58-2, बुमराह 13- 7-35-0 ,सिराज 17-3-54-2,सैनी 16- 0-87-0, विहारी 7-1-14-1, मयंक 6-0 -30- 0, साव 3-0-26-0

## अनीश और मथाना चमके

**चेन्नई।** बेंगलुरू के अनीश दामोदर शेट्टी ने रविवार को यहां श्रीपेरम्बदूर के निकट एमआरएफ एमएमएससी एफएमएससीआई राष्ट्रीय मोटरसाइकिल रेसिंग चैम्पियनशिप 2020 के पहले दौर में प्रीमियर प्रो-स्टॉक 301-400 सीसी श्रेणी में जीत की हैट्रिक लगाई। इनियोस होंडा इस्र्ला रेसिंग के मथाना कुमार और टीवीएस रेसिंग के जगन कुमार ने प्रो-स्टॉक 165 सीसी वर्ग में एकएक जीत हासिल की।

## वेस्टवुड तीसरी बार रेस टु दुबई गोल्फ खिताब जीता

**दुबई।** ली वेस्टवुड ने डीपी वर्ल्ड टूर गोल्फ चैंपियनशिप में दूसरे स्थान पर रहकर तीसरी बार रेस टु दुबई खिताब जीता और यूरोपीय टूर में नंबर एक पर रहते हुए सत्र का समापन किया। डीपी वर्ल्ड टूर चैंपियनशिप मैट फिट्जपैट्रिक ने जीती लेकिन 47 वर्षीय वेस्टवुड के लिए रेस टु दुबई का खिताब जीतने के लिए दूसरे स्थान पर आना ही पर्याप्त था।

## अश्विन और आमिर की दोहरी जीत

**कोयंबटूर।** डार्क डॉन रेसिंग टीम के चालक अश्विन दत्ता और कोट्टयम के आमिर सईद ने कारी मोटर स्पीडवे में रविवार को दोहरी जीत के साथ जेके टायर-एफएमएससीआई राष्ट्रीय रेसिंग चैम्पियनशिप के 23वे सत्र के पहले दौर में अपना जलवा बिखेरा। दत्ता ने फार्मूला एलजीबी4 कोर्स की राष्ट्रीय चैम्पियनशिप की दोनो रेस मे पहला स्थान हासिल किया।

## रॉसी का अंतिम संस्कार

**विसेंजा (इटली)।** इटली के विश्व कप विजेता फुटबॉल कप्तान पाओलो रॉसी के अंतिम संस्कार में उनके टीम के खिलाड़ियो ने ताबूत उठाया और अंतिम संस्कार में शामिल हुए। फीफा विश्व कप 1982 में टीम को विजेता बनाने में अहम भूमिका निभाने वाले रॉसी का बुधवार को 64 साल की उम्र में निधन हो गया था।

## एवर्टन ने चेल्सी को हराया

**मैनचेस्टर।** एवर्टन ने शनिवार को यहां इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) फुटबॉल मुकाबले में चेल्सी पर1-0 की जीत दर्ज की जबकि मैनचेस्टर यूनाईटेड और मैनचेस्टर सिटी के बीच मैच गोलरहित ड्रा रहा। नौ महीनों के बाद गुडिसन पार्क में 2000 समर्थकों को प्रवेश की अनुमति दी गई जिसमें एवर्टन ने जीत हासिल की। इस तरह चेल्सी की सभी टूर्नामेंट में लगातार 17 मैचों मे नही हारने की लय भी टूट गई।

## उल्सान फाइनल में पहुंचा

**सियोल।** दक्षिण कोरिया की उल्सान होरांगी टीम ने एशियाई फुटबॉल परिसंघ (एएफसी) चैम्पियंस लीग के सेमीफाइनल में रविवार को जापान की कोब को 2-1 से शिकस्त दी। इस खिताब को 2012 में विजेता रही उल्सान की टीम शनिवार को कतर में खेले जाने वाले फाइनल में ईरान की पेरसेपोलिस का सामना करेगी। करीबी मुकाबले में जे-लीग की टीम कोब को अनुभवी स्ट्राकर एंड्रेस इनिएस्ता की कमी खली जो चोट के कारण मैदान से दूर रहे।

## चेन्नइयिन को गोलरहित ड्रॉ पर रोक नॉर्थईस्ट का अजेयक्रम जारी

**वास्को।** नॉर्थईस्ट युनाइटेड ने इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) में रविवार को यहां पूर्व चैम्पियन चेन्नइयिन एफसी को गोलरहित ड्रा पर रोककर मौजूदा सत्र में अपने अजेयक्रम को जारी रखा। इस ड्रॉ मुकाबले के बाद नॉर्थईस्ट छह मैचो मे 10 अंको के साथ तालिका में दूसरे पायदान पर पहुंच गई है। टीम के खाते में दो जीत और चार ड्रॉ है। चेन्नइयिन पांच मैचो मे पांच अंको के साथ आठवें स्थान पर है। उसने अब तक सिर्फ एक जीत हासिल की है जबकि टीम को दो मैचो मे हार और इतने ही ड्रा नतीजे मिले है।

## केरल ब्लास्टर्स को हराकर शीर्ष चार में पहुंची बेंगलुरु एफसी की टीम

**मडगांव।** बेंगलुरु एफसी की टीम हीरो इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के सातवें सत्र के मैच मे रविवार को यहां केरल ब्लास्टर्स को 4-2 से हराकर तालिका में शीर्ष चार में पहुंच गई। दिग्गज सुनील छेत्री की अगुवाई वाली बेंगलुरु के नाम पांच मैचो मे दो जीत और तीन ड्रॉ से नौ अंक है। बेंगलुरू एफसी मौजूदा में अजेय रहने वाली तीन टीमो में से एक है। दूसरी ओर, ब्लास्टर्स तीन हार और दो ड्रॉ के साथ दो अंक लेकर 11 टीमो की इस फुटबॉल टूर्नामेंट मे नौवे स्थान पर है। केरल ब्लास्टर्स ने 17वे मिनट में राहुल भेके के गोल की मदद से1-0 की बढ़त हासिल की लेकिन बेंगलुरू ने 29वे मिनट में गोल करते हुए स्कोर1-1 कर दिया। बेंगलुरू के लिए यह गोल क्लीटन सिल्वा ने किया।

## टीम में योगदान को लेकर आश्वस्त हूं: विहारी

**सिडनी।** भारतीय टेस्ट टीम में अपनी जगह लगभग पक्की कर चुके मध्यक्रम के बल्लेबाज हनुमा विहारी ने कहा कि खेल के पारंपरिक प्रारूप में वह अपना योगदान देने और योजनाओं को मैदान पर उतारने के लिए तैयार हैं। विहारी ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ दिन–रात्रि अभ्यास मैच की दूसरी पारी में नाबाद शतक लगाने के साथ अपनी कामचालऊऑफ स्पिन से एक विकेट लेने में भी सफल रहे। एडीलेड में 17 दिसंबर से शुरू हो रही श्रृंखला के पहले टेस्ट मैच (दिन–रात्रि) में उनके छठे नंबर पर बल्लेबाजी करने की संभावना है। विहारी ने अभ्यास मैच के बाद कहा, 2018 का (ऑस्ट्रेलिया) दौरा मेरे लिए (इंग्लैंड के बाद) दूसरा विदेशी दौरा था। तब वह मेरे लिए काफी चुनौतीपूर्ण था। उस समय हालांकि मैं बहुत ज्यादा योगदान नहीं दे पाया लेकिन अब मैं अपने खेल को लेकर आश्वस्त हूं और टेस्ट श्रृंखला शुरु होने का इंतजार कर रहा हूं।

## वेस्टइंडीज पर दूसरे टेस्ट में न्यूजीलैंड जीत के करीब



**वेलिंगटन।** न्यूजीलैंड और वेस्टइंडीज के बीच रविवार को दूसरे क्रिकेट टेस्ट के तीसरे दिन खराब रोशनी के कारण खेल रोक दिया गया और मेजबान टीम पारी की जीत और श्रृंखला में स्वीप करने के करीब है। स्टंप तक वेस्टइंडीज की टीम दूसरी पारी में 244 रन पर छह विकेट गंवा चुकी थी। फिर खराब रोशनी के कारण खेल जल्दी रोक दिया गया। वह अब भी न्यूजीलैंड से 85 रन से पिछड़ रही है जिसने उसे फालोआन दिया। न्यूजीलैंड ने पहली पारी में 460 रन बनाए थे और वेस्टइंडीज को 131 रन पर समेट दिया जिससे वह 329 रन से आगे थी और उसने फालोआन देने का फैसला किया। वेस्टइंडीज के कप्तान जेसन होल्डर 60 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद थे, उन्होंने जोशुआ डा सिल्वा (25) के साथ सातवें विकेट के लिए नाबाद 74 रन की भागीदारी निभाकर न्यूजीलैंड की जीत का इंतजार बढ़ा दिया।

## दूधिया रोशनी में स्पिनरों का सामना करना मुश्किल : कुलदीप

**सिडनी।** चाइनामैन गेंदबाज कुलदीप यादव का मानना है कि आस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले दिन रात्रि टेस्ट क्रिकेट मैच में उन्हें अंतिम एकादश में रखना गलत फैसला नहीं होगा क्योंकि दूधिया रोशनी में स्पिनरों को समझना बल्लेबाजों के लिए काफी मुश्किल होता है। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में कोलकाता नाइटराइडर्स (केकेआर) की तरफ से खेलने वाले कुलदीप ने एडीलेड में 17 दिसंबर से शुरू होने वाले दिन रात्रि मैच के संदर्भ में बात की। उन्होंने केकेआर.इन से कहा, मेरा मानना है कि रात में स्पिनरों की गेंदों को समझना मुश्किल होता है क्योंकि स्पिनर अलग अलग वैरीएशन का उपयोग करते हैं और ऐसे में गेंद की सिलाई की स्थिति का अनुमान लगाना आसान नहीं होता है। यह हमारे लिए फायदे वाली बात है।

## बाबर अंगूठे में फ्रेक्चर के कारण टी20 श्रृंखला से बाहर

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान को अगले हफ्ते न्यूजीलैड के खिलाफ शुरू होने वाली तीन मैचों की ट्वेंटी20 श्रृंखला से पहले बड़ा झटका लगा जब टीम के कप्तान बाबर आजम को अंगूठे में फ्रेक्चर के कारण बाहर होना पड़ा। आजम को रविवार को पाकिस्तानी टीम के क्वीसटाउन में अभ्यास सत्र के दौरान दांए हाथ के अंगूठे में चोट लग गई। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने बयान में कहा कि आजम का स्कैन कराया गया जिसमें फ्रेक्चर की पुष्टि हुई जिससे वह कम से कम 12 दिन तक नेट सत्र में हिस्सा नही ले पाएंगे।

## लेसा सिस गोमती 14 रनो से जीती



**लखनऊ।** लेसा अभियन्ता संघ द्वारा खुर्रमपुर पॉवर हाउस ग्राउंड पर आयोजित मैच का उदघाटन मुख्य अभियंता लेसा ट्रांस गोमती इ प्रदीप कक्कड, मुख्य अभियंता लेसा सिस गोमती इ, मधुकर वर्मा व इ, डीके त्रिपाठी अधीक्षण अभियंता द्वारा किया गया टॉस जीतकर लेसा सिस गोमती द्वारा बल्लेबाजी का फैसला कर 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 207 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया स्कोर का पीछा करने उतरी लेसा ट्रांस गोमती द्वारा कड़ी टक्कर देकर 9 विकेट खोकर 193 रन बनाए व लेसा सिस गोमती द्वारा 14 रनो से मैच अपने नाम किया इ देवेंद्र सिसोदिया ने सिस गोमती के लिए 37 रन व प्रदीप वर्मा द्वारा सिस गोमती के लिए सबसे अधिक 77 रन एवम् 3 विकेट झटकर मैन ऑफद मैच चुने गए ट्रांस गोमती के तरफसे इ चंद्रप्रकाश द्वारा 44 रनो का योगदान दिया गया मैच के समापन के मुख्य अतिथि इ प्रभात सिंह महासचिव राज्य विद्युत परिषद अभियंता संघ उत्तर प्रदेश, प्रचार सचिव इ आलोक श्रीवास्तव, मध्यांचल उपाध्यक्ष इ रणवीर सिंह, सहायक सचिव मध्यांचल करुणेद्र कुमार वर्मा, केन्द्रीय कमिटी के सद्स्य इ संदीप तिवारी द्वारा विनर व रनर टीम को सम्मानित किया गया।'

# अंकिता ने दुबई में आईटीएफ युगल खिताब जीता



भाषा। दुबई

भारत की शीर्ष टेनिस खिलाड़ी अंकिता रैना ने यहां कैटरीन गोर्गोद्जे के साथ मिलकर अल हबटूर ट्राफी अपने नाम की जो उनका कोविड–19 महामारी से प्रभावित 2020 सत्र में तीसरा युगल खिताब है। भारत और जार्जिया की गैर वरीयता प्राप्त जोड़ी ने शनिवार को 100,000 डॉलर पुरस्कार राशि के हार्ड कोर्ट टूर्नामेंट के फाइनल में स्पेन की अलियोना बोलसोवा जादोइनोव और स्लोवाकिया की काजा जुवान की जोड़ी पर 6–4 3–6 10–6 से जीत हासिल की। अंकिता ने कहा कि एकल सर्किट की सफलता की तुलना नहीं की जा सकती लेकिन युगल ड्रा की अहमियत भी कम नहीं है। उन्होंने कहा, युगल से मुझे हमेशा एकल में मदद मिली है। मैंने करियर में युगल में अच्छा करने के बाद हमेशा ही एकल में अच्छा किया है। आपको अच्छे खिलाड़ियों के साथ अभ्यास करने और खेलने का मौका मिलता है। अंकिता का यह सत्र का चौथा युगल फाइनल था लेकिन यह कैलेंडर की सबसे बड़ी ट्राफी थी क्योंकि इससे पहले उन्होंने जो दो खिताब जीते थे वो 25,000 डॉलर स्तर के थे। इस साल फरवरी में अंकिता ने तीन फाइनल में प्रवेश किया जिसमें से उन्होंने बिबियाने शूफ्स के साथ थाईलैंड के नोंथाबुरी में लगातार खिताब जीते थे और जोधपुर में हमवतन स्नेहल माने के साथ उप विजेता रही थीं। सत्ताईस वर्षीय खिलाड़ी ने कहा कि लंबे ब्रेक के बाद सर्किट में वापसी करना राहत देने वाला है। उन्होंने कहा, यह सचमुच अच्छा है कि मैं फिर से यात्रा कर पा रही हूं। मैं घर पर शारीरिक और मानसिक ट्रेनिंग कर रही थी। यूरोप में सब चीजें खुल गई थी और उनके खिलाड़ियों ने दो महीने पहले ही तैयारियां शुरू कर दी थीं।

# मुश्ताक अली टी-20, 10 से 31 जनवरी तक

## अन्य प्रतियोगिताओं पर फैसला ग्रुप चरण के बाद : बीसीसीआई

भाषा। नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) अपने घरेलू सत्र की शुरुआत सैयद मुश्ताक अली ट्राफी टी20 टूर्नामेंट से करेगा जिसके मैच 10 से 31 जनवरी के बीच छह राज्यों में खेले जाएंगे जहां जैव सुरक्षित वातावरण तैयार किया जाएगा। इसमें भाग लेने वाली टीम को दो जनवरी को अपने संबंधित जैव सुरक्षित वातावरण में पहुंचना होगा। यह पता चला है कि बीसीसीआई सचिव जय शाह ने सभी राज्य इकाईयों को मेल करके बताया है कि घरेलू सत्र की शुरुआत मुश्ताक अली ट्राफी से होगा लेकिन इसको लेकर कोई स्पष्टता नहीं है कि रणजी ट्राफी कब शुरू होगी। कोविड–19 महामारी के कारण सारा कार्यक्रम गड़बड़ाया हुआ है। शाह ने राज्य इकाईयों को लिखा है, आपकी प्रतिक्रियाओं का अवलोकन करने और फीडबैक लेने के बाद मुझे आपको यह सूचित करते हुए खुशी हो रही है बीसीसीआई सैयद मुश्ताक अली ट्राफी टी20 टूर्नामेंट से 2020–21 के घरेलू सत्र की शुरुआत करने की योजना बना रहा है। उन्होंने लिखा है, शनिवार, दो जनवरी 2021 तक टीमें अपने संबंधित जैव सुरक्षित माहौल में पहुंच जाएंगी। रविवार, 10 जनवरी 2021 से टूर्नामेंट शुरू होगा और फाइनल 31 जनवरी 2021 को खेला जाएगा। शाह ने हालांकि कहा कि रणजी ट्राफी और विजय हजारे ट्राफी पर फैसला मुश्ताक अली के ग्रुप चरण के मैच पूरे होने के बाद किया जाएगा। इसमें सदस्यों का फीडबैक मायने रखेगा। पता चला है कि मुश्ताक अली ट्राफी का आयोजन इसलिए किया जा रहा है क्योंकि बीसीसीआई फरवरी में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के लिए खिलाड़ियों की नीलामी करना चाहता है। इस बार इसमें नौ या दस टीमों के भाग लेने की संभावना है।

## आईसीसी ने 2022 अंडर–19 विश्व कप के लिए पुननिर्धारित क्वालीफिकेशन कार्यक्रम की घोषणा की

**दुबई।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने वेस्टइंडीज में 2022 में होने वाले अंडर -19 पुरुष विश्व कप के क्वालीफिकेशन के पुनर्निर्धारित कार्यक्रम की रविवार को घोषणा की जहां पांच स्थानो के लिए 33 टीमे प्रतिस्पर्धा करेंगी। पिछले विश्व कप (2020) की शीर्ष 11 टीमों ने 2022 की शुरुआत में खेले जाने वाले इस विश्व कप के लिए अपनी जगह पक्की कर ली है। इसमें भारत, अफगानिस्तान, ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, इंग्लैड, न्यूजीलैड, पाकिस्तान, दक्षिण अफ्रीका, श्रीलंका, वेस्टइंडीज और जिम्बाब्वे शामिल है। कोविड-19 के कारण उम्र वर्ग के इस टूर्नामेंट के क्वालीफिकेशन मुकाबले एक साल की देरी से होंगे। इन पांच टीमों का क्वालीफिकेशन क्षेत्रीय मुकाबलों से होगा। सात क्षेत्रीय प्रतियोगिताओं के माध्यम से पहले 33 टीमों का चयन होगा , इसकी शुरूआत जून 2021 से होगी। एशिया और अफ्रीका क्षेत्र में टीमो की संख्या अधिक होने के कारण क्वालीफिकेशन के मुकाबले दो स्तर मे होगे जबकि अमेरिका, ईएपी (पूर्वी एशिया और प्रशांत महासागर क्षेत्र) और यूरोप में एक स्तरीय क्वालीफिकेशन मुकाबले होंगे। इस क्वालीफिकेशन प्रक्रिया का नाम रोड टू वेस्टइंडीज है जिसकी शुरूआत तंजानिया मे अफ्रीका डिवीजन दो से जून 2021 मे होगी।

## वृहद स्थिति काफी अनिश्चित, 2020–21 में अर्थव्यवस्था में आएगी 10 प्रतिशत की गिरावट : सेन

**नई दिल्ली।** देश की वृहद आर्थिक स्थिति काफी अनिश्चित है और चालू वित्त वर्ष में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में करीब 10 प्रतिशत की गिरावट आ सकती है। पूर्व मुख्य सांख्यिकीविद प्रणव सेन ने यह राय जताई है। सेन ने पीटीआई–भाषा से साक्षात्कार में कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा अर्थव्यवस्था का कुल वृहद प्रबंधन बहुत अच्छा नहीं है, लेकिन अर्थव्यवस्था में यह सुस्ती उनके नियंत्रण से बाहर है। सेन ने कहा, फिलहाल भारत की मौजूदा वृहद आर्थिक स्थिति काफी अनिश्चित है। मैं कहूंगा कि हमें बहुत–बहुत सतर्क रहना होगा। मुझे लगता है कि आसपास कुछ अधिक आशावाद का माहौल है। उन्होंने कहा कि चालू वित्त वर्ष यानी 2020–21 में भारत की अर्थव्यवस्था की वास्तविक वृद्धि दर नकारात्मक 10 प्रतिशत रहेगी। सेन ने कहा कि तिमाही जीडीपी आंकड़े अब भी कुछ कॉरपोरेट खातों पर आधारित होते हैं। कॉरपोरेट क्षेत्र का प्रदर्शन गैर–कॉरपोरेट क्षेत्र की तुलना में अधिक खराब नहीं रहा है। प्रसिद्ध अर्थशास्त्री ने कहा, हमें पता है कि कंपनियों की तुलना में सूक्ष्म, लघु एवं मझोला उपक्रम (एमएसएमई) क्षेत्र अधिक प्रभावित हुआ है। ऐसे में राष्ट्रीय खातों से जो आंकड़े आ रहे है वे अर्थव्यवस्था की कुछ अधिक आशावादी तस्वीर दिखा रहे हैं।

## भारती इन्फ्राटेल को अपना नाम बदलकर इंडस टावर्स करने के लिए कंपनी पंजीयक की मंजूरी मिली

**नई दिल्ली।** भारती इन्फ्राटेल को कंपनी पंजीयक (आरओसी) से अपना नाम बदलकर इंडस टावर्स करने की मंजूरी मिल गई है। हाल में दोनों कंपनियों के विलय के बाद एक बड़ी टावर इकाई अस्तित्व में आई है। कंपनी ने नाम में बदलाव के लिए शेयर बाजारों से अंतिम मंजूरी की प्रक्रिया शुरू की है। बीएसई को भेजी सूचना में कंपनी ने कहा, उसे कंपनी पंजीयक दिल्ली और हरियाणा से कंपनी का नाम भारती इन्फ्राटेल से बदलकर इंडस टावर्स लि. करने की मंजूरी मिल गई है। कंपनी और पूर्ववर्ती इंडस टावर्स लि. और उनके संबंधित शेयरधारकों तथा ऋणदाताओं के बीच विलय की प्रक्रिया के तहत यह व्यवस्था तय की गई थी।

## एचसीएल फाउंडेशन मोबाइल हेल्थकेयर यूनिट शुरु की

**लखनऊ।** भारत भर में कोविड-19 महामारी के जवाब में एचसीएल फाउंडेशन लोगों की भलाई के लिए अपने साथी के साथ आगे आया है। संगठन का समर्थन बुजुर्ग लोगों के लिए स्वास्थ्य सुविधाओं को बढ़ाने और बढ़ाने के लिए राज्य के प्रयासों को पूरा करने के उद्देश्य से है। मोबाइल हेल्थकेयर यूनिट पहल का उद्घाटन लखनऊ आईटी सिटी कैम्पस में हेल्पएज इंडिया के सहयोग से किया गया। इस पहल में लखनऊ और मदुरै और एक 24 7 हेल्पलाइन लखनऊ और चेन्नई शामिल है, जो बुजुर्ग लोगों के सामने आने वाले मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करता है और उन तक ही सीमित रहता है, लेकिन केवल उन्हीं तक सीमित नहीं है। उद्घाटन पर ऋषि कुमार, एवीपी एचसीएल टेक्नोलॉजीज, एके सिंह,निदेशक और राज्य प्रमुख लखनऊ और एचसीएल फाउंडेशन के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## टियर–2 शहरों पर निगाह के साथ बिग बाजार की तीन तिमाहियों में 16 नए स्टोर की योजना

**नई दिल्ली।** देश की प्रमुख हाइपरमार्केट श्रृंखला बिग बाजार ने अगली तीन तिमाहियों के दौरान 16 नए स्टोर शुरू करने की योजना बनाई है, जिसके साथ ही उसके स्टोरों की संख्या बढ़कर 300 से अधिक हो जाएंगी। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी।

# सीतारमण ने तीन आत्मनिर्भर पैकेज के तहत विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की

भाषा। नई दिल्ली



वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने तीन आत्मनिर्भर भारत पैकेज (एएनबीपी) के तहत विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। कोविड–19 महामारी से बुरी तरह प्रभावित अर्थव्यवस्था को उबारने के लिए सरकार ने इन पैकेज की घोषणा की थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की घोषणा के बाद वित्त मंत्री ने 13 मई से 17 मई के दौरान आयोजित कई संवाददाता सम्मेलनों में एएनबीपी 1.0 की घोषणा की थी। उसके बाद 12 अक्टूबर को पैकेज 2.0 और 12 नवंबर को तीसरे पैकेज की घोषणा की गई। सीतारमण ने शुक्रवार को विभिन्न मंत्रालयों तथा संबंधित विभागों के सचिवों के साथ तीन दिन के दौरान एएनबीपी की वृहद समीक्षा पूरी की। वित्त मंत्रालय ने रविवार को बयान में यह जानकारी दी। एएनबीपी के तहत विभिन्न योजनाओं की प्रगति का ब्योरा साझा करते हुए कहा गया है कि बैंकों ने सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उपक्रमों (एमएमएमई) के लिए तीन लाख करोड़ रुपए की आपात ऋण सुविधा गारंटी योजना (ईसीएलजीएस) के तहत करीब 81 लाख खातों को 2,05,563 करोड़ रुपए का ऋण मंजूर किया है। करीब 40 लाख एमएसएमई खातों को चार दिसंबर तक 1,58,626 करोड़ रुपए का ऋण प्राप्त हो चुका है। पिछले महीने आत्मनिर्भर भारत पैकेज 3.0 की घोषणा करते हुए वित्त मंत्री ने कहा था कि ईसीएलजीएस 1.0 के तहत 2.05 लाख करोड़ रुपए का ऋण मंजूर किया गया है। इसमें से 1.52 लाख करोड़ रुपए का ऋण दिया जा चुका है। इसके बाद 12 नवंबर को घोषित आत्मनिर्भर भारत अभियान 2.0 के तहत ईसीएलजीएस योजना का विस्तार ईसीएलजीएस 2.0 के तहत 26 दबाव वाले क्षेत्रों और स्वास्थ्य देखभाल क्षेत्र के लिए किया गया। ईसीएलजीएस 2.0 के तहत ऐसी इकाइयां जिनका बकाया ऋण 29 फरवरी, 2020 तक 50 करोड़ रुपए से अधिक और 500 करोड़ रुपए से तक है और जो 29 फरवरी, 2020 तक पिछले 30 दिन के बकाया के बराबर या उससे कम है, इस योजना के पात्र हैं। ईसीएलजीएस 2.0 के तहत उपलब्ध कराए गए कर्ज की अवधि पांच साल की होगी। इसमें मूल राशि के भुगतान की 12 माह तक छूट होगी। समूची योजना 31 मार्च, 2021 तक के लिए वैध है।

## वित्त मंत्रालय बैंकों में 14,500 करोड़ की पूंजी डालने पर चौथी तिमाही में करेगा फैसला

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्रालय सार्वजनिक क्षेत्र के बैंको (पीएसबी) मे शेष 14,500 करोड़ रुपए की पूंजी डालने के बारे मे चालू वित्त वर्ष की चौथी तिमाही मे फैसला करेगा। सूत्रो ने यह जानकारी दी। सूत्रो ने बताया कि पहली छमाही के प्रदर्शन की समीक्षा के बाद यह तथ्य सामने आया है कि 12 सरकारी बैंको मे से पंजाब एंड सिंध बैंक को नियामकीय जरूरतों को पूरा करने के लिए 5,500 करोड़ रुपए की पूंजी की जरूरत है। ऐसे मे सरकार ने पिछले महीने इक्विटी शेयरो के तरजीही आवंटन से पंजाब एंड सिंध बैंक मे पूंजी डालने की मंजूरी दी है। वित्त वर्ष 2020-21 की अनुदान की पूरक मांगो की पहली खेप के तहत संसद ने सितंबर मे सार्वजनिक क्षेत्र के बैंको के लिए 20,000 करोड़ रुपए की पूंजी मंजूर की है। इसमे से 5,500 करोड़ रुपए पंजाब एंड सिंध बैंक मे डालने के बाद 14,500 करोड़ रुपए की राशि बची है। सूत्रो ने बताया कि तीसरी तिमाही के आंकड़ो के बाद प्रदर्शन की समीक्षा से बैंको को स्पष्ट रूप से पता होगा कि कोविड-19 महामारी के बीच रिजर्व बैंक के दिशानिर्देशो के अनुरूप ऋण के एकबारगी पुनर्गठन से उनपर कितना अतिरिक्त बोझ पड़ा है। इसके अलावा उस समय गैर-निष्पादित आस्तियो (एनपीए) को लेकर भी चीजें स्पष्ट हो चुकी होंगी, क्योंकि तबतक संभवतः उच्चतम न्यायालय ब्याज पर ब्याज मामले को लेकर फैसला सुना देगा। बीते वित्त वर्ष 2019-20 मे सरकार ने सार्वजनिक क्षेत्र के बैंको मे 70,000 करोड़ रुपए की पूंजी डालने का प्रस्ताव किया था। हालांकि, 2020-21 के बजट मे सरकार ने ऐसी कोई प्रतिबद्धता नही जताई थी, क्योंकि उसका मानना था कि बैंक अपनी जरूरत के हिसाब से बाजार से पैसा जुटा लेगे।

## 8,500 करोड़ रुपए का निवेश करेगा हीरानंदानी ग्रुप

**नई दिल्ली।** देश की प्रमुख रीयल एस्टेट कंपनियो मे शामिल हीरानंदानी ग्रुप अगले तीन साल के दौरान विभिन्न शहरो मे डेटा केंद्रो और औद्योगिक पार्को के विकास पर 8,500 करोड़ रुपए का निवेश करेगी। कंपनी के एक शीर्ष अधिकारी ने कहा कि इन दोनों क्षेत्रो को लेकर हम काफी आशान्वित है।

## व्हाइटहैट जूनियर भारत में एक लाख शिक्षकों को देगी रोजगार

**नई दिल्ली।** बच्चो को ऑनलाइन कोडिंग की शिक्षा देने वाली कंपनी व्हाइटहैट जूनियर विश्वव्यापी विस्तार अभियान के तहत गैर अंग्रेजी भाषी देशो ब्राजील और मैक्सिको मे प्रवेश करेगी और गणित की कक्षाओ की शुरूआत करेगी। विस्तार योजनाओ के तहत वह अगले तीन वर्षो मे एक लाख महिला शिक्षको को भर्ती करेगी। व्हाइटहैड जूनियर के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) करण बजाज ने पीटीआई-भाषा से कहा कि मुश्किल से दो साल पुराने ऑनलाइन शिक्षा मंच को भारत, अमेरिका, ब्रिटेन, न्यूजीलैड और ऑस्ट्रेलिया मे जबरदस्त सफलता मिली है, जिसमे करीब 1.5 लाख विद्यार्थी 11,000 शिक्षको और कुल मिला कर करीब 40,000 कक्षाओ मे शिक्षित प्रशिक्षित किए जाते है।

## जीएसटी अधिकारियों ने फर्जी चालान के आरोप में 140 लोगों को गिरफ्तार किया

**नई दिल्ली।** जीएसटी अधिकारियो ने पिछले एक महीने मे फर्जी चालान जारी करने के आरोप मे करीब 140 लोगो को गिरफ्तार किया है, जिनमे पांच चार्टर्ड अकाउंटेंट भी शामिल है और अब वे कम कीमत दिखाकर माल की आवाजाही करने वालो पर लगाम कसने की तैयारी कर रहे है। जीएसटी खूफिया महानिदेशालय (डीजीजीआई) ने फर्जी चालान के खिलाफ नवंबर के दूसरे सप्ताह से शुरू किए गए राष्ट्रव्यापी अभियान मे बेनामी वस्तुओ और कम कीमत दिखाकर माल की आवाजाही करके जीएसटी चोरी करने के मामलो का पता भी लगाया है।

# एफपीआई ने 2020 में शेयरों में किया 1.4 लाख करोड़ रुपए का रिकॉर्ड निवेश

भाषा। नई दिल्ली

आकर्षक मूल्यांकन, तरलता की बेहतर स्थिति और अमेरिकी डॉलर में कमजोरी के रुख के बीच विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने इस साल यानी 2020 में भारतीय शेयर बाजारों में 1.4 लाख करोड़ रुपए का रिकॉर्ड निवेश किया है। यह उनके निवेश का सर्वकालिक उच्चस्तर है। हालांकि, कोविड–19 महामारी से अर्थव्यवस्था पर पड़े दबाव के बीच विदेशी निवेशकों ने ऋण या बांड प्रतिभूतियों से रिकॉर्ड निकासी भी की है। डिपॉजिटरी के ताजा आंकड़ों के अनुसार एफपीआई ने इस साल अब तक शुद्ध रूप से बांड बाजार से एक लाख करोड़ रुपए से अधिक की निकासी की है। हालांकि, हाइब्रिड प्रतिभूतियों में उन्होंने शुद्ध रूप से 10,000 करोड़ रुपए का निवेश किया है। बाजार विश्लेषकों का कहना है कि यदि कुल निवेश परिदृश्य में कोई बड़ा बदलाव नहीं आता है, तो यह रुख अगले कुछ माह तक और जारी रहेगा। मॉर्निंगस्टार इंडिया के एसोसिएट निदेशक–प्रबंधक शोध हिमांशु श्रीवास्तव ने कहा, कोविड–19 टीके को लेकर कुछ महत्वपूर्ण घटनाक्रमों से भारत को लाभ होगा। इसके अलावा अर्थव्यवस्था में सुधार से निवेशकों की धारणा और भारत के प्रति उनके परिदृश्य में भी सुधार होगा। ऐसे में भारत एक आकर्षक निवेश गंतव्य बना रहेगा।

## आरटीजीएस सुविधा आज मध्यरात्रि से चौबीसों घंटे मिलेगी

**मुंबई।** उच्च मूल्य के लेनदेन के लिए रीयल टाइम ग्रॉस सेटलमेंट सिस्टम (आरटीजीएस) सुविधा आज मध्यरात्रि (12:30 बजे) से प्रति दिन चौबीसों घंटे उपलब्ध होगी। इस तरह भारत दुनिया के उन कुछ देशों में शामिल हो जाएगा जहां आरटीजीएस का परिचालन सातों दिन और चौबीसों घंटे होता है। भारतीय रिजर्व बैंक ने अक्टूबर में घोषणा की थी कि आरटीजीएस सुविधा साल के सभी दिन चौबीसों घंटे उपलब्ध होगी। रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकान्त दास ने ट्वीट किया, आरटीजीएस आज 12:30 बजे से चौबीसों घंटे परिचालन में रहेगा।


# स्मार्टफोन पर रोजाना 6.9 घंटे बिताते हैं भारतीय, महामारी के दौरान बढ़ा इस्तेमाल : वीवो रिपोर्ट

भाषा। नई दिल्ली

भारतीय स्मार्टफोन पर प्रतिदिन औसतन सात घंटे बिताते हैं। कोरोना वायरस महामारी के दौरान स्मार्टफोन का इस्तेमाल बढ़ा है। एक अध्ययन में कहा गया है कि भारतीयों द्वारा स्मार्टफोन के इस्तेमाल में अनुमानतः 25 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। महामारी के दौरान घर से काम (वर्क फ्रॉम होम) और मनोरंजन आदि के लिए स्मार्टफोन का इस्तेमाल बढ़ा है। लोग अपनी जरूरत के हिसाब से इन गैजेट्स का इस्तेमाल कर रहे हैं। हैंडसेट कंपनी वीवो की ओर से यह अध्ययन सीएमआर ने किया है। मार्च, 2020 (कोविड से पहले) में भारतीयों द्वारा स्मार्टफोन का इस्तेमाल 11 प्रतिशत बढ़कर 5.5 घंटे प्रतिदिन पर पहुंच गया। यह 2019 में औसतन 4.9 घंटे था। वहीं अप्रैल (कोविड के बाद) यह 25 प्रतिशत और बढ़कर 6.9 घंटे प्रतिदिन पर पहुंच गया। स्मार्टफोन और मानव संबंधों पर कहा गया है कि लॉकडाउन के बाद से भारतीय अपने स्मार्टफोन पर अधिक समय व्यतीत कर रहे हैं।

# चिनफिंग ने जलवायु परिवर्तन रोकने को और कार्य करने की प्रतिबद्धता जताई

भाषा। बीजिंग



**चीन के** राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने वैश्विक जलवायु परिवर्तन से निपटने में योगदान देने के लिए 2030 तक और प्रतिबद्धताओं की घोषणा की एवं हरित महत्व को रेखांकित करते हुए अंतरराष्ट्रीय समुदाय से पर्यावरण के अनुकूल जलवायु शासन के साथ नया नजरिया अपनाने की अपील की। गौरतलब है कि 2030 जलवायु लक्ष्य योजना के तहत यूरोपीय आयोग ने उस समय तक ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन में कम से कम 55 प्रतिशत की कमी लाने, ग्रीनहाउस गैसों में कटौती पर यूरोपीय संघ की आकांक्षा बढ़ाने एवं 2050 तक यूरोप को जलवायु तटस्थ बनाने की राह पर ले जाने का प्रस्ताव किया है। चिनफिंग ने पेरिस समझौते की पांचवी सालगिरह पर शनिवार को आयोजित क्लाइमेट एम्बिशन समिट को वीडियो लिंक से संबोधित करते हुए कहा कि चीन ने ऐतिहासिक पेरिस समझौते को अंगीकार कर महत्वपूर्ण योगदान दिया है और उसे लागू करने का सक्रिय प्रयास किया है। पेरिस समझौते का लक्ष्य बढ़ते वैश्विक तापमान पर अंकुश लगाना है।

उल्लेखनीय है कि संयुक्त राष्ट्र, ब्रिटेन और फ्रांस ने चिली एवं इटली के साथ मिलकर इस सम्मेलन की मेजबानी की तथा जलवायु आकांक्षा को बढ़ाने और पेरिस समझौते को लागू करने की दिशा में वैश्विक जलवायु नेताओं को मंत्रणा के लिए साथ लाया। चिनफिंग ने सितंबर में उनके द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर जलवायु परिवर्तन को रोकने के लिए योगदान बढ़ाने तथा अन्य नीतियां अपनाने एवं उपाय करने की घोषणा का भी जिक्र किया। इसके साथ ही उन्होंने 2030 तक के लिए चीन की और प्रतिबद्धताओं की घोषणा की। शिन्हुआ संवाद एजेंसी के मुताबिक चिनफिंग ने कहा कि चीन वर्ष 2005 के स्तर के मुकाबले प्रति इकाई जीडीपी पर 65 प्रतिशत कार्बन डाई ऑक्साइड का उत्सर्जन कम करेगा, गैर जीवाश्म ईंधन की हिस्सेदारी में 25 प्रतिशत की वृद्धि करेगा। उन्होंने यह भी कहा कि इसके साथ ही चीन वर्ष 2005 के मुकाबले वनक्षेत्र को छह अरब घन मीटर बढ़ाएगा तथा पवन एवं सौर ऊर्जा की स्थापित क्षमता बढ़ाकर 1.2 अरब किलोवाट करेगा। गौरतलब है कि अमेरिका और चीन दुनिया के दो सबसे अधिक प्रदूषण फैलाने वाले देश हैं। अमेरिका इस साल चार नंवबर को आधिकारिक रूप से वर्ष 2015 में हुए पेरिस समझौते से अलग हो गया था। लेकिन पेरिस समझौते के क्रियान्वयन की संभावनाएं बढ़ गई हैं क्योंकि अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति जो बाइडन ने पेरिस समझौते के क्रियान्वयन का वादा किया है।चिनफिंग ने कहा, हम घोषित लक्ष्य को पूरा करने के लिए ठोस कदम उठाएंगे और जलवायु परिवर्तन की चुनौती का सामना करने के लिए अधिक योगदान भी करेंगे।

## चंद्रमा की सतह के नमूने लेकर पृथ्वी पर लौट रहा है चीनी कैप्सूल

**बीजिंग।** चीन के एक अंतरिक्ष कैप्सूल ने चांद की सतह से पत्थरों के नमूने लेकर पृथ्वी की ओर लौटना आरंभ कर दिया है। इस तरह का प्रयास करीब 45 वर्षों में पहली बार किया जा रहा है। चीन के राष्ट्रीय अंतरिक्ष प्रशासन ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के जरिए बताया कि चांग-5 अंतरिक्ष यान करीब 22 मिनट तक चार इंजनों को चालू करके रविवार सुबह चंद्रमा की कक्षा से निकला। यह यान इस महीने की शुरुआत में चांद पर पहुंचा था और उसने करीब दो किलोग्राम नमूने एकत्र किए। चांग-5 चीन के अंतरिक्ष विज्ञान के इतिहास का सबसे अधिक जटिल एवं चुनौतीपूर्ण अभियान है। यह बीते 40 वर्ष से भी अधिक समय में दुनिया का पहला ऐसा अभियान है जिसमें चांद के नमूने धरती पर लाने के प्रयास किए जा रहे हैं। यदि मिशन सफल रहता है तो अमेरिका और पूर्ववर्ती सोवियत संघ के बाद चीन चांद के चट्टानी पत्थर धरती पर लाने वाला तीसरा देश बन जाएगा।



वाशिंगटन में व्हाइट हाउस के दक्षिण लॉन में टहलते हुए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प

## जापान, दक्षिण कोरिया में संक्रमण के दैनिक मामलों में रिकॉर्ड बढ़ोतरी

एपी। तोक्यो

**जापान में** पहली बार कोरोना वायरस संक्रमण के एक दिन में 3,000 से ज्यादा मामले सामने आए हैं, वहीं सरकार अर्थव्यवस्था कमजोर होने के डर से कड़े कदम उठाने में देरी कर रही है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने रविवार को कहा कि संक्रमण के 3,030 नए मामले सामने आए हैं जिनमें से 621 मामले तोक्यो से हैं। नए मामलों को मिलाकर देश में संक्रमितों की कुल संख्या बढ़कर l,77,287 हो गई है और संक्रमण से अब तक 2,562 लोगों की मौत हो गई है। विशेषज्ञों का मानना है कि देश भर में गंभीर मामलों की संख्या बढ़ रही है, जिससे अस्पतालों पर दबाव बढ़ रहा है और अन्य मरीजों के प्रतिदिन उपचार पर भी असर पड़ रहा है। उन्होंने अधिकारियों से शहर से बाहर जाने में रोक लगाने और दुकानों को थोड़ा पहले बंद कराने जैसे कदम उठाने की मांग की है। मीडिया में हाल ही में एक आए एक सर्वेक्षण में कहा गया है कि संक्रमण से निपटने के मुद्दे पर प्रधानमंत्री योशिहीदे सुगा सरकार के प्रति लोगों के समर्थन में पहले के तीन महीनों की तुलना में 20 प्रतिशत की गिरावट आई है। वहीं एशिया प्रशांत क्षेत्र में- दक्षिण कोरिया में संक्रमण के एक दिन में l,030 नए मामले सामने आए हैं। अधिकारी इससे निपटने की कोशिश में जी-जान से लगे हुए हैं। कोरिया रोग नियंत्रण एवं रोकथाम एजेंसी ने रविवार को बताया कि देश में संक्रमण के मामले बढ़कर 42,766 हो गए हैं वहीं संक्रमण से मरने वालों की संख्या 580 हो गई है। प्रधानमंत्री चुंग स्ए-कुन ने शनिवार को कहा कि अगर देश में संक्रमण का प्रकोप नहीं थमता तो उनकी सरकार को उच्चतम स्तर के सामाजिक दूरी के नियमों को लागू करना पड़ेगा।

## अमेरिका में भारतीय दूतावास के बाहर खालिस्तान समर्थकों ने महात्मा गांधी की प्रतिमा का अनादर किया

भाषा। वाशिंगटन

**भारत में** नए कृषि कानूनों का विरोध कर रहे किसानों के समर्थन में यहां सिख-अमेरिकी युवाओं ने प्रदर्शन किया और इस दौरान खालिस्तानी अलगाववादियों ने अमेरिका में भारतीय दूतावास के बाहर स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा का अनादर किया।

ग्रेटर वाशिंगटन डीसी, मैरीलैंड और वर्जीनिया के अलावा न्यूयॉर्क, न्यूजर्सी, पेंसिल्वेनिया, इंडियाना, ओहायो और नॉर्थ कैरोलाइना जैसे राज्यों से आए सैंकड़ों सिखों ने वाशिंगटन डीसी में भारतीय दूतावास तक कार रैली निकाली। इसी दौरान भारत विरोधी पोस्टरों और बैनरों के साथ खालिस्तानी झंडे लिए कुछ सिख वहां आए। इनमें से कुछ खालिस्तान समर्थक सिख हाथों में कृपाण लिए महात्मा गांधी की प्रतिमा के सामने आए और उस पर एक पोस्टर चिपका दिया। इस समूह ने भारत विरोधी और खालिस्तान के समर्थन में नारे लगाए।

भारतीय दूतावास ने एक बयान जारी कर प्रदर्शनकारियों के रूप में गुंडागर्दी करने वाले लोगों के इस दुष्ट कृत्य की निंदा की। दूतावास ने कहा कि उसने अमेरिकी कानून प्रवर्तन एजेंसियों के समक्ष इस संबंध में कड़ा विरोध दर्ज कराया है और अपराधियों के खिलाफ जांच एवं कानून के तहत कार्वाई के लिए अमेरिकी विदेश मंत्रालय के सामने भी यह मामला उठाया है। जब शनिवार दोपहर को यह सब हुआ, उस समय वाशिंगटन डीसी पुलिस और सीक्रेट सर्विस के कर्मी बड़ी संख्या में वहां मौजूद थे।

इसके करीब आधे घंटे बाद खालिस्तानी समर्थकों के एक अन्य समूह ने प्रतिमा के गले में रस्सी की मदद से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पोस्टर बांध दिया। इसके एक घंटे से भी अधिक समय बाद सीक्रेट सर्विस का एक एजेंट प्रतिमा की ओर आता दिखाई दिया और उसने खालिस्तान समर्थकों से कहा कि वे कानून का उल्लंघन कर रहे हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 26 जून को एक कार्यकारी आदेश जारी किया था, जिसके अनुसार अमेरिका में सार्वजनिक सम्पत्ति को नुकसान पहुंचाने या किसी स्मारक का अनादर करने पर 10 साल तक की कैद हो सकती है।

महात्मा गांधी की इस प्रतिमा का तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई ने 16 सितंबर, 2000 को तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति बिल क्लिंटन की मौजूदगी में अनावरण किया था। प्रतिमा के अनादर की यह घटना दूसरी बार हुई है। इससे पहले दो और तीन जून की मध्यरात्रि को भी कुछ अज्ञात बदमाशों ने महात्मा गांधी की प्रतिमा का अनादर किया था, जिसके बाद मिशन ने स्थानीय कानून प्रवर्तन एजेंसियों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। यह घटना 25 मई को मिनियापोलिस में अफ्रीकी-अमेरिकी जॉर्ज फ्लॉयड की पुलिस हिरासत में मौत के खिलाफ प्रदर्शनों के दौरान हुई थी।

## अमेरिकी ड्रोन के हमले में मारे जाने से पहले मंसूर से पाकिस्तान में खरीदा था जीवन बीमा: रिपोर्ट

भाषा। इस्लामाबाद

**अमेरिकी ड्रोन** हमले में मारे गए अफगान तालिबान के प्रमुख मुल्ला अख्तर मंसूर ने अपनी मौत से पहले पाकिस्तान में एक फर्जी पहचान का इस्तेमाल करके एक जीवन बीमा पॉलिसी खरीदी थी और उसके प्रीमियम के रूप में तीन लाख रुपए का भुगतान किया था। मंसूर 21 मई, 2016 को पाकिस्तान-ईरान सीमा के निकट हुए अमेरिकी ड्रोन के हमले में मारा गया था। वह जुलाई 2015 में अफगान-तालिबान का प्रमुख बना था। मंसूर और उसके भगौड़े साथियों के खिलाफ शनिवार को हुई आतंकवाद को वित्तीय मदद देने के एक मामले की सुनवाई के दौरान बीमा पॉलिसी के बारे में जानकारी मिली।

डॉन समाचार पत्र ने बताया कि संघीय जांच एजेंसी (एफआईए) ने मंसूर और उसके साथियों के खिलाफ मामला दर्ज किया था। बीमा कंपनी ने मामले की सुनवाई के दौरान कराची में आतंकवाद रोधी अदालत (एटीसी) को यह जानकारी मुहैया कराई। जांच के दौरान पता चला कि मंसूर और उसके साथी फर्जी पहचानों के आधार पर संपत्तियां खरीदकर आतंकवादी गतिविधियों के लिए धन एकत्र करने में मदद करते थे। उसने कराची में तीन करोड़ 20 लाख रुपए की कीमत के भूखंडों और मकानों समेत पांच सम्पत्तियां भी खरीदी थीं। रिपोर्ट में कहा गया है कि जांच में यह सामने आया कि मंसूर ने 21 मई, 2016 को ड्रोन हमले में मारे जाने से पहले एक फर्जी पहचान का इस्तेमाल करके जीवन बीमा पॉलिसी खरीदी थी और कंपनी को तीन लाख रुपए दिए थे। रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से बताया गया कि बीमा कंपनी ने मंसूर से प्राप्त मुख्य राशि लौटाने की इच्छा जाहिर करते हुए जांचकर्ताओं को अदालत में जमा करने के लिए तीन लाख रुपए का चैक दिया था ताकि इस राशि को सरकारी कोष में जमा कराया जा सके। उन्होंने कहा, हालांकि जांचकर्ताओं ने चैक लौटा दिया और कंपनी से मुख्य राशि के साथ प्रीमियम भी देने को कहा ताकि पूरी रकम सरकारी कोष में जमा की जा सके। बीमा कंपनी ने शनिवार को अदालत में साढ़े तीन लाख रुपए का चैक जमा कराया। अदालत के आदेश पर मंसूर की कराची में संपत्तियों की भी नीलामी की गई। अमेरिका के तत्कालीन राष्ट्रपति बराक ओबामा ने पाकिस्तान के बलूचिस्तान में अमेरिकी ड्रोन हमले में 2016 में मंसूर के मारे जाने की पुष्टि की थी।

## बहरीन ने चीनी कोविड-19 टीके के इस्तेमाल के लिए मंजूरी दी

**दुबई।** बहरीन ने रविवार को कहा कि उसने चीनी कोरोना वायरस टीके के इस्तेमाल के लिए मंजूरी दी है। इससे पहले उसने फाइजर और उसकी जर्मन सहयोगी बायोएनटेक द्वारा विकसित टीके को मंजूरी दी थी। बहरीन की सरकारी संवाद समिति ने बताया कि साइनोफार्म टीका फारस की खाड़ी में सऊद्दी अरब की तट से दूर स्थित इस द्वीपीय देश में उपलब्ध होगा। संयुक्त अरब अमीरात की ही तरह उसने भी इस टीके के अध्ययन परिणाम के बारे में बहुत कम जानकारी दी है। संयुक्त अरब अमीरात ने पिछले हफ्ते घोषणा की थी कि यह टीका 86 फीसद प्रभावी है। उसने अपने बयान में बहुत कम जानकारी दी थी लेकिन वह इस टीका के प्रभावी होने के बारे में पहली सार्वजनिक विज्ञप्ति थी। बहरीन ने कहा कि देश में 7,700 से अधिक लोगों ने साइनोफार्म टीके के परीक्षण में हिस्सा लेने के लिए सहमति दी है।

## ईरान ने पत्रकार की फांसी का विरोध करने पर यूरोपीय संघ के दूतों को तलब किया

एपी। तेहरान

**एक ईरानी** पत्रकार को फांसी दिए जाने की यूरोपीय संघ द्वारा निंदा करने के बाद ईरान ने रविवार को तेहरान में जर्मन राजदूत को तलब किया। पत्रकार पर अपने काम से 2017 में राष्ट्रव्यापी आर्थिक विरोध को बढ़ावा देने का आरोप था। ईरानी सरकारी मीडिया ने यह जानकारी दी। समाचार एजेंसी आईआरएनए ने कहा कि शनिवार को पत्रकार रुहल्ला जैम (47) को फांसी दिए जाने पर यूरोपीय संघ के बयानों की वजह से ईरानी विदेश मंत्रालय के एक अधिकारी ने जर्मन राजदूत को तलब किया। ईरानी अधिकारियों ने पिछले साल पड़ोसी देश इराक में जैम को गिरफ्तार किया था। उसके बाद से जैम ईरानी जेल में बंद थे। जर्मन विदेश मंत्रालय ने शनिवार को जैम की सजा की परिस्थितियों को लेकर दुख व्यक्त किया और इसे "विदेश से अपहरणै करार दिया। आईआरएनए ने कहा कि ईरान पत्रकार की फांसी पर यूरोपीय प्रतिक्रियाओं को लेकर तेहरान में फ्रांस के राजदूत को भी आज बुलाएंगे। ईरान ने फ्रांस के राजदूत को भी तलब किया है। फ्रांस के विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा, "यह एक बर्बर और अस्वीकार्य कृत्य है। फ्रांस ने फांसी की सजा को ईरान में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को गंभीर झटका करार देते हुए इसकी निंदा की। जैम ईरान लाए जाने से पहले फ्रांस में रह रहे थे। ईरानी सरकारी टेलीविजन ने शनिवार तड़के जैम को फांसी दिए जाने की घोषणा की थी। एक ईरानी अदालत ने जून में जैम को मानवता के प्रति अति गंभीर अपराध का दोषी ठहराते हुए मौत की सजा सुनाई थी।

## भारतीय-अमेरिकी सांसद रो खन्ना ने किसानों के मुद्दे का शांतिपूर्ण और निष्पक्ष हल निकालने की मांग की

**वाशिंगटन ( भाषा )।** भारतीय मूल के अमेरिकी सांसद रो खन्ना ने भारत में किसानों के मुद्दे का शांतिपूर्ण और निष्पक्ष हल निकलने की उम्मीद जताई और कहा कि सरकार और आंदोलनरत किसानों के बीच बातचीत से वह प्रोत्साहित हैं। खन्ना (44) सिलिकॉन वैली से लगातार तीसरी बार कांग्रेस के लिए चुने गए हैं। उन्होंने शनिवार को ट्वीट किया, भारत और अमेरिका लोकतंत्र और शांतिपूर्ण प्रदर्शनों की समृद्ध परंपरा साझा करते हैं। किसान हमारे देशों की रीढ़ हैं और उनकी बातें सुनी जानी चाहिए। मैं उम्मीद करता हूं कि शांतिपूर्ण और निष्पक्ष समाधान निकलेगा। उन्होंने कहा, मैं चल रही बातचीत से प्रोत्साहित हूं। खन्ना के अलावा अमेरिका के कई सांसदों ने किसान आंदोलन पर अपने विचार रखे हैं और कई ने इस पर चिंता भी व्यक्त की है। सांसद जॉन गरामेंडी ने कहा,

**● किया ट्वीट, भारत- अमेरिका लोकतंत्र और शांतिपूर्ण प्रदर्शनों की समृद्ध परंपरा साझा करते है, किसान हमारे देशों की रीढ़ है और उनकी बातें सुनी जानी चाहिए**

कांग्रेस में अमेरिकी सिख कॉकस का सह अध्यक्ष होने के नाते मेरे कार्यालय को भारत में कृषि कानून के विरोध में शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे प्रदर्शनकारियों पर भीषण कार्वाई होने की जानकारी मिली है। जॉन ने दो अन्य सांसदों के साथ अमेरिका में भारत के रातदूत तरणजीत संधू को इस सप्ताह की शुरुआत में एक पत्र लिखा था। पत्र में भारत सरकार से अहम लोकतांत्रिक स्वतंत्रताओं के प्रति सम्मान दिखाने और हिंद प्रशांत क्षेत्र में लोकतांत्रिक मूल्यों का मॉडल बनने की अपील की गई थी।

## पाकिस्तान ने कोविड-19 टीका के लिए आवंटित कोष को बढ़ाकर 25 करोड़ डॉलर किया

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने कोविड-19 का टीका खरीदने के लिए पूर्व में आवंटित 15 करोड़ डॉलर के कोष को बढाकर इसे 25 करोड़ डॉलर कर दिया है। डॉन अखबार के मुताबिक सरकार ने विभिन्न बहुराष्ट्रीय कंपनियों के साथ गोपनीय समझौते भी किए हैं जिसके तहत टीका प्राप्त करने वाले देश टीके की जानकारी सार्वजनिक नहीं करेंगे। राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा की संसदीय सचिव नौशीन हामिद ने अखबार को बताया कि टीका खरीदने के लिए 25 करोड़ डॉलर आवंटित किया गया है। उन्होंने कहा, हम एक से अधिक कंपनियों के साथ खरीद समझौते पर दस्तखत करेंगे ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि हमें टीका मिले। रूस ने भी हाल में हमें अपने टीके की पेशकश की है। हालांकि, हम सुरक्षा और असर संबंधी पहलु पर गौर कर रहे हैं क्योंकि लोगों का स्वास्थ्य हमारी प्राथमिकता है। टीके को लेकर हामिद ने उम्मीद जताई कि अगले साल की पहली तिमाही में आपूर्ति शुरू हो जाएगी।

## अमेरिका में कोविड-19 का टीका ले जाने के लिए तैयार हैं ट्रक

एपी। वाशिंगटन

**अमेरिका के** मिशिगन विनिर्माण संयंत्र से कोरोना वायरस के टीके की पहली खेप ले जाने के लिए रविवार को ट्रक तैयार खड़े हैं। जानलेवा संक्रमण से बचाव के टीकों की खुराक शाम तक राज्यों में पहुंचने की उम्मीद है। ए टीके देश में महामारी का प्रकोप रोकने के लिए अहम है। अमेरिका के इतिहास में महामारी के खिलाफ सबसे बड़ा टीकाकरण अभियान शुरू होगा। इस महामारी ने दुनियाभर में 16 लाख लोगों की जान ले ली है और 7.1 करोड़ लोगों को बीमार किया है। शुरूआत में टीके की करीब 30 लाख खुराकें भेजी जाने की उम्मीद है और स्वास्थ्य कर्मी तथा नर्सिंग होम के कर्मियों को प्राथमिकता दी जाएगी।

अमेरिका में कोरोना वायरस के मामलों में तेजी जारी है और अब तक तीन लाख से ज्यादा अमेरिकियों की मौत हो चुकी है। संघीय अधिकारियों ने बताया कि फाइजर के टीके की पहली खेप सोमवार तक 145 वितरण केंद्रों तक पहुंच जाएगी। वहीं अतिरिक्त 425 केंद्र पर यह टीका मंगलवार और बचे हुए 66 केंद्रों पर बुधवार तक पहुंच जाएगा। यह टीका फाइजर ने अपनी जर्मन साझेदार बायोएनटेक के साथ विकसित किया है। इसे प्रत्एक राज्य की वयस्क आबादी के आधार पर दिया जाएगा। इस टीके को काफी कम तापमान यानि के शून्य से करीब 94 डिग्री सेल्सियस नीचे पर रखा जा रहा है। इसके लिए फाइजर ड्राइ आइस से लैस कंटेनर और जीपीएस सेंसर का इस्तेमाल कर रहा है। संघीय अधिकारियों ने बताया कि तीन हफ्ते में यह टीका स्थानीय दवाइयों की दुकानों पर उपलब्ध होगा। अमेरिका के खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने शुक्रवार को अमेरिकी दवा कंपनी फाइजर और उसकी जर्मन साझेदार बायोएनटेक द्वारा विकसित टीके के आपात स्थिति में देश में इस्तेमाल करने को मंजूरी दे दी है।

## पाकिस्तान का विपक्षी गठबंधन पीडीएम ने लाहौर में अंतिम रैली आयोजित की

भाषा। लाहौर



**पाकिस्तान डेमोक्रेटिक** मूवमेंट (पीडीएम) रविवार को अंतिम रैली की जबकि देश में कोविड-19 के मामलों में बढ़ोतरी को देखते हुए 300 से अधिक लोगों के इकट्ठा होने पर प्रतिबंध है।

पीडीएम, विपक्ष के 11 दलों का गठबंधन है जो कठपुतली प्रधानमंत्री इमरान खान को सत्ता से हटाने की मांग कर रहा है। पाकिस्तान डेमोक्रेटिक मूवमेंट (पीडीएम) के कार्यकर्ता काफी संख्या में मीनार-ए-पाकिस्तान पहुंच चुके हैं। उन्होंने इसके मुख्य दरवाजे के ताले तोड़ दिए, वहां कुर्सियां लगाईं और रविवार को विपक्ष के शक्ति प्रदर्शन को दिखाने के लिए वहां प्रकाश का इंतजाम किया। रैली को लंदन से पूर्व प्रधानमंत्री और पीएमएल-एन के नेता नवाज शरीफ, उनकी बेटी मरियम नवाज, जमीयत उलेमा इस्लाम के प्रधान और पीडीएम के प्रमुख मौलाना फजलुर रहमान और पीपीपी के अध्यक्ष बिलावल भुट्टो जरदारी संबोधित करेंगे। पंजाब के कानून मंत्री बशरत रजा ने कहा, कोविड-19 के बढ़ते मामलों को देखते हुए सरकार ने मीनार-ए-पाकिस्तान लाहौर में पीडीएम को रैली करने की इजाजत नहीं दी है। उन लोगों के खिलाफ कार्वाई की जाएगी जो कानून को अपने हाथों में लेंगे। उन्होंने कहा कि पुलिस ने इस हफ्ते लाहौर में पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) की उपाध्यक्ष मरियम द्वारा आयोजित सभाओं के दौरान कोविड-19 दिशानिर्देशों का उल्लंघन करने के लिए अभी तक उसके तीन हजार से अधिक कार्यकर्ताओं के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

## भारतीय उच्चायोग ने एससीओ राजनयिकों को बॉलीवुड श्रृंखला सिनेमास्कोप की शुरुआत की

**बीजिंग ( भाषा )।** बीजिंग में भारतीय उच्चायोग ने एससीओ राष्ट्रों के राजनयिकों के लिए बॉलीवुड फिल्मों की श्रृंखला सिनेमास्कोप की शुरुआत की है। इस कार्यक्रम के दौरान शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के महासचिव व्लादिमीर नोरोव और संगठन के सदस्य राष्ट्रों के राजनयिकों ने हिस्सा लिया। एससीओ देशों के राजनयिकों और उनके परिवारों के लिए विशेषतौर पर भारतीय उच्चायोग के परिसर में शनिवार से शुरू की गई इस श्रृंखला में सबसे पहले अभिनेता आमिर खान की फिल्म थ्री इडियट्स दिखाई गई। रूसी भाषा में डब की गई करीब दो दर्जन हिंदी फिल्में हर माह के आधार पर वर्ष 2023 तक प्रदर्शित की जाएंगी। कार्यक्रम का उद्घाटन संयुक्त रूप से चीन में भारत के राजदूत विक्रम मिसरी और नोरोव ने किया। इस दौरान एससीओ देशों के राजनयिक भी परिवार समेत मौजूद रहे। गौरतलब है कि भारत और पाकिस्तान वर्ष 2017 में एससीओ के स्थाई सदस्य बने।

## वाशिंगटन में ट्रंप के समर्थन में हजारों लोगों ने की रैलियां

**वाशिंगटन ( एपी )।** अमेरिका में हुए राष्ट्रपति चुनाव के नतीजों को पलटने की मौजूदा राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की कोशिशों के समर्थन में हजारों लोगों ने वाशिंगटन में सप्ताहांत में रैलियां कीं। राष्ट्रपति चुनाव में डेमोक्रेटिक पार्टी के उम्मीदवार जो बाइडन ने जीत हासिल की है। ट्रंप समर्थक और ट्रंप विरोधी प्रदर्शनकारियों के बीच शनिवार शाम को हिंसा की छिट पुट घटनाएं हुई। डब्ल्यूआरसी-टीवी ने बताया कि चाकू लगने से घायल हुए चार लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मेट्रोपोलिटन पुलिस विभाग ने डब्ल्यूआरसी-टीवी को बताया कि 23 लोगों को हिंसा के मामले में गिरफ्तार किया गया है। इन रैलियों में ट्रंप के अधिकतर समर्थकों ने मास्क नहीं पहना था। ऐसा माना जा रहा है कि बाइडन को 46वें राष्ट्रपति के तौर पर औपचारिक रूप से निर्वाचित करने के लिए इलेक्ट्रोरल कॉलेज की बैठक से मात्र दो दिन पहले अपनी ताकत दिखाने के लिए ए रैलियां की जा रही हैं। उन्होंने हाल में हुए चुनाव में बाइडन से हार स्वीकार नहीं की और चुनाव में धोखाधड़ी के निराधार आरोप लगाए हैं, जिन्हें विभिन्न अदालतों ने खारिज कर दिया है। न्यूयॉर्क के वेस्ट प्वाइंट में थलसेना-नौसेना के बीच फुटबाल मैच देखने के लिए जा रहे ट्रंप का मरीन वन हेलीकॉप्टर एक रैली के ऊपर से गुजरा, जिसके देखकर उनके समर्थक उत्साहित हो गए। ट्रंप समर्थकों ने पिछले कुछ सप्ताहों में रैलियां की हैं, लेकिन ट्रंप ने रैलियों को लेकर हैरानी जताते हुए शनिवार सुबह कहा, वाह, धोखाधड़ी को रोकने के लिए वाशिंगटन (डी.सी.) में हजारों लोग एकत्र हो रहे हैं।

## पाकिस्तानी अभिनेत्री माहिरा खान कोविड-19 से संक्रमित

**कराची।** पाकिस्तानी अभिनेत्री माहिरा खान ने रविवार को कहा कि वह कोविड-19 से संक्रमित पाई गई हैं और फिलहाल पृथकवास में हैं। हमसफर , सदके तुम्हारे जैसे शो और बोल और बिन रोए जैसी फिल्मों से मशहूर 35 वर्षीय अभिनेत्री ने कहा कि कोविड-19 से संक्रमित होना मुश्किल है लेकिन उम्मीद है कि वह जल्दी ठीक हो जाएंगी। माहिरा खान ने लिखा, मैं कोविड-19 से संक्रमित पाई गई हूं। फिलहाल मैं पृथकवास में हूं और मैंने उन सभी लोगों को सूचित कर दिया है, जो पिछले कुछ दिनों में मेरे संपर्क में आए थे। यह मुश्किल है, लेकिन जल्दी ठीक हो जाएगा, इंशाअल्लाह। उन्होंने लोगों से मास्क पहनने और अन्य सभी सुरक्षा दिशा-निर्देशों का पालन करने का भी आग्रह किया। अभिनेत्री ने आगे लिखा, दुआएं और फिल्मों के सुझावों का स्वागत है। हाल ही में उन्होंने लाहौर में अपनी आने वाली फिल्म नीलोफर की शूटिंग पूरी की है।

## अफगानिस्तान की राजधानी में हमले, तीन की मौत

**काबुल ( एपी )।** अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में रविवार को दो अलग अलग हमलों में कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई। इससे एक दिन पहले राजधानी में मोर्टार के गोले दागकर हमला हुआ था। काबुल पुलिस के प्रमुख के प्रवक्ता फिरदौस फरामर्ज़ के मुताबिक, उत्तरी काबुल में बख्तर बंद गाड़ी पर बम चिपका कर किए गए विस्फोट में दो लोगों की मौत हो गई जबकि दो अन्य जख्मी हो गए। घटना की तत्काल और जानकारी उपलब्ध नहीं है। फरामर्ज़ ने यह भी बताया कि पूर्वी काबुल में अफगानिस्तान सरकार के एक अभियोजक की गोली मारकर हत्या कर दी गई।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि जब हमला हुआ, उस वक्त अभियोजक अपने दफ्तर जा रहे थे। हमले की जिम्मेदारी तत्काल किसी ने नहीं ली है। इस्लामी स्टेट समूह ने राजधानी में हाल में किए गए हमलों की जिम्मेदारी ली है। रविवार को हुए हमलों से एक दिन पहले आईएस के आतंकवादियों ने राजधानी पर मोर्टार गोले दागे थे जिसमें एक आम नागरिक की मौत हो गई थी जबकि दूसरा जख्मी हो गया था। कट्टरपंथी संगठन ने अपने से संबद्ध समाचार वेबसाइट अमाक के जरिए हमले की जिम्मेदारी ली थी और कहा था कि उसने 10 रॉकेट हामिद करजई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे की ओर दागे थे। गृह मंत्रालय ने बताया कि तीन गोले हवाई अड्डे पर गिरे जबकि अन्य गोले शहर के रिहायशी इलाकों में गिरे।



# सुखद भविष्य के लिए

**कई लोग कॅरियर को आर्थिक उपलब्धियों के स्रोत के रूप में समझते हैं। वे अपने पैकेज या मुनाफे पर आधारित आनंददायी जीवन की तलाश करते हैं। व्यक्ति को कैसे इससे परे जाकर देखना तथा अर्थपूर्ण व सुखद कॅरियर तलाशना चाहिए, इसके बारे में बताते हैं प्रवीण परमेश्वर**

इंसान को खुश रखने में करियर संतुष्टि व आनंद की उल्लेखनीय भूमिका होती है। यह एक शांतिपूर्ण व संतुष्टिदायक जीवन की बुनियाद नियमित करता है। यह आलेख खुशी के लिए करियर की योजना बनाने के छह नुस्खे बताता है।

## कॅरियर संबंधी अपनी सोच को बदलें

अधिकांश लोग करियर को आर्थिक उपलब्धियों का स्रोत मात्र समझते हैं। वे वित्तीय स्थिरता तथा भविष्य में एक आरामदायक जीवन जीने की उम्मीद करते हैं, लेकिन उनका करियर सिर्फ भत्तों व वित्तीय संख्याओं तक सीमित रह जाता है। वे अपने पैकेज या मुनाफे पर आधारित आनंददायी जीवन की तलाश करते है जबकि वास्तविकता उससे कहीं परे मौजूद होती है। इंसान का लगभग तीस फीसदी जीवन करियर पर बीतता है, जो हमारे जीवन का प्रासंगिक हिस्सा बनता है। इस तरह, इसे केवल इस तरह नहीं देखा जाना चाहिए जहां यह केवल मुनाफों या वित्तीय स्थिरता तक सीमित रह जाए बल्कि इसमें पेशेवर संतुष्टि व आजीवन आनंद भी होना चाहिए जो इससे साथ मिलता है। सोच में यह बदलाव खुशी के लिए करियर बनाने की यात्रा में पहला कदम है।

## प्रोफेशन को शौक बनाएं

शौक का संदर्भ उन गतिविधियों से है जिसमें व्यक्ति, बिना किसी थकान व ऊबन के, निरंतरतापूर्वक लिप्त रहता है। अधिकांश लोगों के पास ऐसे एक या उससे अधिक क्षेत्र होंगे जिन्हें शौक के साथ पूरा किया गया है। यदि इनमें से कोई क्षेत्र प्रोफेशन में बदला जा सके तो उन्हें महसूस तक नहीं होगा कि वे दिन के लिए काम करते हैं। बल्कि हर क्षण का उसका आनंद लेते हैं।

## व्यक्तित्व व बौद्धिक संयोजन का मापन

प्रत्येक करियर लोगों मे एक खास व्यक्तित्व संबंधी खूबियों की मांग करता है ताकि उसमें वो कामयाब हो सके। यदि यह बैंकर के रूप में करियर के लिए ढला व तार्किक नजरिए से लैस होता है, तो यह सेल्स पर्सन के रूप में करियर के लिए संबंध निर्माण के प्रति अत्यंत प्रेरित है। प्रोडक्ट डिजाइनर के लिए यह विजुअल समझदारी तथा कृषि वैज्ञानिक के लिए यह प्रकृतिवादी समझदारी है। वो करियर अपनाना, जो व्यक्तित्व बौद्धिक रूझान के साथ मेल खाता है, यात्रा के लिए हमारी राह को ज्यादा आसान बनाता है और हमें ज्यादा खुशहाली की ओर ले जाता है।

**उपलब्धि और सफलता कॅरियर में खुशियाँ पाने के लिए महत्वपूर्ण कारक हैं। यह अत्यधिक ज्ञान और कौशल से संबंधित है जो एक व्यक्ति को अपनी पेशेवर जिम्मेदारियों को देने के लिए होता है**

## हितों व सहजताओं को समायोजित करें

हममें से प्रत्येक की अपनी रूचियों व सुविधा स्तर होते हैं। इसमें कामों की विविधता शामिल होती है, मसलन लोगों के साथ काम करना बनाम मशीनों के साथ काम करना, बंद कमरे में काम करना बनाम बाहर घूमते हुए काम करना, काम में यात्रा करना सम्मिलित है बनाम बिना यात्रा की भागीदारी या एक जगह पर काम करना। दिनचर्या कार्य बनाम अनियमित कार्य दिनचर्याएं इत्यादि। यह हमेशा प्रशंसनीय होता है यदि हम करियर की योजना बनाते समय अपनी हितों व सहजताओं को समायोजित कर पाएं।

## ज्ञान एवं कुशलताओं पर रहें पूरी तरह अपडेट

करियर में प्रसन्नता हासिल करने के लिए करियर में उपलब्धि एवं सफलता एक बहुत महत्वपूर्ण कारक है। यह उस व्यक्ति की जानकारी व कौशल से बहुत गहरे संबंधित है जो अपनी पेशेवर जिम्मेदारियों निभाने के लिए अधिकृत है। यदि कोई इन महत्वपूर्ण कारकों में सीमा से नीचे चला जाता है, तो उसका कार्य प्रदर्शन खराब हो जाता है जो उसे विफलता, असंतुष्टि व नाखुशी की ओर ले जाएगा। ऐसे हालात से बचने के लिए जरूरी है कि जानकारी व योग्यताओं निरंतर अपडेट रखा जाए।

## सहकर्मियों के साथ प्रगाढ़ रिश्ता बनाएं

हार्वर्ड ग्रांट स्टडी में पता चलता है कि इस दुनिया सबसे खुश लोग वे हैं जो अपने इर्दगिर्द लोगों के साथ सबसे ज्यादा जुड़े होते हैं। इस अवधारणा को काम पर लागू करें तो, काम में खुश होने के लिए अत्यंत आवश्यक होता है कि अपने सहकर्मियों, ग्राहकों व हर उस प्रकार के लोगों के साथ जुड़े रहा जाए जो हमारे साथ नजदीकी तौर पर काम करते हैं। यह खुशी में बड़े पैमाने पर योगदान करेगा।

इनके अलावा यह भी महत्वपूर्ण है कि प्रत्येक उस छोटी कामयाब का उत्सव मनाया जाए जो हम अपने करियर में हासिल करते हैं। उपरोक्त तरीकों को अपनाने से हर व्यक्ति को निश्चित तौर पर अपने करियर में सार्थकता व खुशी हासिल करने में सहायता मिलेगी।

– लेखक लाइफोलाजी, चीफ एक्जीक्यूटिव आफिसर हैं।

# डाटा साइंस के साथ योग्यता-निखार

**विवेक के सिंह का कहना है कि बढ़ी प्रतियोगिता के कारण अनेक पेशेवर योग्यताएं निखारने हेतु आनलाइन कक्षाएं ले रहे हैं**



Vivek K Singh
Co-founder and CEO, Careerera

मौजूदा महामारी के कारण क्लासरूम शिक्षा फिलहाल व्यवहारिक नहीं है। घरों में सीमित रहकर व्यक्ति अभी भी इस समय का, डाटा साइंस के क्षेत्र में उसी स्तर का क्लासरूम शिक्षण अनुभव हासिल करने में, उपयोग कर सकता है।

अनेक कामकाजी पेशेवर भी अधिक कुशल व प्रतिस्पर्धी होने के लिए पुनर्विशेषज्ञता तथा अपनी योग्यताओं की मदद के लिए वर्चुअल प्रशिक्षण का चुनाव कर रहे हैं।

हमने नामचीन आइटी कंपनियों के साथ साझीदारी की है और डाटा साइंस में पोस्ट ग्रेजुएट कोर्स की घोषणा की है जिसका उद्देश्य क्षेत्र में तथा उनके लिए उत्कृष्टता हासिल करना है जो नयी योग्यताएं हासिल करने की कोशिश कर रहे हैं।

क्लासरूम एवं आनलाइन प्रशिक्षण के जरिए सफलतापूर्वक हजारों पेशेवरों को प्रशिक्षित करने का इसका पुराना इतिहास है।

डाटा साइंस उद्योग 35 .5 फीसदी सीएजीआर की स्वस्थ दर से विकसित हो रहा है। सर्वाधिक मांग वाली डाटा साइंस योग्यताओं पर एक इंडस्ट्री लीडर द्वारा विश्वस्तरीय डाटा साइंस प्रक्षिक्षण का तजुर्बा लें। पाइथन, मशीन लर्निंग, डाटा विजुअलाइजेशन, एसक्यूएल, एवं आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस समेत प्रमुख तकनीकों की प्रत्यक्ष जानकारी प्राप्त करें। आज डाटा साइंस पेशेवर विशेषज्ञ बनें। विशिष्ट डाटा साइंस एनालिटिक्स प्रोग्राम के साथ डाटा साइंस में अपने करियर को नयी बुलंदियां दें।

डाटा साइंस में पोस्ट ग्रेजुएट कोर्स आपको पाइथन से लेकर मुख्य विचारों व तकनीकों, एक्सप्लोरेटरी डाटा एनालिसिस से लेकर मशीन लर्निंग, डीप लर्निंग व अन्य की व्यापक समझदारी प्रदान करता है। प्रेक्टिकल लैब्स एवं असायनमेंट कार्य इन विचारों को उत्तम निर्देशकों के साथ जीवंत बनाते हैं और राहम में आपको निगरानी कार्य करने में सहयोग प्रदान करते हैं।

## कोर्स रेखांकित करता है

- 12 माह का आनलाइन कार्यक्रम
- छात्र और शिक्षक का 1: 15 का बेमिसाल अनुपात
- व्यवहारिक योग्यताएं निर्मित करने के लिए वास्तविक जगत की मिसालें
- पाइथन, टेब्लियू, एसक्यूएल जैसे एनलालिटिक्स टूल्स एवं तकनीकों की प्रत्यक्ष जानकारी
- प्रत्यक्ष व्याख्यान, आनलाइन लैब सत्र जिनमें व्यक्तिगत स्तर पर करियर विशेषज्ञों से संवाद करना सम्मिलित है।
- अनेक इंडस्ट्री ज्ञान सत्रों के जरिए उद्योग संबंधी जानकारी हासिल करना।
- बदलते डाटा साइंस परिदृश्य के साथ कदम मिलाकर चलने के लिए गहन निगरानी वाले मूल्यांकन
- नामचीन कंपनियों के साथ अवसरों की उपलब्धता

## आवेदन कैसे करें

सीधे आनलाइन आवेदन पत्र भरकर आवेदन करें

- आनलाइन एप्टिट्यूड टेस्ट
- फेकल्टी के साथ स्क्रीनिंग कॉल

ज्यादा जानकारी हासिल करने के लिए देखें – www.careerera.com

# स्कॉलरशिप



द युनिवर्सिटी आफशेगफील्ड, यूके को 2021 में 150 इंटरनेशनल पोस्टग्रेजुएट टॉट मेरिट स्कालरशिप प्रस्तावित करते हुए अति प्रसन्नता है।

प्रत्येक स्कालरशिप सितंबर 2021 में आरंभ होने वाले पीजी शिक्षण कार्यक्रम की मूल ट्यूशन फीस की 25 फीसदी धनराशि का प्रतिस्पर्धात्मक प्रोत्साहन है। यह स्कालरशिप सभी नए अंतर्राष्ट्रीय छात्रों को उपलब्ध है जो योग्यता मानक पर खरे उतरते हैं। आपके पास युनिवर्सिटी में पढ़ने का प्रस्ताव होना आवश्यक है।

परिणामों को शुक्रवार, 11 जून, 2021 को घोषित किया जाएगा।

**योग्यता:** आपका कोर्स शरद 2021 में युनिवर्सिटी आफ शेफील्ड में आरंभ होगा। आपको युनिवर्सिटी आफ शेफील्ड में पूर्णकालिक कोर्स में अध्ययन का प्रस्ताव प्राप्त होना चाहिए।

जे मास्टर कोर्स युनिवर्सिटी आफ शेफील्ड तथा उनके साझीदार संस्थान के बीच विभाजित होंगे, वे स्कालरशिप में आवेदन योग्य नहीं हैं। ट्यूशन फीस उद्देश्यों के लिए आपको स्ववित्तपोषित होना चाहिए और आप ओवरसीज ट्यूशन फीस का भुगतान करते हों। आप प्रायोजित छात्र नहीं होने चाहिए।

अधिक जानकारी के लिए देखें: ://www.sheffield.ac.uk/international/fees-and-funding/scholarships/postgraduate/international-merit-postgraduate-scholarship आवेदन की अंतिम तिथि: 17 मई, 2021, यूके समयानुसार 13 बजे।

अकादमिक सत्र 2021-2022 के लिए मेकमास्टर युनिवर्सिटी द्वारा प्रायोजित अंडरग्रेजुएट इंटेंऊस स्कालरशिप्स के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। यह स्कालरशिप प्रोत्साहन विशेष तौर पर अंतर्राष्ट्रीय छात्रों के लिए उपलब्ध हैं।

**योग्यता:** योग्यता पाने के लिए, आवेदकों को निम्न मानकों को पूरा करना होगा:

**अकादमिक प्रदर्शन:** एडमिशन औसत 90 प्रतिशत या उससे अधिक। नेतृत्व अनुभव एवं योगदानों का प्रदर्शन, पाठयेत्त एवं /या समुदाय में स्वैच्छिक गतिविधियों में भागीदारी।

सभी आवेदकों को आवेदन फार्म के साथ इन निम्न दस्तावेजों को संलग्न करना होगा: अकादमिक पांडुलिपियां, सेट/एक्ट परिणाम एवं एपी टेस्ट परिणाम।

**प्रवेश शर्तें :** एडमिशन पाने के लिए, आपको उस प्रत्येक योग्यता के लिए प्रवेश शर्तों को पूरा करना होगा, जिन्हें आपकी अध्ययन करने की योजना है।

**भाषा शर्त :** अगर आपको अंग्रेजी भाषा दक्षता प्रदर्शित करने के लिए कहा गया है तो आपको निर्देशानुसार न्यूनतम भाषा शर्तों को पूरा करना होगा।

**आवेदन कैसे करें:** इस अवसर हेतु आवेदन करने के लिए, आवेदकों को युनिवर्सिआी में आवेदन फार्म जमा करना होगा।

**आवेदन की अंतिम तिथि:** आवेदन की अंतिम तिथि 21फरवरी, 2021 है।

# शोध नवोन्मेषन में बढ़े महिलाओं की भागीदारी

**पारंपरिक** तौर पर, विज्ञान, तकनीक, इंजीनियरिंग एवं गणित (स्टेम) में लैंगिक खाई के समाधान का तर्क समानता, समावेशन तथा लैंगिक भुगतान खाई को भरने की दृष्टि से दिया गया है। इसे विविधता परिप्रेक्ष्य से भी प्रोत्साहित किया गया था। तकनीक एवं डिजीटलीकरण की उल्लेखनीय प्रगति से, स्टेम क्षेत्र आज उस शोध व नवोन्मेष को आगे बढ़ा रहा है जो रोजमर्रा जीवन को प्रभावित करता है। क्षेत्र में महिलाओं का कमजोर प्रतिनिधित्व समाधानों को जबरदस्त ढंग से तोड़-मरोड़ कर अनुवांशिक तौर पर असमानता बढ़ाएगा।

शोध ने दिखाया है कि महिलाओं का ऐतिहासिक तौर पर चिकित्सीय प्रकियाओं में कमजोर प्रतिनिधित्व रहा है, जिसने महिलाओं के लिए चिकित्सा उपचारों को बहुत हद तक बेअसर बनने के मुकाम पर पहुंचाया है। यह नवोन्मेषन पर होने वाले समय और संसाधनों के अनुपात तथा खासतौर पर महिलाओं को प्रभावित करने वाली समस्याओं के समाधान में भी नजर आता है। इसका एक प्रमुख उदाहरण, आज के दौर में भी, माहवारी समस्याओं का असरकारी उपचार योजना का न होना है। स्टेम संचालित शोध, नवोन्मेषन एवं तकनीकी उन्नति में महिलाओं के ज्यादा होने से उस पूर्वाग्रह को संतुलित करने में सहायता होगी जो समस्या समाधान पर काम करने वाली समान लिंगी टीमें होने से आता है। महिलाओं के लिए महिलाओं द्वारा शोध उन समाधानों व नवोन्मेषनों को सुनिश्चित करता है जो महिलाओं की आवश्यकताओं का जवाब देने के लिए सचेत है और यह महिलाओं द्वारा झेली जा रही समस्याओं को नवोन्मेषन व शोध के केन्द्र में रखने के लिए प्रोत्साहित करता है।

दुर्भाग्यवश, स्टेम क्षेत्र निरंतर पुरूषों के वर्चस्व में बने हुए हैं। तकनीक व डिजीटलीकरण के वर्चस्व वाली दुनिया में, वैश्विक औसत के रूप में, महिलाएं स्टेम कर्मचारियों का केवल 28 .8 फीसदी हिस्सा हैं जबकि भारत में यह प्रतिशत सिर्फ 14 फीसदी है। यूनेस्को के अनुसार, विज्ञान, तकनीकी, इंजीनियरिंग एवं गणित (स्टेम) में महिलाएं कम प्रकाशित होती हैं, उन्हें उनके शोध के लिए कम वेतन मिलता है और वे अपने करियर में पुरूषों के समान उन्नति नहीं पाती हैं। नोबल पुरस्कार में भी, इसके 120 साल पुराने इतिहास में, केवल 57



महिलाओं को पुरस्कार दिए गए हैं, जिनमें मेरी क्यूरी एकमात्र महिला है जिन्होंने इस सम्मान को दो बार हासिल किया है।

साल 2017 की यूएन रिपोर्ट की जानकारियां भी उन अनेक बाधाओं को रेखांकित करती है जो तकनीक एवं नवोन्मेषन में बढ़ती लैंगिक खाई में योगदान करती हैं, जिनमें महिलाओं की समस्याओं को हल करने वाले नवोन्मेषनों में सीमित निवेश तथा सीमित बाजार जागरूकता शामिल हैं, जिसमें नवोन्मेषन में जेंडर-ब्लाइंड नजरिया, कमजोर प्रतिनिधित्व, एवं कथित उच्च जोखिम, महिलाओं व लड़कियों के लिए, खासतौर पर हाशियाग्रस्त समूहों से, नवोन्मेषन में निम्न स्तरीय पुरस्कार देना, आता है।

**माइंड इट**

शिक्षा इस खाई को दूर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है, जैसा कि दुनिया भर की सरकारों, उद्योग एवं विकासशील संस्थानों द्वारा स्टेम क्षेत्रों में ज्यादा लड़कियों को प्रोत्साहित करने वाले असंख्य कार्यक्रमों में देखने में आया है।

हालांकि, भारत में, लड़कियों के लिए शिक्षा की उपलब्धता में सफलता के बावजूद, बड़े पैमाने की पढ़ाई छूट जाना तथा लड़कियों के प्रति रटे-रटाये महिला कार्यकलापों से संबंधित पिछड़ी सामाजिक प्रवृत्ति बरकरार है। पेशेवर पाठ्यक्रमों में, बीटेक कोर्सेज में केवल चालीस फीसदी छात्र महिलाएं हैं। यह संख्या बैचलर आफइंजीनियरिंग कोर्सों के लिए घटकर 34 फीसदी पर आ जाती है।

ये संकेतक उन व्यवस्थागत बदलावों की आवश्यकता पर जोर देते हैं जो स्टेम क्षेत्रों में नवोन्मेषन के प्रत्यक्ष मोर्चे पर अधिक महिलाओं को आगे लाने में सहायता करेंगे। यह संभावनाओं की जानकारी तथा अवसरों तक पहुंच बढ़ाकर शैक्षणिक चुनावों के लिए परिवर्धन सहयोग, सहयोगी नेटवर्क बनाने, तथा स्टेम में ज्यादा महिलाओं को लाने व उन्हें टिकाए रखने हेतु नीतिगत वातावरण निर्मित करने की मांग करता है।

**शोध ने दिखाया है कि महिलाओं का ऐतिहासिक तौर पर चिकित्सीय प्रकियाओं में कमजोर प्रतिनिधित्व रहा है, जिसने महिलाओं के लिए चिकित्सा उपचारों को बहुत हद तक बेअसर बनने के मुकाम पर पहुंचाया है। यह नवोन्मेषन पर होने वाले समय और संसाधनों के अनुपात तथा खासतौर पर महिलाओं को प्रभावित करने वाली समस्याओं के समाधान में भी नजर आता है।**

एक शोध ने पाया है कि स्टेम शिक्षा तथा संबंधित आजीविकाओं की पढ़ाई करने वाली लड़कियों के प्रति माता पिता का नजरिया, पारिवारिक आय या संपदाएं तथा उसी परिवार में लड़कों की उपस्थिति या अनुपस्थिति, स्टेम आजीविकाओं में लड़कियों के आवेदन व संभावना को जबरदस्त प्रभावित करते हैं। ज्यादा स्थानीय एवं संबद्ध महिला रोल मॉडल्स की उपस्थिति एक और महत्वपूर्ण कारक है।

स्टेम में लड़कियों को प्रोत्साहित करने व सक्षम बनाने के लिए लक्षित संलिप्तता तथा स्थायी बदलाव लाने के लिए अनेक दावेदारों की ओर से कदम उठाने की आवश्यकता होती है। हमारे लिए यह जरूरी है कि हम स्टेम में ज्यादा महिलाओं की आवश्यकता को समझें और अधिक समानतापूर्ण एवं मानवी भविष्य निर्मित करने में सहायता करें जहां समान दावेदारी की हकदार हों।

– **लेखक आकाश सेठी, क्रिस्ट अलाएंस के सीइओ हैं।**

एनएच-24 पर थाना रामकोट इलाके में मातृ कृपा ढाबे का मामला

# ढाबा मालिकों में चले लाठी-डंडे

- पड़ोस में गुमटी चलाने वाले की मौत इलाज के दौरान लखनऊ के ट्रामा सेंटर में तोड़ा दम
- पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर चार को हिरासत में लिया, तिवारी ढाबा मालिक सुभाष तिवारी फरार


सीतापुर-घटना स्थल पर मौजूद पुलिस बल, इनसेट में (मृतक की फाइल फोटो)

**संवाददाता।** सीतापुर

**थाना रामकोट** इलाके में 2 ढाबा मालिकों के विवाद में हुई मारपीट में घायल पान की गुमटी चलाने वाले युवक की मौत हो गई। लखनऊ के ट्रामा सेंटर में इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। 30 वर्षीय मृतक धीरज सिंह पुत्र दान बहादुर सिंह इलाके के गांव अहाता कस्तान का निवासी था। दरअसल मामला एनएच24 पर थाना इलाके अन्तर्गत नवीन चौकी इलाके के मातु कृपा ढाबे का है। पुलिस के अनुसार शनिवार शाम ग्राहकों की होड़ में ढाबे के मालिक दीपक श्रीवास्तव का विवाद सामने स्थित तिवारी ढाबे के मालिक सुभाष तिवारी से हो गया। कहासुनी इतनी ज्यादा बढ़ गई कि सुभाष ने अपना ढाबा बन्द करने का फैसला कर लिया। अपने ढाबे का सामान समेट लेने के बाद सुभाष ने साथियों समेत मातु कृपा ढाबे पर धावा बोल दिया। दोनों पक्षों में जमकर चले लाठी-डंडों में ढाबे के पड़ोस में पान की गुमटी चलाने वाला धीरज बीच बचाव करने पहुंच गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। इलाज के लिए साथी उसे जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। हालत गंभीर होने के चलते उसे लखनऊ रिफर कर दिया गया जहां उसने दम तोड़ दिया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। सूचना पाकर पहुंची थाना पुलिस ने ढाबा मालिक दीपक श्रीवास्तव की तहरीर पर सुभाष तिवारी, टिल्लू, रामबाबू, छोटू व मनीष के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ने नामजद आरोपियों में 4 को हिरासत ले लिया है, जबकि मुख्य आरोपी सुभाष तिवारी अभी फरार है।

"ढाबा मालिकों में ट्रकों को खड़ा कराने को लेकर विवाद हुआ और बाद में मारपीट हो गई। बीच-बचाव के दौरान धीरज घायल हो गया और इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। तहरीर में 5 लोगों को नामजद किया गया है, 4 को पुलिस हिरासत में ले चुकी है। आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है"
**पीयूष कुमार सिंह, सीओ सिटी।**

**गोली से युवक ने खुद को उड़ाया:** रामकोट थाना के अंतर्गत खूबपुर मोहल्ला में शनिवार रात 28 वर्षीय रवि राजंवशी ने तमंचे से गोली मारकर खुद को उड़ा लिया है। पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेजकर पड़ताल शुरू कर दी है। प्रथम .दृष्टया खुदकुशी का कारण पारिवारिक कलह को बताया जा रहा है।

सेवता विधायक ज्ञान तिवारी ने किया निरीक्षण

# रामपुर मथुरा के धान क्रय केंद्र पर मिलीं ढेरों खामियां


रेउसा-विधायक शिकायत करते किसान

**संवाददाता।** रामपुरमथुरा सीतापुर

**रामपुर मथुरा** धान क्रय केंद्र की मिल रही लगातार शिकायतों के चलते रविवार को 1 बजे सेवता विधायक ज्ञान तिवारी ने राजकीय धान क्रय केंद्र का निरीक्षण किया जहाँ पर क्रय केंद्र प्रभारी प्रवीण सिंह नही मिले जिस पर विधायक ने जिले के अधिकारियों को इस बात से अवगत कराया साथ ही अधिकारियों से यह भी कहा कि जांच कर जो भी दोसी हों उनके खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्यवाही करें। मौके पर मौजूद कई किसानों ने कहा कि प्रभारी आए दिन धान तोलने में अनाकानी करते हैं हमारी ट्रालियां कई दिनों तक खड़ी रखने के बाद धान को रिजेक्ट कर दिया जाता है व्यापारियों का धान खरीदा जाता है। किसानों की शिकायतें सुनने के बाद ज्ञान तिवारी ने केंद्र प्रभारी से बात की और सख्त लहजे से कहा कि आप सोमवार को समस्त अभलेख लेकर केंद्र पर मिलें हम सोमवार को फिर आएंगे। इस मौके पर मनोज सिंह ,दीपक तिवारी, रामलखन मिश्रा, लक्ष्मी नारायण मौर्य,नंन्दलाल ,लखविंदर सिंह सहित लगभग 25 से 30 किसान मौजूद रहे।

## क्विक न्यूज

### एक-दूसरे के हुए जोड़े

**सीतापुर।** परिवार परामर्श केन्द्र पर एएसपी दक्षिणी के परीक्षण में कराई गई काउंसिलिंग के बाद तीन जोड़े फिर से हमसफर बन गए है। आपसी मतभेद दूर कर एक साथ रहने को राजी हुए दम्पितयों हरगांव सिकटहा की माधुरी-मोहित, संदना पथरिया की किरण राजेन्द्र व मीनापुर थाना सदरपुर की रिंकी जितेन्द्र षामिल है। काउंसिलिंग के दौरान केन्द्र की उपनिरीक्षक मधू यादव, काउंसलर माधुरी श्रीवास्तव, रेखा द्विवेदी, नीतू यादव, मांडवी मिश्रा, महिला आरक्षी कान्ती, पूजा, अनीता अग्निहोत्री आदि मौजूद रही।

### आरबीएनएल के अधिकारियों ने लिया ट्रैक का जायजा

**सीतापुर।** 40. सीआरएस के मुआयने से पहले एक बार फिर रविवार को आरवीएनएल के अफसरों ने मुआयने में सीतापुर-लखीमपुर तक नए इलेक्ट्रिक ट्रैक का जायजा लिया। रेल विकास निगम लिमिटेड लखनऊ के मुख्य परियोजना अधिकारी निश्चल श्रीवास्तव की टीम चेकिंग करते हुए पहले वाया सड़क मार्ग होते हुए सीतापुर से लखीमपुर तक गई। बाद में वहां से टॉवर वैंगन पर सवार होकर लखीमपुर से सीतापुर तक समूचे ट्रैक का जायजा लिया। मुआयने में सब कुछ ठीक-ठाक पाया गया। ऐसे में अब अगले सप्ताह नए ट्रैक का सीआरएस होने की उम्मीद है।

### जंगली जानवर ने किया किसान पर हमला


- कोतवाली क्षेत्र के लश्करपुर का मामला

**मिश्रिख सीतापुर।** कोतवाली के ग्राम पंचायत लश्करपुर में लगभग एक बजे खेत में घास काट रहा किसान बाबूराम पुत्र भिखारी निवासी ग्राम भवानीपुर ग्राम सभा लस्करपुर के ऊपर एक जंगली जानवर ने हमला कर दिया जंगली जानवर के हमला करते ही किसान घबराकर चिल्लाने लगा आवाज सुनकर टेबुल पर मौजुद व गांव के लोग जब तक वहां पहुंचे जंगली जानवर किसान को घायल कर भाग चुका था पूर्व प्रधान जयंत यादव उसे मिश्रिख सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां पर कंधे व हांथ में नाखूनों के निशान पाए गए।बाबूराम ने बताया मै इतना घबरा गया था। कि ये नहीं समझ पाया कि जानवर कौन है लेकिन उसके शरीर पर पीली और काली सफेद पट्टियां थी ये वही स्थान है जहां पर कुछ दिनों पहले जंगली जानवर ने एक गाय को खा कर मार डाला था। और वन विभाग ने पिजरा भी लगाया था लेकिन जंगली जानवर का कोई पता नहीं चला था और वन विभाग अभी भी खाली हाथ है, पूर्व प्रधान जयंत यादव ने बताया कि मेरा टेबुल से 100 कदम की दूरी के निकट है आवाज सुनते ही घटना स्थल पर जब मै पहुंचा बद हवास पड़े बाबूराम को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिश्रिख लाया गया जहां चिकत्यसको द्वारा इलाज किया जा रहा है। बाबूराम के कंधे और हांथ में नाखून मारने के निशान लग गए है।बहरहाल गाव में दहशत का माहौल है। वन विभाग शिवनरायन शुक्ला ने बताया काम्बिंग की जा रही है कही पग चिन्ह नही मिले हैं।

स्वास्थ्य प्रबंधों पर लगाया सवालिया निशान

# पूर्व केंद्रीय गृहराज्यमंत्री के विधायक पुत्रों ने उठाए सवाल

**संवाददाता।** सीतापुर




**कोविड से** पूर्व केंद्रीय गृहराज्यमंत्री राम लाल राही की मौत के मामले में रविवार को उनके विधायक पुत्रों ने व्यवस्था पर प्रश्नचिन्ह लगाया है। भाजपा से विधायक सुरेश राही और पूर्व विधायक रमेश राही ने कहा कि टूनेट मशीन की संदेहपूर्ण जांच रिपोर्ट के बावजूद उनके पिता की कोविड हॉस्पिटल एल-टू में अनावश्यक रूप से शिफ्ट कर दिया गया। जिला हॉस्पिटल के गंदे टॉयलेट के कारण पूर्व केंद्रीय गृहराज्य मंत्री को गैस सर्विस ले जाना पड़ा। वापसी पर टूटे पायदान की वजह से व्हीलचेयर पर ले जाने में काफी दिक्कतें हुई। हॉस्पिटल के बेड पर चादर भी नहीं थी। तमाम दिक्कतों के बाद उन्हें बेड पर लिटाकर आक्सीजीन लगाई गई। मगर एक मिनट के अंदर पूर्व मंत्री की सांस उखड़ गई। पूर्व केंद्रीय गृहराज्यमंत्री के भाजपा विधायक पुत्र सुरेश राही और पूर्व विधायक रमेश राही ने प्रकरण की गंभीरतापूर्वक जांच कराने और वास्तविकता से जनसामान्य को अवगत कराए जाने की मांग की है।

### कोरोना के मिले पांच नए मरीज

**कोरोना** के लिहाज से सीतापुर के लिए अच्छी खबर है। जिले में पिछले कई दिनों से कोरोना का आंकड़ा दहाई नहीं पार कर पा रहा है। पिछले 24 घंटे में जिले में 5 नए मरीजों की पहचान की गई है। शहर के केशव नगर कॉलोनी में 1 मरीज मिला है। सिधौली में 2 और कसमंडा व बिसवां क्षेत्र में 1-1 मरीज मिला है। इसी के साथ जनपद में कुल पॉजिटिव मरीज 4,772 हो गए हैं।

# मझिगवां कला में लगा मतदाता कैंप


बिसवां-केन्द्र पर मौजूद उमेश सिंह

**संवाददताता।** सीतापुर

**निर्वाचन आयोग** के निर्देश पर संक्षिप्त मतदाता पुनरीक्षण पंजीकरण कार्यक्रम रविवार को चलाया जा रहा है। रविवार को प्रत्येक बूथ पर कार्यक्रम शिविर के रूप आयोजित किया गया है। इसमें सभी बूथों पर बीएलओ की उपस्थिति अनिवार्य की गई थी जो सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक था। इसी क्रम में बूथ संख्या-149, विधानसभा क्षेत्र बिसवां, प्राइमरी पाठशाला मझिगवां कलां में पूर्व एमएलसी राकेश सिंह के नेतृत्व में 11 फॉर्म भरवाए गए। कार्यक्रम में बीएलओ बिंदु वर्मा, ज्योत्सना वर्मा, उमेश कुमार सिंह, नरेंद्र सिंह, राघवेंद्र सिंह, विशाल सिंह, जानकी प्रसाद, ज्ञानमती देवी, मनोज वर्मा, राहुल वर्मा, दुजई समेत अन्य लोग शामिल रहे।

सपा की किसान पद यात्रा पर पुलिस की सख्ती फिर भारी पड़ी

# महोली के पूर्व विधायक अनूप गुप्ता नजरबंद

**संवाददाता।** सीतापुर


सीतापुर-नजरबंद में महोली के पूर्व विधायक अनूप गुप्ता

**सपा की** किसान पद यात्रा पर पुलिस की सख्ती फिर भारी पड़ी। सपा जिलाध्यक्ष छत्रपाल यादव और महोली के पूर्व विधायक अनूप गुप्ता को उनके आवास पर नजरबंद कर दिया गया और पुलिस तैनात कर दी गई। हालांकि एसडीएम सदर अमित भट्ट नजरबंद से इंकार किया। उन्होंने कहा कि कोविड प्रोटोकाल सुनिश्चित कराने के लिए बाहर नहीं निकलने दिया गया है। उधर सपा की किसान यात्रा को लेकर एसडीएम मिश्रिख गिरीश झा और सीओ एमपी सिंह ने पिसावां में कमान संभाली। सपा के शालू गुप्ता, प्रधान कुतुबापुर रमेश यादव, प्रधान मुड़ाकलां कमल गुप्ता, संदीप सिंह, श्याम प्रकाश शर्मा, अरविंद राजवंशी आदि करीब 50 लोगों को सुबह से ही थाने पर बिठा लिया गया। उधर, शालू गुप्ता के घर के बाहर भी पुलिस पहरा देती रही। दोपहर बाद 3 बजे सभी को थाने से छोड़ा गया उधर किसान यात्रा को लेकर इमलिया सुल्तानपुर पुलिस सजग रही। सपा ग्राम प्रधान संघ के अध्यक्ष अनूप कुमार सिंह और सिक्ख संगठन के जिला सचिव जसवंत सिंह को नजरबंद कर दिया गया। उधर थाना प्रभारी विनय कुमार सिंह दलबल के साथ चेकिंग अभियान शुरू कर दिया। अपर पुलिस अधीक्षक डॉ. राजीव दीक्षित ने भी भ्रमण कर जायजा लिया।

# शाबास सीतापुर पुलिस...


सीतापुर-सीतापुर में मित्र पुलिस की शानदार मिशाल देखने को मिली है, शहर के शास्त्रीनगर के रहने वाले मोनू शुक्ला का मासूम बेटा दर्शित उर्फमाही कहीं गुम हो गया था। मामले की जानकारी मिलते ही एक्शन में आयी पुलिस ने महज दो घंटे के भीतर ही मासूम माही को रोडवेज चौकी प्रभारी निर्मल तिवारी, आरक्षी संदीप ने ढूंढ निकाला। लापता माही के मिलने से परिवारीजन बेहद खुश हैं और पुलिस की प्रशंसा कर रहे हैं।

माल गोदाम पर अवैध वसूली का मामला

# डबल एफआईआर... और आरोपी फरार!


सीतापुर-कोतवाली से मुकदमा दर्ज कराने के बाद बाहर निकलती पीटीओ

**संवाददाता।** सीतापुर

**शहर के** माल गोदाम पर अवैध ट्रक यूनियन बनाकर वसूली के मामले में 1 पखवाड़े बाद भी आरोपी पुलिस की पकड़ दूर है। डबल एफआईआर दर्ज होने के बाद भी आरोपी फरार है। अवैध वसूली के मामले में परिवहन अधिकारी शैहफर किदवई द्वारा शहर कोतवाली में बीती 28 नवम्बर को 7 लोगों को नामजद करते हुए एफआईआर दर्ज कराई थी, जिनमें नियाज हुसैन, इरफान, याशीन, रिंकू त्रिपाठी, मन्ना चतुर्वेदी, रामकुमार गुप्त, विनय कुमार व अमजद खान समेत अज्ञात भी शामिल है। वहीं इसी मामले में व्यापारी अंकुर गोयनका की ओर से भी प्राथिमिकी दर्ज कराई गई थी। एफआईआर दर्ज होने के 2 सप्ताह से अधिक का वक्त बीत जाने के बाद भी नामजद आरोपियों में से 5 अभी भी फरार हैं जबकि दो को पहले दिन ही गिरफ्तार कर लिया गया था। हांलांकि शहर कोतवाल टीपी सिंह ने दर्ज मामले में कड़ी कार्रवाई करने की बात कह रहे हैं, वहीं यूनियन द्वारा अपना रजिस्ट्रेशन भी करा लिया गया है।

# पति करते काम, पत्नी करती घर पर आराम


सीतापुर-बूथ पर बीएलओ पति निपटाते काम


मिशन स्कूल में बूथ पर मौजूद बीएलओ


सीतापुर-एचकेएम बूथ पर मौजूद सिर्फदो बीएलओ

- मतदाता पुनरीक्षण अभियान का सच
- 'पायनियर' ने शहर के बूथों पर जाना हाल
- अधिसंख्य बूथों पर बीएलओ नदारद

**संवाददाता।** सीतापुर

**शिक्षिका पत्नी** घर पर निपटा रही थीं चूल्हा-चौका, जबकि उनके पति बूथ पर उनकी जगह पर बीएलओ की ड्यूटी करते नजर आए। ये नजारा शहर के प्राथमिक विद्यालय विजयलक्ष्मी नगर के बूथ पर देखने को मिला। यहां पर तैनात तीन बीएलओ में से महज एक ही उपस्थित था, जबकि एक के स्थान पर उनके पति बीएलओ की ड्यूटी निभा रहे थे, हालांकि बूथों पर वोट बढ़वाने के लिए इक्का-दुक्का ही लोग पहुंचे थे। इनके अलावा अन्य बूथों पर भी अधिसंख्य बूथ लेवल अफसर नदारद पाए गए। कहीं भी शतप्रतिशत बीएलओ उपस्थित नहीं मिले। दरअसल, वर्ष 2022 में यूपी में असेंबली चुनाव होने हैं। चुनाव को नजदीक देख चुनाव आयोग विधान सभा क्षेत्रवार मतदाता सूचियों को अपडेट करने की कवायद में जुट गया है। आयोग के फरमान पर सीतापुर में भी मतदाता पुनरीक्षण विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत रविवार को बूथों पर विशेष बूथ दिवस आयोजित किए जा रहे हैं। 'पायनियर' संवाददाता विपिन राजवंशी ने शहर के बूथों पर विशेष दिवस का हाल जाना तो इस अभियान की कलई खुल गई। सबसे पहले पायनियर ने शहर के मैथोडिस्ट मिशन स्कूल जाकर वहां पर मतदाता पुनरीक्षण कार्यों का जायजा लिया, तो यहां पर बीएलओ तो उपस्थित मिले, लेकिन मतदाता नदारद पाए गए। बताया गया कि इक्का-दुक्का ही मतदाता वोटर लिस्ट का अवलोकन करने आए हैं। इसके बाद संवाददाता हिंदू कन्या पाठशाला पहुंचा, तो यहां पर बताया गया कि यहां पर पांच बूथ लेवल अफसर तैनात हैं, लेकिन महज दो बीएलओ उपस्थित मिले। एक मतदाता वोटर लिस्ट देख रहा था। इसी प्रकार प्राथमिक विद्यालय विजयलक्ष्मी नगर में बूथ पर तीन बीएलओ की तैनाती है, लेकिन वहां पर एक ही बीएलओ रश्मि उपस्थित थीं, जबकि बीएलओ कल्पना की जगह पर उनके पति रमेश मिश्रा उपस्थित पाए। जबकि संगीता नदारद पाईं, हालांकि बताया कि ये लोग मतदाताओं को बुलाने गए हैं।

**निर्वाचन आयोग की मंषा पर बीएलओ फेर रहे पानी:** निर्वाचन आयोग के निर्देश पर संक्षिप्त मतदाता पुनरीक्षण पंजीकरण कार्यक्रम दिनांक 13 दिसम्बर 2020 को चलाया जा रहा है। रविवार को प्रत्येक बूथ पर कार्यक्रम शिविर के रूप आयोजित किया गया है। इसमें सभी बूथों पर बीएलओ की उपस्थिति अनिवार्य की गई थी। 10 बजे से 04 बजे तक था। लेकिन कई बूथों पर दोपहर से ही बीएलओ नदारद मिले प्राथमिक विद्यालय तरसावां में प्रधानाध्यापक धीरज वहीं बूथ संख्या 176 पर सीमावती उपस्थित मिली उन्होंने बताया कि प्रारूप 6 के पांच फार्म आए हैं व बूथ संख्या 175 पर सुनील कुमार उपस्थित मिले उन्होंने बताया कि प्रारूप 6 के चार फार्म आए, वहीं पर बूथ संख्या 174 पर कामिनी देवी अनुपस्थित मिली। प्राथमिक विद्यालय मरेली में बूथ संख्या 188 पर कमला देवी ने बताया कि प्रारूप 6 के चार फार्म आए है ,बूथ संख्या 189 पर उमा देवी उपस्थित मिली उन्होंने बताया कि प्रारूप 6 के चार फार्म आए है। प्राथमिक विद्यालय विजानग्रंट में बूथ संख्या 177 पर रूपरानी और बूथ संख्या 178 पर शांति देवी अनुपस्थित मिली। नगर पालिका मिश्रिख बूथ संख्या 371 व 372 ब्लू अनुपस्थित मिले कई मतदाता अखिलेश कुमार संदीप कुमार बीएलओ को ढूंढते नजर आए उन्होंने बताया कि पिछले रविवार को भी यहां पर पोलिंग बूथ पर कोई भी उपस्थित नहीं मिला। उपजिलाधिकारी गिरिशकुमार झा ने बताया जांचकर कार्यवाई की जायेगी।

# खराब प्रजाति का गन्ना तौलने की शिकायत पर जांच को पहुंचे जीएम

संवाददाता। निघासन खीरी



**गन्ना क्रय** केंद्रों पर अर्ली की जगह सामान्य और रिजेक्ट प्रजाति का गन्ना तुलवाने की शिकायतों पर जीएम के निर्देश पर कई सेंटरों पर किसानों के गन्ने की जांच की गई। कुर्मिनपुरवा सेंटर पर एक किसान का गन्ना खराब पाया गया। उसको नोटिस देते हुए हिदायत दी गई है। सरजू सहकारी चीनी मिल बेलरायां के विभिन्न गन्ना क्रय केंद्रों पर किसानों के दबाव में अर्ली की जगह सामान्यए रिजेक्ट प्रजातियों और खराब क्वालिटी का गन्ना तौले जाने की तौल बाबू द्वारा की सूचना पर। गन्ना परिवेक्षक ने क्षेत्र के कुर्मिनपुरवा गन्ना सेंटर पर पहुंचे मिल के सुपर वाइजर व जोनल इंचार्ज रवि प्रकाश दीक्षित तथा सीपी सिंह ने किसानों की गाड़ियों में लाए गए गन्ने की जांच की। उन्होंने काफी देर तक सेंटर पर मौजूद रहकर अपनी निगरानी में किसानों का गन्ना तुलवाया। इस दौरान वहां गन्ना लेकर पहुंचे एक किसान की गाड़ी में काला और सूखा गन्ना पाया गया। उसको नोटिस देकर आगे सही क्वालिटी का गन्ना तुलवाने की ताकीद की गई। दोनों अफसरों ने किसानों से अच्छाए साफसुथरा व ताजा गन्ना ही तुलवाने को कहा। उन्होंने बताया कि तीन बार गलत गन्ना तुलवाने का मामला पाए जाने पर संबंधित किसान का सट्टा बंद किया जा सकता है।

## सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

**लखीमपुर खीरी।** एक फैक्ट्री के सुपरवाइजर की बाइक 18 टायरा ट्रक से टकरा गयी। हादसे में सुपरवाइजर गंभीर रूप से घायल हो गयी। जिसे इलाज के लिये अस्पताल ले जाया गया लेकिन चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसारए कोतवाली पसगवां क्षेत्र के ग्राम मुकद्दरपुर निवासी संजीव कुमार उर्फ जीतू ;40द्ध पुत्र महेश चंद्र अपनी बाइक सीडी डॉन यूपी 32 एसी 9627 से वापस घर आ रहा था कि उचैलिया गुरुद्वारे के पास 18 टायरा एचआर 69 सी 6225 में किसी तरह मोटरसाइकिल पीछे से घुस गयीए जिस कारण संजीव को गंभीर चोटें आयी। मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा प्राथमिक उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पसगवां भेजा गयाए जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। मृतक बंथरा में कोको कोला फैक्टरी में सुपरवाइजर के पद पर तैनात था। घटना के बाद से मृतक की पत्नी रिंकीए पुत्र अंकेत व पुत्री प्रिया का रो.रो कर बुरा हाल है।

# ट्रक-बाइक की टक्कर में दो घायल

- सीएचसी में कराया गया भर्ती

संवाददाता। मोहम्मदी खीरी



**मोहम्मदी-पुवायां** मार्ग पर मड़ैया मोड़ पर ओवरलोडिंग गन्ने का भरा ट्रक पलट गया। हादसे में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस बल मौके पर मौजूद रहा। घायलो को एम्बुलेन्स से तत्काल सीएचसी पहुंचाया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार कुंभी चीनी मिल का ट्रक यूपी27.2551 मड़ैया रोड से पुवायां मार्ग पर जैसे ही मुडा तभी अचानक एक मोटरसाइकिल यूपी 31.8645 पर गांव दरियाबाद के दो लोग मोहम्मदी से दवा लेने जा रहे थे। अचानक सामने से ट्रक आ गया। संसार ने अपने आपको बचाया लेकिन ट्रक का पहला पहिया मोटरसाइकिल पर चढ़ गया और मोटरसाइकिल सवार दूर जाकर गिरे। वही गन्ने से भरा ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क पर बनी दुकानों के सामने ही पलट गया। काफी भीड़ भाड़ होने के बावजूद दुकानों के सामने खड़ी कई मोटरसाइकिल गन्ने के ट्रक के नीचे आकर दब गई। वहीं मोटरसाइकिल सवार हरद्वारी लाल और अजीत कुमार दरियाबाद को पुलिस ने तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। वहां एक को गंभीर चोट होने के कारण जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहीं पुलिस बल द्वारा आवागमन अवरुद्ध न हो इसके लिए पहले गन्ने के ट्रक को हटाने का काम किया जा रहा है। कुल मिलाकर किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। गौरतलब है कि मील के माध्यम से जो वाहन सेंटरों से गन्ने ढोने का काम काम करते हैं वो ओवर लोड लादने का लगातार काम किया जा रहा है। जिससे दुर्घटना होने की सम्भावना बनी हुई है।

## प्रधानमंत्री की बुद्धि-शुद्धि के लिए कांग्रेस का हवन पूजन कार्यक्रम

**शाहजहांपुर।** रविवार को जिला कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन पर कृषि कानून के विरोध में लगातार चल रहे क्रमिक अनशन पर महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्ष श्रीमती सावित्री शर्मा , महानगर अध्यक्ष श्रीमती सुनीता सिंह जी के संयुक्त नेतृत्व में श्रीमती बिंदेश्वरी देवी एड., श्री मती रेशमा सिंह, श्रीमती अनीता शर्मा अपनी साथी महिलाओं के साथ बैठी। अनशन स्थल पर ही देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की बुद्धि शुद्धि के लिए पंडित लक्ष्मी नारायण अग्निहोत्री को बुलाकर उनके माध्यम से अनशन स्थल पर ही हवन पूजन का कार्यक्रम आयोजित किया इस अवसर पर जिला अध्यक्ष रजनीश कुमार गुप्ता मुन्ना ने कहा कि किसानों के प्रति केंद्र सरकार की हठधर्मिता देश को बर्बाद करने पर उतारू है, हमारे अन्नदाता आज भीषण कड़ाके की ठंड में सड़कों पर दिन रातें गुजार कर अपने हक की लड़ाई लड़ रहे हैं लेकिन सरकार किसानों की मांगों पर कोई विचार ना कर किसानों की एकता को तोड़ने का काम कर रहे हैं हम कांग्रेस जन कानून के विरोध में अन्नदाताओं के साथ तब तक लड़ाई लड़ेंगे जब तक ये काला कानून वापस नहीं हो जाता तब तक हमारी जंग भी पूरी तरह जारी रहेगी इस अवसर पर मुख्य रूप से महानगर अध्यक्ष तकवीम हसन खां, शाहिद अनवर कुरैशी,,अश्वनी द्विवेदी, मुजीबुर्रहमान खां एड., गायत्री प्रकाश अवस्थी एड., अतित कुमार बागी,पवन सिंह,कृष्ण विनोद मिश्रा,अनूप वर्मा,अभिषेक, फुरकान अहमद कुरैशी, शरद कुमार गुप्ता,ष्पप्पूष् ,फैज राजा, अभिषेक मिश्रा गौरव त्रिपाठी, कृष्ण बाबू कश्यप, फरमान, महबूब इदरीसी, शिवा कश्यप, अनुभव द्विवेदी,विश्वदीप अवस्थी, अभिषेक मिश्रा, अतीउल्ला अंसारी,नसीम खां, सहित तमाम वरिष्ठ कांग्रेसी मौजूद रहे।

## विधायक प्रतिनिधि ने बूथ लेवल अधिकारी संग की बैठक

संवाददाता। गोला गोकर्णनाथ खीरी

**विधान** सभा 139 गोला के अंतर्गत उच्च प्राथमिक विद्यालय हफीजपुरए प्राथमिक लक्ष्मणजती और प्राथमिक विद्यालय लाल्हापुर विकास खंड कुम्भी गोला में विधायक प्रतिनिधि गोला जवाहर वर्मा ने बीएलओ के साथ बैठक कर आगामी विधान सभा चुनावों के लिए नए व छूटे हुए वोटर कार्ड बनाने पर जोर दिया। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि ने लोगो से यह आग्रह किया कि जिसके बच्चे सत्रह साल के पूरे हो गये है। अठारह साल मे प्रवेश किया है। वह अपने निकटवर्ती विद्यालय मे जाकर सम्बन्धित बीएलो से मिलकर अपना शैक्षिक प्रमाण पत्र लेकर बीएलओ के पास फ़ार्म भरकर अपना बोट जरूर बनवा ले। उन्होंने सभी से सत प्रतिशत मतदान आगामी चुनाव मे करने का भी आग्रह किया।

# कोतवाली गोला में महिला हेल्प डेस्क बना शोपीस

संवाददाता। गोला गोकर्णनाथ खीरी

**विगत 17 अक्टूबर** से 25 अक्तूबर तक महिला हेल्प डेस्क का आयोजन किया गया जिसमें महिला शक्ति करण के तहत महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के लिये आत्मनिर्भर बनने की के उद्देश्य के चलते एक दिवसीय स्कूली छात्रा को कोतवाली व थानों की कमान सौपी गई थी।

मालूम हो कि भाजपा सारकार की बनते ही ऐकाऐक महिलाओं सम्बन्धित अपराधो का ग्राफबढता जा रहा था। इसके चलते सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ ने संज्ञान लेते हुए हुये सभी थानों मे महिला हेल्प डेस्क का शुभारंभ किया गया। जिसमें महिलाओं से सम्बंधित घटनाओं की जानकारी महिला हेल्प डेस्क पर महिला अरक्षी महिलाओं की फरियाद सुनकर त्वरित कार्यवाही हो बाध्य होगी। जिसके चलते महिलाओं की आबरू व महिला की सम्मान कायम रहेगा। लेकिन गोला कोतवाल की निरकुशता के चलते हर दिन लगभग दर्जनो महिलायें थाने मे फरियाद लेकर आती है लेकिन गोला कोतवाली मे महिला अरक्षी या तो अपने निजी मोबाइल पर चैटिंग करते देखी जाती या किसी से फोन पर बात करते अपना समय व्यतीत करतीं देखी जा सकती है। जिसके चलते सरकार के द्वारा महिला गोला मे हेल्प डेस्क सोपीस व सफेद हांथी सावित हो रहा है।और सरकार के द्वारा चलाई जा रही महिलाओं को स्वलंभी बनाने व महिला सम्बन्धित अपराधों का गोला मे ग्राफ बढता जा रहा है। जिसका मुख्य कारण यह है कि थाने पर तैनात महिलाओं द्वारा महिला अपराधो से सम्बंधित होने बाली घटनाओं व महिला फरियादो की रुचि नही ली जा रही है।



## क्विक न्यूज

### केक काट कर मनाया गया तीन साल बेमिसाल कार्यक्रम

**ओयल खीरी।** ओयल कस्बे के लोगों ने नगर पंचायत अध्यक्ष प्रदीप कुमार गुप्ता उर्फ सोनू भैया के तीन साल के कार्यकाल पूर्ण होने पर नगर पंचायत अध्यक्ष के आवास पर इष्ट मित्रों ने जाकर उनके साथ केक काटकर एक.दूसरे को खिलाया। वहीं चेयरमैन को माला पहनाकर उपहार भेंट कर बधाई दी। कस्बा क्षेत्र के अंतर्गत मोहल्ला ठठेरन टोला में स्थित निज निवास पर नगर पंचायत अध्यक्ष प्रदीप कुमार गुप्ता उर्फ सोनू भैय्या के साथ कस्बे के लोगों व इष्ट मित्रों ने तीन साल बेमिसाल कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए केक काटकर खुशियां मनाई। मित्रों ने तीन साल में हुए समस्त विकास कार्यो की सराहना की। कार्यक्रम के दौरान अर्बन को.ऑपरेटिव बैंक मैनेजर राजीव त्रिवेदीए अखिलेश यादव उर्फ रंजीतए राकेश बिहारीए गुड्डू खानए पंकज अग्निहोत्रीए शगुन सिंहए अनुराग गुप्ताए राकेश गुप्ताए प्रशान्त तिवारीए पप्पू कुरैशीए सचिन अवस्थी गब्बर समेत अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### प्रशासन ने गरीबों को वितरित किये कंबल

**सिंगाही-खीरी।** शीत लहर को देखते हुए गरीबों को ठंड से बचाने के लिए प्रशासन द्वारा ग्राम पंचायत करदहिया में कंबल वितरित किए गए। लेखपाल स्वेता सिंह ने 15 गरीबों के कंबल दिएए ताकि उन्हें ओढ़ कर वे लोग सर्दी से बचाव कर सकें। क्षेत्र ग्राम पंचायत करदहिया में सर्द मौसम और कंपकंपाती ठंड से राहत पहुंचाने के उद्देश्य से रविवार को गरीबए असहायए वृद्ध लोगों के बीच स्वेता सिंह ने कंबल वितरण किया। लेखपाल स्वेता सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा गरीबए वृद्ध व असहाय लोगों को ठंड से बचाव के लिए कम्बल का वितरण कराया जा रहा है। इस मौके पर मुख्य रूप से समाजसेवी मोबीन अहमद उपस्थित रहे।

### बोलेरो की टक्कर से घायल व्यक्ति की उपचार के दौरान मौत

**चौडगरा ( फतेहपुर )।** बीती रात कल्यानपुर थाना क्षेत्र के गुगौली गाँव स्थित जीटी रोड के किनारे एक गेस्ट हाउस मे गाँव के ही शादी समारोह मे शामिल होने आये नागेन्द्र सिंह उम्र 45 वर्ष पुत्र इन्द्रबहादुर सिंह निवासी यादगारपुर को बोलेरो ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गए थे। प्राप्त जानकारी के अनुसार वह अपने गाँव की ही एक शादी में शामिल होने आए थे जो कि सड़क पार करते समय फतेहपुर से कानपुर की तरफ जा रही तेज रफ्तार बोलेरो ने जोरदार टक्कर मार दी। सूचना मिलने पर पहुँची पुलिस ने घायल को उपचार के लिए स्वास्थ्य केंद्र गोपालगंज मे भर्ती कराया था। जहां उसे चिकित्सको ने मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर सुनते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

### टैक्टर से गिरकर मजदूर की मौत

**फतेहपुर।** हुसैनगंज थाना क्षेत्र के लखनऊ-फतेहपुर राजमार्ग पर बाबूगंज गांव के समीप अज्ञात वाहन ने ट्रैक्टर में टक्कर मार दिया। जिससे ट्रैक्टर सवार मजदूर की सड़क पर गिरकर घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार रविवार की सुबह करीब छः बजे ईंट भट्ठा में लगा ट्रैक्टर भट्ठे की ओर जा रहा था। तभी बाबूगंज गांव के समीप अज्ञात वाहन ने ट्रैक्टर में टक्कर मार दिया। जिससे चालक के समीप बैठे मजदूर रमेश 35 वर्ष की मौके पर ही मौत हो गई। उन्होंने बताया कि सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन के लिए भेज दिया है।

### अलग-अलग सड़क हादसे में दो की मौत

**फतेहपुर।** कल्यानपुर थाना क्षेत्र के अलग-अलग स्थानों पर बीती रात हुए सड़क हादसों के दौरान दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गयी। पुलिस ने शवों को विच्छेदन हेतु भेज दिया है। जानकारी के अनुसार थाने के यादगारपुर गांव निवासी स्व0 इन्द्र बहादुर सिंह का 50 वर्षीय पुत्र नागेन्द्र सिंह बीती रात लगभग साढ़े आठ बजे मुरादीपुर गांव एक शादी समारोह में भाग लेने स्कूटी से जा रहे थे। जैसे ही यह मुरादीपुर के समीप एचएन-2 पर पहुंचे तभी पीछे से तेज रफ्तार आ रही बोलेरो ने टक्कर मार दिया। जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गयी। इसी प्रकार इसी थाने के रावतपुर गांव निवासी उपेन्द्र का 35 वर्षीय पुत्र सचिन बीती रात लगभग नौ बजे शादी समारोह में औंग थाना क्षेत्र के अन्तर्गत जा रहा था। बताते हैं कि थाने के समीप जैसे ही वह सड़क पार करने लगा तभी विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक ने टक्कर मार दिया। जिससे उसकी घटनास्थल पर मौत हो गयी। सूचना पाकर पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

### विवाहिता ने फांसी लगाकर दी जान

**फतेहपुर।** असोथर थाना क्षेत्र के ग्राम टिकुरी में बीती रात संदिग्ध परिस्थितियों में लगभग 25 वर्षीय विवाहिता ने घर के अंदर फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। वहीं मृतका के पिता ने ससुरालीजनों पर दहेज की मांग पूरी न होने पर हत्या करने के बाद शव को फांसी पर लटका देने का आरोप लगाया है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ही बुधवापुर गांव निवासी जगरूप रैदास ने अपनी पुत्री कल्पना की शादी चार वर्ष पूर्व टिकुरी गांव निवासी निरंजन रैदास के साथ की थी। बताते हैं कि शादी के बाद से ही ससुरालीजन दहेज की मांग को लेकर आये दिन उसे प्रताड़ित करते थे। बीती रात उसने घर के अंदर फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। सूचना पाकर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। पोस्टमार्टम हाउस में मृतका के पिता ने बताया कि शादी के बाद से ही ससुरालीजन मोटरसाइकिल व एक लाख रूपये नकद की मांग किया करते थे। मांग पूरी न होने पर उसकी पुत्री की हत्या करने के बाद शव को फांसी पर लटका दिया। उसने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद पति समेत आधा दर्जन ससुरालीजनों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत करायेगा।

### गांजा-तमंचा समेत दो गिरफ्तार

**फतेहपुर।** कल्यानपुर पुलिस ने सुशील तिवारी पुत्र नगुई तिवारी उर्फ प्रेमशंकर तिवारी निवासी सौंह के कब्जे से ग्यारह सौ ग्राम गांजा बरामद कर गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके खिलाफ स्थानीय थाने में संबन्धित मुकदमा पंजीकृत किया है। इसी प्रकार चांदपुर पुलिस ने टाप टेन अपराधी अनूप उर्फ डगनू पुत्र राम औतार निवासी गोहरारी को अवैध बन्दूक व 03 कारतूस के साथ सैठी चौराहे से गिरफ्तार किया है।

# पुलिस ने सातवें दिन भी रोकी सपाइयों की किसान यात्रा

- गढ़िया रंगीन से निकली, पहले गिरफ्तारी फिर रिहाई

संवाददाता। शाहजहांपुर



**गढ़िया** रंगीन में रविवार को समाजवादी पार्टी की किसान यात्रा जिला अध्यक्ष तनवीर खान के नेतृत्व में निकाली गई इस दौरान पुलिस के मौके पर पहुंचकर सभी नेताओं को गिरफ्तार कर लिया हलाकि संख्या अधिक होने के कारन पुलिस को खासा मशक्कत करना पड़ी पुलिस ने सभी गिरफ्तार समाजवादी पार्टी के नेताओं को दोपहर बाद छोड़ दिया इस दौरान केंद्र और राज्य सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी हुई। रविवार को कटरा विधानसभा के ब्लाक जैतीपुर से पूर्व विधायक राजेश यादव के नेतृत्व में किसान यात्रा निकली थी। सुबह से ही पूर्व विधायक के पैतृक गांव सीयूरा में सपाइयों की भीड़ लगनी शुरू हो गई। सुबह 11 बजे ट्रेक्टर, कार, गाड़ियां, आदि से ग्राम सिऊरा से सभी जैतीपुर पहुंच भी गए। इस दौरान सपाई यात्रा निकले पर अड़ गए। पूर्व विधायक राजेश यादव, जिलाध्यक्ष तनवीर खां, एमएलसी अमित यादव रिंकू, निवर्तमान प्रदेश सचिव उपेन्द्र पाल सिंह समेत आदि संख्या में सपाई यात्रा लेकर निकले तो पुलिस ने उन्हें बीच रास्ते ही रोक लिया। यात्रा रोके जाने से सपाई उग्र हो गए और नारेबाजी करने लगे। सपाई पुलिस का पहरा तोड़कर आगे बढ़े जिन्हें रोकने पर पुलिस कर्मियों को सर्दी में भी पसीने छूट गए। बाद में सभी को गिरफ्तार कर बसों व पुलिस गाड़ियों से लटूरी सिंह इंटर कॉलेज में बनाई गई अस्थाई जेल में बैठा दिया गया। दोपहर बाद करीब ढाई बजे सभी को वहां से रिहा कर दिया गया। इस बीच सपा कार्यकर्ताओं व नेताओं ने खूब नारेबाजी की। जिलाध्यक्ष तनवीर खां ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार काला कृषि कानून लाकर किसानों के हाथ में कटोरा पकड़ाने का कार्य कर रही है। सरकार की तानाशाही से किसान परेशान हैं। पूर्व विधायक राजेश यादव ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार किसानों की दोगुनी आय करने के बजाय अब उनकी जमीनों से मालिकाना हक छीन रही है। एमएलसी अमित यादव ने कहा कि सरकार किसानों के विरुद्ध तीन कानून लाकर उन्हें बंधुआ मजदूर बनाना चाहती है। वहीं, किसानों के जमीन को पूंजीपतियों को सौंपना चाहती है। उपेन्द्र पाल सिंह ने कहा कि सरकार किसानों की मांगों को न मानकर अपनी हठधर्मिता दिखाते हुए देश के अन्नदाताओं को चुनौती दे रही है, जिसका किसान, कृषक मजदूर और युवा मुंहतोड़ जवाब देने के लिए कमर कस लिए हैं। इस मौके पर प्रदीप पांडे, रणंजय सिंह यादव, कपिल वर्मा गायत्री वर्मा, कमलेश यादव, सैयद रिजवान अहमद, राजेंद्र गुर्जर, सत्येंद्र सिंह यादव, सुखबीर सिंह चौहान, महावीर सिंह, अरविंद कश्यप, सरदार भूरे सिंह, लालबाबू, सौरभ गुप्ता, आसिफ अंसारी, नाजिम फारुकी, हरजिंदर सिंह, मुखिया, प्रसून कुमार, मुकेश यादव, अंकित सक्सेना आदि मौजूद थे।

## एसआरएमएस मेडिकल कालेज में वर्चुअल साइटोपैथोलाजी सीएमई का हुअ आयोजन

**बरेली।** एसआरएमएस मेडिकल कालेज में रविवार को इंडियन एकेडमी आफ साइटोपैथोलाजिस्ट के यूपी चौप्टर की वर्चुअल साइटोपैथोलाजी सीएमई का आयोजन हुआ। इस वेबिनार में देश के नामचीन विशेषज्ञ डाक्टरों ने रोगों की जांच में होने वाले आधुनिक बदलावों की जानकारी दी। विशेषज्ञों ने केस स्टडी के जरिये कहा कि किसी भी बीमारी का इलाज उसकी सटीक और शीघ्र जांच से ही सुनिश्चित होता है। इसमें आधुनिक तकनीक अपनाना जरूरी है।एसआरएमएस मेडिकल कालेज के आडिटोरियम में पूर्वाह्न वेबिनार का आरंभ हुआ। कार्यक्रम आयोजन कमेटी की सेक्रेटरी व एसआरएमएस मेडिकल कालेज के पैथोलाजी विभाग की प्रमुख प्रोफेसर डा.तनु अग्रवाल, डा.एनके अरोरा, डा.रोहित शर्मा, डा.हेमा पंत और डा.सुरभि पांडेय ने मां सरस्वती को पुष्पांजलि अर्पित की और दीप प्रज्वलन किया। इसके बाद इंडियन एकेडमी आफ साइटोपैथोलाजिस्ट के यूपी चौप्टर के प्रेसिटेंट डा.अतुल गुप्ता ने कार्यक्रम की जानकारी दी और सभी का स्वागत किया। नई दिल्ली स्थित एम्स के प्रोफेसर डा.संदीप माथुर ने इफ्यूजन साइटोलाजी विषय पर चर्चा की। उन्होंने रोगों की जांच के लिए ब्लड कलेक्शन में आ रही आधुनिक तकनीकों की जानकारी दी। एनआईसीपीआर की साइंटिस्ट डा.रुचिका गुप्ता ने एक मरीज का उदाहरण देते हुए रेडियोलाजिक इंवेस्टिगेशन में आ रहे बदलावों की बात रखी। बच्चों में होने वाले ट्यूमर और साइटोलाजिकल इवोल्यूशन के संबंध में बताया। एसएनएमसी आगरा की प्रोफेसर डा. दीपा रानी ने भी एक महिला मरीज की केस स्टडी का जिक्र करते हुए जांच में आधुनिक तकनीक अपनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि किसी भी बीमारी का इलाज उसकी सटीक जांच से ही संभव है।

# व्यापार मंडल ने किया प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत



संवाददाता। फतेहपुर

**प्रदेश** युवा व्यापार मण्डल के प्रदेश अध्यक्ष हर्षित खत्री का जनपद आगमन पर पटेलनगर में कोर कमेटी के पदाधिकारियों द्वारा पुष्पहार पहनाकर प्रतीक चिन्ह देते स्वागत किया गया। युवा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा शीघ्र ही प्रदेश के समस्त जनपदों में युवा इकाई का गठन कर लिया जाएगा। युवा पीढ़ी युवा शक्ति को एकत्रीकरण करके युवा वर्ग को सशक्तिकरण करते संगठन को शक्तिशाली बनाना हम सभी की जिम्मेदारी है अध्यक्ष किशन मेहरोत्रा ने पदाधिकारियो के साथ युवा प्रदेश अध्यक्ष का फूल मालाओं से स्वागत करते उत्साह वर्धन किया व टीम सदस्यों से कहा प्रदेश जिला नगर, तहसील, कस्बा, ग्राम, ब्लाक, ट्रेड, इकाइयों का शीघ्र निर्माण पूर्ण करें, संगठन को विस्तारित करें। इस दौरान महासचिव अनिल वर्मा, जिलाध्यक्ष इलेक्ट्रॉनिक इलेक्ट्रिकल संगठन मो0 अंजुम, सह महामंत्री चन्द्र प्रकाश, बब्लू गुप्ता, उपाध्यक्ष मनोज कुमार मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

## महिला समेत तीन ने खाया जहरीला पदार्थ

**फतेहपुर।** जनपद के अलग-अलग थाना क्षेत्रों के अन्तर्गत बीते चौबीस घण्टे के अंतराल में महिला समेत तीन लोगों ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। जिन्हें उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार सुल्तानपुर घोष थाना क्षेत्र के पतरिया गांव निवासी देवकीनन्द की 20 वर्षीय पुत्री सुलेखा को आज सुबह उसके भाई शक्ति सिंह ने किसी बात को लेकर डांट-डपट दिया। जिससे क्षुब्ध होकर उसने जहरीला पदार्थ खा लिया। इसी प्रकार सदर कोतवाली क्षेत्र के बाकरगंज मुहल्ला निवासी स्व0 हीरालाल का 56 वर्षीय पुत्र झल्लू ने मानसिक तनाव के चलते जहर खा लिया। जबकि मलवां थाना क्षेत्र के उमरगहना गांव निवासी रामदास का 32 वर्षीय पुत्र नीरज ने पारिवारिक कलह के चलते जहर खाकर जान देने की कोशिश की। कुछ समय बाद जब तीनों की हालत बिगड़ने लगी तो परिजनों ने सरकारी एम्बुलेन्स द्वारा उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया।

## मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम



बूथ का निरीक्षण करते एसडीएम — पायनियर

संवाददाता। संडीला (हरदोई)

**विधानसभा** निर्वाचक नामावली के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के अंतिम दिन एसडीएम ने कई बूथों का निरीक्षण किया। एसडीएम मनोज कुमार श्रीवास्तव ने इस विशेष, संक्षिप्त पुनिरीक्षण के कार्यक्रम के अंतिम दिवस पर विभिन्न बूथो पर जाकर बीएलओ की उपस्थिति चेक करने के साथ उनसे फार्म 6, फार्म 7 तथा फार्म 8 आदि का ब्यौरा लिया। उन्होंनें ग्राम प्रधानों तथा प्रबुद्ध नागरिकों को जागरूक करते हुए बताया कि 1 जनवरी 2021 को 18 वर्ष का होने वाला युवा अपना फार्म 6 भरकर बीएलओ के पास जमा कर दे। एसडीएम को निरीक्षण के दौरान 5 बीएलओ अनुपस्थित मिले जिनका एक दिन का वेतन बाधित करने हेतु संबंधित विभाग को पत्र जारी किया गया।

## अधिवक्ता समिति के नव निर्मित भवन का लोकार्पण

**संडीला( हरदोई )।** अधिवक्ता समिति के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण वरिष्ठ अधिवक्ता नरोत्तम पंडया द्वारा किया गया। अधिवक्ता समिति द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में नरोत्तम पांडया ने नवनिर्मित भवन का लोकार्पण फीता खीचकर किया। इस अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्ता रामचेला द्विवेदी, चौधरी इकबाल नुसरत, राजेन्द्र दीक्षित, सुरेश द्विवेदी, हरीश चंद्र, मुसाहिब अली, राजीव कुमार अस्थाना आदि ने मुख्यअतिथि का माल्यार्पण किया। समिति के अध्यक्ष राजकुमार सिंह चंदेल ने इस अवसर पर कहा कि इस नवीन भवन के लिए प्रेणा स्रोत का कार्य श्री पांडया ने ही किया है। उन्होंनें कहा कि अधिवक्ताओं का गुरूतर दायित्व वादकारी के हितों की रक्षा करना है। वरिष्ठ अधिवक्ता अनुराग अस्थाना, अनिल कुमार द्विवेदी बिसूढ़ा वाले, नूरहसन एडवोकेट, मेराजुल हसन आदि ने भी अपने विचार रखे।

# मिशन शक्ति के तहत महिला हेल्प डेस्क का हुआ शुभारम्भ

संवाददाता। जसवंतनगर

**मिशन** शक्ति अभियान के अंतर्गत बलरई थाने में महिला हेल्प डेस्क का उद्घाटन सदर विधायिका सरिता भदौरिया ने एसएसपी आकाश तोमर की मौजूदगी में फीता काटकर किया। बीहड़ी क्षेत्र के थाना बलरई में भी अब महिलाएं बेहिचक अपनी शिकायत व समस्या का निस्तारण करवा सकती हैं। ग्रामीण इलाका होने के कारण यहां महिलाएं अपनी शिकायत लेकर तो आतीं थीं लेकिन खुलकर अपनी समस्या पुलिस अधिकारी के सामने नहीं रख पातीं थीं अब उन्हें आसानी होगी। विदित हो कि पिछले माह ही मुख्यमंत्री के द्वारा डेढ़ हजार से अधिक थानों में महिला हेल्प डेस्क का शुभारंभ कराया गया था इसी क्रम में अभी कुछ और थानों में भी महिला हेल्प डेस्क बनाई जा रही हैं।

उद्घाटन अवसर पर विधायिका ने हेल्प डेस्क पर मौजूद कांस्टेबल से कुछ सवाल भी किए और आने वाली पीड़िताओं की समस्याओं को कैसे सुना जाता है इसकी जानकारी हासिल की। डेस्क इंचार्ज आकांक्षा ने बताया कि कोई भी पीड़िता यदि शिकायत लेकर आती है तो उसकी बात को गंभीरता से सुनते हुए नाम पता मोबाइल नंबर नोट करते हुए कृत कार्रवाई को रजिस्टर में अंकित किया जाता है। एसएसपी आकाश तोमर ने बताया कि महिला हेल्प डेस्क को काफी हाईटेक बनाया जा रहा है जल्द ही कंप्यूटर उपलब्ध करा दिया जाएगा। ड्यूटी पर तैनात होने वाली महिला पुलिसकर्मियों को प्रशिक्षित भी किया गया है। महिलाओं के साथ चाहे साइबर अपराध हो या फिर अन्य किस्म का अपराधए सभी का निवारण तत्काल इस महिला हेल्प डेस्क के जरिए कराया जाएगाा। डेस्क इंचार्ज को समय.समय पर कानूनी व तकनीकी पहलुओं पर प्रशिक्षित करते हुए और मजबूत किया जाएगा। थाना प्रभारी सतीश राठौर का कहना है कि महिला हेल्प डेस्क से महिलाओं को सुरक्षित माहौल मिलेगा। महिलाएं अपनी बात को पुलिस के सामने सही तरीके से रख सकेंगीं। महिलाएं अब यहां थाने में स्थापित महिला हेल्प डेस्क तक बेहिचक आएंगीं। हेल्प डेस्क के जरिए खुलकर अपनी बात करेंगीं क्यों कि अब उनकी बात सुनने के लिए अलग पारदर्शी चैंबर और महिला पुलिस कर्मी 24 घंटे मौजूद रहेगी। उन्होंने बताया कि कुल 5 महिला कांस्टेबल की ड्यूटी क्रम से लगाई गई है जो पीड़िताओं की शिकायतों को सुनेंगीं। इस मौके पुलिस क्षेत्राधिकारी रमेश चंद्रए कोतवाली प्रभारी रमेश सिंह सहित क्षेत्र के लोग मौजूद रहे।



## महिला हेल्प डेस्क का विधायक ने किया उद्घाटन

**चकरनगर।** प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप बढ़ते महिला उत्पीड़न की घटनाओं को शख्ती से रोकने के लिए चकरनगर थाने में महिला हेल्प डेस्क का पुलिस उपाधीक्षक चकरनगर मस्सा सिंह की उपस्थिति में क्षेत्रीय विधायक सावित्री कठेरिया द्वारा फीता काट कर उद्घाटन किया गया। पुलिस उपाधीक्षक चकरनगर मस्सा सिंह ने बताया कि महिला सुरक्षा ऐप 1090 वह महिला हेल्प डेस्क के माध्यम से महिलाओं के साथ हो रहे उत्पीड़न व आपराधिक घटनाओं को रोकने में मदद मिलेगी तथा महिलाएं खुलकर अपनी बात महिला अधिकारियों को बतायेंगी। महिलाओं को इसके माध्यम से सुरक्षा के उपाय बताए जायेंगे व ट्रेनिंग भी दी जाएगी। इस मौके पर मुख्य अतिथि विधायिका सावित्री कठेरिया ने उपस्थित महिलाओं को जागरूक करते हुए कहा कि सरकार द्वारा चलाई जा रही इस योजना का लाभ उठाते हुए पुलिस विभाग द्वार बताए गए दिशा.निर्देशों का पालन करें। उन्होंने बताया कि महिला हेल्प डेस्क के माध्यम से महिलाओं को थाने व मोबाइल फोन द्वारा अपनी शिकायत दर्ज कराने में खुल कर सामने आयेगीं। चकरनगर थाना प्रभारी निरीक्षक महेंद्र प्रताप सिंह ने क्षेत्र से आने वाले सभ्रान्त नागरिकों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर उपनिरीक्षक राजेश कुमार प्रथमए राजेश कुमार द्वितीयए विपिन पाल सहित क्षेत्रीय महिलाएं व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## समिति की बैठक का आयोजन

**औरैया।** एक विचित्र पहल सेवा समिति के ग्रामीण विकास कार्यालय.धीरजपुर में आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता तिलक इंटर कॉलेजए औरैया से सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य श्री पीके शुक्ला ने कीए बैठक में प्रमुख रूप से समिति के आगामी 27 दिसंबर को छठवें स्थापना दिवस समारोह की रूपरेखा पर सर्वसम्मति विचार विमर्श किया गयाए बैठक में समिति के संस्थापक आनन्द नाथ गुप्ता एडवोकेट ने बताया कि कोविड.नियमावली के अंतर्गत स्थापना दिवस बहुत ही सादगी पूर्वक मनाया जाएगा समारोह में प्रमुख रूप से प्रतिभाओं का सम्मान व वर्तमान वर्ष.2020 का सम्पूर्ण लेखा जोखा प्रस्तुत किया जायेगा। आयोजन व बैठक में प्रमुख रूप से सभासद छैया त्रिपाठी, व्यापारी नेता नीरज पोरवाल, अर्पित दुबे एडवोकेट, सरदार गुरमीत सिंह, अर्पित दुबे एडवोकेट, आदित्य पोरवाल, डॉ. मिथुन मिश्रा, दीपक अग्रवाल, ऋषिए कपिल गुप्ता, आनंद गुप्ता डाबर, महिला शाखा तुलसी की अध्यक्ष बबिता गुप्ता, संरक्षक लक्ष्मी विश्नोई, शशि गुप्ता, क्षमा सोनी, संगीता भदौरिया, मधु शर्मा, रानी देवी, अर्पित गुप्ता, रानू पोरवाल आदि आधा सैकड़ा सदस्य मौजूद रहे।

# एक विचित्र पहल ने वृद्धजनों को बांटे वस्त्र और कम्बल

- जरूरतमंद महिलाओं को मिली साड़ियां
- कम्बल व साड़ियां पाकर छलके खुशी के आंसू



संवाददाता। औरैया

**एक विचित्र** पहल सेवा समिति रजिण्औरैया द्वारा शरद ऋतु के अंतर्गत शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में खुले आसमान के नीचे जीवन यापन करने वाले अति.निर्धन आदिवासीए बंजारेए लोहा पीटो समुदायए कूड़ा बीनने वालेए दिहाड़ी मजदूरोंए वृद्धजनोंए दिव्यांगोंए बे.सहाराए भूमिहीन व जरूरतमंद लोगों को वस्त्र व कंबल वितरण कार्यक्रम चलाया जा रहा हैए जिसके अंतर्गत रविवार को प्रातः 11 बजे औरैया नगर से लगभग 5 किलोमीटर दूरी पर स्थित हरिजन ग्रामीण क्षेत्र धीरजपुरए औरैया में अति.निर्धन वृद्धजनों को कम्बलए जरूरतमंद महिलाओं को साड़ियांए पुरुषों व बच्चों को गर्म वस्त्रए मोजे शॉल आदि का वितरण किया गयाए आर्थिक रूप से कमजोर लोगों द्वारा कम्बल साड़ियां व वस्त्र पाकर वृद्धजनों के खुशी से आंखों में आंसू छलक उठेए कार्यक्रम के दौरान ग्रामीण महिलाओं ने ढोलक की थाप व स्वदेशी वाद्य यंत्रों के साथ मंत्रमुग्ध करने वाले भजनों की प्रस्तुतियां दीए जिससे कार्यक्रम में मौजूद लोग हर्षोल्लास के साथ खूब आनन्द लेते रहेए समिति द्वारा जनहित में जरूरतमंदों हेतु कम्बल साड़ियां व वस्त्र वितरण कार्यक्रम की उपस्थित ग्रामीणों ने सराहना कीए समिति के संस्थापक आनन्द नाथ गुप्ता एडवोकेट ने बताया कि शहर व ग्रामीण क्षेत्रों के वृद्धजनों व जरूरतमंदों हेतु कम्बल व वस्त्र वितरण कार्यक्रम शरद ऋतु के समापन तक अनवरत जारी रहेगाए उन्होंने जरूरतमंदों की यथासंभव मदद हेतु लोगों से हाथ बढ़ाकर सहयोग करने की अपील की है।

# सिंधु की गहराई कोई नाप नहीं सकता...

संवाददाता। कायमगंज फर्रुखाबाद



**गत वर्ष** की भांति इस साल भी नगर पालिका परिसर में हुए कवि सम्मेलन का उदघाटन जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह ने किया । सम्मेलन का प्रारंभ ख्याति लब्ध गीतकार पवन बाथम ने मां भारती की बंदना से किया। इस अवसर पर लखनऊ से आई कवित्री सोनी मिश्रा ने आवाज दे कविता पढ़ी कि सिंधु की गहराई कोई नाप नहीं सकता, उसकी लहरों को कोई नाप नहीं सकता । इसके तुरंत बाद संडीला की रचनाकार प्रियंका द्विवेदी ने बेटियों पर अपनी वाणी मुखर करते हुए पढ़ा कित्र बेटियां है आज देखो , बेटियां ही कल बनी जल प्रयासों के उदय में बेटियां ही बल बनी ॥ वही हास्य के हस्ताक्षर विनोद राज योगी ने कद्दू व इलायची की तुलना करते हुए कहा कि बे मूल्यवान नहीं त्रजिनकी काया लंबी लंबी चौड़ी दिखती है । कवि कमलेश मौर्य ने कविता के माध्यम से स्वर देते हुए कहा .एक दूसरे को देखते सब शक की निगाहों से मृदु ,सामने वाले को कहीं कोरोना तो नहीं ।वही बाराबंकी से आए संदीप अनुरागी ने नेताओं पर कटाक्ष करते हुए कहा कि एक आई सर्जन ने एक अंधे के किसी नेता की सर्जरी कर आग लगाई जब उसे दिखाई दिया तो उससे पूछा कि तुम्हें क्या दिखाई दे रहा है । मरीज बोला अब मुझे कुर्सी के सिवा और कुछ दिखाई नहीं दे रहा है,लोगों की विशेष फरमाइश पर गीतकार पवन बाथम ने अपने अंदाज में कुछ यूं महफिले रंग बदलते हुए पढ़ा कि. तेरे बिन जिंदगी में रहा कुछ नहीं, टूटती जा रही सुबह-शाम है, कवि प्रोफ़ेसर रामबाबू मिश्र रत्नेश ने कविता के माध्यम से आगाह करते हुए कहा कि धरती पर बारूद बिछी है, गंध आ रही कण-कण से इसी के साथ मशहूर शायर अब्दुल वहाब बहार तथा शायर राशिद अली राशिद ने भी अपनी प्रस्तुतियां दे वाहवाही लूटी। रात भर चले कवि सम्मेलन में मुख्य अतिथि जिला अधिकारी के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा , उप जिलाधिकारी सुनील कुमार यादव , क्षेत्राधिकारी राजवीर सिंह गौर तथा बहुत से अधिकारी एवं भाजपा नेत्री डॉ मिथिलेश अग्रवाल सहित नगर के अनेक गणमान्य उपस्थित रहे।

## क्विक न्यूज

### टैक्टर की टक्कर से वाइक सवार महिला की मौत

**घाटमपुर।** भीतरगांव-साढ़ संर्पक मार्ग पर रबिवार दोपहर ट्रैक्टर की टक्कर लगने वाइक सवार महिला की मौत हो गयी। बताया जाता है कि घाटमपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव बनहरी श्रीमती बिटोला अपने भाइ अरबिन्द के साथ मायके फुफुआर थाना महाराजपुर कानपुर नगर जा रही थी कि जैसे ही अरबिन्द बारीगांव आश्रम के सामने पंहुचा कि तभी सामने से आ रहे ईंटें लादे ट्रैक्कर ने टक्कर मार दी जिससे बिटोला गंम्भीर रुप से घायल हो गयी, सूचना पर पंहुची भीतरगांव चौकी पुलिस उसे इलाज के लिये सीएचसी भीतरगांव भेजा जहाँ डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### प्रोजेक्ट किरण मे आये मामलों मे दो दंपति साथ मे रहने को राजी

**कानपुर देहात।** स्थानीय पुलिस लाइन सभागार में प्रोजेक्ट नई किरण की शुरूआत पुलिस अधीक्षक श्रीमान केशव कुमार चौधरी की अध्यक्षता में की गई। नई किरण में 26 मामले आये जिनमें नई किरण के सभी सदस्यों द्वारा समझानें के बाद 02 परिवार में आपसी सुलह समझौते के आधार पर समझौता कराया गया दोनों परिवारों के पति.पत्नी खुशी.खुशी साथ.साथ रहने को तैयार हो गये शेष प्रार्थना पत्रों में आगे की तिथि दी गयी। नई किरण प्रोजेक्ट से जनपद में विखरे हुये परिवारों में एक नई रोशनी आयेगी। पुलिस अधीक्षक महोदय ने कहा कि नई किरण प्रोजेक्ट के अन्तर्गत विखरे परिवार को एक सूत्र में बांधने का प्रयास किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में महिला थानाध्यक्ष अश्वनीपालए म0उ0नि0 रीना सिंहए म0हे0का0 227 संध्या देवीए म0का0 1261 प्रीती सोनकर व नई किरण प्रोजेक्ट के सदस्यगण श्रीमती कंचन मिश्राए श्री राम प्रकाश सिंह आदि सदस्यगण मौजूद रहे तथा इन सभी का विशेष सहयोग रहा।

### डीएम के निर्देश पर 848 गोल्डन कार्ड बनाए गए

**कानपुर देहात।** आयुष्मान भारत योजनाए भारत सरकार की एक स्वास्थ्य योजना है। इस योजना के अन्तर्गत आने वाले प्रत्येक पात्र परिवार को पाँच लाख रूपये तक का कैश रहित स्वास्थ्य बीमा उपलब्ध कराया जा रहा है। जिसके अन्तर्गत गोल्डेन कार्ड धारक व्यक्ति पाँच लाख रूपये तक का अपना मुफ्त इलाज चुने गये सरकारीध्प्राइवेट अस्पताल में करा सकता है। जनपद में गोल्डेन कार्ड बनाये जाने में की जा रही शिथिलताध्धीमी प्रगति पर जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र ने विशेष अभियान चलाकर गुणात्मक प्रगति लाने के निर्देश दिये गये। जिसके क्रम में आज 848 गोल्डेन काडे बनाये गये है। उक्त प्रगति जिलाधिकारी के निर्देश के क्रम में उप जिलाधिकारीए तहसीलदारए खण्ड विकास अधिकारी व स्वास्थ्य विभाग की टीमों के संयुक्त प्रयास से विशेष अभियान चलाकर किया गया है। जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारीध्प्रभारी चिकित्साधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि प्रतिदिन रणनीति बनाकर समय से टीम को चिन्हित ग्रामों में भेजे तथा इसका व्यापक प्रचार.प्रसार कराते हुए गोल्डेन कार्ड बनाये जाने हेतु प्रतिदिन का लक्ष्य निर्धारित कर उसे पूर्ण कराएं। साथ ही अन्य ग्राम स्तरीय अधिकारियोंध्कर्मचारियों का सहयोग भी प्राप्त करें। ताकि इस महत्वाकांक्षी योजना का लाभ हर एक पात्र व्यक्ति को मिल सकें।

### फर्रुखाबाद में मिले 13 कोरोना मरीज,संख्या पहुंची 4478

**फर्रुखाबाद।** जिले में 13 कोरोना मरीजों की जांच रिपोर्ट पॉजिटिव आई है जिससे जिले में कोरोना संक्रमित मरीजों की संख्या 4478 पर पहुंच गई है। कोविड की रोकथाम हेतु डीएम व एसपी अभियान चलाकर आमजनमानस को लगातार जागरुक कर रहे हैं जिससे आम जनमानस को कोरोना जैसी महामारी से बचाया जा सके। जिला मुख्यालय से आई रिपोर्ट के मुताबिक जिले में 13 कोरोना संक्रमित मरीज मिले हैं जिनकी रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। जिससे जिले में कोरोना संक्रमितों की संख्या 4478 पर पहुंच गई है। वहीं आज एक्टिव मरीजों में इजाफा हुआ है। जिले में आज 114 मरीज एक्टिव हो गये हैं जिनका इलाज चल रहा है। वहीं जिले में स्वस्थ एंव होमआईसोलेशन मरीजों की संख्या 4286 हो गई है। सभी स्वस्थ मरीजों को प्रशासन की निगरानी में उन्हें घर भेज दिया हैए वहीं सभी होमआईसोलेट मरीजों का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। जबकि जिले में आज एक और कोरोना से मौत हो गई है। जिससे जिले में कोरोना से मरने वालों की संख्या 77 से 78 पर पहुंच गई है।

# चोरों ने दो घरों से हजारों का सामान किया साफ

संवाददाता। बकेवर



**थाना** क्षेत्र के दो गाँवों व्यासपुरा व धर्मशाला में चोरों ने दो लोगों के घरों में घुसकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। ग्राम व्यासपुरा में एक किसान कमलेश के घर से करीब दो लाख के जेबरात 60 हजार रुपये नगदी व संपत्ति छत के रास्ते घुसकर चुरा ले गए। जबकि धर्मशाला गांव में घर के पिछबाड़े छत के रास्ते घर के घुस कर करीब तीन लाख की सम्पत्ति व 26 हजार रुपये की नगदी चुरा ले गए।घर के लोग दूसरे कमरे में सोते रहे। सुबह जागने पर जानकारी हुई। सूचना पर सुबह थाना पुलिस घटना स्थल पर निरीक्षण करने पहुँची। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी थी। व्यासपुरा मे घर से करीब सौ मीटर की दूरी पर पिछवाड़े खेत मे एक सीढ़ी व सन्दूक खुले पड़े मिले।सन्दूकों से सामान गायब था। शनिवार की रात्रि थाना क्षेत्र में चोरों का आतंक रहा।ग्राम व्यासपुरा में चोरो ने किसान कमलेश पुत्र शिवराम के घर के पिछवाड़े साथ लायी सीढ़ी लगाकर ऊपर चढ़ आये और घर में जीने के रास्ते घुस आये । चोरों ने उनके यहाँ उनके स्टोररूम की कुण्डी खोलकर कमरे मे प्रवेश कर गये जहां कि अलमारी व सन्दूकों के ताले तोड़कर तोड़कर चोरी की घटना अंजाम दी । यहां चोरो ने एक जोड़ी सोने की झुमकी एएक अंगूठी के अलावा पुत्री की शादी के लिए रखे 60 हजार रुपये की नगदी चुरा कर ले जाने मे सफल रहे। चोरी की वारदात के समय गृहस्वामी कमलेश अपनी पत्नी प्रेमलता के साथ व बच्चे मकान के बहार बने कमरो मे सो रहे थे । चोरी की घटना से पीड़ित कमलेश का पड़ोसी अरविंद जब सुबह पांच बजे जागा तो उसके खेतों मे गृह उपयोगी समान बिखरा तो उसने यह बात कमलेश को बताई तब कही गृहस्वामी को चोरी की घटना की जानकारी हुई। इसी प्रकार ग्राम इकनौर के मजरा धर्मशाला मे भी चोरों ने गांव के अवधेश पुत्र महावीर के यहां चोरी की घटना अंजाम दी जहां कि चोर उनके घर के पिछवाड़े से छत पर चढ़ आये और आंगन के रास्ते घर मे प्रवेश करके एक कमरे मे रखा बक्सा उठा ले गये। गृहस्वामी अवधेश के मुताबिक चोरी गये बक्से मे तकरीबन ढाई लाख रुपये मूल्य के सोने चांदी के जेवर व 26 हजार रुपये की नगदी के अलावा उसके बच्चों के शैक्षिक प्रमाण पत्र तथा अन्य महत्वपूर्ण कागज रखे हुए थे । चोरी की घटना की सूचना पर दोनों स्थानों पर पुलिस मौके पर पंहुची और मौके का बारीकी से निरीक्षण किया।

# मासूम कृष्णा का हत्यारा बहनोई भेजा गया जेल

संवाददाता। घाटमपुर

**ममेरी बहन** की शादी में बहन के साथ गये मासूम की हत्या करने के आरोप में पुलिस ने आरोपी बहनोई को जेल भेज दिया। पुलिस के मुताबिक आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है। मालुम हो कि थाना सजेती के गांव गुरैयनपुर मजरा बीरबल का अकबरपुर निवासी छोटे निषाद की पत्नी का कई वर्ष पहले निधन हो गया था तथा छोटे के पुत्र कुष्णा के अलावा तीन पुत्री है। पुलिस का कहना है कि छोटे की बड़ी पुत्री के साथ हत्या आरोपी अरबिन्द दो साल पूर्ब प्रेम बिवाह कर गांव में ही रहता था, बीते शनिवार को छोटे अपने पुत्र कृष्णा व तीनों पुत्रियों के साथ गांव मिश्रापुर मजरा चितौली साले सुरेशकुमार की पुत्री की शादी में शामिल होने गया था, जब घर के लोग व रिस्तेदार शादी की रस्मों में ब्यस्त थे तभी आरोपी ने साले कृष्णा के किसी प्रकार गांव बाहर नोन नदी के पुल के पास ले जाकर उसका गला रुमाल से कस कर मार डाला और पहिचान छिपाने के लिये उसका चेहरा ईट से कूच दिया था।

## रुमाल से हुआ हत्या का राजस

**घाटमपुर।** मासूम कृष्णा का गला जिस रुमाल से गला कसा गया था, उसी रुमाल से हत्या का राज पुलिस ने खोल दिया, बताया जाता है कि जो रुमाल गले में कसी मिली थी वो हत्यारे अरबिन्द की थी जिसकी पहिचान खुद हत्यारे की पत्नी व मासूम की ने की इसके बाद पुलिस ने अरबिन्द से कड़ाई से पूछतांछ की तो सारा राज खुल गया।

# ग्रामीणों की जमीनों और घरों की घरौनी बनाने का काम हुआ शुरू



- जसवंतनगर क्षेत्र के 88 ग्राम चयनित

**जसवंतनगर ( इटावा )।** प्रधानमंत्री की महत्वाकांक्षी स्वामित्व योजना को लेकर प्रशासन ने त्वरित ढंग से काम शुरू किया हैं। इस योजना के तहत जिन ग्रामीणों की जमीन या मकान का कोई रिकॉर्ड नहीं हैए उनके लिए खतौनी की तरह ष्घरौनीष् बनाया जाएगा। कार्यक्रम नोडल अधिकारी व उपजिलाधिकारी ज्योत्स्ना बंधु के निर्देशन व फीडिंग सुपरवीजन अधिकारी व तहसीलदार रामानुज के नेतृत्व में क्षेत्र के 88 गांवों को चयनित किया गया है। राजस्व विभाग टीम के जरिए सर्वे शुरू कर घरों के अभिलेखीकरण के साथ उनका रिकॉर्ड बनाया जाएगा। तहसील क्षेत्र के चिह्नित गांवों में तहसीलदार की निगरानी में सर्वे कार्य प्रारंभ किया गया है।तहसीलदार ने बताया कि स्वामित्व योजना का मकसद ग्रामीण इलाकों की जमीन का मालिकाना हक तय करना और उसका रिकॉर्ड बनाना है। उन्होंने आगे बताया सर्वे कार्य उन्ही स्थानों का होगाए जो भूमि राजस्व अभिलेखों में आबादी के रूप में दर्ज हैं। बिना आबादी दर्ज स्थानों को सर्वे से बाहर रखा गया है। लेखपाल विजय बाबूए नरेश बाबू ए मनदीप आदि द्वारा ग्राम प्रधान प्रधानों व समाजसेवियों की मौजूदगी और सहयोग से सर्वे किया जा रहा है।

## किसानों के समर्थन में सपाइयों नें चलायी बैलगाड़ी

**फर्रुखाबाद।** किसान बिल के विरोध में समाजवादी पार्टी नें जनपद में कई जगह उग्र प्रदर्शन किया। केंद्र की मोदी सरकार को किसान विरोधी बताते हुए बिल को तत्काल वापस लेने की मांग की। सपाईयों नें बैलगाड़ी यात्रा भी निकाली। निवर्तमान जिला महासचिव मंदीप यादव, पूर्व प्रदेश सचिव अल्पसंख्यक सभा सरदार तोषित प्रीत सिंह के नेतृत्व में नवाबगंज व शमशाबाद के ग्राम अददूपुर, करनपुर में बैलगाड़ी और ट्रैक्टर यात्रा निकाली गयी। सरकार विरोधी नारे के साथ कार्यकर्ताओं ने बिल वापस लेने की मांग की। पूर्व जिला महासचिव मंदीप यादव नें बताया कि वर्तमान की केंद्र व प्रदेश सरकार किसान विरोधी बिल पास कर पूंजीपतियों के हाथ में खेल रही है। जबसे प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी किसान, नौजवान, व्यापारी हर वर्ग परेशान है। सरदार तोषित प्रीत नें कहा कि भाजपा सरकार किसानों का शोषण कर रही है। जय जवान, जय किसान का नारा लगाते हुए किसानों की आवाज बुलंद किया। सपाइयों ने किसानों के समर्थन में नारेबाजी की और कस्बे में पैदल मार्च करके किसानों के समर्थन में लोगों से सहयोग मांगा।

# चोरी का एक ट्रैक्टर, दो ट्राली बरामद असलाह समेत दो बदमाश गिरफ्तार

संवाददाता। इटावा



**भरथना** कोतवाली पुलिस ने किशनी और बिधूना से अलग अलग तिथियों में चोरी किये गए एक ट्रैक्टर दो ट्राली को चैकिंग के दौरान बरामद कर अबैध एक तमंचा दो जिंदा कारतूस समेत दो बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। भरथना पुलिस की इस सफलता पर जांबाज पुलिस कर्मियों की पीठ थपथपाते हुए चोरी की घटनाओं का खुलासा कर पुलिस क्षेत्राधिकारी चन्द्रपाल सिंह ने बताया कि जनपद मैनपुरी के थाना क्षेत्र किशनी से बिगत 8 दिसम्बर को अज्ञात बदमाशों ने एक ट्रैक्टर ट्राली चोरी कर सनसनी फैला दी थी। इसी क्रम में बीती 7 अक्टूबर को भरथना क्षेत्र के ग्राम ककराई से ट्रैक्टर मय ट्राली के बदमाश चोरी कर फरार हो गए थे। इटावा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर के निर्देश पर उपनिरीक्षक लक्ष्मणएराजेन्द्र सिंह कांस्टेबल सरताज अहमद, राधवेंद्र सिंह, विनोद कुमार, शुभम, अमित कुमार आदि पुलिस कर्मी वाहन चैकिंग कर रहे थे। इसी बीच बिजेंद्र उर्फ भानू प्रताप पुत्र गिरीश बाबू निबासी ककराई व शिव सिंह उर्फ बन्टू पुत्र रामनजर निबासी नगला पछाय थाना भरथना को एक महिंद्रा ट्रैक्टर दो ट्राली एक तमंचा दो जिन्दा कारतूस एक चाकू बरामद कर गिरफ्तार किया है। पुलिस क्षेत्राधिकारी श्री सिंह ने पुलिस की इस सफलता के लिए जांबाज कर्मचारियों को पुरुस्कृत करने का ऐलान किया है। घटना के इस खुलासे के दौरान कोतवाल अनिल कुमार, उपनिरीक्षक लक्ष्मण, राजेन्द्र सिंह, का0सरताज अहमद, राघवेंद्र, विनोद कुमार, शुभम, अमित कुमार आदि पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

## खजुराहो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में सौ से ज्यादा

# बुन्देली फिल्में मचाएंगी धमाल

**चित्रकूट।** खजुराहो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में एक सैकड़ा से अधिक फीचर फिल्में, लघु फिल्में, वृत्तचित्र टपरा टाकीज में प्रदर्शित की जायेंगी। कानपुर की लघु फिल्म आकाश में सुराख और लखनऊ की कील के अलावा मुम्बई की अब बस, कीमत और जमीन जैसी फिल्में धमाल मचाएंगी। इसके अलावा किसान बिल को लेकर जारी सियासत और कानून की सच्चाई भी पर्दे पर बुन्देली किसानों को दिखाई जाएगी।

फेस्टिवल के बुंदेलखंड प्रभारी बुन्देली सेना के जिलाध्यक्ष अजीत सिंह ने बताया कि फिल्मों का संग्रह पिछले एक महीने से जारी था। अब तक अभिनेता आरिफ सहड़ोली के पास लगभग एक सैकड़ा से अधिक फिल्में जमा हो गई हैं। इन फिल्मों का टपरा टाकीज में प्रदर्शन होगा, बेस्ट फिल्में नकद पुरष्कृत होंगी और प्रत्येक डायरेक्टर को प्रमाण पत्र और सम्मान मिलेगा। यूपी-एमपी बुंदेलखंड के शिवपुरी, ग्वालियर, झांसी, चित्रकूट, नौगांव, छतरपुर, मुरैना समेंत 13 जिलों से बुंदेलखंडी कलाकारों द्वारा निर्मित फिल्मों को फेस्टिवल का मंच मिलेगा।



मप्र सीएम शिवराज सिंह को शील्ड देते राजा बुन्देला।

रविवार को फिल्म फेस्टिवल के संयोजक बुंदेलखंड विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री राजा बुंदेला ने मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से भेंट की। उन्हें फेस्टिवल उदघाटन का आमंत्रण दिया और फेस्टिवल की पत्रिका भेंट की। राजा बुंदेला ने रविवार से खजुराहो में डेरा डाल दिया है। 17 से 23 दिसम्बर तक आयोजित होने फेस्टिवल का यह छठवां समारोह है। कोविड के चलते बिना मास्क और सेनेटाइजर के किसी को भी आयोजन में शामिल होने की अनुमति नहीं रहेगी। सोशल डिस्टेंसिंग का पालन किया जाएगा। कोरोना के चलते वर्चुअल प्लेटफार्म में 60/40 के रेसियों में आयोजन को अंतिम रूप दिया जाएगा। सैकड़ों फिल्मों का प्रदर्शन होने के साथ ही मुम्बई की फिल्मी हस्तियों और राजनेताओं का जमावड़ा लगेगा। किसान बिल को लेकर जारी राजनीति और इसकी सच्चाई भी पर्दे पर बुंदेलखंडी किसानों को दिखाई जाएगी। कला, संस्कृति का संगम होगा, बुन्देली लोकगायक, वादक और लोकसंगीत को हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी फेस्टिवल के मंच में अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिलेगा।

# अनियंत्रित बोलेरो पलटी आधा दर्जन लोग जख्मी

संवाददाता। राठ (हमीरपुर)

**बीती रात्रि** राठ-उरई मार्ग पर रिहुंटा चौकी के पास एक बोलेरो गाड़ी अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई। बोलेरो में सवार आधा दर्जन लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। सूचना पर पहुंची चिकासी पुलिस ने घायलों को एंबुलेंस से इलाज के लिये सीएचसी राठ में भर्ती कराया। जहां दो लोगों की हालत नाजुक होने पर चिकित्सक ने मेडिकल कॉलिज उरई रिफर कर दिया। जानकारी के अनुसार शनिवार की रात्रि करीब 12 एक बोलेरो गाड़ी उरई की ओर से आ रही थी। तभी उरई मार्ग स्थित रिहुंटा चौकी के पास अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई।

बोलेरो में सवार जनपद जालौन के न्यू पटेल नगर उरई निवासी पार्वती 50 पत्नी अनूप, अंकुर वर्मा 18 पुत्र अमित, दिव्यांशी वर्मा 19 पुत्री अमित, अमित कुमार वर्मा 44 पुत्र प्रागीलाल और सरगांव इमिलिया उरई निवासी दीपक 21 पुत्र वीरसिंह गंभीर रूप से घायल हो गये। सूचना पर पहुंची चिकासी पुलिस ने 108 एंबुलेंस को सूचना कर घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया। डा.आलोक ने बताया कि अंकुर और दीपक की हालत नाजुक होने पर उसे उरई रिफर कर दिया गया। चिकासी थानाध्यक्ष विनोद कुमार ने बताया कि बोलेरो गाड़ी उरई की ओर से आ रही थी। जो रिहुंटा चौकी के पास अनियंत्रित होकर पलट गई। बोलेरो में बैठे आधा दर्जन लोग घायल हो गये। जिन्हे सीएचसी में इलाज के लिये भर्ती करा दिया गया है। बताया कि गाड़ी पलटने से पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है। वहीं अन्य मार्ग दुर्घटना में जरिया थाना क्षेत्र के हरसुंडी गांव निवासी अशवनी 18 पुत्र परमेश्वरी दयाल बाइक से गिरकर घायल हो गया।

## क्विक न्यूज

### खदान से सुरक्षाकर्मी गायब, रिपोर्ट दर्ज

**सरीला (हमीरपुर)।** जलालपुर थाना क्षेत्र की भेड़ी खरका मौरंग खदान का चालीस वर्षीय सुरक्षाकर्मी अचानक गायब हो गया है। सुरक्षाकर्मी के भाई की तहरीर पर गुमशुदगी का मामला दर्ज किया गया है। जालौन के बड़ा गांव निवासी विजय सिंह (40) भेड़ी खरका मौरंग खदान के खंड संख्या 23 में प्राइवेट सुरक्षा कर्मी के पद पर काम करता था। सुरक्षाकर्मी के भाई कुंवर सिंह ने बताया कि शुक्रवार की देर रात से उसका भाई मौरंग खदान से गायब हो गया है। वह घर भी नहीं पहुंचा है। खदान मालिक की सूचना पर उसकी नाते रिश्तेदारों में भी तलाश कर ली है। कोई पता नहीं चल रहा है। थानाध्यक्ष जलालपुर उमापति मिश्रा ने बताया कि सुरक्षाकर्मी के भाई की तहरीर पर गुमशुदगी का मामला दर्ज किया गया है। सुरक्षाकर्मी की तलाश की जा रही है।

### चेकिंग के दौरान दो पेटी शराब बरामद

**कुरारा (हमीरपुर)।** कुरारा थाना क्षेत्र के हरौलीपुर चौकी प्रभारी ने चेकिंग के दौरान दो पेटी अवैध शराब पकड़ कर बिना कागज के बाइक को बरामद कर मुकदमा दर्ज किया है। वही दो लोंगो के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई है। पुलिस ने बताया कि बीती शाम हरौलीपुर तिराहे पर वाहन चेकिंग कर रहे थे। तभी एक बाइक में दो लोग दो पेटी अवैध शराब लेकर मनकी गांव की तरफजा रहे थे। पुलिस को देखकर बाइक की रफ्तार तेज कर दिया। जब उनको रुकने का इशारा किया। तो वह नही रूके। तब उनका पीछा किया। तो वह सड़क किनारे फिसल कर गिर गए। उनके पास से दो पेटी देशी शराब बरामद किया। 80 क्वार्टर लाल के थे। वही बाइक के कागजात नही दिखा सके। अवैध शराब ले जाकर बिक्री करने के मामले में आबकारी अधिनियम केतहत मुकदमा दर्ज किया गया है। बाइक को सीज किया गया है।

### अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगायी

**कुरारा (हमीरपुर)।** थाना क्षेत्र के भौली गांव निवासी युवक ने अज्ञात कारण के चलते बीती शाम घर में फाँसी लगा कर आत्महत्या कर ली। मृतक के भाई ने रिपोर्ट दर्ज करायी है। क्षेत्र के भौली गांव निवासी शिवेन्द्र प्रताप सिंह (29) ने बीती शाम अपने घर में फाँसी लगा कर आत्महत्या कर ली। जब परिजनों को जानकारी हुई तो घर में कोहराम मच गया। मृतक के भाई आशीष प्रताप सिंह ने घटना की तहरीर थाने में दी है। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर आज पोस्टमार्टम को भेजा है। मृतक घर में रहकर खेती में हाथ बंटाता था । इस घटना से परिवार में शोक व्याप्त है ।

### विचित्र बुखार से बालिका की जान गई

**हमीरपुर।** कुरारा क्षेत्र के खरोंज गांव में विचित्र बुखार से 15 वर्षीय बालिका की उपचार के लिए कानपुर ले जाते समय मौत हो गई। विकासखंड क्षेत्र के खरौंज गांव निवासी हबीब ठेकेदार की पुत्री सबीना को 5 दिनों से बुखार आ रहा था। प्रधान बशीर मोहम्मद ने बताया कि परिवार जन उसका उपचार लोकल डॉक्टरों से करवाते रहें आराम ना मिलने पर कानपुर के घाटमपुर में एक क्लीनिक में उपचार के लिए गए जहां चिकित्सकों ने कानपुर ले जाने को कहा तभी कानपुर ले जाते समय रास्ते में उसकी मौत हो गई। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी अजय चौरसिया से बात की उनका कहना था कि बालिका की मौत के बारे में जानकारी नहीं मिली है जानकारी जुटा रहे हैं।

### आपसी बंटवारे को लेकर मारपीट, मामला दर्ज

**मौदहा (हमीरपुर)।** फत्तेपुरवा निवासी राम मनोहर पुत्र रामसनेही का अपने भाइयों से आपसी बंटवारे को लेकर हुई मारपीट का कोतवाली पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है ग्राम फत्तेहपुर निवासी राम मनोहर पुत्र रामसनेही ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि उसके भाई बाबू पुत्र रामसनेही और रामबहादुर पुत्र जलमा में घरेलू आपसी बंटवारे को लेकर गाली गलौज व मारपीट की है। धारा 323, 504 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### महिला ने मारपीट का लगाया आरोप

**कोंच(जालौन)।** घर के ही सदस्यों पर महिला ने मारपीट करने का आरोप लगाते हुए पुलिस से कार्यवाही करने की गुहार लगायी है।रजनी कुशवाहा पत्नी गोधनसिंह निवासी ग्राम लौना ने कोतवाली पुलिस को प्रार्थनापत्र देकर बताया कि शनिवार की सुबह करीब साढे 8 बजे वह अपने घर के अंदर थी तभी उसके चचिया ससुर कलू और उनके बेटे संजू व रामू पारिवारिक बंटवारे को लेकर घर में आकर उससे विवाद करने लगे और गालियां देने लगे। जब उसने गालियां देने से रोका तो रामू व संजू ने उसके साथ मारपीट करते हुए उसे जमीन पर पटक दिया।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक घायल

**कोंच (जालौन)।** कोंच नगर में सरकार पैलेश से अपने घर काशीराम कालौनी जा रहे युवक के अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे युवक बुरी तरह घायल हो गया। बंटे उर्फकमल किशोर सोनी पुत्र रामलाल निवासी काशीराम कालौनी नगर की पैलेश सरकार पैलेश से काशीराम कालौनी जा रहा था तभी अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे युवक बुरी तरह घायल हो गया और राहगीरों की मदद से युवक को अस्पताल में भर्ती करवा दिया है।

### ग्राम प्रधान से मारपीट का आरोपी पहुंचा जेल

**जालौन (उरई)।** सारंगपुर प्रधान के साथ घर में घुसकर मारपीट करने के आरोपित को पुलिस ने पकड़ लिया। एसडीएम के आदेश पर आरोपित को पुलिस ने जेल भेज दिया है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सारंगपुर प्रधान जशवंत सिंह के साथ गांव के पवन कुमार के साथ कौशल, ईश्वरी तथा शिवकुमार ने 19 नवंबर को घर में घुसकर मारपीट कर दी थी। पुलिस ने प्रधान के साथ मारपीट के आरोपित को पुलिस शनिवार की रात को पुलिस ने पकड़ लिया है। पकड़े गए आरोपित को पुलिस ने एसडीएम के न्यायालय में पेश किया। जमानत न मिलने पर उसे रविवार को जेल भेज दिया है। कोतवाली रमेशचंद्र मिश्रा ने बताया कि अन्य 3 आरोपित की शीघ्र गिरफ्तारी की जायेगी।

### बांदा की अर्चना व प्रीती ने एमएड में किया नाम रोशन

**बांदा।** मास्टर ऑफएजुकेशन की परीक्षा में लड़कियों ने बाजी मारते हुए टॉप थ्री में जगह बनाई है। अतर्रा पीजी कालेज की दो छात्राओं ने बुंदेलखंड विवि में पहला व दूसरा स्थान प्राप्त किया है। बुंदेलखंड विवि झांसी में एमएड की कुल 200 सीट निर्धारित है। अतर्रा पीजी कालेज को 25 सीटे मिली हुई हैं। अर्चना ने 948/1200 (79 फीसद) अंक प्राप्त कर पहला स्थान अर्जित किया है। मऊरानीपुर की मूल निवासी छात्रा के पति अनिल कुमार बीते कई वर्षो से नरैनी ब्लाक के अतर्रा क्षेत्र में प्रा. विद्यालय में शिक्षक है। कस्बा निवासी प्रीती मिश्रा ने भी 943/1200 (78.58 फीसद) अंक लेते हुए दूसरा स्थान प्राप्त किया है। एमएड की परीक्षा में अतर्रा पीजी कालेज की दो छात्राओं ने विवि में पहला व दूसरा स्थान प्राप्त करने पर कॉलेज के प्राचार्य एसी मिश्रा ने बधाई दी।

### मतदाता पुनरीक्षण बूथों पर लगाया गया शिविर

**कोंच(जालौन)।** मतदाता पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत कोंच- माधोगढ़ 219 व कोंच-उरई 221 विस क्षेत्र में नियुक्त बीएलओ ने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत रविवार को प्रत्येक बूथ पर आयोजित शिविर में नये मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में बढ़ाने, त्रुटिपूर्ण नाम, पता, फोटो में संशोधन करने, विवाह के बाद मायके से ससुराल जाने वाली महिलाओं के नाम मतदाता सूची से पृथक करने के लिये आने वाले लोगो के फॉर्म भरकर जमा किये।

# चरखारी विधायक की गाड़ी का हमलावर गिरफ्तार

**राठ ( हमीरपुर )।** बीती रात चरखारी विधायक की गाड़ी पर हमला करने वाले बदमाशों के गैंग में शामिल एक युवक के घर पर छापा मार उसे गिरफ्तार कर लिया। बीती रात चरखारी विधायक ब्रजभूषण राजपूत उर्फगुडडू की गाड़ी राठ से वापस चरखारी जा रही थी। चरखारी थाने के करहरा गांव के पास पहले से खडे कुछ बाइक सवार अज्ञात बदमाशों ने गाड़ी पर हमला कर दिया। बदमाशों ने गाड़ी का शीशा तोड़ हवाई फायरिंग करने लगे। विधायक की गाड़ी में सवार जब तक उनके सुरक्षा कर्मी उतरते बदमाश एक बाइक छोड़कर भाग खडे हुए। उस दौरान विधायक गाड़ी में नहीं थे। सिर्फउनका स्टाफमौजूद था। पुलिस ने एक बाइक बरामद की है। चरखारी पुलिस और राठ कोतवाली पुलिस ने एक युवक के घटना में संलिप्त होने की आशंका को लेकर कस्बे के सिकंदरपुरा मोहल्ले में युवक के घर पर छापा मारा। पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस आरोपी युवक के घर के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे उखाड़ कर अपने साथ ले गई। राठ पुलिस बदमाशों की तलाश में जुटी हुई थी। घटना में कुछ युवक परा गांव के भी बताए जाते हैं।

## मेले में व्यवस्थाएं चौकस रखने के डीएम ने दिये निर्देश

**चित्रकूट।** डीएम शेषमणि पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक अंकित मित्तल ने अगहन माह की अमावस्या मेला में रामघाट व परिक्रमा मार्ग समेत पूरे मेला क्षेत्र का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। डीएम-एसपी ने अमावस्या मेला के मद्देनजर पेयजल, साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, पार्किंग व्यवस्था आदि व्यवस्थाये देखी। संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि अपने ड्यूटी स्थल पर तैनात रहकर मेला को सकुशल सम्पन्न करायें। कहीं कोई समस्या नहीं होनी चाहिए। परिक्रमा मार्ग व रामघाट की लगातार सफाई जारी रहे। एसडीएम सदर, डीपीआरओ, ईओ नपा, एक्सईएन विद्युत हाकिम सिंह आदि मौजूद रहे।

# जानलेवा बीमारी से पचास बकरियों की मौत, पशु पालकों में मचा हड़कंप

**राठ ( हमीरपुर )।** कोतवाली के चिल्ली गांव में पशुओं में जानलेवा रोग फैलने से आधा सैकड़ा से अधिक बकरियों की मौत हो गई। गांव में बकरियों के मरने का सिलसिला जारी है। बकरियों की मौत से पशुपालकों में हड़कंप मचा हुआ है। जानकारी के अनुसार चिल्ली गांव में पिछले एक पखवारे से बकरियों में लगने वाला जानलेवा रोग फैला हुआ है। अब तक गांव में 50 से अधिक बकरियों की मौत हो चुकी है। गांव के पूर्व प्रधान कमलापत ने बताया कि पशुपालन विभाग ने भी रोग की रोकथाम के लिए कोई उपाय नहीं किए है। अब तक गांव के खेमचंद्र अहिरवार की चार, सुजान सिंह यादव की 5, मूरत यादव की 4, हरनाथ लोधी की 3, गंगा अहिरवार की 1 समेत अब तक पचास से ज्यादा की मौतें हो चुकी हैं। पूर्व प्रधान ने बताया कि पूरे गांव में 100 से अधिक बकरियों की मौतें हो चुकी हैं। गांव में पशुपालन विभाग की टीम तक नहीं आई है। इस संबंध में पशु चिकित्सक गोहांड डा.पीडी राजपूत का कहना था कि उन्हें रोग फैलने की कोई जानकारी नहीं है। उन्हें किसी भी ग्रामीण ने अब तक जानकारी नहीं दी। यदि रोग फैला तो नियंत्रण किया जायेगा।

# मस्त्य संपदा बचाने को एक किमी के फासले पर नदियों में छोड़े जाएंगे मछलियों के बच्चे

## ● प्रजातियों को बचाने के लिये ठेकेदारों को किया गया सक्रिय

**हमीरपुर।** जिले में बेतवा व यमुना नदी में मत्स्य संपदा को बचाने व वढ़ावा देने के लिये मत्स्य विभाग प्रत्येक किलोमीटर में दो हजार मछलियों के बच्चे जलधारा में ठेकेदारों द्वारा छोडे जायेगे ताकि विभिन्न प्रजातियों की मछलिया विलुप्त न होने पाये। वही मछलियों से प्रशासन को ज्यादा से ज्यादा राजस्व प्राप्त हो सके। जिले में यमुना नदी व बेतवा नदी स्थित है, जिसमें यमुना नदी में 54 किमी दूरी तक जलधारा में मत्त्य आखेट किया जाता है, इसी प्रकार बेतवा नदी में 25 किमी जलधारा मे मत्स्य आखेट किया जाता है।

सरीला क्षेत्र में चालिस किलोमीटर जल धारा में मछिलयो का शिकार होता है, अभी हाल में बेतवा नदी का मत्स्य आखेट क ठेका 56 लाख 66 हजार रुपये व यमुना नदी का जलधारा ठेका चार लाख 75 हजार रुपये में उठाया गया है। नदियो में रोहू,कतला, टैगन, झीगा आदि मछलियों का शिकार होताहै शासन के अभी तक पाच या सात साल में एक अभियान चलाकर दो या चार लाख मछलियो के बच्चे नदियो की जलधारा में छोड दिये जाते थे जिससे उसका कोई लाभ नही मिल पाता था इधर मत्स्य संपदा नदियोमें कम होती जा रही थी जिससे शासन ने कहा है कि अब मत्स्य आखेट स्थान में हरेक किलोमीटर में मछलियों के बच्चों को ठेकेदार द्वारा छोड़ा (ड्राप) किया जायेगा, यही नही बच्चों की खरीदारी ठेकेदार अपने निजी बजट से करेगा। इन बच्चों के छोडे जाने से नदियो मस्त्य संपदा का सर्किल बना रहेगा। यह नियम प्रदेश की हरेक नदियो में लागू होगा। आखेट करने में मछलियां धीरे धीरे कम होती जा रही है, यदिइस मामले में ध्यान नही दिया गया तो मत्स्य संपदा धीरे धीरे समाप्तहो जाायेगा। इधर जिले में मत्स्य उद्योग धीरे धीरे संकट में आता जा रहा है। जिससे शासन ने इसओर ध्यान देना शुरु किया है। मत्स्य विभाग की प्रभारी मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्रीमती आशा वर्मा ने बताया कि इस मामले में कार्यवाही की जा रही है और ठेकेदारों को गाइडलाइन के अनुसार आदेश दे दिये गये है। मत्स्य विभाग से पहली मर्तवा नदियों का ठेका हुआ है जिससे यह नियम लागू हो रहा है।

# चित्रकूट के पंचमुखी भगवान शिव के दर्शन से मिलती है पुनर्जन्म से मुक्ति

रतन पटेल। चित्रकूट

**भगवान श्रीराम** की तपोभूमि चित्रकूट अपनी धार्मिक, आध्यात्मिक और पौराणिक महत्ता के लिए समूचे विश्व में विख्यात है। धर्म नगरी के भरतकूप क्षेत्र में घने जंगलो के बीच करीब ढ़ाई सौ मीटर ऊंची पहाड़ी पर मड़फा किले के रूप में विख्यात आदि ऋषि मांडव्य जी का आश्रम है। इस प्राचीन मडफा आश्रम में नृत्यमुद्रा में विराजमान पंचमुखी भगवान शिव की महिमा का बखान वेदो और पुराणों में भी मिलता है। इस दिव्य धाम की ऐसी महिमा है कि यहां स्थित कुंड के जल में आस्था की डुबकी लगाकर भगवान शिव का पूजन करने से कुष्ठ रोग से निजात मिलने के साथ-साथ पुनर्जन्म से मुक्ति मिल जाती है। इसी प्राचीन आश्रम में महाराजा दुष्यंत की पत्नी शकुंतला ने पुत्र भरत को जन्म दिया था।

मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान श्रीराम की तपोभूमि चित्रकूट विश्व के अनादि ,अचल और ऐतिहासिक पावन तीर्थो में से एक है। इस प्राचीन धर्म स्थली में स्वयं सृष्टि के रचयिता भगवान ब्रम्हा समेत अगस्त ,अत्रि ,बाल्मीकि आदि प्रख्यात ऋषि -मुनियों ने तपस्या की है। इसी वजह से ब्रम्हांड के सबसे श्रेष्ठ स्थल चित्रकूट की तुलना स्वर्गलोक से भी नहीं की जा सकती है। लगभग 84 कोस में फैले चित्रकूट में विविध प्रकार के शिखर (कूट) स्थित है। जिसमे से एक भरतकूप क्षेत्र में घने जंगलो के बीच करीब ढ़ाई सौ मीटर ऊंची पहाड़ी पर मड़फा किले के रूप में विख्यात आदि ऋषि मांडव्य जी का आश्रम है। इस प्राचीन आश्रम में भगवान शकर अपने पंचमुखी रूप में सशरीर विद्यमान हैं। नृत्यमुद्रा में विराजमान पंचमुखी भगवान शिव की महिमा का बखान वेदो और पुराणों में भी मिलता है। मानपुर गांव से सटे मड़फा पहाड़ पर स्थित इस पावन शिव धाम पर करीब दो सौ मीटर की ऊंची चढ़ाई चढ़कर पहुंचा जा सकता है। घनघोर जंगल में स्थित इस शिवालय में उपासना करने से जहाँ लोगों के मन की मुरादें पूरी होती हैं। वही न्यग्रोध कुंड (तालाब ) में स्नान करने से कुष्ठ रोग (चर्म रोग) से मुक्ति मिलने का उल्लेख है। इस दिव्य स्नान को लेकर ऐसी मान्यता है कि यहां पर ऋषि मांडव्य ने तपस्या की थी। इसी तपोस्थली पर महाराज दुष्यंत की पत्नी शकुंतला ने पुत्र भरत को जन्म दिया था। इसी तालाब के पास चंदेलकालीन वैभवशाली नगर के ध्वंशावशेष भी देखे जा सकते हैं। यहा पर जैन धर्म के प्रर्वतक आदिनाथ के भी यहां पर आने की बात कही जाती है। महाशिवरात्रि व सावन के सोमवार में यहां सदियों से मेला लगता रहा है। धार्मिक, ऐतिहासिक और पौराणिक दृष्टि से महत्वपूर्ण इस प्राचीन धरोहर को केंद्रीय पुरातत्व विभाग द्वारा संरक्षित किया गया है।

चित्रकूट के सुप्रसिद्ध संत राम हृदयदास महाराज व डॉ रामनारायण त्रिपाठी मडफा किले की महिमा बताते है कि देवराज इंद्र ने वेदवती नामकी अपूर्व सुंदरी अप्सरा को कोढ़ (कुष्ठ) होने का शाप दिया था। शापग्रस्त अप्सरा के अनुनय विनय करने पर इंद्र ने माण्डव ऋषि के आश्रम में स्थित न्यग्रोध कुंड में स्नान करके वहां विराजमान पंचमुखी भगवान शिव की उपासना से शापमुक्त होने का मार्ग बताया था। आज भी देश भर से लोग कुष्ठ निवारण के लिए यहाँ आते है। इसके अलावा यहाँ स्थापित पंच मुखी शिव के दर्शन और उपासना करने से पुनर्जन्म से मुक्ति मिलने की मान्यता है।

वही भरत मंदिर के महंत दिव्य जीवन दास महाराज एवं भागवत कर्था मर्मज्ञ आचार्य नवलेश दीक्षित महाराज का कहना है चित्रकूट में अनेक धार्मिक ,ऐतिहासिक और पौराणिक महत्त्व के तीर्थ स्थल है। शासन -प्रशासन,पुरातत्व विभाग एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा के चलते चित्रकूट की प्राचीन धरोहरों का अस्तित्व खत्म होने की कगार पर है। मंदिर के विकास के लिए चिंतित समाजसेवी दिनेश सिंह ने शासन से मडफा धाम में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए रोपवे बनवाने एवं विद्युत व पेयजल का इंतजाम करने की मांग की है। वहीं बांदा-चित्रकूट सांसद आर के सिंह पटेल का कहना है कि धर्म नगरी चित्रकूट विश्व के प्रमुख तीर्थो में से एक है। पूरा तीर्थ क्षेत्र धार्मिक एवं ऐतिहासिक धरोहरों से भरा पडा है। उन्होने कहा कि मडफा भगवान शिव का प्राचीन धाम है। उन्होने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यानाथ से मडफा धाम समेत चित्रकूट के सभी प्राचीन धरोहरों के पर्यटन विकास के की मांग की गई है। डीएम शेषमणि पांडेय का कहना है कि पर्यटन विभाग को मडफा मंदिर के विकास की कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिये जा चुके है।

# आर्थिक विकास में शिक्षा की अहम भूमिका: डा. नईम

**उरई ( जालौन )।** किसी भी राष्ट्र के सामाजिक, आर्थिक एवं सांस्कृतिक विकास में शिक्षा की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। शिक्षा के अभाव में विकास की कल्पना नहीं की जा सकती होती है। अनुरागिनी संस्था द्वारा बरकातिया मेमोरियल स्कूल गणेशगंज में अल्पसंख्यक मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से आयोजित अल्पसंख्यक महिलाओं के नेतृत्व विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम के पांचवे दिन बुंदेलखंड विश्व विद्यालय झांसी के समाज कार्य विभाग के संयोजक डॉ. नईम ने व्यक्त किए। शिक्षा का अधिकार प्रत्येक नागरिक का मानवीय अधिकार है। मुस्लिम महिला भी तो मानव है, फिर मुस्लिम महिला को इस शिक्षा के अधिकार से वंचित कर उनके साथ भेदभाव क्यों किया जाता है। पुरूष प्रधान समाज में मुस्लिम लड़कियां को शिक्षा से वंचित करने के कई कारण है। लड़कियों को विद्यालय न भेजना, बेटियां को पराया धन के रूप में मान्यता, लड़कियो को विद्यालय न भेजने की जगह उनसे घरेलू कामकाज करवाना, आर्थिक तंगी, परम्परागत पिछड़ी सोच व रूढ़िवादिता, शिक्षित लड़कियां के समकक्ष शिक्षित लड़के न मिल पाने के कारण उनके विवाह में समस्या होती है। ऐसा नहीं है अगर मुस्लिम परिवार की बेटियां शिक्षित होगी तो वह अपने परिवार संचालन में सहयोग करेगी। जिला प्रोवेशन विभाग उरई की संरक्षण अधिकारी जूली खातून ने विभागीय जानकारी देते हुए कन्या सुमंगला योजना विधवा पेंशन निराश्रित महिला की पुत्री हेतु विवाह योजना दहेज से पीड़ित महिलाओं को आर्थिक एवम् कानूनी सहायता योजना के बारे में विस्तार से बताया बुंदेलखंड महापरिषद के सचिव डॉ महेश पांडेय बजरंग ने कहा कि मुस्लिम ईसाई बौद्ध सिख पारसी आदि अल्पसंख्यक समुदाय की महिलाओ को जागरूक करने के लिए केंद्र सरकार द्वारा सराहनीय कार्य किया जा रहा है इससे समुदाय में जागरूकता आयेगी संस्था के अध्यक्ष डॉ. प्रवीण सिंह जादौन ने नई रोशनी प्रशिक्षण पर प्रकाश डालते बताया कि अल्पसंख्यक महिलाएं शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार में बहुत पीछे है।

# बांदा में प्रवर्तन दल ने दूसरे दिन भी पकड़े 16 ओवरलोड ट्रक

**बांदा।** खनिज निदेशक डॉग्रोशन के निर्देश पर खनिज विभाग लखनऊ का प्रवर्तन दल जनपद में ओवरलोडिग के खिलाफ अभियान चला रहा है। शुक्रवार की रात भी टीम ने पुलिस फोर्स के साथ ओवरलोड ट्रकों की जांच की। मौरंग से ओवरलोडेड 16 ट्रक पकड़े गए। खनिज विभाग ने इन ट्रकों को सीज कर थाने में खड़ा कराया है। अवैध खनन और ओवरलोडिग की शिकायतें शासन स्तर पर लगातार पहुंच रही हैं। जिला प्रशासन और खनिज विभाग इसे रोक पाने में नाकाम रहा है। खनिज निदेशक डॉ. रोशन जैकेब के निर्देश पर लखनऊ की प्रवर्तन टीम जिले में दो दिन से डेरा डाले है। दूसरे दिन शुक्रवार की रात भी प्रवर्तन दल में शामिल प्रयागराज मंडल क्षेत्रीय अधिकारी डॉ. राजेश कुमार सिंह की अगुवाई में भारी पुलिस फोर्स के साथ टीम ने गिरवां पपरेंदा व देहात कोतवाली के पास चेकिग अभियान चलाया। गिरवां में मप्र से आ रहे मौरंग से ओवरलोड आठ ट्रक पकड़े। इन ट्रकों के चालक कोई वैध कागजात भी नहीं दिखा सके। इन सभी ट्रकों को सीज कर थाने में खड़ा करा दिया गया। वहीं रात में ही टीम ने पपरेंदा पुलिस चौकी के पास जांच की। यहां पांच ट्रक ओवरलोड और देहात कोतवाली के निकट तीन ओवरलोड ट्रक पकड़े गए। इन ट्रक चालकों के पास वैध परिवहन प्रपत्र आईएसटीपी व परिवहन पास भी नहीं मिला। जांच टीम में रायबरेली के खनिज निरीक्षक व बांदा जिला खनिज अधिकारी सहित प्रभारी निरीक्षक देहात कोतवाली तथा गिरवां थानाध्यक्ष सहित भारी संख्या में पुलिस फोर्स मौजूद रही। जिला खनिज अधिकारी ने बताया कि पकड़े गए ट्रकों व उनके मालिकों के खिलाफ डीएम के निर्देश पर आगे कार्रवाई की जाएगी।

## चौकीदार की मौत की वजह बनी जहरीली शराब

**सुमेरपुर ( हमीरपुर )।** थाना सुमेरपुर क्षेत्र के ग्राम विदोखर मेदनी में अधिक शराब पीने के कारण एक चौकीदार की मृत्यु हो गई चर्चा है कि जहरीली शराब से उसकी मृत्यु हुई है। बिदोखर मेदिनी निवासी मुल्लू कुशवाहा (50) सामुदायिक शौचालय मैं चौकीदारी करता था बीती रात को वह ड्यूटी के लिए जा रहा था अधिक शराब पीने के कारण वह रास्ते में बेहोश होकर गिर गया, लोगों ने देखा तो सर्दी से बचाव के लिए उसके ऊपर रजाई डाल दी सुबह होने के बाद भी जब वह होश में नहीं आया तो उसके परिजनों को सूचना दी गई परिजन उसे घर ले गए दिन भर घर में पड़े रहने के बाद शनिवार की शाम उसकी हालत ज्यादा बिगड़ गई तो उपचार के लिए उसे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सुमेरपुर ले जाया गया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के भाई सत्तू कुशवाहा ने पुलिस को जानकारी दी तो पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है इस प्रकार अधिक शराब चौकीदार की मौत की वजह बन गई या और कोई बात रही पोस्टमार्टम के बाद पता चल सकेगा।

# युवक की हत्या कर शव फेंक गए, मचा कोहराम

संवाददाता। कन्नौज

**क्षेत्र** के तेरा मल्लू गांव के युवक की धारदार हथियार से हत्या कर शव कानपुर के बिल्हौर क्षेत्र में फेंक दिया गया। उसकी ससुराल कानपुर के गजना गांव में है। गजना से तेरा मल्लू गांव जाने वाले वाले लिंक रोड पर शव पाया गया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

कन्नौज के तेरा मल्लू गांव निवासी 33 वर्षीय अनुराग कटियार की छह साल पहले कानपुर के बिल्हौर थाने के गजना गांव में योगेंद्र कटियार की बेटी से शादी हुई थी। पति से विवाद के बाद पत्नी अपने मायके में रह रही है। ससुराल और अनुराग के गांव के बीच पांच किलोमीटर की दूरी है। क्षेत्र का मामला होने के नाते अनुराग का अक्सर गजना आना जाना होता था। रविवार सुबह गजना से तेरा मल्लू गांव जाने वाले रास्ते पर शव पाए जाने से सनसनी फैल गई। आसपास के गांव के लोगों की भीड़ जुट गई। गजना के लोगों ने उसकी पहचान की। सिर पर धारदार हथियार से दो वार किए गए हैं। अनुराग के परिवार के लोगों का आरोप है कि युवक का अपनी ससुराल वालों से विवाद चल रहा था। उसकी ससुराल के लोगों ने उसे शनिवार को बुलाया था। शाम को वह बाइक से ससुराल गया था।

## कन्नौज और कानपुर पुलिस में फंसा सीमा विवाद

**कन्नौज।** सूचना पर सदर कोतवाली पुलिस पहले मौके पर पहुंची। घटनास्थल बिल्हौर थाने का बताते हुए परिजनों को बिल्हौर कोतवाली जाने की सलाह दी। रविवार सुबह करीब 10 बजे बिल्हौर थाने से भी इंस्पेक्टर पहुंचे और कन्नौज थाने की सीमा बताते हुए पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया। बाद में गांव की चौहद्दी निकाली गई। इससे तय किया गया कि घटनास्थल बिल्हौर का है। अंत में बिल्हौर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

# 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे युवक व युवतियां बनें मतदाता

**कन्नौज।** जनपद के सभी क्षेत्रों में लिंगानुपात का विशेष ध्यान दिया जाए। मतदाता बन अपनी जिम्मेदारी निभाएं और लोकतंत्र को मजबूती प्रदान करें। 01 जनवरी 2021 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे युवक व युवतियां मतदाता बनें। मतदान का पूर्ण अधिकार सभी नागरिकों को भारत के संविधान ने दिया।


बूथ का निरीक्षण कर निर्देश देते डीएम व एडीएम।

उक्त निर्देश रविवार को जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र ने विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत रविवार को लगाए गए चौथे कैम्प में ग्राम अस्करानपुरवा के 03 एवं ग्राम बेहरिन के 02 बीएलओ केंद्र का आकस्मिक निरीक्षण करते हुए उपस्थित बीएलओ एवं अन्य पदाबिहीत अधिकारियों को दिए। उन्होनें 01 जनवरी 2021 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले सभी छात्र-छात्राओं एवं वह सभी जिन्होंने अभी तक अपना मतदान पहचान पत्र नहीं बनवाया है, इस विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम में अपना पहचान पत्र अवश्य बनवाकर अपनी भागीदारी निभाएं और सही चुनाव कर उज्जवल भविष्य के साक्षी एवं सहायक बन लोकतंत्र को मजबूती प्रदान करें। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि जिन क्षेत्रों की मतदाता सूची में महिलाओं की संख्या लिंगानुपात के अनुसार कम है उन क्षेत्रों पर विशेष ध्यान देते हुए वहां उपस्थित बीएलओ घर घर जाकर ज्यादा से ज्यादा महिलाओं के मतदाता पहचान पत्र बनाए जाने हेतु फॉर्म भरवाएं एवं घर-घर निरीक्षण के दौरान पूर्व की सूची के अनुसार जो व्यक्ति यथा उचित स्थान पर ना रहता हो की पुष्टि करते हुए एवं जिस महिला की शादी होकर वह दूसरे परिवार एवं क्षेत्र में सम्मिलित हो गई हो ऐसे सभी स्त्री पुरुषों को उस क्षेत्र की निर्वाचन नामावली से हटाया जाए एवं जिन घरों में नई स्त्री शादी कराई हो उसे जोड़े जाने की कार्यवाही करते हुए लिंगानुपात में व्यापक सुधार लाए जाएं। उन्होंने यह भी निर्देश दिए की घर-घर सर्वे के दौरान सर्वे से कोई भी घर वंचित ना रहे एवं 1 जनवरी 2021 को अपने 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले सभी छात्र छात्राएं अपने अपने क्षेत्र के बीएलओ केंद्र पर अपना मतदाता पहचान पत्र अवश्य बनवाएं।

# पूर्व राज्यमंत्री की अगुवाई में सपा का जोरदार विरोध-प्रदर्शन

संवाददाता। हरचंदपुर



**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार लगातार हो रहे किसान आंदोलन के समर्थन में आज पश्चिम गांव चौराहा में विशाल जन रैली का आयोजन किया गया। पश्चिम गांव से पंजाबी सिंह के नेतृत्व मे किसान यात्रा निकाली गई। यात्रा शुरू होते ही प्रशासन और पुलिस के अधिकारियों ने रैली को रोक दिया। वहां मौजूद पूर्व मंत्रीध्विधायक - सुरेंद्र विक्रम सिंह (पंजाबी सिंह), समाजवादी पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं से प्रशासन की कहासुनी भी हुई।इस दौरान सरकार की किसान विरोधी नीतियों सरकार के विरोध में जमकर नारेबाजी हुई। इस किसान यात्रा में हजारों सपा कार्यकर्ता पहुंचे।जहां उन्हे पुलिस ने रोक लिया। इस दौरान भारी संख्या में पुलिस भी पहुँच गई। पूर्व मंत्री सुरेन्द्र विक्रम सिंह ने कहाकि किसानो के समर्थन मे यह किसान यात्रा निकाली गई थी जिसका उद्देश्य केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा पारित किए गए किसान बिरोधी बिल को वापस कराने व किसान के साथ हो रहे अत्याचार पर बिरोध दर्ज कराया जाना है । उन्होने कहा की कोरोना जैसी बीमारी के बाद लाकडाउन के चलते किसान पहले ही भुखमरी की कगार पर है । उसके बाद केंद्र सरकार द्वारा किसान बिरोधी बिल पास करके सभी किसानो को गुलामी की जंजीरों मे जकड़ने का काम किया है । खीरों ब्लाक मे एक धान तौल केंद्र खोला गया है । जिसमे बोरा नहीं होने की बात कहते हुये किसानो की जगह बिचौलियों के धान की तौल हो रही है । जिसके चलते किसान सरकारी मूल्य 1888 के बजाय एक हजार रुपये मे धान तौलने को मजबूर है । यदि कोई किसान इसका बिरोध करता है तो मोदी योगी की सरकार पुलिस को आगे करके भोले भाले किसानो को फर्जी मुकदमे मे फंसाकर जेल भेजने का काम कर रही है । उन्होने कहा की सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देश पर पार्टी कार्यकर्ता किसानो की लड़ाई को अपनी लड़ाई मानकर घरो से बाहर निकाल पड़े है । जिसके चलते यही किसान आगामी चुनाव मे प्रदेश व केंद्र सरकार को उखाड़ फेकने का काम करेंगे । जब तक भाजपा सरकार द्वारा किसान बिरोधी बिल को वापस नहीं लिया जाएगा।

## साइबर अपराधियों ने पार किए रुपए

संवाददाता। लालगंज, रायबरेली

**बीएसएफ** जवान के बैंक खाते से देखते ही देखते दस हजार रूपये गायब हो गए। सेना के जवान ने साइबर अपराधियों के खिलाफ मामले का शिकायती पत्र लालगंज पुलिस को दिया है। झाबरहरदोपट्टी निवासी आशीष सिंह ने बताया कि उसके घर का निर्माण करने वाले राजगीर को मजदूरी का रूपया देना था जिसके चलते उसने अपने बैंक खाते से तीन हजार रूपये उसके बैंक खाते में गूगलपे से ट्रांसफर किए थे। आईएफएस कोड गलत हो जाने के चलते राजगीर के बजाय दूसरे के खाते मे रूपये चले गए। वह शिकायत लेकर भारतीय स्टेट बैंक तथा बैंक आफ बड़ौदा गया तो दोनो जगह पर उसे पेटीएम के टोलफ्री नंबर पर शिकायत करने के लिए कहा गया। पीड़ित ने बताया कि जैसे ही उसने बताए गए नंबर पर काल की उसके खाते से दस हजार रूपये गायब हो गए।

## डीएम ने देखीं रैन बसेरा व अलाव की व्यवस्थाएं



संवाददाता। सुलतानपुर

**जिलाधिकारी** रवीश गुप्ता ने शनिवार की रात्रि में जिला प्रशासन द्वारा संचालित रैन बसेरा व जलते अलाव का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने पं.राम नरेश त्रिपाठी सभागार में बने रैन बसेरा का निरीक्षण किया। रैन बसेरा में बिस्तर गद्दा व रजाई के साथ लगे हुए पाये गये। उन्होंने रैन बसेरा में रह रहे लोगों से बात कर जानकारी प्राप्त की। रैन बसेरा में रह रहे लोगों द्वारा बताया गया कि हम लोगों को किसी भी प्रकार की कोई असुविधा नहीं है।

पं.राम नरेश त्रिपाठी सभागार में बने रैन बसेरा में नगर पालिका परिषद की तरफ से मोबाइल टायलेट की भी व्यवस्था की गयी है। जिलाधिकारी ने मोबाइल टायलेट में प्रकाश और साफ-सफाई आदि व्यवस्था का जायजा लिया, जो संतोष जनक पाया गया। इसके बाद डीएम बस स्टेशन पहुंचे। जिला प्रशासन की ओर से अलाव जलता हुआ मिला। जिलाधिकारी ने तहसीलदार सदर व अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका को निर्देशित किया कि नगर में भ्रमण कर संचालित रैन बसेरा व जलते अलाव का जायजा लें और नियमित व्यवस्थाएं सुनिश्चित करायें। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी उमाकांत त्रिपाठी, तहसीलदार सदर जितेंद्र गौतम, अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका श्यामेंद्र मोहन आदि उपस्थित रहे।

## पति ने ही करा दिया पत्नी का अपहरण

### ● लघुशंका के बहाने अपहर्ताओं के चंगुल से भागकर बचाई जान

**ऊंचाहार ( रायबरेली )।** डेढ़ साल पहले गैर बिरादरी की लड़की से पहले कोर्ट मैरिज किया, अब दूसरी पत्नी लाने के लिए पहली पत्नी का अपहरण करवा दिया । अपहर्ताओं के चंगुल से भागकर पीड़िता कोतवाली पहुंची है । पुलिस मामले की पड़ताल कर रही है । मामला कोतवाली क्षेत्र के गांव पूरे सरजू मजरे कोटरा बहादुर गंज का है । पीड़िता मूल रूप से प्रतापगढ़ जनपद के गांव बिबियापुर की रहने वाली है । पीड़िता का आरोप है कि उपरोक्त गांव निवासी एक युवक ने उसके साथ करीब डेढ़ साल पहले कोर्ट में विवाह किया है । दोनों के संसर्ग से उसे एक बच्चा भी है । अब उसका पति दूसरी पत्नी लाना चाहता है । जब उसने इसका विरोध किया तो शुक्रवार की रात कुछ लोगो को बुलाकर उनके साथ जबरन उसे जीप से भेज दिया गया । वह चीखती चिल्लाती रही , लेकिन उस को जबरन जीप में लाद लिया गया । वह लोग उसे लेकर अंजान स्थान पर ले जा रहे थे । रास्ते में लघुशंका के लिए जब जीप रोकी गई तो रात के अंधेरे में उसे पास के खेत में कुछ किसानों को देखा। मौका पाकर पीड़िता भागकर किसानों के पास पहुंची और आपबीती बताई। उसके बाद अपहर्ता वहां से भाग गए। इधर युवती के गायब होने के बाद पुलिस ने उसके ससुर को पहले ही हिरासत में ले लिया था। रविवार को किसानों की मदद से पीड़िता कोतवाली पहुंची और उसने कोतवाल को आपबीती बताई। यही नहीं उसने कोतवाली में अपने ऊपर हुए जुल्म से संबंधित एक प्रार्थना पत्र भी दिया है। जिसमे पीड़िता ने अपने ससुर पर दुष्कर्म करने का भी आरोप लगाया है। पुलिस पूरे मामले की पड़ताल कर रही है। कोतवाल विनोद सिंह ने बताया कि मामले में उभयपक्षों को कोतवाली बुलाया गया है। जांच जारी है। उसके बाद स्थापित व्यवस्था के अनुरूप विधिक कार्रवाई की जाएगी ।

## गांजे के साथ एक गिरफ्तार, भेजा जेल

**सुलतानपुर।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अपराधियों व वांछितों के खिलाफ पुलिस का धरपकड़ अभियान जारी है। जहां धम्मौर पुलिस ने 600 ग्राम अवैध गांजे के साथ एक व्यक्ति को धर दबोचा वहीं कूरेभार पुलिस ने हत्या के वांछित बाल अपचारी को पकड़ लिया। धम्मौर पुलिस ने गश्त के दौरान 600 अवैध गांजे के साथ पवन कुमार पुत्र जोखू प्रसाद निवासी उघरपुर थाना धम्मौर को धर दबोचा। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की कार्यवाही करते हुए मजिस्टेªट के न्यायालय में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। वहीं कूरेभार पुलिस ने हत्या के मामले में वांछित अभियुक्त बाल अपचारी को गिरफ्तार कर किया। इसके अलावां जिले भर में महामारी अधिनियम के उल्लंघन 113 लोगों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए 11300 रुपये का चालान वसूला गया। वहीं अलग-अलग थाना क्षेत्रों में शांति व्यवस्था भंग करने के आरोप में 26 व्यक्तियों का चालान किया गया।

## अब अति निर्धन परिवारों के जीवनस्तर में बदलाव की तैयारी

संवाददाता। श्रावस्ती

**उत्तर प्रदेश** ग्राम्य विकास विभाग द्वारा मनरेगा एवं उत्तर प्रदेश ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत जिले के सिरसिया और जमुनहा विकास खंडों के निर्धनतम परिवारों के जीवनस्तर में बदलाव का खाका तैयार करने में जुटा है। इन विकासखंडों की ग्राम पंचायतों के सर्वाधिक निर्धनतम परिवारों की सूची तैयार कराई जा रही है। इस सुनहरे सपने को साकार करने के लिए स्वयंसेवी संगठन सोसियोइकोनामिक रिसर्च एंड डेवलपमेंट ऑर्गेनाइजेशन की भी मदद ली जा रही है। दूसरे चरण में इसे पूरे प्रदेश में लागू करने की तैयारी भी चल रही है। इसके जरिये प्रदेश के करीब पांच लाख निर्धनतम परिवारों के जीवन में नई रोशनी बिखेरने की तैयारी में ग्राम्य विकास विभाग है। ग्राम्य विकास विभाग के अपर आयुक्त योगेश कुमार ने इस बारे में जिला कार्यक्रम समन्वयक. जिलाधिकारी को पत्र भेजकर मनरेगा व राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत व्यक्तिगत कार्य के लिए निर्धनतम परिवारों की सूची भेजने को कहा है। उन्होंने कहा है कि इन जिलों के चयनित ब्लॉक में क्लस्टर फैसिटिलेशन प्रोजेक्ट .सीएफपी के अंतर्गत स्वयंसेवी संगठनों द्वारा कार्य किया जा रहा है। चयनित विकासखंडों की प्रत्येक ग्राम पंचायतों में कार्यरत सीएफपी टीम की सहायता से मनरेगा व उत्तर प्रदेश ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत व्यक्तिगत कार्य के लिए निर्धनतम परिवारों का चयन किया जाना है। इन परिवारों के चयन में इस बात का ध्यान रखा जाए कि परिवार की महिला मुखिया का नाम सूची में दर्ज हो। यदि किसी परिवार में सिर्फ पुरुष मुखिया हो तभी पुरुष का नाम दर्ज किया जाए। निर्धनता मापदंड का भी ख्याल रखा जाए जिसके कई मापदंड हों उन परिवारों को प्राथमिकता दी जाए। लाभार्थी परिवार के पास मौजूद संसाधनों कौशल व उनकी इच्छानुसार ही मनरेगा के अंतर्गत स्वीकृत व्यक्तिगत कार्य प्रस्तावित किये जाएं। अपर आयुक्त ग्राम्य विकास का कहना है कि ऐसे निर्धनतम परिवार जिनका जॉब कार्ड नहीं बना है उनका भी इसके तहत चयन किया जा सकता है। हालांकि ऐसे परिवारों का जॉब कार्ड प्राथमिकता से बनाया जाए। एक परिवार को एक से अधिक व्यक्तिगत कार्य दिए जा सकते हैं परन्तु एक परिवार की समस्त व्यक्तिगत कार्यों की परिसंपत्तियों की कुल लागत 1०25 लाख से दो लाख रूपये तक हो सकती है। व्यक्तिगत कार्यों की परिसंपत्तियों का निर्माण राज्य स्तर से प्रस्तावित मनरेगा के माडल.एस्टीमेट के अनुसार ही किया जाएगा।

## क्विक न्यूज

### शहीदों को नमन कर गोमती मित्रों ने किया श्रमदान

**सुलतानपुर।** गोमती मित्र मंडल द्वारा हर रविवार आयोजित होने वाला साप्ताहिक श्रमदान 13 दिसंबर को संसद भवन हमले में हुए शहीदों को श्रद्धा सुमन अर्पित करने के साथ संपन्न हुआ। प्रदेश अध्यक्ष रूद्र प्रताप सिंह मदन ने शहीद सपूतों को नमन करते हुए सीता उपवन में शहीद स्मारक बनवाने की बात की।मीडिया प्रभारी रमेश माहेश्वरी व वरिष्ठ पदाधिकारी डॉ.कुंवर दिनकर प्रताप सिंह ने कहाकि जीवन में एक लक्ष्य बनावे जहां भी कोई शहीद सैनिक का परिवार दिखे उसके लिए जो अधिकाधिक हो सके करने का प्रयास करे। श्रमदान में अजय प्रताप सिंह, संत कुमार प्रधान, राजेश पाठक, राम क्रिंचल मौर्य, सुनील कसौधन, दाऊजी, अजय वर्मा, प्रिंस सिंह, अजीत शर्मा, आदित्य शुक्ला, आमोद, सोनू, जयनाथ, महेश सर, अर्जुन, वासु उपस्थित रहे।

### मतदाताओं का भरवाया फार्म

**करनैलगंज ( गोंडा )।** भाजपा के अवध क्षेत्र के उपाध्यक्ष व नगर मंडल प्रभारी पीयूष मिश्र के निर्देश पर नगर मंडल के 48 बूथों के सेक्टर संयोजक, प्रभारी व बूथ अध्यक्षों ने मतदाताओं का सौ से अधिक फार्म भरवाकर बूथ लेबल ऑफिसर के पास जमा कराया। नरायनपुर माझा के सेक्टर प्रभारी मुकेश कुमार वैश्य ने बताया कि बूथ नम्बर 7 आंगन बाड़ी केंद्र सकरौरा ग्रामीण व बूथ नम्बर 6 प्राथमिक विद्यालय पिपरी में ताला लगा था। वहीं बूथ नम्बर 32 सकरौरा के बूथ लेबल आफिसर बूथ से गायब मिले।जिसकी शिकायत एसडीएम व डीएम से की गई है। उन्होंने बताया कि संजय यज्ञसैनी, कन्हैयालाल वर्मा, श्याम किशोर मिश्रा, श्रीराम सोनी, दुखहरण सिंह, नरेंद्र सोनी, रणजीत सिंह, क्षेमेश्वर पाठक, अर्जुन मौर्य आदि पदाधिकारी इस कार्य मे लगे रहे।

### बाइक की टक्कर से बालिका घायल

**लालगंज, रायबरेली।** बाइक की टक्कर लगने से एक बालिका घायल हो गई।कोतवाली क्षेत्र के गौरा रूपई गांव के रहने वाले मो.रईश की सात वर्षीय बेटी अल्फिया घर के बाहर खेल रही थी। तभी उसे गांव के एक युवक ने बाइक से अल्फिया को टक्कर मार दी जिसमें अल्फिया घायल हो गई। मो.रईश ने मामले का शिकायती पत्र कोतवाली पुलिस को दिया है।

### कानून व्यवस्था व अपराध नियंत्रण को लेकर पुलिस अधीक्षक ने की बैठक

**श्रावस्ती।** पुलिस कार्यालय के सभागार कक्ष में पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार मौर्य ने सैनिक सम्मेलन व अपराध गोष्ठी का आयोजित की । बैठक में जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था हेतु अपराध समीक्षा की जिसमें सर्वप्रथम अवैध कच्ची शराब के निर्माण भंडारण परिवहन बिक्री पर प्रभावी नियंत्रण लगाने चोरी व लूट की घटनाओं की रोकथाम हेतु रात्रि गस्त व क्षेत्र भ्रमण करने लंबित जनशिकायत एवं आईजीआरएस प्रार्थना पत्रों की गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण करने के कड़े निर्देश दिए। सभी पुलिसकर्मियों को ड्यूटी के दौरान दृश्यता गतिशीलता सजगता एवं सतर्कता बनाये रखने हेतु विशेष जोर दिए। सोशल मीडिया पर निगरानी रखने के साथ साथ डिजिटल वालेंटियर ग्रुप को अपडेट कर उनके साथ नियमित मीटिंग कर उनका सहयोग लेने का निर्देश दिया। लंबित विवेचनाओं विशेषकर अनावरित अभियोगो के निस्तारण वांछित अभियुक्तों इनामिया जिलाबदर एनबीडब्ल्यू के विरूद्ध अभियान चलाकर गिरफ्तारी करने व शातिर अपराधियों के विरुद्ध गुण्डा गैंगेस्टर आदि की कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये। बालिकाओं एवं महिलाओं के विरूद्ध होने वाले अपराधों पर प्रभावी कार्यवाही करने एंटी रोमियो टीम द्वारा अभियान को निरंतर जारी रखने वाहन चेकिंग के दौरान आम जनता से अच्छा बर्ताव करने हेतु निर्देशित किया साथ ही साथ आम जनमानस में सुरक्षा की भावना को बढ़ाने हेतु पैदल गश्त को और अधिक प्रभावी बनाए जाने पर जोर दिया।

## सपा की किसान पदयात्रा में उमड़ा महिलाओं का हुजूम

### ● विधान सभावार कृषि बिल के विरोध में भरी हुंकार

संवाददाता। सुल्तानपुर



**समाजवादी** पार्टी महिला प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष शारदा यादव के संयोजन किसान पद यात्रा निकाली गई। जिसमें धार देने के लिए सपा जिला अध्यक्ष पृथ्वीपाल यादव व पूर्व विधायक अरुण वर्मा समेत बड़ी संख्या में पदाधिकारी पहुंचे। किसान पदयात्रा को दोनों नेताओं ने झंडी दिखाकर रवाना किया।

रविवार को 189 सदर, जयसिंहपुर विधान सभा क्षेत्र में समाजबादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर मोतिगरपुर ब्लांक में महिला सभा की जिलाध्यक्ष श्रीमती शारदा यादव, महासचिव भानमती बेगम, नीलम कोरी, सरिता यादव, गीता सिंह आदि के नेतृत्व में किसान पदयात्रा को जिलाध्यक्ष पृथ्वीपाल यादव एवं पूर्व विधायक अरुण वर्मा ने झंडा दिखाकर शुभारंभ किया। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष विधानसभा प्रभारी राममूर्ति निषाद, जिला कोषाध्यक्ष सूर्यलाल यादव, विधानसभा अध्यक्ष हौसिला यादव, जिला सचिव गौतम वर्मा, विजय यादव आदि लोग मौजूद रहे। किसान पदयात्रा दर्जनों गांव में पहुंची और सपा की नीतियों से अवगत कराया। इस किसान पदयात्रा में महिलाओं की संख्या काफी रही। कादीपुर प्रतिनिधि के अनुसार, पूर्व विधायक रामचन्द्र चौधरी, महासचिव अलीम राईन एडवोकेट, पूर्व प्रदेश सचिव महिला सभा एरावती शर्मा, पूर्व प्रदेश सदस्य महिला सभा रीता भारती, सुमित्रा भारती, पूर्व जिला पंचायत सदस्य दुर्गावती देवी, पूर्व ब्लाक प्रमुख गयादीन यादव, जिला सचिव भैयाराम मौय आदि ने गांवों में किसानों के समर्थन में आवाज बुलंद की। बल्दीराय प्रतिनिधि के अनुसार, इसौली विधानसभा क्षेत्र विधायक अबरार अहमद के नेतृत्व में सपा कार्यकर्ता एवं पदाधिकारियों ने किसानों का समर्थन करते हुए कुड़वार ब्लाक क्षेत्र के पिपरी, कोटिया, मनियारपुर, अलीगंज, दाउदपुर व पूरे सरैया आदि गांवों में साइकिल यात्रा निकाली। यात्रा में जिला उपाध्यक्ष वीरेंद्र मौर्य, कुड़वार ब्लॉक अध्यक्ष डीके यादव, कासिम हुसैन,आबिद अली, जंगी, रामशंकर यादव, वहीद अहमद, बासु यादव, महफूज अहमद, सोनू, डॉ.सुरेश, जवाद अहमद आदि मौजूद रहे।

### किसानों का धरना प्रदर्शन आज

लम्भुआ। भारतीय किसान यूनिटी शिव गट के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवश्याम उपाध्याय की उपस्थिति में 14 दिसंबर को देश व्यापी किसान आंदोलन का समर्थन करने के लिए लंभुआ में की गई बैठक। सुल्तानपुर में चल रहे धरने में अपने पदाधिकारी एवं सदस्यों के साथ होंगे शामिल।

## श्रमजीवी पत्रकार यूनियन की बैठक

**श्रावस्ती।** जमुनहा मल्हीपुर क्षेत्र के हरदत्त नगर गिरन्ट के सचिवालय भवन में श्रमजीवी पत्रकार यूनियन की बैठक आयोजित हुई जिसमें संगठन को और अधिक मजबूत बनाने पर चर्चा हुयी। रविवार को श्रमजीवी पत्रकार यूनियन के तहसील अध्यक्ष प्रमोद मिश्रा की अध्यक्षता में एक बैठक आहुत की गयी इस बैठक में तहसील अध्यक्ष ने सदस्यता और संगठन की मजबूती पर विस्तार स चर्चा के साथ ही यूनियन के पत्रकारों के उत्पीड़न व अन्य मामलों पर विचार विमर्श किया गया। उन्होंने कहा कि जनता की आवाज को नौकरशाहों और सरकार तक पहुंचाने का काम करने वाले पत्रकारों की आवाज को आज दबाने का काम किया जा रहा है जो निंदनीय है इन बातों से हम डरने वाले नही है हम लोकतंत्र के सजग प्रहरी है हम अपना कार्य नीडरता के साथ पूरा करेंगे। जिला उपाध्यक्ष श्रावस्ती बाबूराम पाठक ने कहा कि पत्रकारों में आपसी फूट डलवाकर अधिकारी पत्रकारों को कमजोर करने का काम कर रहे हैं लेकिन श्रमजीवी पत्रकार संगठन जुड़े पत्रकार इस बात को जानते है इसलिए वह इस राजनीति से दूर रहेगा उपाध्यक्ष प्रदीप त्रिपाठी ने कहा कि सर्वप्रथम हमे ध्यान रखना है कि किसी भी हालत में हमारी छवि धूमिल न हो क्योकि पत्रकार लोकतंत्र का चौथा स्तम्भ है और उसपर जनता का भरोसा टिका है पत्रकार अरुण कुमार सिंह ने कहा कि सभी पत्रकार साथियों की एकजुटता से हमें इस संगठन को मजबूती देना है। श्रमजीवी पत्रकार यूनियन एक राष्ट्र स्तरीय पत्रकार संगठन है और इस संगठन के बैनर तले हमेशा पत्रकारों के हितों की रक्षा होगी। बैठक का संचालन जिला उपाध्यक्ष श्रावस्ती बाबूराम पाठक ने किया। बैठक में उपाध्यक्ष वरिष्ठ पत्रकार सुधीर सिंह मंत्री रुद्रसेन वर्माए संगठन मंत्री प्रदीप त्रिपाठी उपाध्यक्ष प्रेमचन्द्र जायसवाल रामबिलास यादव संदीप त्रिपाठी भुनेश्वर वर्मा अरुण सिंह दीपेंद्र गुप्ता शफीक उल्ला महिला पत्रकार शमा बानो सहित कई पत्रकार साथी मौजूद रहे।

## आयुक्त ने समीक्षा कर अधिकारियों को दिए निर्देश

संवाददाता। गोंडा

**कलेक्ट्रेट** सभागार में सरकार के प्राथमिकता कार्यक्रमों की आयुक्त एसवीएस रंगाराव ने विभागवार समीक्षा की। आयुक्त ने सभी उपजिलाधिकारियों व तहसीलदारों को निर्देशित किया कि धान क्रय केन्द्रों पर खरीद के सापेक्ष स्टॉक का मिलान करा लें तथा गड़बड़ी मिलने पर दोषी के विरूद्ध एफआईआर दर्ज कराने के साथ ही सम्बन्धित के खिलाफ चार्जशीट भी जारी की जाय। उन्होंने कहा कि धान क्रय मूल्य की प्रतिदिन समीक्षा कराएं ताकि किसानों को निर्धारित समय में भुगतान हो सके। उन्होंने कहा कि धान मिलों से चावल शत-प्रतिशत एफसीआई को चला जाए, किसी भी दशा में पेन्डिंग न रहे। उन्होंने कहा कि गांव के डिमाण्ड के अनुसार अंश निर्धारण का कार्य पूर्ण हो जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि सभी एसडीएम वरासत के प्रकरणों में समय से कार्रवाई किए जाने व समस्त ग्रामों में निर्विवाद उत्तराधिकारीयों के नाम खतौनी में दर्ज कराने हेतु 15 दिसंबर से 15 फरवरी 2021 तक 2 माह के विशेष अभियान को सफल बनाने क लिए वृहद स्तर पर कार्य करें। उन्होंने गांव सभा कृषि भूमि, आवास स्थल, मत्स्य तालाब पोखरे, तथा कुम्हारी कला हेतु क्षेत्रों के आवंटन की प्रगति की समीक्षा के दौरान निर्देशित किया है कि लक्ष्य के सापेक्ष आवंटन का कार्य पूर्ण कर लिया जाय। इसके साथ ही राजस्व अभिलेखों में दर्ज सार्वजनिक सम्पत्तियों जैसे तालाबों को अतिक्रमणमुक्त कराने एवं उन्हें मूल स्वरूप में लाने के लिए भी कार्यवाही की जाय। आयुक्त ने कहा कि गन्ना मिलों पर लग रही कतारों के दृष्टिगत किसानों के लिए ठण्डक से सुरक्षा हेतु पर्याप्त व्यवस्था कोविड-19 प्रोटोकाल का पालन करते हुए कर ली जाय। सभी सम्बन्धित अधिकारी प्रत्येक दशा में यह भी सुनिश्चित करें कि किसी भी दशा में ठण्ड से किसी भी व्यक्ति की मौत न होने पाए। आयुक्त ने निर्देश दिए कि कुम्हारी कला, कृषि भूमि, आवास स्थल, मत्स्य तालाब पोखरे से सम्बन्धित लाभार्थियों के प्रमाण पत्र तैयार करने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने जनपद में कोविड-19 की संभावित वैक्सीन के कोल्डचेन मेनटेन करने की व्स्था की समीक्षा में कहा कि इसके लिए पावर बैकअप व ट्रान्स्पोर्टेशन की व्यवस्था ठीक प्रकार से सुनिश्चित की जाए तथा सम्बन्धित कर्मियों का प्रशिक्षण भी पहले से करा दिया जाय। उन्होंने कहा कि कोविड-19 के लक्षण से सम्बन्धित बीमारियों की मेडिकल हॉल से दवा खरीदकर स्वयं इलाज करने वाले की सूचना मेडिकल हाल के माध्यम से एकत्र करने हेतु खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग को निर्देशित कर अपेक्षित कार्यवाही सुनिश्चित की जाय। बैठक में डीएम ने बताया कि जनपद में 11 रैन बसेरे संचालित हैं। इसके साथ ही अलाव जलाने के प्रबन्ध व आवश्यकतानुसार जरूरतमन्द को नि:शुल्क कम्बल वितरण का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि पूर्वान्चल विकास निधि के राज्यांश से सम्बन्धित प्रस्ताव प्रेषित कर दिया गया है। बैठक में सीडीओ शशांक त्रिपाठी सहित सम्बन्धित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## आयुक्त ने सदर विधानसभा क्षेत्र के मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

संवाददाता। गोंडा

**आयुक्त** देवीपाटन मंडल एसवीएस रंगाराव ने बतौर प्रेक्षक रविवार को जनपद गोंडा में भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अर्हता तिथि 01 जनवरी 2021 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र की फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण व मतदाता पंजीकरण कार्यक्रम के अनुसार किए जा रहे कार्यों तथा मतदान केंद्रों पर पंजीकरण हेतु विशेष अभियान दिवस 13 दिसंबर 2020 के संबंध में तहसील सदर के अंतर्गत शहीदे आजम सरदार भगत सिंह इन्टर कालेज का आकस्मिक निरीक्षण किया। आयुक्त ने निरीक्षण के दौरान निर्वाचक नामावली में नाम को सम्मिलित करने के लिए फार्म-6 तथा निर्वाचन नामावली से अपना नाम विलोपित कराने के लिए फार्म-7 के संबंध में संबधित बीएलओ से गहन पूछताछ की तथा अभिलेखों का अवलोकन किया। उन्होंने मतदान केंद्र पर जिलाधिकारी डा0 नितिन बसंल को निर्देश दिए कि बीएलओ को पुन: प्रशिक्षण दिलाएं तथा मलिन बस्तियों, ईंट भट्ठों आदि पर विशेष ध्यान देकर अभियान चलाकर नामवाली तैयार कराई जाय। इसके अलावा माध्यमिक शिक्षा विभाग के सहयोग से अट्ठारह वर्ष की आयु पूरी करने वाले छात्र-छात्राओं को चिन्हांकित कर मतदाता सूची में नाम दर्ज कराया जाय। उन्होंने वहां पर फार्म अपलोड किए जाने के सम्बन्ध में भी जानकारी ली तथा निर्देश दिए हैं कि शीघ्रातिशीघ्र मतदाता सूची में नाम जुड़वाने एवं संशोधन इत्यादि से संबंधित सूचनाओं को अपलोड कराना सुनिश्चित किया जाए। इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी डा0 नितिन बंसल, नगर मजिस्ट्रेट वन्दना त्रिवेदी, एसडीएम सदर कुलदीप सिंह, नायब तहसीलदार इवेन्द्र कुमार, अवध क्षेत्र उपाध्यक्ष पीयूष मिश्र, जितेन्द्र पाण्डेय, राघवेन्द्र ओझा सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी तथा बीएलओ उपस्थित रहे।

## कृषि बिल के विरोध में प्रदर्शन कर रहे 19 सपा कार्यकर्ता हिरासत में लिए गए

संवाददाता। शिवगढ़ (रायबरेली)

### ● धारा 144 का उल्लंघन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा : एसडीएम

**शिवगढ़** क्षेत्र के गुमावां में समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने कृषि बिल के विरोध में प्रदर्शन करते हुए जमकर सरकार विरोधी नारे लगाए। विदित हो कि समाजवादी पार्टी के बछरावां विधानसभा अध्यक्ष राकेश त्रिवेदी उर्फ आलू महराज, पूर्व विधायक रामलाल अकेला, बछरावां ब्लाक प्रमुख विक्रांत अकेला के नेतृत्व में गुमावा में सैकड़ों सपा कार्यकर्ता इकट्ठे हो गए और कृषि बिल के विरोध में प्रदर्शन करते हुए सरकार के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। जिसकी जानकारी होते ही आनन-फानन में मय फोर्स के शिवगढ़ थानाध्यक्ष धीरेंद्र कुमार यादव, महराजगंज उप जिलाधिकारी विनय कुमार मिश्रा मौके पर पहुंच गए और प्रदर्शन कर रहे सपा कार्यकर्ताओं को समझाने लगे। किन्तु सपा कार्यकर्ता नारेबाजी करते रहे। जिस पर धारा 144 के उल्लंघन के मामले में एसडीएम विनय कुमार मिश्रा, थानाध्यक्ष धीरेंद्र कुमार यादव ने 19 सपा कार्यकर्ताओं को हिरासत में लेकर सभी को गुमावां पुलिस चौकी में बैठा दिया। बाद में हिरासत में लिए गए सभी सपा कार्यकर्ताओं को एसडीएम ने मुचलके पर छोड़ दिया। उप जिलाधिकारी विनय कुमार मिश्रा ने कहा कि प्रदेश में धारा 144 लागू है धारा 144 का उल्लंघन बर्दाश्त नही किया जाएगा। बछरावां विधानसभा अध्यक्ष राकेश त्रिवेदी ने कहा कि सरकार द्वारा लाया गया कृषि बिल किसान विरोधी है। शासन सत्ता के बल पर सरकार किसानों की आवाज दबाकर किसानों का शोषण करना चाहती है। वहीं पूर्व विधायक रामलाल अकेला ने कहा कि भाजपा सरकार हिटलर शाही रवैया अपना रही है। यदि सरकार ने कृषि बिल वापस नहीं लिया तो आंदोलनात्मक रणनीति अपनाकर आर-पार की लड़ाई लड़ी जाएगी। वहीं बछरावां ब्लाक प्रमुख विक्रांत अकेला ने कहा कि भाजपा के तानाशाही रवैया से किसान और सपा कार्यकर्ता डरने वाले नही हैं। देश का अन्नदाता खून पसीना बहा कर तैयार किए गए अपने धान को आज मिट्टी बोल बेचने को मजबूर है। किंतु सरकार को दिखाई नहीं देता। जितना ध्यान सरकार किसानों की आवाज दबाने में लगा रही है अगर इसके एक अंश भी किसानों के हित में लगा दे दो कोई भी किसान आत्महत्या के लिए मजबूर नही होगा। इस मौके पर सपा कार्यकर्ता धीरज यादव, बाबू चंद यादव, संतोष सिंह, बजरंग सिंह, उमेश यादव आदि सपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। थानाध्यक्ष धीरेंद्र कुमार यादव ने बताया कि कृषि बिल के विरोध में प्रदर्शन कर रहे 19 सपा कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया गया था। जिन्हें उप जिलाधिकारी ने मुचलके पर छोड़ दिया है।

# अब चलेगा दो विकास प्राधिकरणों का डंडा

**प्रदेश का पहला जिला बना बस्ती जहां पर दो प्राधिकारण काम करेंगे**

**अयोध्या विकास प्राधिकरण 126 और बीडीए का 217 गांवों में चलेगा चाबुक**

**अयोध्या से सटे विक्रमजोत और परसुरामपुर ब्लॉक के गांव एडीए में शामिल**

संवाददाता। बस्ती

**सरकार** बस्ती के लोगों पर काफी मेहरबान है, तभी तो इस जिले के विकास के लिए एक नहीं बल्कि दो विकास प्राधिकरण का गठन कर दिया। कैबिनेट की बैठक में विक्रमजोत और परसुरामपुर ब्लॉक के 126 गांवों को अयोध्या विकास प्राधिकरण में शामिल करने का निर्णय हुआ। जबकि पालिका सहित 217 गांव बस्ती विकास प्राधिकारण का हिस्सा पहले से ही बने हुए है। इस तरह जिले के 317 गावं के लोगों पर दो विकास प्राधिकरण का चाबुक चलेगा। अयोध्या विकास प्राधिकरण के सचिव आरपी सिंह का कहना है कि अयोध्या से सटे बस्ती के जिन 126 गांव को एडीए में शामिल किया गया, वहां पर नियोजित तरीके से विकास होगा। प्लांट करके विकास होगा। क्षेत्र में एडीए की गतिविधियां बढ़ेगीं, आवासीय कालोनी सहित कई इंटरनेशनल होटल खुलेंगे। बताया कि शामिल किए गए 126 गांव में अब एडीए के नियम कानून के तहत ही मानचित्र स्वीकृत होगें। जो भवन पहले से बने हैं, वह यथावत रहेंगे, उन पर एडीए का चाबुक नहीं चलेगा। वैसे उक्त गावों को अयोध्या में षामिल करने का भी प्रस्ताव हैं।

बस्ती प्रदेश का पहला ऐसा जिला बन गया है, जहां पर एक नहीं दो विकास प्राधिकरण काम करेंगे। लोगों का मानना है कि जिले की जनता एक विकास प्राधिकरण को तो झेल ही नहीं पा रही, उस पर दूसरा प्राधिकरण थोप दिया गया। सरकार का यह फैसला जिले के लोगों के लिए कितना हितकर होगा, इसका अंदाजा बीडीए के कामकाज के तरीके और विकास की गति को देखकर लगाया जा सकता है। अयोध्या विकास प्राधिकरण में जिन 126 गांवों को षामिल किया गया है, वे सभी एनएच के किनारे का क्षेत्र है। जाहिर सी बात है, जो लोग पहले बिना मानचित्र स्वीकृति कराए सड़क किनारे भवन और होटल सहित अन्य प्रतिष्ठान का निर्माण करा लेते थे, अब उन्हे एडीए के कठोर नियम कानून का सामना करना पड़ेगा, भारी विकास शुल्क का बोझ उठाना पड़ेगा। आर्थिक षोषण और उत्पीड़न की घटनाएं बढ़ जाएगी, जमीनों की कीमत आसमान छूने लगेगी। जमीन के खरीद फरोख्त करने का कारोबार करने वालों की चांदी हो जाएगी। पूर्वांचल विद्वत परिषद के अध्यक्ष ने सरकार के निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि 126 गांव जिले में ही षामिल रहना चाहिए। इन गांवों का विकास भले ही एडीए करें, मगर गांव जिले के राजस्व अभिलेखों में ही होना चाहिए।

## एडीए में शामिल होने वाले गांव

**अयोध्या** सीमा से सटे जिन बस्ती के गांव को एडीए में शामिल किया गया, उनमें विक्रमजोत के केषवपुर, खतमसराय, इमिलिया, रिक्खीपुर, पावड़, जयंतीपुर, बस्थनवां, मुनियांव, रानीपुर, तालागांव, दुभरानिर्वहन, षंकरपुर, सरसंडा, मलौली गोसाई, धिरौली पांडेय, सीतारामपुर, विक्रमजोत, अर्जुनपुर, गोपालपुर, षिवगढ़, पूरे चेतन, पूरे सोनी, छतौना, नेटवरपटटी, संदलपुर, पठकापुर, कल्याणपुर, फूलडीह, धुसैनिया बाबा, बाघानाला, राजारामपुर, बछईपुर, सांडपुर, उदयपुर, कलंदरहा, लालपुर गौरिया, बड़ागांव, चकिया, संग्रामपुर, त्रिलोकपुर, पूरे मोती, जगन्नाथपुर, रामसुखरामपुर, सलेमपुर, पूरे गंगाराम, गाजीपुर, भरथापुर मुस्तकहम, गंगापुर पांडेय, देवखर, अखरी संग्राम, षिवगढ़, पिपरी संग्राम, पूरे संग्राम, मांझाकिता अव्वल सहित अन्य गांव, इसी तरह परसुरामपुर ब्लॉक के जोगापुर, हैदराबाद, परवरपारा, जोगापुर, शेखपुर और धनियांव सहित अन्य गांव शामिल है।

## इंजीनियरिंग विभागों में आईएएस अधिकारियों का हस्तक्षेप समाप्त हो: सरद

**बस्ती**। गोरखपुर और बस्ती मंडल के पीडब्लूडी के ठेकेदारों ने इंजीनियरिगं विभाग में आईएएस अधिकारियों के बढ़ रहे हस्तक्षेप को समाप्त करने के लिए आवाज उठाना शुरू कर दिया है। मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में कहा है कि आईएएस अधिकारियों के बढ़ते दबाव के कारण विभागाध्यक्ष सहित अन्य विभाग के इंजीनियर कोई निर्णय लेने में अपने आपको अक्षम पा रहे हैं, जिसका खामियाजा ठेकेदारों को भुगतना पड़ रहा है। नित्य नये-नये एप के जरिए प्रयोग किए जा रहे हैं, एक एप की विसंगतियां दूर होती नहीं कि दूसरा एप लागू कर दिया जाता है। विभाग अपने अरबों रुपये के प्लांट का उपयोग नहीं कर पा रहा है, आठ सौ सालाना चलाने के बजाए मात्र 135 से 180 घंटा ही चला रही है, और दूसरी ओर ठेकेदारों से डेढ़ करोड़ के काम पर ढ़ाई करोड़ का प्लांट लगाने का नियम कानून बना डाला।

## नंबर वन के साथ भ्रष्टाचार मुक्त बना ओठघनपुर कला

**बस्ती**। गांव के विकास में भ्रष्टाचार बाधक बना हुआ है। इसकी जड़े इतनी मजबूत हो चुकी हैं, कि इसे हिलाने वाला तंत्र खुद हिल जाता है। सदर ब्लॉक के गांव ओठघनपुर कला के नंबर वन बनने के पीछे भ्रष्टाचार का न होना रहा। प्रदेश का पहला ऐसा गांव होगा, जहां के प्रधान को कमीशन के रूप में एक भी रुपया नहीं देना पड़ा। प्रधान के काम के जज्बे को देख अधिकारियों ने कमीशन को माफ कर दिया। यह कोई चमत्कार से कम नहीं है। प्रधान तौलप्रसाद यादव की ईमानदारी को देख डीपीआरओ ने कार्यालय में कह दिया कि प्रधान से कोई कमीशन नहीं लेगा। इसी तरह का फरमान बीडीओ की ओर से भी जारी हुआ, इसका भी पालन हुआ। इस सब का नतीजा विकास पर पड़ा, कमीशन की रकम को प्रधान ने विकास कार्यो में खर्च कर दिया। इसी तरह अन्य प्रधानों का कहना है कि यह सही है कि बहुत कम ऐसे प्रधान होंगे जो ओठघनपुर कला की तरह गांव वालों की सेवा करते हैं, कहते हैं कि लगभग 99 फीसद प्रधान बहती गंगा में हाथ थोना चाहते है। इसके लिए काफी हद तक ब्लॉकों और डीपीआरओ कार्यालय को जिम्मेदार माना जा रहा है। जिले के विकास की मुखिया की ईमानदारी का लाभ जिले को नहीं मिल रहा है। विकास भवन के कई लोगों का कहना है कि, जब से सीडीओ आई हैं, वे लोग कसम खाने को तैयार हैं कि किसी ब्लॉक से खर्च के नाम पर महीना लिया गया है। वहीं कइयों का कहना है कि सीडीओ जितना ईमानदार है, उससे अधिक ब्लॉक वाले बेईमान है। इन लोगों को इतना भी ख्याल नहीं रहता कि जब विकास की मुखिया कमीशन या महीना नहीं लेती है, तो कम से कम वह लोग भी न ले। कहना गलत नहीं होगा कि जिस तरह मनरेगा में पूरे जिले में ग्राम पंचायत से लेकर क्षेत्र पंचायतों में लूट मची हुई है।

# हर गरीब को मिलेगा उसका हक: भूपेश



**सदर विधायक ने जरूरतमंदों को बांटें कम्बल**

संवाददाता। सोनभद्र

**जनपद** मुख्यालय स्थित तहसील परिसर के सभागार में असहाय गरीबो को कम्बल वितरण का आयोजन किया गया। सदर विधान सभा क्षेत्र के विधायक भूपेश चौबे व भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष अजीत चौबे ने ठंडी से जूझ रहे असहाय व गरीबों को कंबल वितरित किया गया। इस अवसर पर सदर विधायक भूपेश चौबे ने कहा कि उत्तर प्रदेश की सरकार का सपना है कि प्रदेश में गरीबों को हर हाल में उनका हक मिले कोई भी गरीब सरकार की योजनाओं व कार्यक्रमों से अछूता न रहने पाए देश व प्रदेश की भाजपा सरकार देश व प्रदेश के विकास व उत्थान के लिए कार्य कर रही है। भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष अजीत चौबे ने कहा कि सरकार की मंशा है कि गांव के विकास का पहिया तेजी के साथ घूमे लोगों को रोजगार के अभाव के चलते पलायन न करना पड़े गांव में लोगों की आर्थिक स्थिति मजबूत बने शासन द्वारा गरीब विधवा विकलांगों के लिए ठंड से राहत के लिए कंबल वितरण किए जा रहे हैं कंबल वितरण कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाएं विकलांग व असहाय बुजुर्ग उपस्थित थे। इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य मनोज सोनकर जिला मीडिया प्रभारी अनूप तिवारी संजू श्रीवास्तव विमलेश पटेल आदि मौजूद रहे।

# किसानों के साथ छल कर रही है केन्द्र सरकार: सुनील यादव

**समाजवादी पार्टी की किसान यात्रा में बड़ी सख्या मे शामिल हुए लोग**

संवाददाता। सोनभद्र



**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के आहवान पर किसान यात्रा के सातवें दिन रावट्र्सगंज विधान सभा क्षेत्र के पकरहट पुल कर्मनाशा से नगवां ब्लॉक वैनी कम्हरिया खलियारी सोनवर्षा सरइगढ होते हुए वैनी मे समाजवादी पार्टी के किसान यात्रा का समापन हुआ। ओबरा के पूर्व विधायक सुनील सिह यादव पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अनील कुमार यादव समाजवादी पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष राम निहोरा यादव श्याम विहारी यादव सुरेश यादव व बबलू धागर के नेतृत्व मे निकाली गई किसान यात्रा मे बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। पूर्व विधायक सुनील सिंह यादव ने कहा कि जो लोग देश की आजादी व स्वतंत्रता संग्राम के आंदोलन अंग्रेजों की गुलामी कर रहे थे वह लोग हम लोगों से राष्ट्रवाद का सबूत मांग रहे हैं। आज देश के किसानों के साथ भारतीय जनता पार्टी की सरकार छल कर रहे है जिसे किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा समाजवादी पार्टी किसानों के साथ हर मोर्चे पर खड़ी रहेगी जब तक किसानों की मांग पूरी नहीं हो जाती आंदोलन जारी रहेगा पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अनिल यादव ने कहा कि भाजपा की सरकार पूंजीपतियों को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से किसानों की उपेक्षा कर रही है देश की 70 प्रतिशत से अधिक की आबादी कृषि पर निर्भर है किसानों को पिछले लम्बे समय से सरकार के उपेक्षात्मक रवैये के चलते समस्याओं का सामना करना पड रहा है अब देश का किसान आर पार की लड़ाई के मूड में है जब तक किसानों की मांग पूरी नहीं हो जाती तब तक किसानों के समर्थन मे समाजवादी पार्टी का आंदोलन जारी रहेगा।

# पीड़ितों की चिकित्सा सेवा परम मानव धर्म: अविनाश

**सोनभद्र**। स्वास्थ्य विकार पीड़ित की चिकित्सा सेवा कर उन्हें स्वस्थ करना मानव धर्म है इसी धर्म का पालन करने के कारण चिकित्सकों को धरती का भगवान कहा जाता है। उक्त बातें समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य एवं पूर्व विधायक अविनाश कुशवाहा ने चतरा विकास खण्ड के भुसौलिया गांव में आयोजित नि:शुल्क चिकित्सा शिविर के उद्घाटन अवसर पर रविवार को कही। बिन्द समाज विकास संघ के तत्वावधान में आयोजित नि:शुल्क चिकित्सा शिविर के आयोजक रमादेवी फ़्रैक्चर्स हॉस्पिटल मुग़लसराय के चेयरमैन वरिष्ठ चिकित्सक डॉ विनोद कुमार के प्रति आभार ज्ञापित करते हुए श्री कुशवाहा ने कहा कि क्षेत्र की पीड़ित जनता की समस्याओं को देखते हुए उनकी मांग पर विभिन्न रोगों के विशेषज्ञ चिकित्सको की टीम के साथ निशुल्क चिकित्सा उपलब्ध कराने के लिए डॉ बिन्द का हृदय से आभारी रहूंगा। ज्ञातव्य है कि इस चिकित्सा शिविर में हड्डी रोग आंखों की जांच चश्मा वितरण शुगर यूरिक एसिड सहित विभिन रोगों की जाँच एवम सैकड़ों लोगों को नि:शुल्क दवा का वितरण भी किया गया। इस अवसर पर चिकित्सक दल के प्रमुख डॉ विनोद कुमार बिन्द ने कहा कि असहाय एवम पीड़ित मानवता की सेवा करना हम चिकित्सको का परम धर्म है पूर्व विद्यायक अविनाश कुशवाहा की प्रेरणा से नि:शुल्क कैम्प किया गया है जिसे आगे भी जारी रखा जायेगा। चिकित्सा शिविर में उमड़ी भारी भीड़ की चिकित्सा सहयोग प्रदान करने में समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता कोविड गाइड लाइन का पालन करते हुए पूरी मुस्तैदी से लगे रहे। क्षेत्रीय नागरिकों ने इस बड़े एवं नि:शुल्क चिकित्सा शिविर के आयोजन हेतु पूर्व सदर विधायक की सराहना करते उनके कार्यकाल में कराये गये विकास कार्यों को याद करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से रामसेवक यादव, सुनील बिन्द, कौशल बिन्द, निशान्त पटेल, अमरेश पटेल, आनन्द चौबे, उमेश चौबे, अशोक जायसवाल, जसवंत यादव, निर्मल यादव, गोकुल यादव, लक्ष्मण चंद्रवंशी, गुलाब यादव, संजय यादव व अवधेश पटेल इत्यादि उपस्थित रहे।

# पंचायत चुनाव को लेकर अपना दल एस ने की बैठक

संवाददाता। मिर्जापुर

अपना दल एस ने पार्टी कार्यालय में एक बैठक आयोजित की। जिसमें में प्रदेश अध्यक्ष सहकारिता मंच रमेश सिंह पटेल, प्रदेश उपाध्यक्ष अनिल सिंह उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता कर रहे जिला अध्यक्ष इंजीनियर राम लौटन बिन्द ने पार्टी के मुख्य एजेंडा अपने आवास पर नेम प्लेट, झंडा लगाना एवं स्वच्छता अभियान पर जोर दिया। इसके अलावा जिला पंचायत चुनाव के मद्देनजर देखते हुए सभी कार्यकर्ताओं को बोला गया कि अपने-अपने क्षेत्र में ज्यादा से ज्यादा जनसंपर्क घर घर जाकर पार्टी की विशेषता को बताएं। बैठक में नगर विधानसभा अध्यक्ष विजय शंकर केसरी द्वारा विकास पांडेय, अजय कुमार केसरी, रोहित दुबे ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण किया। बैठक में प्रदेश सचिव व्यापार मंच रवि शंकर सिंह, अनुसूचित मंच जिला अध्यक्ष ज्ञानचंद कनौजिया, जिला उपाध्यक्ष गोपाल दास शर्मा, जिला उपाध्यक्ष राधेश्याम पटेल, जिला कार्यकारिणी सदस्य संतोष विश्वकर्मा, जिला सचिव राजाराम पाल, अनिल सिंह पगड़ी, जिला मीडिया सचिव शंकर सिंह चौहान, चुनार विधानसभा अध्यक्ष धनंजय सिंह, श्याम कुमार दुबे, इंद्रजीत सिंह, अरुणेश कुमार सिंह, सुरेश चंद बिंद, हेमंत कुमार बिंद, संतोष कुमार पटेल, मनोज कुमार बिंद, छेदी सिंह, श्याम कुमार दुबे, विष्णु हरि बिंद, उमाकांत यादव, गोपाल शरण उपाध्याय, जोन अध्यक्ष सुखराज पटेल, जोन अध्यक्ष अखिलेश बिंद, जोन अध्यक्ष राजेश्वरी प्रसाद पटेल, रतन पटेल, रामेश्वर पटेल, अवधेश कुमार, अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे

## सूर्या पैरामेडिकल इंस्टीयूट एवं सूर्या अस्पताल का हुआ शिलान्यास

**संतकबीरनगर**। सूर्या इण्टरनेशनल एकेडमी के प्रबन्धक डा. उदय प्रताप चतुर्वेदी ने रविवार को जीपीएस महाविद्यालय के निकट जनपदवासियों को बेहतर स्वास्थ्य सेवा दिये जाने के लिए शिक्षा क्षेत्र के स्वास्थ्य हेतु अस्पताल का नींव रखा है। उन्होने परिवार के साथ भूमि पूजन कर मीडिया से वार्ता करते हुए बताया कि जनपदवासियों को बेहतर स्वास्थ्य सेवा मिलें इसके लिए उन्होने अस्पताल बनावाये जाने के लिए आधारशिला रख दिया है।

अस्पताल में ओपीडी मरीजो को नि:शुल्क सुविधा प्रदान की जायेगी। इसके साथ ही सभी प्रकार के स्वास्थ्य चेकअप की सुविधा अस्पताल के अन्दर मौजूद रहेगा। अनुभवी एवं योग्य चिकित्सक की उपस्थिति होगी। जिससे मरीजो को बेहतर स्वास्थ्य सेवा मिले।

# प्रो.संजय एफटीआईआई की सोसाइटी व गवर्निंग कौंसिल में सदस्य नामित



**बस्ती**। भारतीय जनसंचार संस्थान के महानिदेशक बस्ती जिले के निवासी प्रो0 संजय द्विवेदी को सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय से संबद्ध भारतीय फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान (एफटीआईआई),पुणे की सोसायटी और गवर्निंग कौंसिल में सदस्य के रूप में शामिल किया गया है। प्रो. द्विवेदी माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय, भोपाल के पूर्व कुलसचिव और प्रभारी कुलपति भी रह चुके हैं। उनके पिता डा. परमात्मा नाथ द्विवेदी शिवहर्ष किसान महाविद्यालय में हिंदी के प्राध्यापक रहे हैं। सोसायटी और गवर्निंग कौंसिल के अध्यक्ष प्रख्यात फिल्म निर्देशक शेखर कपूर और उपाध्यक्ष फ़िल्म अभिनेता सतीश कौशिक हैं।

जिनके नाम की घोषणा कुछ समय पहले सूचना प्रसारण मंत्रालय ने की थी। अब सोसायटी और गवर्निंग कौंसिल का पुर्नगठन करते हुए इसमें भारतीय जनसंचार संस्थान के महानिदेशक प्रो. संजय द्विवेदी, दूरदर्शन महानिदेशक मयंक अग्रवाल के अलावा फ़िल्मी हस्तियों को सदस्य के रुप में शामिल किया गया है। जिनमें अभिनेत्री कंगना राणावत,दिव्या दत्ता, फ़िल्म निर्देशक विधु विनोद चोपड़ा, राजकुमार हिरानी, गीतकार प्रसून जोशी, गायक अनूप जलोटा, अभिनेता डैनी डोंगजप्पा जैसे नाम शामिल हैं।

## किसानों को गुमराह कर रहा विपक्ष: भाजपा

लालगंज (**प्रतापगढ़**)। भाजपा किसान मोर्चा की रविवार को लक्ष्मणपुर में बैठक संपन्न हुई। बैठक में किसान बिल को कृषकों के हित में करार देते हुए विपक्षी दलों के द्वारा बिल को लेकर भ्रम फैलाए जाने की आलोचना की गई। बैठक को सम्बोधित करते हुए किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष बाबा अमरनाथ शर्मा ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी की सरकार ने किसानों के हित में कानून लाकर आय दो गुनी किए जाने का बड़ा कदम उठाया है। उन्होने कहा कि विपक्ष हताशा में किसान बिल को लेकर भ्रम फैला रहा है।

जिलाध्यक्ष ने पिछली सरकारों द्वारा किसानों के उत्पीड़न तथा उनके हक के साथ खिलवाड़ का आरोप भी लगाया। इस मौके पर अशोक शुक्ला, अमृतलाल सरोज, सुरेश शुक्ल, जयप्रकाश शुक्ल, सोमेंद्र गिरी, मनोज दुबे, शशांक चतुर्वेदी आदि मौजूद रहे।

# मतदाता पुनरीक्षण अभियान में पूरी तरह सक्रिय रहे भाजपाई

संवाददाता। संतकबीरनगर

**उप्र** निर्वाचन आयोग के निर्देशन में जनपद में चलाये जा रहे मतदाता पुनरीक्षण अभियान में बूथो पर नाम संशोधन, नाम बढ़ाये जाने के लिए आज विशेष दिन रहा। बूथो पर मतदाता स्वंय सक्रिय रहे। बूथ को मजबूत करने के लिए भाजपा सक्रिय भूमिका में दिखाई दिये। हर बूथो पर पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता अपने कर्तव्यों का निर्वहन किये। उत्तर प्रदेश के राज्यमंत्री व धनघटा विधायक श्रीराम चौहान भी अपने बूथ पर सक्रियता बनाये रखे। इसी क्रम में मतदाता पुनरीक्षण विशेष अभियान के अंतर्गत नगर पालिका अध्यक्ष श्याम सुन्दर वर्मा ने बूथ संख्या 365 हीरालाल रामनिवास इंटर कालेज पर पहुंच 10 नये मतदाताओं का पंजीकरण कराया और मतदाता पुनरीक्षण कार्य का जायजा लिया। चुनाव आयोग द्वारा चलाये जा रहे अभियान में भाजपा प्रदेश नेतृत्व ने अपने सभी कार्यकताओं, नेताओं को इस अभियान में जिम्मेदारी सौंपी है। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष श्याम सुन्दर वर्मा ने पदाधिकारियों से कहा कि कोई भी नागरिक मतदान से वंचित नहीं रहना चाहिए। 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके युवाओं के नाम मतदाता सूची में जुड़वाने पर सबसे ज्यादा जोर दिया जाए। भाजपा पदाधिकारी, सेक्टर अध्यक्ष व बूथ अध्यक्ष के साथ इस अभियान को सफल बनाएं। इस अवसर पर जिलामंत्री विवेकानंद वर्मा, घनश्याम दास गुप्ता, किरन प्रजापति, श्रीमन आनंद, सभासद कवलजीत सिह काके, ब्रम्हानंद पाण्डेय, निरंजन लोहिया सहित भाजपा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# प्रदेश में अपने बूते पंचायत और विधानसभा चुनाव लड़ेगी जद यू

संवाददाता। बस्ती



**जनता** दल यूनाइटेड आगामी विधान सभा और पंचायत चुनाव अपने बूते लड़ेगी। सभी प्रत्याशी पार्टी सिम्बल पर ही चुनाव लड़ेंगे। प्रदेश महासचिव योगेश चन्द्र सोनी ने कहा कि पूरे प्रदेश में पार्टी को मजबूत करना और जनहित के मुद्दों पर संघर्ष करने के लिए पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं को और अधिक सक्रिय भूमिका निभानी होगी।

कार्यकर्ता ही पार्टी की रीढ़ होती है। नवनियुक्त जिला संयोजक राघवेन्द्र प्रताप चौधरी एडवोकेट को प्रदेष महासचिव ने नियुक्ति पत्र सौपा। प्रदेश महासचिव प्रवीण चौधरी, प्रदेष कार्यकारिणी सदस्य कल्पनाथ वर्मा, सुल्तानपुर प्रबुद्ध प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष अजय कसौधन ने कहा कि कार्यकर्ताओं को पूरे मनोयोग से पंचायत चुनाव की तैयारियों में अभी से जुट जाना चाहिए। प्रबुद्ध प्रकोष्ठ के प्रदेष सचिव रवीन्द्र कुमार चौधरी एडवोकेट ने पार्टी की गतिविधियों, कार्यो पर विस्तार से जानकारी दी। बैठक में भैरवदत्त सिंह एडवोकेट, विजय पाण्डेय, जोखू प्रसाद यादव एडवोकेट, आरपी यादव एडवोकेट, रामसिंह पटेल, चौधरी चरण सिंह, डा. प्रमोद चौधरी, ओमजी पाण्डेय, हीरालाल यादव, विनोद चौधरी, अविनाथ शर्मा, वृजकिषोर पाण्डेय, शशिपाल यादव एडवोकेट व अन्य शामिल रहे।

## निलम्बन व उत्पीड़न के खिलाफधरना प्रदर्शन करेंगे सफाईकर्मी

**बस्ती**। उत्तर प्रदेश ग्राम पंचायत राज सफाई कर्मचारी संघ की बैठक लोहिया मार्केट स्थित शिविर कार्यालय पर हुई। सफाई कर्मियों के उत्पीड़न, निलम्बन, धन उगाही रोके जाने आदि सवालों को लेकर 16 दिसम्बर को प्रस्तावित धरना प्रदर्शन की रूप रेखा पर विचार किया गया। जिलाध्यक्ष अतुल कुमार पाण्डेय ने कहा कि कोरोना संकट काल और प्रदेश में हड़ताल पर रोक, एस्मा लागू होने की स्थितियों से सफाई कर्मचारी परिचित है, इन्ही परिस्थितियों को देखते हुए विवषता में धरना आयोजित है क्योंकि सफाई कर्मचारियों के उत्पीड़न की हद पार हो गई है। यदि जिला पंचायत राज अधिकारी अकारण निलम्बित सफाई कर्मचारियों को 15 दिसम्बर से पूर्व बहाल नहीं किया धरना प्रदर्शन किया जाएगा। बिना कारण बताओ नोटिस दिए मनमाने ढंग से सफाईकर्मियों के निलम्बन किया जा रहा है।

# समाजसेवी ने जरूरतमंदों को बांटे कम्बल



संवाददाता। संतकबीरनगर

**समाजसेवी** डा. उदय प्रताप चतुर्वेदी द्वारा जरूरतमंदों और असहाय लोगों के बीच कम्बल का वितरण किया गया। जिला मुख्यालय के सूर्या इण्टरनेशनल एकेडमी परिसर में समाजसेवी डॉ उदय प्रताप चतुर्वेदी ने भारी संख्या में जरूरतमंदो को गर्म कम्बल प्रदान किया। उन्होंने बताया कि बढ़ती ठंड को देखते हुए गरीब, असहाय लोगों के बीच कम्बल का वितरित किया गया। डॉ उदय प्रताप चतुर्वेदी ने बताया कि उनके द्वारा आगे भी गरीबों, असहाय लोगों के बीच कम्बल का वितरण किया जाएगा। समाजसेवा के जरिये राजनीति में समाजसेवी डा. उदय प्रताप चतुर्वेदी ने पिछले वर्ष हजारों गरीबो को कम्बल वितरण किया था, इस वर्ष भी ठंड के शुरुआती दौर में उन्होंने भारी संख्या में जरूरतमंदों को कम्बल दिया। उन्होने कहा कि इस वर्ष जरूरतमंदों के बीच कम्बल वितरित किए जाने का कार्य जारी रहेगा। इस दौरान एकेडमी के व्यवस्थापक बलराम यादव, डा. चिंतामणि उपाध्याय सहित सभ्रान्त नागरिक उपस्थित रहे।

## मानवाधिकार एसो. की तहसीलस्तरीय बैठक

संवाददाता। मीरजापुर

**रविवार** को भारतीय मानवधिकार एसोसिएशन मड़िहान तहसील मासिक बैठक मड़िहान स्थिति कैम्प कार्यलय गंगापुर राइस मिल चक हिनोता पर सम्पन्न हुई जिसकी अध्यक्षता महिला जिला संरक्षक जयश्री सिंह ने तथा संचालन मड़िहान तहसील अध्यक्ष पंकज राज ने किया। बैठक में जिला से प्रदेश उपाध्यक्ष मनीष सिंह, जिला विधिक सचिव धनंजय सिंह, जिला प्रवक्ता स्मृति गुप्ता मौजूद रहे।

मड़िहान तहसील का विस्तार करते हुए मड़िहान तहसील नयी कार्यकारणी में मड़िहान तहसील सचिव अरुण प्रजापति जी यूथ प्रकोष्ठ मड़िहान तहसील अध्यक्ष धीरज सिंह पटेल यूथ सचिव लाल जी सिंह श्रमिक प्रकोष्ठ अध्यक्ष लवकुश कुमार गौतम ,किसान प्रकोष्ठ अध्यक्ष राजेश कुमार मौर्या, कृषि प्रकोष्ठ सचिव प्यारे लाल मौर्या को जिम्मेदारी दिया गया।

## बेकाबू ट्रेलर से दो परिवारों में कोहराम

**जौनपुर।** अनियंत्रित तेज रफ्तार ट्रेलर की कहर से दो परिवार में कोहराम मच गया जहां एक ओर शाहगंज बाजार में ट्रेलर की चपेट में आने से एक महिला की मौत हो गयी वहीं एक युवक गम्भीर रूप से घायल हो गया। घटना के उपरांत चालक भागने की फिराक में वहां से निकलकर ट्रेलर सरपतहां थाना क्षेत्र के सरायमोहिउद्दीनपुर पेट्रोल पम्प के पास एक अधेड़ को रौंदते हुए सड़क की पटरी के नीचे उतर गया दुर्घटना में जख्मी अधेड़ की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। सूचना पर पुलिस ने वाहन को अपने कब्जे में लेने के साथ ही चालक को हिरासत में ले लिया।

## सीओ कार्यालय के समीप गंदगी का अम्बार

**सकलडीहा,चन्दौली।** स्वच्छ भारत मिशन के तहत लाखों करोड़ों रूपया खर्च किया जा रहा है। इसके बाद भी जागरूकता का अभाव है। सीओ कार्यालय के समीप कई माह से कूड़ा करकट फेक दिये जाने से संक्रामक रोग होने का खतरा मडराने लगा है। इसके बाद भी जागरूक अधिकारी मौन साधे हुए है। उधर सीओ भवनेश चिकारा ने शीघ्र ही समस्या का समाधान का भरोशा दिया है।पुलिस क्षेत्राधिकारी कार्यालय की एक लम्बा भू भाग पर लम्बे समय से अतिक्रमण हो रहा है। यही नही कार्यालय के समीप चारों ओर गंदगी का अम्बार लगा हुआ है।

## स्वेटर पाकर बच्चों में दिखी खुशीः एआरपी

**मड़ियाहू, जौनपुर।** परिषदीय विद्यालय प्राथमिक विद्यालय जोगापुर विकास खंड रामनगर में स्वेटर वितरण कार्यक्रम किया गया। इस मौके पर न्याय पंचायत जोगापुर के एआरपी विनोद सिंह द्वारा सभी छात्र.छात्राओं को स्वेटर वितरित किया गया। इस अवसर पर प्रधानाध्यापिका हसन जहरा सहायक अध्यापक सिद्धार्थ सिंहए शशांक सिंहए शिक्षामित्र गीता देवीए संगीता देवी सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

## विधायक ललई की किसान यात्रा को अनुमति नहीं

**शाहगंज,जौनपुर।** स्थानीय तहसील के उपजिलाधिकारी ने समाजवादी पार्टी के कद्दावर नेता एवं पूर्व मंत्री शाहगंज विधायक शैलेंद्र यादव के नेतृत्व में प्रस्तावित सपा की किसान यात्रा को अनुमति नहीं दिया। इतना ही नहीं समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के आह्वान पर शाहगंज में किसान आंदोलन की तैयारी कर रहे सपाइयों पर पुलिस ने पहरा भी बिठा दिया है। देखा गया कि सपा शाहगंज विधानसभा अध्यक्ष के घर समेत नेताओं को पुलिस ने घरों में नजरबंद कर दिया है। घरों के अंदर मौजूद सपा नेताओं पर बाहर निकलने पर पाबंदी लगा दी गई है।

## अनिल को किया सम्मानित

**बरईपार, जौनपुर।** भारतीय जीवन बीमा निगम कार्यालय मुंगराबादशाहपुर में आयोजित सम्मान समारोह में वाराणसी मंडल के भारतीय जीवन बीमा निगम के वरिष्ठ मंडल प्रबंधक अमित मित्तल ने स्थानीय शाखा के इतिहास में पहले एमडीआरटी ;मिलेनियम डालर राउंड टेबल क्लबद्ध अभिकर्ता अनिल पांडेय को सम्मानित किया।

# मूर्तियां और सिक्के डबल लाक में



## गढ़वाकोट के दो टीले को को किया गया प्रतिबंधित प्रवेश पर लगाया रोक

## दरोगा व चार सिपाही 24 घंटे कर रहे निगरानी

मऊ । निज संवाददाता

**मुहम्मदाबाद** गोहना कोतवाली क्षेत्र के गढ़वाकोट में बरामद संभावित कुषाण कालिन तांबे के 128 सिक्के और मूर्तियों को ट्रेजरी के डबल लाक में रखा दिया गया है। दो टीलों को पूरी तरह से प्रंतिबंधित क्षेत्र घोषित कर आवागन पर रोक लगा दी गई है। मौके पर एक दरोगा व चार सिपाही 24 घंटे ड्यूटी दे रहे हैं। जिलाधिकारी ने चेताया कि अगर किसी भी प्रकार की शिकायत व लापरवाही का मामला सामने आता है तो कड़ी कार्रवाई की जायेगी। बरामद तांबे के सिक्के व मूर्तियों को लेकर प्रशासन काफी गंभीर है।

सिक्के व मूर्तियों को ट्रेजरी के डबल लाक में रखा गया है। इस पर खुद जिलाधिकारी पूरी नजर रख रहे हैं। पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग को अवगत कराने के बाद अब टीम के आने का इंतजार प्रशासन कर रह है। तब तक यहां पर दो टीलों को पूरी तरह से आने जाने पर रोका गया गया है। किसानों को किसी भी प्रकार की खुदाईऔर प्रतिबंधित क्षेत्र में कार्यसे पूरी तरह से मनाई की गई है। सर्वेक्षण विभाग से लगातार प्रशासन संपर्क में हैं। टीम के आने की शीघ्र संभावना जताई गई है। जिलाधिकारी ने चेताया कि मौके पर किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाये। ऐतिहासिक धरोहरों का पता न चलने तक पूरी तरह से यहां पर कोई चहलकदमी नहीं होगी।

### अगर किसी के पास से मिले सिक्के तो होगी कड़ी कार्रवाई

**मऊ** । जिलाधिकारी अमित सिह बंसल ने कहा कि अगर खुदाई के दौरान किसी भी ग्रामीण व लोगो के पास से सिक्के व मूर्तियां मिली तो कड़ी कार्रवाई की जायेगी। जिलाधिकारी ने रविवार को चेताते हुये कहा कि अगर किसी के पास सिक्के व मूर्तियां हो तो वह थाने व तहसील में आकर जमा कर दें। **मौके पर देखने के लिये दूर दराज से आने की होड़:** मऊ । खुदाईस्थल से बरामद तांबे के सिक्के व मूर्तियों की जानकारी होने के बाद ग्रामीणों की मौके पर भीड़ लगने लगी है। हालांकि ऐरिया प्रतिबंधित होने के चलते पास कोई नहीं पहुंच पा रहा है। दुर से से ग्रामीण स्थल को निहार रहे हैं। कोतवाल नीरज पाठक ने बताया कि चक्रमण कर लगातार जायजा लिया जा रहा है। सुरक्षा और संरक्षा के साथ किसी भी प्रकार की कोताही नहीं बरती जायेगी।

# जलभरॉव की समस्या को लेकर पीडब्ल्यूडी के खिलाफ भारी रोष

**सकलडीहा,चन्दौली।** कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर की निर्देश के बावजूद पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारी और ठेकेदार कस्बा की सड़क और नाला निर्माण को लेकर लापरवाह बने हुए है। जिसके कारण कस्बा की मुख्य मार्ग और लोगों के घरों के सामने गंदा पानी बजबजा रहा है। जिसे लेकर लोगों में आक्रोश पनपने लगा है। व्यापारियों ने पीडब्लूडी विभाग और ठेकेदार के खिलाफ आन्दोलन की चेतावनी दिया है। कोरोना महामारी से पूर्व सकलडीहा कस्बा में पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा नाला और सड़क निर्माण कार्य कराया जा रहा है। आठ माह से अधिक समय बीत गये है। सड़क निर्माण तो दूर नाला निर्माण एक तरफ का पूरा नही हो पाया है। दूसरी तरफ की नाला का गंदा पानी सड़क और दुकान के सामने बजबजा रहा है। कई बार पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारी और ठेकेदार द्वारा निर्माण कार्य शुरू कराने का आश्वासन दिया गया। लेकिन निर्माण कार्य शुरू नही होने पर व्यापारियों में आक्रोश है। जबकि कैबिनेट मंत्री 72 घंटा में निर्माण कार्य शुरू कराने का निर्देश दिया था। व्यापारी नेता पवन वर्माए विनोद गुप्तए राकेश मोदनवालए उमेश चौरसियाए दिलीप गुप्त आदि ने चेताया कि शीध्र निर्माण कार्य शुरू नही हुआ तो व्यापारी आन्दोलन के लिये सड़क पर उतरेंगे। इस बाबत अवर अभियंता रामकुमार चौहान ने बताया कि दो दिन पूर्व निर्माण कार्य को शुरू कराने के लिये निरीक्षण किया गया है। लेबर आ गये है। शीध्र ही निर्माण कार्य शुरू कराया जायेगा।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने बूथों का किया निरीक्षण

**सकलडीहा,चन्दौली।** चुनाव आयोग के निर्देश पर विधान सभा मतदाता संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम चलाया जा रहा है। रविवार को विशेष मतदाता दिवस पर पूर्व विधायक शिवतपस्या पासवान के नेतृत्व में भाजपाईयों ने कई बूथों पर पहुंचकर नये युवा मतदाताओं का फार्म जमा कराया। इस दौरान ग्रामीणों की समस्या सुनकर समाधान का आश्वासन दिया। चुनाव आयोग के निर्देश पर 17 नवम्बर से विधान सभा स्तर पर संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इस क्रम में 22 नवम्बर 28 नवम्बर और 5 दिसम्बर और 13 दिसम्बर को विशेष मतदाता दिवस का आयोजन किया गया है। इस क्रम में पूर्व विधायक शिव तपस्या पासवान पूर्वी मंडल प्रभारी भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ ईटवाए विशुनपुराए धरहराए डेढ़ावलए सलेमपुरए रानेपुरए नागेपुरए सकलडीहा और तेन्दुईपुर बूथ पर पहुंचकर नये युवाओं मतदाताओं का फार्म जमा कराया।

## भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है : पवन

**देवरिया ।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा नव मतदाता बनाये जाने के लिए चलाये जा रहे मतदाता पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत बरहज विधानसभा के भलुअनी मण्डल के सोनुघाट सेक्टर के पिपराचन्द्र भान गांव के बूथ संख्या 37 पर घर–घर जाकर अमरजीत मिश्र, मंजू यादव,विनीता यादव, रितेश मिश्राएउमेश यादवए मनीष यादवए प्रभा मिश्रा सहित 17 नए मतदाताओ का फार्म. 6 भरकर स्थानीय बी एल ओ बृजेश दुबे को दिया गया । इस मौके पर उपस्थित भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यसमिति सदस्य पवन कुमार मिश्र ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी द्वारा 1 जनवरी 2021 को 18 वर्ष की उम्र को पूरा करने वाले सभी युवा मतदाताओ का नाम वोटर लिस्ट में बढ़ाने के लिए बूथ स्तर पर मतदाता पुनरीक्षण अभियान चलाया जा रहा हैए उन्होंने लोगो को मतदान के महत्व से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि भारत का लोकतंत्र दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। मत देना सबका अधिकार है। कोई मताधिकार का प्रयोग तभी कर सकता हैए जब मतदाता सूची में उसका नाम हो। जिन लोगो की उम्र एक जनवरी 2021 को 18 वर्ष पूरी हो रही है। वह फार्म.छह भरकर अवश्य जमा कर दें। सरकार हर बार मतदाता जागरूकता का अभियान चलाती है। ग्रामीण जनता अपने मत का सही प्रयोग कर सके। इसके लिए उन्हें जागरूक रहने की आवश्यकता हैए ताकि कोई उनका वोट खरीद न सके।

## बेकाबू ट्रक ने तीन को कुचला

**शाहगंज, जौनपुर।** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के डिहवा भादी लखनऊ बलिया मार्ग पर रविवार को सुबह तेज रफ्तार की बेकाबू ट्रक ने दो लोगों को रौंदते हुए सुल्तानपुर की तरफ भाग निकली। सरपतहां थाना क्षेत्र के सराय मोहिउद्दीनपुर पेट्रोल पम्प के निकट एक साइकिल सवार को रौंदते हुए सड़क किनारे गड्ढे में उतर गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार आजमगढ़ की तरफ से आ रही तेज रफ्तार की बेकाबू सीमेंट लदी ट्रक ;ट्रेलाद्ध ने शाहगंज थाना क्षेत्र के डिहवा भादी लखनऊ.बलिया मार्ग पर नीना अस्पताल के निकट घर के सामने कुल्हड़ सूखने के रख रही महिला गौरी देवी 50 वर्ष पत्नी नन्द लाल प्रजापति निवासी डिहवा भादी को बुरी तरह कुचल दिया जिससे उसकी घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। उसी के बगल सब्जी लादकर मंडी जा रहे सिनोद 25 वर्ष पुत्र नन्द लाल राजभर निवासी डिहवा को टक्कर मार दी जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया। इसके बाद चालक ट्रक लेकर सुल्तानपुर की तरफ भाग निकला कि रास्ते में सराय मोहिउद्दीनपुर बाजार के पास पेट्रोल पम्प के निकट साइकिल सवार मोण् रहमान 50 वर्ष पुत्र मोण् कुर्बान निवासी सराय मोहिउद्दीनपुर को रौंद दिया। इससे घटनास्थल पर ही उसकी दर्दनाक मौत हो गई जहां चालक ट्रक लेकर सड़क के किनारे गड्ढे में उतर गया। जानकारी मिलते ही प्रभारी निरीक्षक दुर्गेश्वर मिश्रा दलबल घटनास्थल पर पहुंचे जहां उपजिलाधिकारी राजेश वर्माए उप पुलिस अधीक्षक अंकित कुमारए तहसीलदार अभिषेक राय भी मौजूद रहे। घटनास्थल पर सैकड़ों की संख्या में पहुंचे ग्रामीणों ने लखनऊ.बलिया मार्ग को जाम लगा दिया।

## सपा ने बैठक कर बनाई आंदोलन की रणनीति



### सरकार के उत्पीड़न के खिलाफ एकजुटता का किया इजहार

संवाददाता। मऊ

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार पूरे प्रदेश के जिला मुख्यालयो पर होने वाले धरनाप्रदर्शन को लेकर समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं की बैठक हुआ। इसमें आंदोलन को सफल बनाने की रणनीति बनाया गया। बैठक को सम्बोधित करते हुए यूथ ब्रिगेड के जिलाध्यक्ष शहनवाज आलम ने कहा कि किसान विरोधी बिल दमनकारी सरकार वापस नही लेती है तो युथ ब्रिगेड के पदाधिकारी आंदोलन करने के बाध्य होंगे। समाजवादी छात्र सभा के जिलाध्यक्ष एडवोकेट दिलीप कुमार पाण्डेय ने कहा कि वर्तमान सरकार कुछ पूंजीपतियों को लाभ पहंचाने के लिए किसान बिल पारित कर सरकार किसानों के हितों का शोषण करना चाहती है। छात्र सभा के निण्प्रदेश सचिव खुशहाल सिंह ने कहा कि दिल्ली बॉर्डर पर बैठे देश के किसानों को भाजपा की दमनकारी सरकार उनको नया नाम खलिस्तान एवं आतंकवादी बताया गया। जो पूरे देश के किसानों को शर्मसार किये जाने का काम किया जा रहा है।जो भाजपा का दोहरा चरित्र अडानी अम्बानी के लिए काम कर रहा है। प्रबुद्ध सभा के जिलाध्यक्ष गौरव पाण्डेय ने कहा कि सरकार द्वारा किसानों का उत्पीड़न बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है।

# दो घरों से चोर ले उड़े नगदी सहित लाखों के जेवर व सामान

मुगलसराय,चन्दौली

### एक ही क्षेत्र में चोरी से क्षेत्रीय लोगों में दहशत

**स्थानीय** कोतवाली थाना अंतर्गत लखमीपुर साईं राम कॉलोनी स्थित दो घरों में हौसला बुलंद चोरों ने घुसकर की लाखों की चोरी।प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त क्षेत्र कॉलोनी निवासी सुजीत शाह ने बताया कि हम कपड़े का व्यापार करते हैं और परिवार के लोग शादी में गए हुए थे शुक्रवार की देर शाम हम भी कपड़े लेने कोलकाता गए हुए थे घर में ताला बंद था जिसका चोरों ने फायदा उठाया जब कोलकाता से वापस आकर देखा तो घर का सारा सामान बिखरा पड़ा हुआ था और अलमारी का ताला टूटा दिखाई दिय भुक्तभोगी ने बताया कि अलमारी के लॉकर में रखा सोने की एक सकड़ीएदो झुमकाएचार झालाएचार अंगूठी दो बालीएचार पायल व 22 हजार रु नकदी चोर अपने साथ ले गए वह भुक्तभोगी की मानें तो नगदी सहित कुल लगभग 3 लाख की चोरी हुई है।वही चोरों द्वारा चोरी किए गए सोने चांदी के जेवरात के डब्बे छत पर छोड़ दिए गए थे।वहीं उक्त क्षेत्र की दूसरी घटना विपिन बिहारी जो आर्मी में कार्यरत हैं उनके घर पर घटी उनके घर को भी चोरों ने घुसकर अच्छी तरह से खंगाला वही 5 हजार रु नगद चोर पर्स से निकाल कर अपने साथ ले गए घटना के वक्त विपिन बिहारी व उनकी पत्नी रंजन शाह दूसरे कमरे में सोए हुए थे बताते चलें कि इनका मकान का निर्माण अभी चल रहा है और किसी भी कमरों में दरवाजे नहीं लगे हैं जिसका फायदा चोरों ने उठाया।घटना के सूचना भुक्तभोगियों द्वारा स्थानीय पुलिस को दे दी गई थी।

## शिक्षा की रोशनी फैलाने में अग्रणी रहे डा. अवधराजः रमेश

**खेतासराय, जौनपुर।** भाजपा के बदलापुर विधायक रमेश चन्द्र मिश्र ने कहा कि डाण् अवधराज मौर्य का पूरा जीवन समाज के लिए हमेशा समर्पित रहा है। वह समाज के हर जरूरतमंदोंए पिछड़ोंए असहायों की हमेशा मदद करते थे। गरीब बेसहारा बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए वह निरंतर प्रयत्नशील रहे हैं। उन्होंने रविवार को खेतासराय कस्बा स्थित जेडी कान्वेंट स्कूल के संस्थापक डाण् अवधराज मौर्य की 7वीं पुण्यतिथि पर पैतृक आवास पर आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि कही। साथ ही आगे कहा कि पेशे से चिकित्सक रहे डाण् मौर्य ने इस कस्बे में विद्यालय की स्थापना करके समाज को मजबूती देने का कार्य किया है। इलाके में यह विद्यालय निरंतर प्रगति करते हुए सभी संसाधनों से लैस हो गया है। यहां के बच्चे देश.दुनिया में श्रेष्ठ स्थान हासिल करके इस क्षेत्र के साथ जिले का नाम विश्व में रोशन करेंए यही मेरी शुभकामना है। उन्होंने कहा कि डाण् मौर्य ने शिक्षा के मंदिर की जो स्थापना कीए वह एक दिन विशाल रूप धारण कर निरंतर प्रगति करें। इसके पहले उपस्थित जनों ने स्वण् मौर्य के चित्र पर पुष्प अर्पित करके उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर आचार्य कृष्ण मुरारी मौर्यए राज गौरव महाविद्यालय खुटहन के संस्थापक प्राचार्य ओम प्रकाश यादव, रविशंकर सरोज, शरद यादव एडवोकेट, सपा नेता शतीश यादव, ग्राम रोजगार सेवक संघ करंजाकला ब्लाक अध्यक्ष बृजेश मौर्य, सभासद जगदम्बा पांडेय, मनीष गुप्ताए डा चन्द्रजीत मौर्य, राकेश राजभर, कृष्णदत्त मौर्य, बलराम राजभर, इम्तियाज खांए मोण् रियाजए गोपाल जायसवाल मौजूद रहे।




## मानक वाले विद्यालयों को बनायें केन्द्र

### समीक्षा बैठक में उपमुख्यमंत्री का निर्देश

**जौनपुर।** प्रदेश के उप मुख्यमंत्री डा दिनेश शर्मा ने जिलाधिकारी दिनेश कुमार सिंह तथा पुलिस अधीक्षक राजकरन नैय्यर की उपस्थिति में वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के अतिथि गृह में माध्यमिक उच्च शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में उप मुख्यमंत्री ने हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा की तैयारियों की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान उन्होंने कहा कि बोर्ड परीक्षा शांतिपूर्ण एवं नकलविहीन तरीके से संपन्न कराई जाए। उन्हीं विद्यालयों को परीक्षा केंद्र बनाया जाए जो मानक को पूर्ण करते हो। परीक्षा केंद्रों के निर्धारण में शासन के निर्देशों का पालन अवश्य किया जाए। उप मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि परीक्षा केंद्र बनाने में राजकीय विद्यालयों तथा एडेड विद्यालयों को प्राथमिकता दी जाएए उसके पश्चात ही वित्तविहीन विद्यालयों को परीक्षा केंद्र बनाया जाए। उन्होंने विश्वविद्यालय तथा माध्यमिक विद्यालयों में चल रही कक्षाओं की भी जानकारी प्राप्त की। प्रभारी जिला विद्यालय निरीक्षक प्रवीण कुमार तिवारी ने बताया कि परीक्षा केंद्रों के निर्धारण की प्रक्रिया चल रही है। 641 विद्यालयों ने अपनी सूचनाएं पोर्टल पर अपलोड करा दी हैए जिनका सत्यापन कराया जा रहा है। उन्ही विद्यालयों को परीक्षा केंद्र बनाया जाएगा जो मानक को पूर्ण करते हैं ।

प्रधानमंत्री की सोच व कुशल नेतृत्व का लोहा मानता है विश्वः रमेश मिश्र

खेतासराय, जौनपुर। बदलापुर विधायक रमेश चन्द्र मिश्र ने पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने कार्यकाल में जो ऐतिहासिक फैसले लियाए उससे विश्व स्तर पर भारत का नाम ऊंचा हुआ है। श्री मिश्र ने कहा कि प्रधानमंत्री की बेहतर सोच और कुशल नेतृत्व का सारा विश्व लोहा मानता है। उनके दिशा निर्देशन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सूबे में विकास की बेहतर शुरूआत करते हुये पूर्वांचल के पिछड़ेपन को दूर करने की कवायद युद्ध स्तर पर शुरू कर दी है। इस अवसर पर पत्रकार इन्द्रजीत सिंह मौर्यए डाण् चन्द्रजीत मौर्य सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

## पत्रकारिता पर कार्यशाला का आयोजन

**डुमरियागंज।** डुमरियागंज नगर पंचायत स्थित सभागार में रविवार को ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन द्वारा एक दिवसीय पत्रकारिता कार्यशाला मंथन का आयोजन किया गया। जिसमें वक्ताओं ने अपना अनुभव साझा करते हुए क्षेत्रीय पत्रकारों को पत्रकारिता का गुर सिखाया। साथ ही ग्रामीण क्षेत्र के पत्रकारों को मीडिया का संबल बताया। कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए सेवा निवृत्ति डिप्टी डायरेक्टर व पूर्व मीडिया प्रभारी मुख्यमंत्री सूचना परिसर डा वजाहत हुसैन रिजवी ने कहा कि अखबरों की दुनिया में मुख्यधारा की पत्रकारिता की अपनी अलग चुनौतियां तो हैं हीए ग्रामीण इलाकों में भी चुनौतियां कुछ अधिक ही है।

## किसानों के समर्थन में सपा का आंदोलन आज

**सिद्धार्थनगर।** समाजवादी पार्टी का किसानों के समर्थन में सोमवार को सुबह 10: 00 बजे से जिला कलेक्ट्रेट पर एकदिवसीय आंदोलन होगा। समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष लालजी यादव ने देते हुए बताया कि बताया कि कार्यक्रम में जिले भर के सपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की मौजूदगी अनिवार्य है।

## सपाइयों ने निकाली किसान यात्रा

**सिद्धार्थनगर।** केंद्र सरकार द्वारा किसानों के कथित हित में बनाये गए कानून का पूरे देश में लगातार विरोध प्रदर्शन के बीच सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के अपील पर रविवार को पुनः पूर्व विधानसभा प्रत्याशी शोहरतगढ़ व वरिष्ठ सपा नेता मोहम्मद जमील सिद्दीकी ने शोहरतगढ़ विधानसभा क्षेत्र के दर्जनों गांवों में किसान यात्रा के माध्यम से लोगों को संबोधित किया। सपा नेता ने शोहरतगढ़ तहसील अंतर्गत करौंदा चौराहा, महला, लखनपारा, चिंघ्याया कोईली, मनोहारी, खेतवाल मिश्र, सिरवात, बरगदवा, पलिया, खमरिया, आदि दर्जनों गांवो का दौरा किया व समाजवादी पार्टी की नीतियों का प्रचार प्रसार किया। किसानों को घर–घर पहुंचकर जागरूक किया। किसानों को संबोधित करते हुए मो जमील सिद्दीकी ने कहा यह सरकार जनविरोधी काम रही है।

## झूठी गवाही देने वाली दुष्कर्म पीड़िता अर्थदंड अदा कर हुई रिहा

**जौनपुर।** सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के दुष्कर्म के मामले में झूठी गवाही देने वाली दुष्कर्म पीड़िता के खिलाफ प्रकीर्ण वाद दर्ज हुआ था। लोक अदालत में उसने जुर्म स्वीकार करते हुए मुकदमा समाप्त करने की न्यायालय से गुजारिश किया।अपर सत्र न्यायाधीश ने आदेश दिया कि पीड़िता सोचने समझने की क्षमता रखती है। उसे अभियुक्त के विरुद्ध कार्यवाही सोच समझ कर करना चाहिए था। कोर्ट ने पीड़िता को चार सौ रुपए जुर्माने से दंडित किया। जुर्माना अदा कर वह रिहा हो गई। पीड़िता ने सरायख्वाजा थाने में गुड्डू के खिलाफ8 जून 2013 को प्रार्थना पत्र देकर एफआई आर दर्ज कराया था कि उसने शादी का झांसा देकर उसके साथ दुराचार किया पुलिस ने चार्जशीट दाखिल की बाद में उसने कोर्ट में बयान दिया कि शिक्षा से गुड्डू से शारीरिक संबंध बनाया था जब उसने शादी कर लिया तब उसके खिलाफ एसपी को प्रार्थना पत्र देकर दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज कराया अपर सत्र न्यायाधीश ने आरोपी गुड्डू को साक्ष्य के अभाव में 23 जून 2018 को दोषमुक्त कर दिया तथा वादिनी पीड़िता के खिलाफ झूठी गवाही देने का फ्क्रीर बाद दर्ज कर नोटिस जारी किया।

## अवैध अस्पतालों के खिलाफ दर्ज कराया जाय एफआइआर : डीएम

**जौनपुर।** जिला प्रशासन की नजर अब अवैध रूप से चल रहे अस्पतालों और झोलाछाप डाक्टरो पर है। डीएम ने सीएमओ को सख्त आदेश दिया है कि अवैध व बगैर लाइसेंस प्राप्त किये अस्पताल संचालको के खिलाफ अभियान चलाकर आवश्यक कार्रवाई किया जाय। विभाग में बेचैनी का कारण है कि अधिकांश फर्जी चिकित्सालय उन्ही की अनुकम्पा से ही संचालित होते है। शनिवार की शाम डीएम ने सीएमओ को लिखित आदेश दिया कि जनपद में अवैध रूप से एवं बिना लाइसेंस प्राप्त किये अस्पतालों द्वारा गर्भवती महिलाओं की डिलेवरी करायी जा रही है।

# काम और विचार ही किसी व्यक्ति को बनाता है बड़ाः सदर सांसद



संवाददाता। देवरिया

**सदर** विकास खंड के ग्राम पंचायत इजरही में समाजसेवी विष्णु विशाल तिवारी उर्फ बल्लू तिवारी जी के पिता स्वर्गीय बृजेश तिवारी गौतम तिवारी के 20वीं पुण्यतिथि पर आयोजित श्रद्धांजली सभा को संबोधित करते हुए सदर सांसद एवं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ रमापति राम त्रिपाठी ने कहा कि कोई भी व्यक्ति बड़ा नहीं होता बल्कि उसका कार्य और विचार बड़ा होता है उसके जीवन मूल्यों को जीवन में उतारना ही समाज का नैतिक कर्तव्य तथा उस व्यक्ति के प्रति सच्ची श्रद्धांजली होती है। डॉक्टर त्रिपाठी ने कहा कि स्वर्गीय बृजेश त्रिपाठी ;गौतम तिवारीद्ध जी मेरे छात्र जीवन के संघर्षों के साथी रहे उन्होंने कभी भी जीवन मूल्यों के साथ समझौता नहीं किया तथा सदैव गरीबों और वंचितों के साथ पूरी निष्ठा के साथ लगे रहे। धर्मशील तिवारी जी ने कहा कि स्वर्गीय बृजेश तिवारी गरीबों और वंचितों के सच्चे सेवक थे। उन्होंने हमेशा सच्चाई का साथ दिया। मंडल अध्यक्ष राजन यादव ने कहा कि गरीबों की सेवा ही ईश्वर की सच्ची भक्ति है लोगों को तिवारी जी के जीवन से सीख लेनी चाहिए। पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष राधेश्याम शुक्ला जी ने कहा कि आदमी का नाम उसको उसके कर्मों से जाना जाता है। व्यक्ति जैसा कार्य करता है समाज में उसकी वैसी ही छवि बनती है इसके पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ माननीय सांसद द्वारा स्वर्गीय बृजेश तिवारी जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पा ?जली अर्पित कर किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करने वालों में डॉ मधुसुदन मिश्रा, विज्ञान संचारक अनिल तिवारी, फ्लाहारी बाबा, डॉ प्रवीण निखर, सुनील सिंह, अजीत तिवारीएअमित पांडेय आदि लोग प्रमुख रहे। इस अवसर पर सदर सांसद ने गरीबों को कम्बल देकर सम्मानित किया। सदर सांसद को विष्णु विशाल तिवारी ने अंग वस्त्र भेंट किया। कार्यक्रम के दौरान रामकुमार यादवए शैलेश पांडे, विजय प्रताप पांडे, जितेंद्र गुप्ता, अनिल कुशवाहा,रामचंद्र गुप्ता, लल्लन तिवारी, गेलही यादव, शिवेन्द्र तिवारी, पवन राजभर, दिनेश शर्माए संदीप श्रीवास्तव, कमलेश तिवारी,सुरेश तिवारी, अमरनाथ तिवारी, महंत बाल योगी दासए शुभम तिवारीए नंदलाल गुप्ताए दुर्गेश आदि लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन अजीत तिवारी ने किया ।

### भाजपा सरकार की पहली प्राथमिकता है कृषि

**देवरिया ।** सलेमपुर सांसद रविन्द्र कुशवाहा ने समता निवास स्थित अपने आवास पर प्रेसवार्ता में कहा कि भाजपा की सरकार में किसान खुशहाल हुये है।केंद्र सरकार के लिए कृषि प्राथमिकता है और किसान का हित सर्वोपरि है और इसी मंशा से मुद्दों का समाधान और आशंकाओं को दूर करने की पहल की गई है और इस पहल को आगे भी जारी रखने के लिए सरकार के द्वार खुले हुये है। जब तक कृषि और गांव दोनों आत्मनिर्भर नहीं बनेंगे तब तक देश को आत्मनिर्भर बनाने का जो सपना है पूरा नहीं होगा। इसलिए सरकार द्वारा कोशिश की गई कि गांव और किसान आत्मनिर्भर बनें और समृद्ध बनें। किसान की आर्थिक बेहतरी के लिये पीएम किसान सम्मान निधि योजना लागू की गयी।संस्थागत ऋण व्यवस्था का सरलीकरण एवं विस्तार किया गया है तथा समर्थन मूल्यपर खरीदी को लगातार सुदढ़ किया गया है। राष्ट के किसानों की अथक मेहनत से भारत खाद्यान्न सुरक्षा को प्राप्त कर सकता है। हरित क्रांति में पंजाब एहरियाणा एव पश्चिमी उत्तर प्रदेश के किसानों का योगदान उल्लेखनीय है।जहां भारत पहले खाद्यान्न की कमी से जूझता था आज हम सरप्लस फसलो की बिक्री तथा किसान को उच्च मूल्य प्राप्ति हेतु प्रयासरत है। किसानों को वित्तीय लाभ के लिए सरकार ने वित्तीय वर्ष 2020-21 में कृषि विभाग का बजट रुपये 1,34,399 करोड़ है जो वर्ष 2013=14 के बजट का छः गुना है। उन्होंने बताया कि किसानों को उनकी मर्जी के मुताबिक फसलो के विक्रय हेतु वर्तमान मंडियों की व्यवस्था लागू की गयी है जिससे नए विकल्प मिल सके और फसलो का ज्यादा दाम मिल सके एवं उच्च मूल्य की नई किस्म की फसलों को उगाने हेतु बाजार उपलब्ध हो सके एजिससे किसानों को भी अन्य उत्पादकों की तरह उत्पाद बेचने का अधिकार मिल सकेगा। पीएम किसान योजना के तहत 10.59 करोड़ किसानों को लाभान्वित करते हुए अद्यतन कुल 95979 करोड़ रुपये हस्तांतरित किये गए है। खरीफ2020-21 में धान की अधिप्राप्ति 356,18 लाख मैट्रिक टन हुई है जो पिछले वर्ष की अपेक्षा 20 प्रतिशत अधिक है। कृषि सुधारो की अवधारणा के लिए अंतरराष्ट्रीय मानकों के आधार पर फसलो का उत्पादन पूरे विश्व के निर्यात बाजार खोल सकता है।उन्होंने बताया कि किसानों के ऊपर लगी पाबन्दियों को हटाने तथा उन्हें विपणन के पुराने विकल्प को चालू रखते हुए नए विकल्प उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है जिससे किसानों को उपज का अधिक दाम मिल सकेगा। सरकार चाहती है कि किसानों का एक संगठन बने जिससे वे स्वयं अपनी फसलों की विपणन व्यवस्था बना सके जिसके लिए 10 हजार नए एफपीओ गठन की योजना शतप्रतिशत केंद्र सरकार द्वारा पोषित है।

## सामूहिक विवाह संपन्न

**डुमरियागंज,सिद्धार्थनगर।** डुमरियागंज ब्लाक प्रांगण में आयोजित मुख्य मंत्री सामूहिक विवाह समारोह में 13 जोड़ो का विवाह सम्पन्न हुआ जिसमें मुख्य अतिथि डुमरियागंज भाजपा विधायक एवं हिंदू युवा वाहिनी के प्रदेश प्रभारी राघवेन्द्र प्रताप सिंह रहें इस दौरान डुमरियागंज सांसद जगदंबिका पाल के कार्यालय प्रभारी कमलेश चौरसिया उपजिलाधिकारी तिरभुवन, भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष एवं डुमरियागंज ब्लाक प्रमुख संरक्षक नरेन्द्र मणि त्रिपाठी, भनवापुर ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि पंडित लवकुश ओझा खंड विकास अधिकारी, सुशील कुमार अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत शिवकुमार भाजपा मंडल अध्यक्षए रमेश पांडेय, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि एवं भाजपा जिला मंत्री मधुसूदन अग्रहरि,कसीम रिज़्वी, प्रधान संघ के अध्यक्ष संतोष सैनीएउदय पाल ये वर्मा, राजू पाल, सोनू सिंह, राजकुमार चौधरी,कोतवाल के डी सिंह, लेखपाल संघ के अध्यक्ष रमेश कुमार श्रीवास्तव, बब्बू श्रीवास्तव , अंकित श्रीवास्तव सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

पायनियर
लखनऊ,सोमवार, 14 दिसबर 2020



# पूरी हों किसानों की मांगें

## 90 प्रतिशत जनता का रुपया पैसा सरकार अडानी, अम्बानी को दे रही हैः रणधीर सुमन

संवाददाता। बाराबंकी

किसान आन्दोलन के समर्थन में चले रहे गांधी प्रतिमा के सामने धरना दे रहे किसानों को सम्बोधित करते हुए प्रान्तीय उपाध्यक्ष रणधीर सिंह सुमन ने कहा कि किसान मजदूर व्यापारी या 90 प्रतिशत जनता का रुपया छीनकर सरकार अडानी, अम्बानी को दे रही है। इसी वजह से देश में अव्यवस्था में गिरावट जारी है। किसान सभा के अध्यक्ष विनय कुमार सिंह ने कहा कि किसान आन्दोलन में ज्यादा से ज्यादा किसानों को शामिल होकर अपनी बात करना होगा सरकार चाहती है आन्दोलन हिंसक हो जाय वह नहीं होगा। देश का आन्दोलन सरकार के पतन का कारण होगा। भारतीय कम्युनिट पार्टी के जिला सहसचिव डॉ. कौसर हुसैन ने कहा कि यह आन्दोलन किसानों के जीवन मरण का आन्दोलन है। सहसचिव शिवदर्शन वर्मा ने कहा कि जनपद में किसानों की धान की उपज का कोई खरीददार नहीं है। एक हजार रूपये प्रति कुन्तल धान बिक रहा है। किसान सभा के उपाध्यक्ष प्रवीण कुमार ने कहा कि आन्दोलन तेज किया जायेगा। सरकार किसानों के खिलाफ कितनी अफ्वाहें फैलावे जनता अब जुमलेबाजों को समझ रही है। धरना सभा को आल इण्डिया स्टूडेन्टस फेडरेशन के महेन्द्र यादव नौजवान सभा के जिला अध्यक्ष आशीष शुक्ला, जिला लाल, दीपक वर्मा, ज्ञानेश्वर वर्मा, गिरीश चन्द्र रामनरेश आदि ने सम्बोधित किया।

## समाजवादी पार्टी का धरना प्रदर्शन आज

**ललितपुर**। समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल के आहवाान पर जिला स्तर पर किसानों के अधिकारों को सुरक्षित रखने और कृषि बिल को तत्काल वापस लिये जाने की मांग करते हुये प्रदर्शन किया जा रहा है। इसी क्रम में रविवार को विशाल किसान यात्रा ग्राम जुगपुरा से शुरू होकर विभिन्न ग्रामीण अंचलों से होते हुये उत्तमधाना पहुंची। जहां यात्रा का समापन किया गया। यात्रा के जरिए किसानों को जागरूक करते हुये समाजवादी पार्टी के प्रदेशीय आह्वान पर 14 दिसम्बर को घण्टाघर पर होने वाले विशाल धरना प्रदर्शन में पहुंचने के लिए आहवान किया गया। जुगपुरा से शुरू हुयी विशाल किसान यात्रा को हरी झण्डी दिखाकर रवाना करते हुये समाजवादी पार्टी जिलाध्यक्ष तिलक यादव ने कहा कि वर्तमान में हरियाणा, पंजाब के ही नहीं, बल्कि उत्तर प्रदेश के किसान कृषि बिल के विरोध में है। लेकिन सत्तापक्ष द्वारा किसानों की आवाज को दबाने का भरशक प्रयास किया जा रहा हैए जिससे प्रदेश के किसानों की आवाज मुखर नहीं हो पा रही है। उन्होंने कहा कि भारत का अन्नदाता किसान जब अपने अधिकारों को लेकर प्रदर्शन कर रहा हैए तो केन्द्र व प्रदेश सरकार ने दमनकारी नीतियों को अपनाते हुये ठण्ड के मौसम में भी किसानों पर पानी की बौछार और पुलिस बल प्रयोग करने से जरा भी नहीं सोचा। कहा कि कृषि बिल यदि किसानों के अधिकारों को बढ़ावा देने और उनकी आय को बाकई में दोगुना करने वाला होता तो किसान इस बिल के विरोध में खड़े नहीं होते। उन्होंने कहा कि राजनैतिक दलों द्वारा किसानों का समर्थन किये जाने से केन्द्र व प्रदेश सरकारों को अपनी जमीन खिसकती नजर आ रही हैए इसलिए अब किसानों के प्रदर्शन को सरकार द्वारा राजनैतिक द्वेषभावना से किये जाने वाला आंदोलन कह रही है। उन्होंने भारत के महामहिम राष्ट्रपति से केन्द्र सरकार द्वारा लोकसभा में पारित किये गये कृषि बिल को तत्काल वापस लिये जाने की पुरजोर मांग उठायी।

## सपाइयों ने निकाली किसान यात्रा



**अमेठी**। किसान बिल को लेकर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के आदेशानुसार आज सातवें दिन सपा छात्रसभा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य जयसिंह प्रताप यादव ने श्री का पुरवा, पदमिन का पुरवा सहित कई गांवो में किसान यात्रा निकाल कर विरोध प्रदर्शन करते हुए किसानों के बीच जाकर जागरूक किया।

सपा नेता जयसिंह प्रताप यादव ने कहा कि वर्तमान की भाजपा सरकार किसान विरोधी हैएजब देश अन्नदाता किसान अपने हक की बात करता है तो सरकार में बैठे लोग उन्हें कड़कती ठंड में पानी के बौछारें और आसू के गोले और मुकदमें देती है। जिससे यह साबित होता है हुकूमत में बैठे लोग किसानों के हकों पर डाका डाल कर हत्या करने पर मजबूर करते हैं। अगर सरकार किसानों की बाते नही मानी तो पूरे प्रदेश में बड़े पैमाने पर जेल भरो आंदोलन होगा ।सपा प्रमुख अखिलेश यादव किसानों के आंदोलन में मजबूती से खड़े हैं सपा किसान आंदोलन को पूर्ण समर्थन कर रही है। कार्यक्रम में सौरभ यादव , बब्लू कोरी, कपिल, प्रभात, सजय कश्यप, दीपक तिवारी, रजनीश, रवि मौर्य, सिकंदर खान, दिनेश, लवकुश, मो. वकील, अंकुश, राजा मानसिंह, अविनाश, वीरबहादुर संतोष, हरिकेश, अंकुर सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## किसानों के समर्थन में सपाइयों ने निकाली रैली

जगदीशपुर (**अमेठी**)। बीजेपी सरकार द्वारा नया कृषि कानून लागू करने के विरोध को लेकर किसानों के समर्थन में सपाइयों ने रैली निकाल सरकार विरोधी नारे लगाए ।

जगदीशपुर विकास खण्ड स्थित मौर्या की बैग में सपा विधान सभा

# अब ऑनलाइन निर्धारित किए जाएंगे परीक्षा केंद्र

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में यूपी बोर्ड परीक्षा के केंद्र निर्धारण सम्बन्धी बैठक आयोजित

संवाददाता। अमेठी

**जिलाधिकारी** अरुण कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में यूपी बोर्ड की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट परीक्षा-2021 में अनलाइन प्रकिया द्वारा केंद्र निर्धारण सम्बन्धी बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि बोर्ड परीक्षा केंद्र निर्धारण में विभिन्न प्रकार की अनियमितता होने की शिकायतों को देखते हुए अब परीक्षा केंद्रों के निर्धारण में अनियमितताओं को रोकने के लिए आनलाइन प्रक्रिया द्वारा किया जायेगा। इससे परीक्षा केंद्रों के निर्धारण के बाद सवाल नहीं उठ सकेंगे। उन्होंने बताया कि शासन ने कॉलेजों की आधारभूत संसाधनों की जांच डीएम की ओर से गठित टीम की निगरानी में होगी। इतना ही नहीं जिन कॉलेजों की परीक्षार्थियों के बैठने की क्षमता अधिक है और उनका रिजल्ट बेहतर रहने के साथ ही पिछले वर्ष वह परीक्षा केंद्र बने थे, उन्हें इस बार फिर से परीक्षा केन्द्र बनाने हेतु वरीयता दी जायेगी। जिलाधिकारी ने बताया कि माध्यमिक शिक्षा परिषद की बोर्ड परीक्षाएं कराने के लिए केंद्र निर्धारण नीति जारी हो चुकी है। परीक्षा केंद्रों के निर्धारण के लिए जिले के इंटर कॉलेजों और हाईस्कूलों की सूचनाएं अपडेट गत पांच दिसंबर तक करायी जा चुकी है। इसके बाद ऑनलाइन अपलोड विवरण के आधार पर परीक्षा केंद्र बनाए गए स्कूलों का भौतिक सत्यापन जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित जिला समिति 20 दिसम्बर तक करेगी। जिला समिति के सत्यापन की आख्या जिला विद्यालय निरीक्षक के माध्यम से परिषद की वेबसाइट पर 26 दिसंबर तक अपलोड करनी होगी।

इसी क्रम में प्रधानाचार्यों द्वारा अपलोड जानकारी और जिला समिति की सत्यापन रिपोर्ट के आधार पर ऑनलाइन केंद्र बनाकर परीक्षा केंद्रों पर छात्र आवंटन की सूची 11 जनवरी तक परिषद की वेबसाइट पर अपलोड की जाएगी। ऑनलाइन बने केंद्रों पर किसी भी आपत्ति को ऑनलाइन स्वीकार करने की अंतिम तिथि 16 जनवरी होगी।

## करंट से मासूम की गई जान

लालगंज (**प्रतापगढ़**)। कोतवाली के देवापुर अर्जुनपुर निवासी राजबहादुर सरोज का छह वर्षीय बेटा रिंकू सरोज शनिवार शाम को घर के बगल खेल रहा था। समीप ही प्राथमिक विद्यालय के यूकेलिप्टस का पेड़ कट रहा था। अचानक पेड़ की एक भारी भरकम डाल विद्युत तार पर जा गिर पड़ी। इससे वहां लगा विद्युत पोल टूट गया। खेल रहा मासूम रिंकू पोल गिरने से गम्भीर रूप से घायल हो गया।घटना की सूचना मिलते ही बदहवास परिजन मौके पर पहुंचे और रिंकू को आनन फानन में लालगंज सीएचसी इलाज के लिए ले आए। यहां से हालत गम्भीर देख चिकित्सकों ने गम्भीर रूप से घायल बालक को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। परिजनों के मुताबिक जिला अस्पताल में उपचार के बाद उसे चिकित्सकों ने देर रात्रि को प्रयागराज के लिए रेफर कर दिया। रास्ते में मासूम ने दम तोड़ दिया। मासूम की मौत की खबर घर पहुंची तो कोहराम मच गया।

## दो दिन गायब युवक का शव तालाब में मिला

गौरीगंज (**अमेठी**)। कोतवाली मुंशीगंज में रविवार को पूरे नंदा मिश्र का पुरवा भट्टमई गांव के बाहर तालाब में ग्रामीणों ने शव दिखाई दी तो इसकी सूचना ग्रामीणों ने पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को तालाब से बाहर निकलवाया। जिसकी पहचान गांव के ही श्याम मिश्रा 30 वर्ष पुत्र लालता प्रसाद मिश्रा के रूप में हुई। रविवार को शव मिलने से ग्रामीणों में हड़कंप मच गयाए शव मिलने की सूचना पर परिजन घटनास्थल पर पहुंचे। शव की शिनाख्त अपने पुत्र श्याम मिश्रा के रूप में किया। और यह भी बताया कि यह दो दिन से गायब था। वह नशे का आदी था। जिसे दो दिन से रिश्तेदारी में पता किया जा रहा था। कि आज यह शव मिलने सूचना मिली। वह मेरा पुत्र ही निकला उपनिरीक्षक प्रदीप मिश्रा ने बताया कि शव मिलने की सूचना पर पहुंचे थे। जो प्रथम दृष्टया व्यक्ति नशेड़ी किस्म का व्यक्ति नजर आ रहा था। शव को बाहर निकलवा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

# माफिया दिनदहाड़े चला रहे हरे-भरे पेड़ों पर आरा

## क्षेत्रीय पुलिस व वन विभाग मौन

## निरीक्षक और रेंजर के बयान में विरोधाभास

संवाददाता। बाराबंकी

**तहसील** क्षेत्र अंतर्गत आलियाबाद कस्बे से जुड़ी हरे-भरे आम की बाग को पुलिस और वन विभाग की मदद से दिनदहाड़े काटकर दबंग किस्म के लोग प्लाटिंग की तैयारी कर रहे हैं लेकिन अधिकारी सब जान कर भी अंजान बने हुए हैं। ज्ञात हो कि आलियाबाद कस्बे से गुलचप्पा गांव में निजामुर्रह्मान की करीब चार बीघे भूमि की गाटा संख्या 244 पर प्लाटिंग करने के लिए दबंग लोगों ने पुलिस तथा वन विभाग से सांठगांठ करके मात्र आठ पेड़ों की परमिट लेने के बाद रविवार को 12 पेड़ काट डाले। मजदूरों के मुताबिक इस भूमि पर लगे हुए करीब 60 आम के पेड़ों को काटने के लिए ठेकेदार को ठेका दिया गया है। बाग से मात्र 100 मीटर दूर चौकी होने के बावजूद पुलिस कार्रवाई न करके उन्हें बचाने में लगी नजर आई।

बाग की कटान के मामले में दरियाबाद कोतवाली निरीक्षक सुमित श्रीवास्तव ने बताया कि आलियाबाद चौकी प्रभारी ने उन्हें 40 पेड़ों के काटे जाने की परमिट के बारे में बताया है और उसी के मुताबिक कटान हो रही है। दूसरी ओर रामनगर वन क्षेत्र के रेंजर सुबोध शुक्ला ने बताया कि 17 पेड़ों को काटने की परमिट जारी की गई है। दोनों अधिकारियों के बयान के बाद मौके पर कटान करा रहे लोगों द्वारा केवल 8 पेड़ों की कटान की ही परमिट दिखाई जा सकी। जब परमिट आठ की थी तो कोतवाली पेड़ों को काटने की परमिट के लिए जिला उद्यान विभाग द्वारा निरीक्षण करके पेड़ों के रोग ग्रस्त होने तथा फलदाई ना होने की रिपोर्ट लगाई जाती है लेकिन यहां पर ग्रामीणों के मुताबिक पिछले वर्ष भी बाग में आम के पेड़ों में आम की अच्छी फसल पैदा हुई थी। पेड़ों के काटे जाने के मामले में डीएफओ संत कुमार त्रिपाठी ने बताया कि विभाग के अधिकारियों द्वारा उन्हें पेड़ों के आसपास मकान होने तथा पेड़ों के गिरने से मकानों को खतरा होने की बात बताकर परमिट ली गई हैएजबकि बाग के आसपास 50 मीटर तक कहीं मकान नजर नहीं आए हां यह बात अलग रही कि अगल-बगल प्लाटिंग के लिए तैयारी जरूर की गई है। श्री त्रिपाठी ने कहा इस मामले में वन विभाग के अधिकारियों के साथ ठेकेदार और बाग मालिक के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई कराई जाएगी।

# युवा व्यापारी सुशील जायसवाल बने शिवसेना के जिला प्रमुख



संवाददाता। बाराबंकी

**शिवसेना** जिला प्रमुख मनोज विद्रोही ने संगठन के पूर्व नगर प्रमुख रहे युवा व्यापारी सुशील जायसवाल उर्फ बबलू को भारतीय व्यापार सेना बाराबंकी जिला इकाई का जिला प्रमुख नियुक्त किया है। नगर के आज़ाद नगर में आयोजित कार्यक्रम में शिवसेना जिला प्रमुख ने मनोनयन पत्र प्रदान किया। इस मौके पर शिवसेना जिला प्रमुख मनोज विद्रोही ने कहाकि शिवसेना किसान,मजदूर,व्यापारी,युवाओं एवं छात्रों के लिये निरंतर संघर्ष करती रहती है व्यापारी समाज को शिवसेना से जोड़ने के लिये आज सुशील जायसवाल को व्यापार सेना के जिला प्रमुख का दायित्व प्रदान किया गया है जो अपने दायित्व पर खरे उतरेंगे। कार्यक्रम का संचालन विद्यार्थी सेना जिला प्रमुख पं दिव्य प्रकाश पाठक ने किया। इस मौके शिवसेना जिला प्रधान महासचिव पं संजय शर्मा,जिला वरिष्ठ उप प्रमुख कमलेश सिंह चौहान, जिला उप प्रमुख दीपू वाल्मीकि उर्फ पंडितजी, जिला प्रवक्ता कौशल शुक्ला,रामसनेही घाट प्रभारी फूल चंद्र वर्मा सिद्धौर ब्लाक उप प्रमुख सुखमी लाल, प्रवीन वर्मा, निर्मल गुप्ता, सूर्य प्रकाश, विजय जायसवाल,विजय चंदन जायसवाल, गौरव गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## संदिग्ध परिस्थितियों में रेल लाइन के किनारे युवक का शव मिला

रामनगर (**बाराबंकी**)। बुढ़वल रेलवे स्टेशन के पास रेल लाइन के किनारे 20 वर्षीय युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिला। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची जीआरपी पुलिस ने शव का पंचनामा कर अन्त्य परीक्षण के लिए जिला चिकित्सालय भेज दिया।

प्राप्त विवरण के अनुसार बीते शनिवार की रात्रि बुढ़वल रेलवे स्टेशन के समीप रेल पटरी के किनारे एक 20 वर्षीय युवक का क्षत-विक्षत शव पाया गया। घटना की सूचना पर पहुंची रेलवे पुलिस पुलिस को जांच पड़ताल के दौरान शव से कुछ दूरी पर पाए गए मोबाइल फोन से युवक की शिनाख्त थाना मसौली के ग्राम जवारीपुर के निवासी निरंकार सिंह पुत्र सत्य प्रकाश सिंह के रूप में हुई। मृतक के परिजनों के अनुसार सभी लोग एक वैवाहिक समारोह में गए थे। लेकिन मृतक निरंकार सिंह यहां तक कैसे पहुंचा इसकी कोई जानकारी नहीं।

# नशा उन्मूलन को निकाली रैली

संवाददता। रामसनेहीघाट बाराबंकी

**गायत्री** तीर्थ शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में रामसनेहीघाट गायत्री शक्तिपीठ के कार्यकर्ताओं द्वारा रविवार को नशा उन्मूलन अभियान के तहत रैली निकालते हुए स्टीकर लगाओ अभियान चलाया गया जिसमें स्थानीय कस्बा सुमेरगंज भिटरिया के हर घर एवं हर दुकान पर स्टीकर चिपका कर लोगों को नशा न करने की सलाह दी गई।

भिटरिया स्थित हनुमान मंदिर प्रांगण से शुरू हुई रैली शक्तिपीठ रामसनेहीघाट में समाप्त हुई। इस दौरान भिटरिया हैदरगढ़ रोड,भिटरिया बाराबंकी रोड, भिटरिया दरियाबाद रोड एवं भिटरिया से तहसील तक नशा मुक्त अभियान को गति प्रदान करने के लिए स्टीकर लगाए गए,साथ ही स्लोगन के माध्यम से लोगों को नशा न करने की सलाह दी गई। रैली शुरू होने से पूर्व उपस्थित कार्यकर्ताओं एवं लोगों को संबोधित करते हुए गायत्री शक्तिपीठ रामसनेहीघाट के मुख्य ट्रस्टी डॉ



शिवाकांत त्रिपाठी ने कहा कि नशा हमारे समाज को पूरी तरह से खोखला कर रहा है,नशे के चलते परिवार तबाह हो रहे हैंए घरों में आपसी कलह होती है,नशे का आदी मनुष्य घर बार बेंच कर अपने नशे की प्रवृत्ति को पूरा कर रहा हैए ऐसे में जरूरत इस बात की है कि लोगों को नशा न करने के लिए प्रेरित किया जाए। जो लोग गुटका, पान, तंबाकू, शराब,गांजा, भांग आदि का सेवन करते हैं, उन्हें उसके अवगुणों को बताते हुए नशे से मुक्ति दिलाई जाए,जिससे यह धरती,घर और परिवार में स्वर्गीय वातावरण उत्पन्न हो सके। उन्होंने कहा कि गायत्री परिवार द्वारा शुरू किया गया यह अभियान जारी रहेगा तथा आने वाले समय में बहरेला, देवीगंज, कोटवा सड़क, दरियाबाद सहित अन्य प्रमुख बाजारों में भी यह अभियान चलाते हुए ग्रामीण क्षेत्रों तक ले जाया जाएगा। इस मौके पर गायत्री शक्तिपीठ रामसनेहीघाट के मुख्य ट्रस्टी डॉ. शिवाकांत त्रिपाठी, रमाकांत त्रिपाठी, बृजेश श्रीवास्तव ,हरगोविंद सिंह, राकेश कुमार सिंह ,प्रमोद सिंह, राणा वीर सिंह आदि मौजूद रहे।

# आईजीआरएस में शिकायतों के निस्तारण पर आरटीआई एक्टिविस्ट ने उठाए सवाल

संवाददाता। गौरीगंज (अमेठी)

**जिले** को आईजीआरएस के तहत शिकायतों के निस्तारण में प्रथम स्थान मिलने पर आरटीआई एक्टिविस्ट यादवेंद्र श्रीवास्तव ने सवाल उठाया है। आरटीआई एक्टिविस्ट यादवेंद्र का कहना है कि अमेठी जनपद को लगातार आइजीआरएस पर प्रथम स्थान मिलने पर सवाल इसलिए खड़ा हुआ है कि इसके तहत की गई शिकायत पर इंसाफके लिए दर-दर की ठोकरें खाने को मजबूर होना पड़ रहा है। कई बार इंसाफके लिए आईजीआरएस पर शिकायत पत्र दिया, लेकिन फर्जी तरीके से निस्तारण कर दिया जाता है। आरटीआई कार्यकर्ता यादवेंद्र श्रीवास्तव ने अपना दुख व्यक्त किया है और जिला अधिकारी अमेठी से ट्विटर पर सवाल करके आईजीआरएस मे होने वाले फर्जी निस्तारण की ओर ध्यान देने का अनुरोध किया है। बता दें कि आरटीआई कार्यकर्ता यादवेंद्र श्रीवास्तव की खाते की जमीन पर पिछले 10 वर्षो से थाना जामो द्वारा अवैध रूप से कब्जा करके निर्माण कार्य कर लिया गया है । जिससे कि उनकी जमीन का रास्ता भी पूरी तरह से बंद हो गया है । जिसके लिए वह लगातार जिला अधिकारी और पुलिस अधीक्षक से मिलते चले आ रहे हैं । डीएम अमेठी जब इस मामले की जांच कराते हैं तो आख्या लगाई जाती है कि थाने द्वारा अवैध कब्जा किया गया है और मुआवजा के लिए प्रस्ताव पुलिस अधीक्षक कार्यालय भेज दिया गया है । जब पुलिस अधीक्षक से मिलते हैं तो आख्या लगाई जाती है कि यह राजस्व का मामला है इसका पुलिस विभाग से कोई लेना-देना नहीं है।

# संस्कार और चरित्र ही भारतीय संस्कृति का गौरवः देवानन्द मिश्र

संवाददाता। लालगंज (प्रतापगढ़)



**क्षेत्र** के नोती स्थित श्री परांकुश संस्कृत महाविद्यालय में रविवार को ढ़ाई दर्जन वटुकों का वैदिक मंत्रोचारण के मध्य तृतीय सामूहिक उपनयन संस्कार संपन्न हुआ। उपनयन संस्कार में पहुंची ग्रामीण महिलाओं ने वटुकों को भीखी की परम्परा के तहत नेक व आशीर्वाद भी प्रदान करती दिखीं। वहीं आचार्य समूह ने मंत्र उच्चारण के मध्य वटुकों के दीर्घ जीवन तथा जीवन पथ के सुयश को लेकर शुभाषीस सौंपा। सामूहिक उपनयन संस्कार को लेकर वटुकों के चेहरे भी खिले दिखे। वहीं वटुक समूह ने भारतीय संस्कृति के सुरक्षा व संवर्धन का सामूहिक प्रतिज्ञान भी किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि आचार्य देवानन्द मिश्र ने वटुकों से चरित्र तथा संस्कार के प्रति सदैव समर्पित रहने एवं राष्ट्र सेवा के बोध कराए। बतौर विशिष्ट अतिथि नगर पंचायत लालगंज चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी ने कहा कि उपनयन संस्कार भारतीय संस्कृति का वैभव है। उन्होने भी वटुकों से राष्ट्र धर्म के प्रति जागरूक भूमिका का आह्वान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य पं. पारसनाथ त्रिपाठी ने किया। संयोजक रामकुमार पांडेय तथा शैलेंद्र ने सामूहिक उपनयन संस्कार की उपादेयता पर प्रकाश डाला। संचालन आचार्य विनीत मिश्र ने किया। वटुक समूह की ओर से अर्जुन त्रिपाठी, शिवम मिश्रा, गौरव द्विवेदी, सत्यम शुक्ला, सरस तिवारी, ललित पांडेय, प्रशांत, कुलदीप, प्रणव मिश्र, शुभांशु, अंकुश शुक्ला आदि ने वैदिक स्वागत तथा उपनयन गीत की प्रस्तुति दी।

## पागल सियार ने आधा दर्जन ग्रामीणों को किया जख्मी

हैदरगढ़ (**बाराबंकी**)। थाना सुबेहा क्षेत्र अंतर्गत नगर पंचायत सुबेहा में पागल सियार ने आधा दर्जन लोगों को जख्मी कर दिया है। इस घटना पर वन विभाग अभी तक मौन साधे है। बताते चलें कि देर शाम में तेली टोला वार्ड नगर पंचायत चुनाव के रहने वाली रामेश्वरी अपने जानवरों की देखरेख करने जा रही थी, तभी अचानक पागल सियार ने उन पर हमला कर दिया और बुरी तरह से जख्मी कर दिया है।

यह नजारा देख जब बहू ने बचाने के लिए अपने ससुर को भेजा तो पागल सियार ने उस पर भी हमला कर बुरी तरह से जख्मी कर दिया। वहीं जब मोहल्ले वाले बचने के लिए दौड़े तो सियार जंगल की ओर भाग निकला स्थानीय लोगों ने बताया कि यह पागल सियार अब तक दर्जनों लोगों को घायल कर चुका है इस के आतंक से मोहल्ले के सभी लोगों के अंदर खौफ का माहौल है

# संदिग्ध परिस्थितियों में अधेड़ का शव तालाब में उतराता मिला

संवाददाता। जगदीशपुर (अमेठी)

**संदिग्ध** परिस्थितियों में तालाब में अधेड़ युवक का शव तैरता हुआ देख कर ग्रामीणों में हड़कम्प मच गया सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को तालाब से निकलवाया और पहचान करवाने में जुटी है।

जगदीशपुर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत वारिसगंज रानीगंज रोड स्थित दौलतपुर लोनहट गांव के निकट सड़क के किनारे तालाब में अधेड़ युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में तैरता हुआ देखकर ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी।

सूचना पर पहुंचे हल्का इंचार्ज अखिलेश कुमार प्रजापति ने ग्रामीणों की मदद से युवक का शव तालाब से निकलवाया । जिसकी पहचान विजय बहादुर यादव पुत्र हरीराम यादव उम्र लगभग 45 वर्ष निवासी पूरे खुशियाल पाण्डेय, चौकी वारिसगंज के रूप मे हुई है। इस समबन्ध में थाना प्रभारी सन्तोष कुमार त्रिपाठी ने बताया कि युवक किसी शादी समारोह से वापस आ रहा था ठंड के कारण बाइक अनियंत्रित हो कर तालाब में कूद गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

## दो किलोग्राम गांजा के साथ दो गिरफ्तार



फतेहपुर (**बाराबंकी**)। स्थानीय थाना पुलिस ने दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से दो किलोग्राम गांजा बरामद कर अभियुक्तों को जेल रवाना किया है। विदित हो कि पुलिस डॉ अरविंद चतुर्वेदी ने समस्त थाना प्रभारियों को अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने के निर्देश दिए हैं, जिसके क्रम में थाना फ्तेहपुर पुलिस टीम द्वारा रविवार को अहमदपुरगुड़ौली रेलवे क्रॉसिंग के पास से दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। जामा तलाशी के दौरान पकड़े गए अभियुक्त जुबेर पुत्र अली हसन निवासी सद्दीपुर थाना जहांगीराबाद एवं मयाराम पुत्र स्व. रामदास निवासी बंजरिया थाना मो. पुर खाला के कब्जे से क्रमशः एक-एककिलो गांजा बरामद हुआ।

## एक किलो गांजे के साथ एक को पकड़ा

संवाददाता। लालगंज (**प्रतापगढ़**)

**कोतवाली** पुलिस ने दबिश देकर एक को एक किलों 300 ग्राम गांजा के साथ धर दबोचा। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट का केस दर्ज कर जेल भेज दिया। कोतवाली पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि एक आदमी रामपुर चौराहे के पास चोरी से गांजा बेच रहा है।

पुलिस टीम ने दबिश देकर आरोपी को हिरासत में लिया तो उसके पास से एक किलो तीन सौ ग्राम गांजा बरामद हुआ। पुलिस को कोतवाली के नेकनाम पुर निवासी गिरफ्त में आए आरोपी मख्खन सिंह तलाशी लेने पर आरोपी के पास से गांजे की बिक्री से मिला 2740 रुपए भी बरामद हुआ। दरोगा की तहरीर पर आरोपी के खिलाफएनडीपीएस एक्ट का केस दर्ज किया गया है। आरोपी को पुलिस ने जेल भेज दिया।